अष्टाध्यायी-पदानुक्रम-कोशः

AṢṬĀDHYĀYĪ-PADĀNUKRAMA-KOŚAḤ

अ – प्रत्याहारसूत्र I

अ – III.i.80 (धिवि तथा कृवि धातुओं से उ प्रत्यय तथा उनको).........

....

....

....

....

ह्वावामः – III.ii.2 (ह्वेञ्, वेञ्, माङ् – इन धातुओं से.........

अवनीन्द्र कुमार

परिमल संस्कृत ग्रन्थमाला 44

सव्याख्य

अष्टाध्यायी-पदानुक्रम-कोशः

A WORD INDEX OF PĀṆINI'S AṢṬĀDHYĀYĪ

सम्पादकः

अवनीन्द्र कुमार

परिमल पब्लिकेशन्स

दिल्ली

प्रकाशक

परिमल पब्लिकेशन्स

कार्यालय : २७/२८, शक्ति नगर, दिल्ली-११०००७

बिक्री केन्द्र : २२/३, शक्ति नगर, दिल्ली-११०००७

दूरभाष : २३८४५४५६, ४७०१५१६८

ई-मेल : order@parimalpublication.com

संस्करण : वर्ष 2015

ISBN : 978-81-7110-118-4

मूल्य - ₹ 800.00

मुद्रक:
बालाजी इमेजिंग सिस्टम,
अशोक विहार, दिल्ली–110052

इस कार्य में व्यस्त रहने के कारण
जिनकी सेवा में मुझसे अनेकशः प्रमाद हुए,
उन स्वर्गीया मां की पुण्य-स्मृति को

—अवनीन्द्र कुमार

पुरोवाक्

मेरे प्रिय अनुजकल्प श्री अवनीन्द्र कुमार ने पाणिनि की अष्टाध्यायी के प्रत्येक पद का अकारादि क्रम से नया कोष प्रस्तुत किया है। वैसे पहले कत्रे द्वारा सम्पादित पाणिनि-कोष है, एक दो और अनुक्रमणिकाएँ हैं, परन्तु इस कोष की अपनी तीन विशेषताएँ हैं—

१. इसमें न केवल पद प्रत्युत उसके सभी व्याकृत रूप पूरे सन्दर्भ के साथ दे दिये गये हैं।

२. प्रत्येक सन्दर्भ के साथ पूरा अर्थ भी सूत्र का दे दिया गया है।

३. जहाँ समास के भीतर भी कोई पद आया हुआ है, उसका भी अपोद्धार कर दिया गया है।

इस दृष्टि से यह कोश अत्यन्त संग्राह्य और उपयोगी हो गया है।

श्री अवनीन्द्र कुमार ने बड़े मनोयोग से पूरी अष्टाध्यायी का मन्थन किया है, अष्टाध्यायी को उसकी समग्रता में पहचानने की कोशिश की है तथा एक-एक पद को पूरी अष्टाध्यायी के परिप्रेक्ष्य में परखा है। यह दुस्साध्य कार्य रहा होगा, मुझे परितोष है कि मेरे अनुज ने कहीं भी अपनी समग्र दृष्टि में शिथिल समाधिदोष नहीं आने दिया है।

पाणिनि को समझना पूरे विश्व को समझना है, केवल भाषा के ही विश्व को नहीं, भारत की सूक्ष्मेक्षिका प्रतिभा द्वारा साक्षात्कृत पूरी वास्तविकता को समेटने वाले अर्थ-विश्व को समझना है और बहुत अच्छा होता यदि प्रत्येक प्रविष्टि में विभक्ति, कारक का निर्देश भी यथा-संभव दे दिया गया होता, उससे अर्थ स्पष्टतर होता। जैसे— अगात् [(अ + ग) = अग, पंचमी १] इतना देने से अगात् का अर्थ अधिक स्फुट हो जाता है, उसमें किसी दुविधा की गुंजाइश नहीं रहती, उसी प्रकार कहाँ प्रविष्टि-पद स्वयं का वाचक है, कहाँ अपने से ज्ञापित समूह का, कहाँ अर्थ-कोटि का, कहाँ प्रत्यय का, कहाँ वर्ण का या वर्ण-समूह का, यह भी स्पष्ट कर दिया गया होता तो कोष बड़ा तो हो जाता, पर पूर्णतर होता। पर ग्रन्थविस्तार का भय रहा होगा, हिन्दी अनुवाद में ही ये बातें कुछ हद तक गम्य हैं, ऐसा सोच लिया गया होगा।

अस्तु, प्रस्तुत पाणिनि-पदानुक्रमणी श्री अवनीन्द्र कुमार के बरसों के तप का श्लाघ्य फल है और पाणिनि-अध्येताओं के लिए उत्तम सन्दर्भग्रन्थ है, मैं कोशकार को हृदय से आशीष देता हूँ। उनका पाणिनि में मनोयोग और बढ़े और वे उत्तरोत्तर व्याकरण के अन्तर्दर्शन में प्रवृत्त हों।

अधिक भाद्रपद शु. १४

वि. सं. २०५०

— विद्यानिवास मिश्र

प्रधान सम्पादक— नवभारत टाइम्स

पूर्वकुलपति—सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

वाराणसी

द्वे वचसी

महर्षि पाणिनि-विरचित अष्टाध्यायी भारतीय चिन्तन से प्रसूत प्रज्ञा का चरमोत्कर्ष है। महर्षि ने अपनी तपःप्रसूत साधना की सुदृढ़ आधारशिला पर प्रज्ञा-प्रासाद का निर्माण किया और अन्तर्दृष्टि-प्रसूत चिन्तन को आगे आने वाले युगों के लिए भाषा की अनवद्यता-हेतु हमें एक निकषोत्पल उपहृत किया।

पाणिनि की अष्टाध्यायी के अध्येताओं की एक सुदीर्घ परम्परा है। आधुनिक भाषा-वैज्ञानिकों ने भी मनोयोगपूर्वक पाणिनि-परम्परा से जुड़कर ज्ञानधारा में अवगाहन करने का शुभारम्भ किया है। सर्वशास्त्रोपकारक होने के कारण पाणिनि-अष्टाध्यायी के सम्बन्ध में सामग्री का संश्लेषण और विश्लेषण भी कई प्रकार से सुधीजनों के सामने प्रस्तुत हुआ है। प्रस्तुत कोष पाणिनि-अध्ययन-परम्परा के प्रति एक अभिनव अवदान-रूप है।

मेरे प्रिय प्रोफ़ेसर अवनीन्द्र कुमार व्याकरणशास्त्र में कृतभूरि-परिश्रम हैं। इन्होंने पाणिनि-कोष को अपने चिन्तन के परिपाक से एक नूतन दृष्टि दी है। इस तरह के प्रयास पाणिनि के अध्ययन की परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखने में तथा सुधी अध्येता को अनेकधा "दुर्व्याख्याविषमूर्च्छित" होने से बचा लेते हैं। वस्तुतः कोष-ग्रन्थों में प्रयुक्त पद सुधी अध्येता के सम्मुख स्फटिकवत् अपना परिचय प्रस्तुत कर देते हैं। भगवत्पाद पतञ्जलि व्याख्यान को 'विशेषप्रतिपत्ति' का हेतु मानते हैं—"व्याख्यानतो विशेष-प्रतिपत्तिः"। व्याख्यान में प्रत्येक सूत्र का पदच्छेद यदि सन्दर्भ-सहित सहज प्राप्त हो जाय तो वह सुबोध हो जाता है, इसे ही व्याख्यान का प्रथम रूप माना गया है। पद से पदार्थ का बोध सहज होता है। मित्रवर प्रो॰ अवनीन्द्र कुमार ने समस्तपदों का विग्रह प्रस्तुत करके व्याख्यान के तीसरे चरण को भी अपनी इस कोष-ग्रन्थ में पूरा किया है। इनके कोष के उपरिनिर्दिष्ट तीन वैशिष्ट्य इनकी प्रज्ञा से प्रसूत "त्रिरत्न-स्वरूप" हैं। प्राचीन ग्रन्थकारों ने "बालानां सुखबोधाय" रूप में आकर-ग्रन्थों के रहस्य को समझाने में बहुत प्रयास किया है। उसी दिशा में प्राचीन परम्परा के प्रति समर्पित प्रो॰ कुमार ने आधुनिक प्रगत अध्ययन के परिप्रेक्ष्य में इस कोष का निर्माण करके सरस्वती के प्रांगण में अपने बुद्धि-वैभव की क्रीडा का दिग्दर्शन कराया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इनका यह बुद्धिविलास सुधी-समुदाय में समादृत होगा। शब्द-ब्रह्म के उपासक के रूप में इनकी साधना और अधिक फलवती हो। परमपिता परमात्मा से यही कामना करता हूँ।

वसन्त पञ्चमी
२४ जनवरी १९९६

प्रो॰ वाचस्पति उपाध्याय
कुलपति
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय
संस्कृत विद्यापीठ
नई दिल्ली-११००१६

भूमिका

भाषा के माध्यम से भावाभिव्यक्ति मनुष्य की अन्यतम विशेषता है। सृष्टि के आदिम समय में सम्भवतः इसी विशेषता को पहचान कर पहली बार मनुष्य अपनी श्रेष्ठता पर मोहित हुआ होगा। विरञ्चिद्वारा चित्रित इस विचित्र प्रपञ्च में जिन चमत्कारों को देखकर मनुष्य मन्त्रमुग्ध हुआ है, उनमें एक चमत्कार भाषा भी है। यही कारण है कि सुदूर अतीतकाल से अद्यावधि भाषा मनुष्य के अध्ययन का प्रिय विषय रहा है।

भाषा के अध्ययन के तीन प्रमुख पक्ष हैं— वैज्ञानिक पक्ष, दार्शनिक पक्ष और वैयाकरण पक्ष। यद्यपि संसार की सभी भाषाओं पर समय-समय पर अध्ययन होते रहे हैं किन्तु भारतीय उपमहाद्वीप की पुण्यभूमि पर आविर्भूत तथा पल्लवित संस्कृतभाषा का जितना सर्वाङ्गीण एवं आमूलचूल अध्ययन हुआ है उतना किसी अन्य भाषा का नहीं। समृद्ध शब्दकोश, अगाध साहित्यभण्डार, प्राञ्जल पदावली तथा सुगठित शब्दार्थविन्यास आदि संस्कृत भाषा की विलक्षण विशेषताओं ने विश्व की सर्वाधिक मेधा को अभिभूत किया है। एशिया महाद्वीप की अधिकांश अद्यतन भाषाएँ संस्कृत भाषा की ऋणी हैं। समस्त भारतीय भाषाएँ संस्कृत भाषा के विना निष्प्राण हैं। अन्य भाषाओं को जीवन्त तथा समृद्ध करने वाली प्राणदायिनी संस्कृत भाषा को मृतभाषा कहने वाले तथाकथित कतिपय बुद्धिजीवियों की बौद्धिक दरिद्रता पर हम परिहास भी क्या करें!

अस्तु, भारत में संस्कृत भाषा के अध्ययन की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। भारतीय परम्परा में संस्कृत के वैज्ञानिक, दार्शनिक तथा वैयाकरण आदि तीनों पक्षों का विशद अध्ययन हुआ है। संस्कृत के वैज्ञानिक पक्ष पर अध्ययन करने वाले आचार्य हैं— यास्क, औदुम्बरायण, शाकटायन आदि; दार्शनिक पक्ष पर अध्ययन करने वाले आचार्य हैं— पतञ्जलि, भर्तृहरि, गौतम, जैमिनि आदि; और वैयाकरण पक्ष पर अध्ययन करने वाले आचार्य हैं— पाणिनि, इन्द्र, शाकटायन, आपिशलि, शाकल्य, काशकृत्स्न, शौनक, व्याडि, कात्यायन, चन्द्रगोमिन्, बोपदेव, हेमचन्द्र, जिनेन्द्रबुद्धि आदि।

संस्कृत के वैज्ञानिक और दार्शनिक पक्षों की अध्ययन-परम्पराओं की अपेक्षा वैयाकरण पक्ष की अध्ययन-परम्परा अत्यन्त प्राचीन तथा समृद्ध है। संस्कृत-व्याकरण-परम्परा का उद्भव कब से हुआ, इस प्रश्न का उत्तर देना कठिन है किन्तु हमें संस्कृत-व्याकरण के मूल रूप का सूक्ष्मदर्शन वेदों से हो जाता है। वैदिक भाषा का सूक्ष्म अध्ययन करने के उपरान्त हमें यह स्वीकार करना पड़ता है कि कतिपय व्यत्ययों के होने पर भी वैदिक भाषा भी व्याकरण-नियमों से प्रतिबद्ध रही होगी, अन्यथा इतने सन्तुलित शब्दार्थ-विन्यास वाले मन्त्रों की रचना संभव नहीं होती। वेदों में बहुत से ऐसे मन्त्र मिलते हैं जिनमें शब्दों की व्युत्पत्ति साथ-साथ स्पष्ट रूप से वर्णित है। जैसे— केतपूः (केत + पू), वृत्रहन् (वृत्र + हन्), उदक (उद् + अन्), आपः (आप्लृ व्याप्तौ), तीर्थ (तॄ) और नदी (नद्) आदि अनेक शब्दों की व्युत्पत्ति मन्त्रों में स्पष्टतया प्रदर्शित है।

वैदिककालीन समाज में जैसे जैसे वेद-मन्त्रों का महत्व बढ़ता गया वैसे वैसे मन्त्रों के शुद्ध उच्चारण, शुद्ध अर्थज्ञान तथा शुद्ध शब्दज्ञान पर बल दिया जाने लगा । परिणामतः शुद्ध उच्चारणज्ञान के लिए शिक्षा ग्रन्थ, शुद्ध अर्थज्ञान के लिए निरुक्त और शुद्ध शब्दज्ञान के लिए व्याकरण ग्रन्थ आदि वेदाङ्गों का आविर्भाव हुआ । वैदिक काल में पुष्पित व्याकरण-परम्परा ब्राह्मण काल में पल्लवित हुई । मैत्रायणी संहिता में छः विभक्तियों का उल्लेख मिलता है । ऐतरेय ब्राह्मण में वाणी के सात भागों (विभक्तियों) का उल्लेख मिलता है । गोपथ ब्राह्मण में व्याकरण के ऐसे पारिभाषिक शब्दों का उल्लेख प्राप्त होता है, जिनका पाणिनीय व्याकरण में प्रयोग होता है ।

ब्राह्मण काल के बाद वेद की प्रत्येक शाखा के लिए प्रातिशाख्य नामक व्याकरण-ग्रन्थों का प्रणयन हुआ । प्रातिशाख्यों में व्याकरण का प्रारम्भिक रूप मिलता है । इस प्रकार संस्कृत-व्याकरण-परम्परा का विधिवत् आरम्भ प्रातिशाख्यों से माना जा सकता है । प्रातिशाख्यों के बाद व्याकरण-परम्परा निरन्तर समृद्ध होती गई । लगभग ई॰ पू॰ पांचवीं शती में आचार्य पाणिनि के आविर्भाव से व्याकरण-परम्परा की समृद्धि चरमोत्कर्ष पर पहुँची । फलतः पाणिनि और संस्कृत-व्याकरण दोनों एक दूसरे के पर्याय हो गये ।

पाणिनि से पूर्व अनेक वैयाकरण हो चुके थे । स्वयं पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी में दस आचार्यों का नामोल्लेख किया है— आपिशलि, काश्यप, गार्ग्य, गालव, चाक्रवर्मण, भारद्वाज, शाकटायन, शाकल्य, सेनक और स्फोटायन । पाणिनि-पूर्व व्याकरणों के सम्बन्ध में भर्तृहरि के वाक्यपदीय से हमें एक तथ्य उपलब्ध होता है । भर्तृहरि के अनुसार व्याकरण दो प्रकार के होते थे— अविभाग और सविभाग । अविभाग व्याकरण वह है जिसमें प्रकृति-प्रत्ययादि के विभाग की कल्पना से रहित शब्दों का पारायण मात्र हो । महाभाष्यकार पतञ्जलि के अनुसार अविभाग व्याकरण को शब्दपारायण कहा जाता था । बृहस्पति द्वारा प्रोक्त व्याकरण तथा व्याडि का संग्रह ग्रन्थ अविभाग-व्याकरण के प्रतिनिधि हैं । सविभाग व्याकरण वह है जिसमें प्रकृति-प्रत्ययादि के विभाग की कल्पना की गई हो । तैत्तिरीय संहिता तथा महाभाष्य में उल्लिखित विभाग की कल्पना को स्पष्ट करने का प्रथम श्रेय आचार्य इन्द्र को ही जाता है । इन्द्र से पहले केवल अविभाग व्याकरण का ही प्रचलन था । ऋक्तन्त्र में उल्लेख है कि इन्द्र ने अपनी व्याकरण की शिक्षा भरद्वाज को दी । ऐन्द्र व्याकरण आजकल अनुपलब्ध है किन्तु इसका उल्लेख जैन शाकटायन व्याकरण, लङ्कावतारसूत्र, यशस्तिलकचम्पू तथा अलबरुनी के भारतयात्रावर्णन में मिलता है । तिब्बतीय अनुश्रुति के अनुसार ऐन्द्र व्याकरण का परिमाण २५ सहस्र श्लोक था जबकि पाणिनीय व्याकरण का परिमाण एक सहस्र श्लोक है । सम्भवतः इन्द्र का व्याकरण दक्षिण में लोकप्रिय रहा होगा, क्योंकि तमिल भाषा के व्याकरण 'तोल्काप्पियम्' पर इन्द्र के व्याकरण का पर्याप्त प्रभाव है ।

ऐन्द्र व्याकरण के बाद भरद्वाज, काशकृत्स्न, आपिशलि, शाकटायन आदि आचार्यों के द्वारा प्रणीत व्याकरणों का उल्लेख उपलब्ध होता है । आपिशलि और शाकटायन के व्याकरणों का सर्वाधिक उल्लेख मिलता है किन्तु पाणिनीय व्याकरण के सर्वग्रासी प्रभाव के कारण समस्त पाणिनिपूर्व व्याकरण काल-कवलित हो चुके हैं । यत्र तत्र उल्लिखित पाणिनिपूर्व व्याकरणों के कुछ सूत्र ही आज उपलब्ध होते हैं । पाणिनिपूर्व व्याकरणों का अध्ययन करने पर पता चलता है कि पाणिनि से पूर्व ऐन्द्र व्याकरण

एक प्रमुख परम्परा के रूप में विकसित हो चुका था। काशकृत्स्न, आपिशलि और शाकटायन इसी पंरम्परा के पोषक थे। ऐन्द्र परम्परा का उत्तरकालीन विकास काशकृत्स्न, आपिशलि, शाकटायन आदि आचार्यों के माध्यम से होता हुआ कातन्त्र व्याकरण के रूप में हुआ।

प्रत्याहार-पद्धति के आविष्कार से संस्कृत-व्याकरण-परम्परा में क्रान्ति आ गई। इस पद्धति का आविष्कर्त्ता कौन है, इस बारे में कुछ निश्चित रूप से कहा नहीं जा सकता किन्तु पाणिनि अपने व्याकरण में इस प्रत्याहार-पद्धति का जितना वैज्ञानिक उपयोग करता है, उतना किसी भी पाणिनिपूर्व व्याकरण में दृष्टिगोचर नहीं होता। अनुश्रुति है कि पाणिनि ने जिन प्रत्याहार-सूत्रों का उपदेश किया है, वे सूत्र महेश्वर-द्वारा पाणिनि को प्रदत्त माने जाते हैं।

पाणिनि से पूर्व वर्णों के वर्गीकरण के सम्बन्ध में दो परम्पराएँ प्रतिष्ठित थीं। एक परम्परा ऐन्द्र व्याकरण और प्रातिशाख्यों से सम्बद्ध थी और दूसरी परम्परा माहेश्वर सूत्रों से सम्बद्ध थी। ऐन्द्र और प्रातिशाख्यों के वर्णसमाम्नाय में अकारादिक्रम से स्वरव्यंजनादि का पाठ किया जाता था और व्यञ्जनों का क्रम भी कण्ठ्य-तालव्य-मूर्धन्यादि वर्गक्रम के अनुसार ही रखा जाता था। ऐन्द्र व्याकरण और प्रातिशाख्यों का उद्देश्य वर्णध्वनियों के उच्चारण का वैज्ञानिक अध्ययन था। माहेश्वर सूत्र-पद्धति का उद्देश्य वर्णोच्चारण का वैज्ञानिक अध्ययन न होकर वर्णों का वैज्ञानिक वर्गीकरण था। माहेश्वरसूत्रपद्धति में जिस वर्णसमाम्नाय का उपदेश किया जाता है उसमें वर्णध्वनियों के पारस्परिक सम्बन्ध तथा विनिमय को स्पष्ट किया जाता है। माहेश्वर पद्धति के इसी दृष्टिकोण के कारण प्रत्याहारों का जन्म हुआ।

पाणिनि-पूर्व की पूर्वोक्त दोनों परम्पराएँ व्याकरण की दो शाखाओं के रूप में विकसित हुईं। ऐन्द्र परम्परा प्राच्यशाखा के रूप में तथा माहेश्वर परम्परा औदीच्य शाखा के रूप में विकसित हुईं। प्रत्याहार-पद्धति का आविष्कार औदीच्य शाखा में ही हुआ, प्राच्य में नहीं। प्राच्यशाखा में प्रत्याहारों का आश्रय न लेकर पूरे-पूरे वर्णों का परिगणन किया गया है। फलतः प्राच्य शाखा के व्याकरण अत्यन्त विस्तृत हो गये। आचार्य पाणिनि औदीच्य शाखा के प्रमुख प्रवक्ता के रूप में अवतरित हुए और प्रत्याहार-पद्धति को चरमोत्कर्ष पर पहुँचाया।

प्रत्याहार-पद्धति संस्कृत-व्याकरण-परम्परा के लिए औदीच्य शाखा की अमूल्य देन है। इसी पद्धति ने पाणिनीय व्याकरण-ग्रन्थ अष्टाध्यायी को इतना लोकप्रिय बनाया कि समस्त पाणिनिपूर्व व्याकरण अप्रासङ्गिक हो गये तथा कातन्त्र, चान्द्र, सारस्वत, हैम, जैनेन्द्र आदि पाणिन्युत्तर व्याकरण भी अष्टाध्यायी के प्रभाव के समक्ष निष्प्रयोजन सिद्ध हुए।

संस्कृत-व्याकरण-परम्परा में आचार्य पाणिनि का नाम महोज्ज्वल नक्षत्र के तुल्य देदीप्यमान है। आचार्य पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी के माध्यम से विश्वसाहित्य को जो अमूल्य देन दी, उतनी अमूल्य देन शायद ही किसी ने दी होगी। पाणिनिकृत अष्टाध्यायी लौकिक संस्कृत का प्रथम सर्वाङ्गीण व्याकरण है और इसमें वैदिक संस्कृत का व्याकरण भी दिया गया है। अष्टाध्यायी सूत्रपद्धति में लिखा ग्रन्थ है। अष्टाध्यायी के सूत्रों की सूक्ष्म संरचना में पाणिनि ने जिस मेधा का परिचय दिया है, वह आधुनिक कम्प्यूटर भी कदाचित् ही दे सकता है।

अष्टाध्यायी में आठ अध्याय हैं और प्रत्येक अध्याय में चार पाद हैं। सूत्रों की संख्या लगभग चार हज़ार है। अष्टाध्यायी प्रत्याहार-सूत्रों को आधार मानकर प्रणीत है। पाणिनि ने केवल वर्णों का प्रत्याहार ही नहीं बनाया अपितु प्रत्ययों का भी प्रत्याहार बनाया, जैसे— सुप्, तिङ् आदि। अष्टाध्यायी में अधिकार-सूत्र-पद्धति को अपनाया गया है। निर्दिष्ट-स्थानपर्यन्त अधिकारसूत्रों का अधिकार चलता है, जैसे— अङ्गस्य, पदस्य, धातोः, आदि। लाघव को ही पुत्रोत्सव मानने वाले महावैयाकरण आचार्य पाणिनि ने गणपाठों का प्रयोग किया है। यदि एक ही कार्य अनेक शब्दों से होना है तो उन सभी शब्दों का एक गण बनाकर, प्रथम शब्द में आदि शब्द लगाकर सूत्र में निर्देश किया जाता है, जैसे— 'नडादिभ्यः फक्'। अष्टाध्यायी में गणों का निर्देश करने वाले लगभग २५८ सूत्र हैं। यद्यपि पाणिनि का प्रमुख उद्देश्य लौकिक संस्कृत का व्याकरण बनाना था तथापि वैदिक संस्कृत के व्याकरण की उपेक्षा नहीं की गई। पाणिनि ने वैदिक व्याकरण को भी पर्याप्त महत्त्व दिया है। लौकिक संस्कृत के लिए 'भाषायाम्' और वैदिक संस्कृत के लिए 'छन्दसि' शब्द का प्रयोग किया है। पाणिनि ने अनेक पारिभाषिक संज्ञाओं का प्रयोग किया है। कुछ संज्ञाएँ परम्परागत हैं, जैसे— आङ्, औङ् आदि; और कुछ संज्ञाएँ सर्वथा नई हैं जैसे नदी, घि आदि। पाणिनि ने अनुबन्ध-प्रणाली का भी वैज्ञानिक उपयोग किया है। पाणिनि का व्याकरण 'अकालक' कहा जाता है। 'वर्त्तमानसमीप्ये वर्त्तमानवद्वा' इत्यादि सूत्रों के विश्लेषण से पता चलता है कि पाणिनि ने काल की अपेक्षा भाव को प्रमुखता दी है। पाणिनि ने काल को स्पष्ट रूप से अशिष्य कहा है। पाणिनि की शैली की यह विशेषता है कि वह किसी विशेष युक्ति से सभी नियमों का विधान करते हैं। उत्सर्गापवाद-युक्ति, परबलीयस्त्व-युक्ति तथा नित्यकार्य-युक्ति पाणिनीय शैली की मौलिक विशेषताएँ हैं। सपादसप्ताध्यायी और त्रिपादी की परिकल्पना पाणिनि की अपूर्व प्रतिभा का परिचायक है। पाणिनि ने लोप की चार स्थितियों का आविष्कार किया है। वे चार स्थितियाँ हैं— लोप, लुक्, श्लु और लुप्। यद्यपि वाजसनेयि-प्रातिशाख्य में वर्ण के अदर्शन को लोप कहा गया है, किन्तु पाणिनि की मौलिकता यह है कि वह लोप को वर्ण तक सीमित न रखकर अदर्शन मात्र को लोप की संज्ञा दे देता है। यद्यपि परवर्त्ती आचार्यों का मत है कि पर्यायवाची शब्दों के प्रयोग में गौरवलाघव-चर्चा नहीं की जानी चाहिए तथापि पाणिनि द्वारा प्रयुक्त 'विभाषा', 'विभाषितम्', 'अन्यतरस्याम्', 'वा', 'बहुलं' आदि पद कुछ निगूढ प्रयोजनों की ओर इंगित करते हैं जो कि अनुसन्धेय हैं।

पाणिनि ने अष्टाध्यायी के पूरक ग्रन्थों के रूप में धातुपाठ, गणपाठ, उणादिकोश और लिङ्गानुशासन की भी रचना की। पाणिनि के व्याकरण में इन पाँचों उपदेश ग्रन्थों का अनिवार्य महत्त्व है, क्योंकि ये पाँच उपदेश ग्रन्थ पाणिनि के व्याकरण को पूर्ण बनाते हैं।

पाणिनि के व्याकरण की चर्चा हो और कात्यायन तथा पतञ्जलि की चर्चा न हो, यह सम्भव ही नहीं है। क्योंकि कात्यायन और पतञ्जलि से अनुस्यूत होकर ही पाणिनि पूर्ण होता है। यही कारण है कि पाणिन्युत्तर-व्याकरण-परम्परा में पाणिनीय व्याकरण को 'त्रिमुनि व्याकरणम्' कहा गया है। कात्यायन ने अष्टाध्यायी के सूत्रों पर वार्त्तिकों की रचना की है। पतञ्जलि ने कात्यायन-कृत वार्तिकों का आश्रय लेते हुए अष्टाध्यायी की सर्वाङ्गीण एवं विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की, जो 'महाभाष्य' नाम से प्रसिद्ध है।

कात्यायन ने अष्टाध्यायी के सूत्रों में आवश्यक परिवर्त्तन, परिवर्धन और संशोधन के लिए जो नियम बनाए हैं, उन्हें वार्त्तिक कहा जाता है। कात्यायनप्रणीत वार्त्तिकों की संख्या बताना कठिन है

क्योंकि महाभाष्य में अन्य आचार्यों के द्वारा रचित वार्त्तिक भी हैं। प्रायः कात्यायन को पाणिनि के आलोचक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है किन्तु यह सर्वथा असत्य है। स्वयं कात्यायन पाणिनि को श्रद्धेय आचार्य स्वीकार करते हैं। किसी विषय पर उक्त, अनुक्त और दुरुक्तों का पर्यालोचन करना वाद होता है, विवाद नहीं। यह वाद ही तत्त्वबोध का साधन होता है। कात्यायन का महत्व इसी बात में है कि उन्होंने पाणिनि को आचार्य मानते हुए भी उनका पर्यालोचन करने का साहस दिखाया। यही कात्यायन की निष्पक्ष दृष्टि का निदर्शन है।

पतञ्जलि पाणिनीय व्याकरण-परम्परा में अन्तिम प्रामाणिक आचार्य हैं। पतञ्जलि-प्रणीत महाभाष्य न केवल व्याकरण का ही ग्रन्थ है अपितु एक विश्वकोश है। महाभाष्य में तत्कालीन सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक और सामाजिक तथ्यों का पर्याप्त उल्लेख मिलता है। पतञ्जलि ने व्याकरण जैसे शुष्क और दुरूह विषय को इतने सरस और मनोज्ञ रूप में प्रस्तुत किया है कि अध्येताओं को महाभाष्य एक उपन्यास जैसा प्रतीत होता है। भाषासारल्य, स्फुट विवेचन, विशद एवं स्वाभाविक विषय-प्रतिपादन, प्राञ्जल-सुबोध-वाक्यावली आदि पतञ्जलि की उत्कृष्ट शैली की विशेषताएँ हैं। इसी कारण महाभाष्य संस्कृत वाङ्मय का एक आदर्श ग्रन्थ माना जाता है।

पतञ्जलि ने महाभाष्य में कात्यायन के वार्त्तिकों को आधार मानकर अष्टाध्यायी के सूत्रों पर विशद व्याख्या लिखी है। पतञ्जलि ने यत्र-तत्र पाणिनि के सूत्र तथा सूत्रांशों का और कात्यायन के वार्त्तिकों का प्रत्याख्यान किया है। किन्तु पतञ्जलिकृत इन प्रत्याख्यानों को आलोचना के रूप में नहीं समझना चाहिए। क्योंकि हर बात पर उक्त, अनुक्त और दुरुक्तों पर निष्पक्ष पर्यालोचन करना संस्कृत-व्याकरण-परम्परा की एक अपूर्व विशेषता है। इस प्रसङ्ग में कीलहार्न का यह वक्तव्य उल्लेखनीय है—

"कात्यायन का वास्तविक कार्य पाणिनि के व्याकरण में उक्त, अनुक्त अथवा दुरुक्त अर्थों पर विचार करना था। पतञ्जलि ने न्यायपूर्वक इन वार्त्तिकों को उसी क्रम से रखा है और पाणिनीय व्याकरण के अपने विचार को, उनके और उस समय तक अन्य उपलब्ध वार्त्तिकों के प्रकाश में, पूर्णता तक पहुँचाया है। ऐसा करते हुए पतञ्जलि का यत्न भी वार्त्तिककारों के समान उक्त, अनुक्त और दुरुक्त अर्थ का चिन्तन और उसकी पूर्णता ही रहा है; ताकि एक ऐसा साधन खोजा जा सके, जिसे पाणिनीय दृष्टि में ही पूर्ण कहा जा सके। सूक्ष्मता और संक्षेप की पाणिनीय धारणा को वे इस सीमा तक ले गए हैं कि उन्हें कात्यायन के या अन्यों के वार्त्तिकों में अथवा पाणिनीय सूत्रों में भी, यदि कहीं व्यर्थ का विस्तार या पुनरावृत्ति मिली है, तो उन्होंने उसका भी विरोध ही किया है। परन्तु यह विरोध इतना सुन्दर और इस ढंग का है कि इसे विरोध न कहकर सुधार और समन्वय कहना अधिक उचित लगता है।"

पाणिनि, कात्यायन और पतञ्जलि द्वारा परिपोषित संस्कृत व्याकरण का अमरग्रन्थ अष्टाध्यायी भाषाशास्त्रियों के अनुसन्धान का केन्द्र-बिन्दु रहा है। लगभग २५०० वर्षों से अष्टाध्यायी पर असंख्य अध्ययन और अनुसन्धान हो चुके हैं और आधुनिक काल में भी अष्टाध्यायी पर अनेक अध्ययन और अनुसन्धान हो रहे हैं। अध्ययन और अनुसन्धान की पद्धतियाँ परिवर्त्तनशील रही हैं। आधुनिक अनुसन्धान-पद्धति में कोशों की भूमिका को अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। अतः अनुसन्धान के

क्षेत्र में अष्टाध्यायी के महत्त्व को देखते हुए अष्टाध्यायी पर एक विस्तृत एवं सर्वाङ्गपूर्ण कोश के निर्माण की आवश्यकता का अनुभव किया जाना स्वाभाविक है ।

अनुमानतः २५०० वर्षों से संस्कृत-कोश-साहित्य के सृजन की परम्परा भारत में अव्याहत गति से चली आ रही है । इस अवधि में १५० से भी अधिक विभिन्न प्रकार के जैसे निघण्टु, पर्यायवाची कोश, समानार्थक, नानार्थक कोश, पारिभाषिक-शब्द कोश, एकाक्षर कोश, द्व्यक्षर कोश, एवं त्र्यक्षरादि कोशों की रचना हुई । यह दुःख का विषय है कि इसका अधिकांश भाग अभी तक अप्रकाशित है, वह या तो मातृकाओं के रूप में विभिन्न ग्रन्थागारों में प्राप्त होता है, अथवा सर्वथा लुप्त हो गया है । आधे से कम ही अंश का कोश-साहित्य प्रकाशित मिलता है। वास्तव में ऐसी स्थिति में कोश-साहित्य को ऐतिहासिक दृष्टि से लिपिबद्ध करना कुछ दुष्कर ही है ।

संस्कृत वाङ्मय में जिस विशाल कोश-साहित्य का सृजन हुआ है, वैसा विशाल कोश-साहित्य विश्व की किसी भाषा में नहीं है । विविधता और समृद्धि की दृष्टि से भी संस्कृत भाषा के कोश अनुपम और अतुलनीय हैं । वैदिक काल में सर्वप्रथम संस्कृत कोशों की रचना का श्रीगणेश हुआ । कोशनिर्माण के प्रथम चरण में वैदिक संहिताओं के मन्त्रों में प्रयुक्त चुने हुए शब्दों का संकलन मात्र किया गया, उनको विभिन्न श्रेणियों में रखकर उनके व्युत्पत्तिलभ्य अर्थों का निर्देश किया गया है । कोशों की रचना का द्वितीय चरण लौकिक संस्कृत-साहित्य पर आधारित अमरकोश की रचना से आरम्भ होता है। अमरकोश की रचना से पूर्व व्याडि, वररुचि आदि कोशकार हुए; दुर्भाग्यवश उनकी रचनाएँ उपलब्ध न होने के कारण उनके बारे में अधिक कहना सम्भव नहीं है । अमरकोश के प्रणेता अमरसिंह ने स्वयं अपने पूर्ववर्त्ती कोशकारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है, इसी से उन रचनाओं की प्रामाणिकता का पता चलता है । अमरसिंह का समय विद्वानों ने छठी शताब्दी ई० माना है ।

अमरकोश के कुछ टीकाकार क्षीरस्वामी, सर्वानन्द, रघुनाथ चक्रवर्ती आदि मात्र कोशकार ही नहीं, अपितु वैयाकरण भी थे; उन्होंने शब्दों की व्युत्पत्ति देकर, उनके अर्थों का निर्देश कर कोशसाहित्य के विकास का तृतीय चरण आरम्भ किया। व्याकरण-सम्मत व्युत्पत्ति देने से शब्दों के अर्थ की प्रामाणिकता स्वतः सिद्ध हो जाती है । पूर्ववर्त्ती कोशकारों द्वारा दिए गए अर्थ प्रयोगों के ही आधार पर थे ।

कोश-साहित्य के विकास के चौथे चरण में पारिभाषिक शब्दकोशों की रचना हुई । यह धारा अमरसिंहविरचित लौकिक शब्दकोश के समानान्तर कोशरचना की धारा थी। आयुर्वेदशास्त्र के अन्तर्गत वनस्पतिशास्त्र पर रचित कुछ कोश अमरकोश से भी पहले के हैं, ऐसा अनुसन्धानकर्त्ताओं का मत है । धन्वन्तरिनिघण्टु, पर्यायरत्नमाला, शब्दचन्द्रिका आदि मूल रूप में पारिभाषिक शब्दकोश ही हैं, जिनमें आयुर्वेद से सम्बद्ध शब्दों के अतिरिक्त अन्य शब्दों का संग्रह ही नहीं है । ये सभी कोश छन्दोबद्ध थे, अतः उन्हें कण्ठस्थ करना सरल था ।

कोश-साहित्य के पञ्चम चरण में नानार्थकोशों की रचना हुई । वैज्ञानिक सिद्धान्तों के आधार पर कोशों के निर्माण की दिशा में नानार्थ कोश प्रथम प्रयास है । इन कोशों में प्रयोगों के आधार पर एक ही

शब्द के अनेक अर्थ दिये गये हैं। इस प्रकार के कोशों का आरम्भिक रूप अमरकोश के तृतीय काण्ड में भी देखने को मिलता है; लेकिन इसका पूर्ण विकसित रूप मेदिनीकोश तथा हलायुध में दिखाई देता है। नानार्थकोशों में शब्दों की संरचना वर्णानुक्रम से पहली बार की गई, जो आधुनिकता और वैज्ञानिकता की दिशा में प्रथम प्रयास था।

एकाक्षरकोशों की रचना से संस्कृत कोशों के क्षेत्र में नानारूपता आई और इन्होंने निस्सन्देह संस्कृत-कोश-साहित्य को समृद्धतर किया। आधुनिक काल में भी संस्कृत में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कोश लिखे गए। इनमें से अधिकांश कोशों में शब्दों को वर्णानुक्रम से रखकर उनके अर्थों को प्रयोगों के आधार पर दिया गया है। ये कोश कण्ठस्थ किये जाने योग्य नहीं हैं; ये सहायक ग्रन्थ के रूप में ही प्रयुक्त किये जा सकते हैं। इन कोशों में वाचस्पत्यम्, शब्दकल्पद्रुम, सैण्ट पीटर्सबर्ग संस्कृत-जर्मन शब्दकोश, मोनियर विलियम्स-विरचित संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश, आप्टे-विरचित प्रैक्टिकल संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश। वैदिक शब्दों के लिए सूर्यकान्तरचित वैदिक शब्दकोश, पारिभाषिक शब्दों के लिए झल्कीकरविरचित न्यायकोश, दातार काशीकर आदि विद्वानों द्वारा रचित श्रौतकोश, लक्ष्मण शास्त्रीविरचित धर्मकोश आदि विशेषेण उल्लेख्य हैं। इन सभी कोशों में शब्दों को वैज्ञानिक पद्धति से व्यवस्थित कर उनके अर्थों को अभिव्यक्त किया गया है। इनमें से अधिकांश कोशों में अर्थों की पुष्टि के लिए प्रयुक्त सन्दर्भों को भी उद्धृत किया गया है।

पूना में आजकल एक नवीन संस्कृत-शब्दकोश के निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसमें अनेक प्रतिष्ठित विद्वान् वर्षों से संलग्न हैं। इस आधुनिकतम कोश में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में किस प्रकार शब्दों के अर्थ परिवर्तित हुए— यह भी बतलाने का प्रयास किया गया है। इसे 'डैस्क्रिप्टिव डिक्शनरी ऑव् संस्कृत लैंग्वेज ऑन हिस्टोरिकल प्रिंसिपल्स' नाम दिया गया है। जैसी कि आशा है यह कोश कोशरचना की कला का अत्यन्त विकसित रूप होगा।

आधुनिक काल में शब्दकोश-प्रणयन-प्रणाली में पर्याप्त प्रगति हो चुकी है और इसका प्रमुख कारण प्राच्य के साथ पाश्चात्य का विद्या के क्षेत्र में आदान-प्रदान कह सकते हैं। ऊपर उल्लिखित कोशों के अतिरिक्त आधुनिक वैज्ञानिक प्रणाली पर निर्मित निम्न कोश महत्वपूर्ण हैं— १. विल्सन द्वारा संकलित संस्कृत-आंग्ल भाषा कोश, २. बॉथलिंक और रॉथ द्वारा संकलित संस्कृत जर्मन वॉर्टरबुश, ३. तारानाथ भट्टाचार्यविरचित शब्दस्तोममहानिधि, ४. वार्नोफरचित संस्कृत-फ्रैञ्च शब्दकोश, ५. आनन्दराम बडुआ-विरचित नानार्थसंग्रह, ६. रामावतार शर्मा द्वारा संकलित वाङ्मयार्णव, ७. मैक्डोनैलविरचित संस्कृत-आंग्लभाषाकोश तथा, ८. मैक्डोनैल एवं कीथ द्वारा रचित वैदिक इण्डैक्स।

आधुनिक अध्ययन-पद्धति में कोश एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका का संवहन करते हैं। अनेक शास्त्रों को न पढ़ सकने वाला भी एक शब्द के अनेक अर्थों को विभिन्न सन्दर्भों और शास्त्रों अथवा विधाओं के परिप्रेक्ष्य में जान सकता है। सभी समृद्ध भाषाओं के अनेक कोष उपलब्ध होते हैं। संस्कृत, अंग्रेज़ी या इसी प्रकार की अन्य समृद्ध भाषाओं के अनेक तकनीकी, व्यावसायिक एवं भिन्न-भिन्न विज्ञानों से सम्बन्धित पृथक्-पृथक् कोश प्रचुर संख्या में मिलते हैं।

संस्कृत-व्याकरण को उद्देश्य कर भी 'डिक्शनरी ऑव् संस्कृत ग्रामर (के॰ सी॰ चटर्जी) एक उपयोगी और प्रामाणिक ग्रन्थ है; इसमें संस्कृत व्याकरण में बहुधा प्रयोग में आने वाले शब्दों एवं तकनीकी पदों को स्पष्टतया विस्तार से सोदाहरण व्याख्यायित किया गया है। पाणिनीय अष्टाध्यायी को उद्देश्य बनाकर भी जर्मन-देशीय बोथलिंग ने जर्मन-भाषा में सूत्रानुवाद-टिप्पणादि से संवलित पर्याप्त समय पूर्व एक कोश प्रकाशित किया था। यद्यपि अत्यन्त प्रयत्नसाध्य कार्य उन्होंने सम्पादित किया था; परन्तु उनके द्वारा अपनायी गई पद्धति भाषा के अतिरिक्त भी सामान्यतया दुरवगाह्य ही थी। उसके बाद भण्डारकार ऑरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट से १९३५ में महामहोपाध्याय वेदान्तवागीश श्रीधरशास्त्री पाठक एवं विद्यानिधि सिद्धेश्वरशास्त्री चित्राव के द्वारा पाणिनि के पञ्चाङ्गों, कात्यायन के वार्त्तिक पाठ के, साथ एक कोष प्रकाश में आया। यद्यपि इस की अपनी सीमाएँ हैं, पर यह कई दृष्टियों से अत्यन्त उपयोगी कहा जायेगा। इसमें किसी शब्द का अर्थ तो नहीं है, मात्र सूत्रों की संख्या का निर्देश कर दिया है; कहीं-कहीं कोई-कोई पद स्खलित भी हो गया प्रतीत होता है; परन्तु इसमें यथासम्भव प्रामाणिक संस्करणों से वार्तिकस्थगणपाठपदसूची, शाकटायनसाधित शब्द, फिट्सूत्रकोश, सवार्त्तिक अष्टाध्यायीसूत्रपाठ, कैयटाद्युक्त परिशिष्टवार्त्तिक, वर्णानुक्रम से अन्तर्गणसूत्र, शाकटायनप्रणीत उणादि-सूत्रपाठ, उणादि सूत्रस्थ गण तथा अन्य अनेकविध उपयोगी सामग्री संकलित की गई है। इस प्रकार यह निस्सन्देह एक उपयोगी कोश है। इसके उपरान्त तीन भागों में आचार्यप्रवर सुमित्र मङ्गेश कत्रे के द्वारा डिक्शनरी ऑव् पाणिनि का डैकन कॉलिज पूना से १९६८ में प्रकाशन हुआ। यह कोश अनेक दृष्टियों से उपयोगी है। अकारादिक्रम से पाणिनि-शास्त्र में प्रयुक्त सभी पदों का अर्थ आँग्ल भाषा में दिया गया है; इसके साथ ही कोष्ठक में पाणिनि-सूत्रों से निष्पन्न उदाहरणों को भी पूरी तरह से समझाने का प्रयत्न किया है। यथासम्भव पाणिनि की सूत्र-शैली का आश्रय लेते हुए आचार्यप्रवर कत्रे जी ने इसे अत्यन्त उपयोगी बनाया है।

प्रस्तुत कोश इन दोनों कोशों से कई रूपों में भिन्न है। इस कोश में प्रत्येक पद के अर्थ को सम्पूर्ण सूत्र के सन्दर्भ में व्याख्यायित करने का प्रयास किया है; इससे यह तो हुआ है कि यदि एक सूत्र में ३,४ पद हैं तो उस सूत्र का अर्थ ३,४ स्थलों पर मिलेगा; पर उससे पद के सही अर्थ को पाणिनि के इष्ट परिप्रेक्ष्य में देखने का अवसर मिलेगा; अन्यथा मात्र पद का अर्थ देने पर तो 'वृद्धि' पद से आ, ऐ, औ (आदैच्) और 'च' पद से समुच्चय, अन्वाचय, इतरेतरयोग एवं समाहार अनेक अर्थों के होने पर भी और, एवं आदि अर्थों को ही व्यक्त किया जा पाता।

प्रस्तुत कोश में यह भी प्रयत्न किया गया है कि लम्बे लम्बे समासयुक्त पदों को अलग से दिखा दिया गया है। यदि किसी जिज्ञासु को मध्यगत भी किसी पद का स्मरण होता है तो वह उसके आधार पर पूर्ण समासयुक्त पद को पाकर अर्थ अथवा प्रसंगज्ञान कर सकता है।

प्रस्तुत कोश की रचना में अष्टाध्यायी के श्री॰ रामलाल कपूर ट्रस्ट, बहालगढ़, सोनीपत द्वारा प्रकाशित संस्करण के आधार पर संख्या दी गई है। अर्थ की अभिव्यक्ति के लिए प्रमुख आधार प॰ ब्रह्मदत्त जिज्ञासुप्रणीत अष्टाध्यायी-भाष्य (प्रथमावृत्ति), वामनजयादित्यप्रणीत काशिका एवं कहीं-कहीं चौखम्बा से आचार्य श्रीनारायणमिश्र द्वारा सम्पादित आभा-भाषावृत्तियुक्त अष्टाध्यायीसूत्रपाठ

हैं। जब कभी कोई द्वन्द्व या समस्या आई तो न्यास, पदमञ्जरी और महाभाष्य एवं वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी से भी परामर्श-साधन किया है। मैं इन सभी ग्रन्थकारों, विद्वानों का ऋणी हूँ, साथ ही इस कोश में किसी भी कारण से आये प्रत्येक दोष का दायित्व स्वयं का स्वीकार करता हूँ। सुधीजनों से क्षमाप्रार्थना के साथ आगे उनको दूर करने का प्रयत्न करूँगा, यही निवेदन कर सकता हूँ।साथ ही विद्वानों से किसी भी सुझाव को मुझ तक निस्संकोच पहुँचाने का निवेदन भी करता हूँ।

पाणिनि के बारे में मुझे कुछ भी यदि आता है तो इसके लिए मैं कीर्तिशेष पूजार्ह प० ज्योतिःस्वरूप जी, संस्थापक आचार्य, आर्ष गुरुकुल एटा के प्रति सश्रद्ध विनयावनत हूँ। लौकिक और व्यावहारिक संस्कृत ज्ञान के लिए स्व० डॉ० नरेन्द्रदेवसिंह शास्त्री, भूतपूर्व अध्यक्ष, संस्कृत-हिन्दी विभाग, बी० आर० कॉलिज आगरा को मैं सादर स्मरण करता हूँ।

इस ग्रन्थ का पुरोवाक् लिखकर पाणिनि-शास्त्र के मूर्धन्य विद्वान् आचार्य डॉ० विद्यानिवास मिश्र ने जो स्नेह व्यक्त किया है; मैं उनका हृदय से आभारी हूँ।

गुरुकल्प आचार्य डॉ० रसिकविहारी जोशी, विज़िटिंग प्रोफ़सर, मेक्सिको ऑटोनोमस यूनिवर्सिटी एवं एल कॉलेजियो द मैहिको को सादर प्रणति प्रस्तुत करता हूँ। इसके शीघ्र प्रकाशन को लेकर वे सदा सचिन्त रहे।

आचार्य सत्यव्रत शास्त्री का मुझे सदा स्नेह प्राप्त होता रहा है; मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूँ और इस अवसर पर उन्हें सादर सश्रद्ध स्मरण करता हूँ।

प्रिय सखा प्रो० वाचस्पति उपाध्याय, कुलपति श्री० लालबहादुर राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली को मैं सस्नेह स्मरण करता हूँ। गत २५, २६ वर्षों से वे मेरे अनेक सुख-दुःखों की बराबर बांटते रहे हैं। 'द्वे वचसी' के लिए उन्हें धन्यवाद देकर मैं उनके रोष का पात्र नहीं बनना चाहूंगा।

लगभग १२-१३ वर्ष पूर्व, मेरे सहकर्मी बन्धुवर्य प्रो॰ सत्यपाल नारङ्ग के सत्परामर्शस्वरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से Subject Index of the Aṣṭādhyāyī पर कार्य करने के लिए एक प्रोजैक्ट स्वीकृत हुआ था; यद्यपि प्रो॰ नारङ्ग की दृष्टि कुछ भिन्न रूप में कार्य को उपस्थित करने की थी; पर परिस्थितियों या मनःस्थिति ने जिस रूप में भी यह कार्य सम्पादित किया, मैं उन्हें सादर सप्रेम स्मरण कर हृदय से धन्यवाद देता हूँ।

मैं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिकारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने प्रोजैक्ट स्वीकृत कर मुझे पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान कीं।

मैं अपने अग्रजकल्प प्रो० कृष्णलाल, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, डॉ॰ कमलाकान्त मिश्र, निदेशक राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली तथा डॉ॰ काशीराम, रीडर संस्कृत विभाग, हंसराज कॉलिज, दिल्ली को भी उनके अपने प्रति सहज स्नेह के लिए सादर सप्रेम स्मरण करता हूँ।

इस कार्य को पूर्णता की ओर लाने में एक पूरी टीम का योगदान रहा। मैं सर्वाधिक स्नेह से वत्सकल्प प्रिय शिष्य डॉ॰ ओमनाथ बिमली, प्रवक्ता, संस्कृत विभाग, राजधानी कॉलिज, दिल्ली को स्मरण करता हूँ, प्रभु उसे सदा विद्या-व्यसन में लगाएँ। मेरे दो अन्य शिष्य प्रिय श्री वेदवीर एवं श्री अनिल कुमार भी साधुवाद के पात्र हैं। ये तीनों पाणिनि-शास्त्र के अद्भुत विद्वान् और संस्कृत का भविष्य हैं तथा 'विद्याभ्यसनं व्यसनम्' की उक्ति को चरितार्थ करते हैं।

इस कार्य में मेरे प्रिय अनुजकल्प डॉ॰ वागीश कुमार, आचार्य आर्ष गुरुकुल एटा ने प्रचुर सहायता की; वे सदा इसके प्रकाशन के लिए उत्सुक रहे। सुश्री डॉ॰ माया ए॰ चैनानी, अमेरिका; प्रिय डॉ॰ सत्यपालसिंह, प्रवक्ता संस्कृत विभाग, ज़ाकिर हुसैन कॉलिज, दिल्ली, आयुष्मती डॉ॰ एच्॰ पूर्णिमा, प्रवक्ता संस्कृत विभाग, श्री शङ्कराचार्य यूनिवर्सिटी फ़ॉर संस्कृत, तिरुअनन्तपुरम् केन्द्र एवं डॉ॰ कु॰ निशा गोयल ने भी मुझे अपने-अपने ढंग से सहयोग दिया है। मैं इन सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

अपनी सहधर्मिणी सुश्री उर्मिलाकुमारी एवं प्रिय आत्मजों चि॰ सुधांशु और चि॰ हिमांशु को मेरे स्नेहाशीः।

ग्रन्थ के सुन्दर प्रकाशन के लिए श्री॰ कन्हैयालाल जोशी, स्वामी परिमल पब्लिकेशन्स, दिल्ली धन्यवाद के पात्र हैं। कम्पोज़िंग एवं प्रिण्टिग के लिए एकनिष्ठ संलग्न होकर काम करने वाले चि॰ हिमांशु जोशी को मैं स्नेहाशीः देता हूँ, प्रभु करें कि वह अपने जीवन में प्रगति के उच्चतम शिखर पर पहुँचे।

— अवनीन्द्र कुमार

अ

अ — प्रत्याहारसूत्र I

आचार्य पाणिनि द्वारा अपने प्रथम प्रत्याहार सूत्र में पठित सर्वप्रथम वर्ण । इससे 'अ' के सम्पूर्ण अठारह भेदों का ग्रहण हो जाता है ।

पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का प्रथम वर्ण।

अ — III. i. 80

(धिवि तथा कृवि धातुओं से उ प्रत्यय तथा उनको) अकार अन्तादेश (भी) हो जाता है,(कर्तृवाची सार्वधातुक के परे रहते) ।

अ — III. iii. 102

(प्रत्ययान्त धातुओं से स्त्रीलिङ्ग कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में) अ प्रत्यय होता है ।

...अ...— III. iv. 82

देखें — णलतुसु० III. iv. 82

अ — IV. iii. 9

(मध्य शब्द से साम्प्रतिक अर्थ गम्यमान हो तो शैषिक) अ प्रत्यय होता है।

अ — IV. iii. 31

(अमावास्या प्रातिपदिक से जात अर्थ में) अ प्रत्यय (भी) होता है।

अ — V. iv. 74

(ऋक्,पुर् ,अप् , धुर् तथा पथिन् शब्द अन्त में हैं जिस समास के, तदन्त प्रातिपदिक से समासान्त) अ प्रत्यय होता है,(यदि वह धुर् अक्षसम्बन्धी न हो तो) ।

अ — VIII. iv. 67

(विवृत अकार) संवृत अकार होता है ।

अइउण् — प्रथम प्रत्याहार सूत्र

आचार्य पाणिनि अ,इ,उ – इन तीन वर्णों का उपदेश करके णकार को इत्संज्ञा के लिये रखते हैं। इससे एक प्रत्याहार बनता है- अण् ।

अंश... — V. i. 55

देखें — अंशवस्नभृतय: V. i. 55

अंशम् — V. ii. 69

द्वितीयासमर्थ अंश प्रातिपदिक से (हरण करने वाला अर्थ में कन् प्रत्यय होता है))।

अंशवस्नभृतय: — V. i. 55

(प्रथमासमर्थ प्रातिपदिकों से षष्ठ्यर्थ में यथाविहित प्रत्यय होते हैं, यदि वह प्रथमासमर्थ) अंश = भाग ,वस्न =मूल्य तथा भृति= वेतन समानाधिकरण वाला हो तो।

अंश्वादय: — VI. ii. 193

(प्रति उपसर्ग से उत्तर तत्पुरुष समास में) अंश्वादि-गण-पठित शब्दों को (अन्तोदात्त होता है)।

...अंसाभ्याम् — V. ii. 98

देखें — वत्सांसाभ्याम् V. ii. 98

अ: — VII. ii. 102

(त्यदादि अङ्गों को विभक्ति परे रहते) अकारादेश होता है।

अ: — VII. iv. 18

(टुओश्वि अङ्ग को अङ् परे रहते) अकारादेश होता है।

अ: — VII. iv. 73

(भू अङ्ग के अभ्यास को) अकारादेश होता है,(लिट् परे रहते) ।

अक...— II. iii. 70

देखें — अकेनो: II. iii. 70

अक... — IV. ii. 140

देखें—अकेकान्त० IV. ii. 140

अक...— VIII. iv. 18

देखें — अकखादौ VIII. iv. 18

अक: — VI. i. 97

अक् प्रत्याहार से उत्तर (सवर्ण अच् परे हो तो पूर्व और पर के स्थान में दीर्घ एकादेश होता है, संहिता के विषय में)।

अक: — VI. i. 124

(ऋकार परे रहते) अक् को (शाकल्य आचार्य के मत में प्रकृतिभाव हो जाता है तथा उस अक् को ह्रस्व भी हो जाता है) ।

अकः — VII. ii. 112

ककार से रहित (इदम् शब्द) के (इद् भाग को अन आदेश होता है, आप् विभक्ति परे रहते)।

अकखादौ — VIII. iv. 18

(उपसर्ग में स्थित निमित्त से उत्तर) जो उपदेश में ककार तथा खकार आदिवाला नहीं है,(एवं षकारान्त भी नहीं है); ऐसे (शेष) धातु के परे रहते (नि के नकार को विकल्प से णकार आदेश होता है)।

अकङ् — IV. i. 97

(सुधातृ शब्द से 'तस्यापत्यम्' अर्थ में इञ् प्रत्यय होता है, तथा (सुधातृ शब्द को) अकङ् आदेश (भी) होता है।

अकच् — V. iii. 71

(अव्यय, सर्वनामवाची प्रातिपदिकों एवं तिङन्तों से इवार्थ से पहले पहले) अकच् प्रत्यय होता है, (और वह टि से पूर्व होता है)।

अकच्चिति — III. iii. 153

(अपने अभिप्राय का प्रकाशन करना गम्यमान हो और) कच्चित् शब्द उपपद में न हो तो (धातु से लिङ् प्रत्यय होता है)।

अकथितम् — I. iv. 51

(अपादानादि कारकों से) अनुक्त (कारक भी कर्मसंज्ञक होता है)।

अकद्रवा — VI. iv. 147

कद्रू शब्द को छोड़कर (जो उवर्णान्त भसञ्ज्ञक अङ्ग, उसका तद्धित 'ढ' प्रत्यय परे रहते लोप होता है)।

अकर्क्यादीनाम् — VI. ii. 87

(प्रस्थ शब्द उत्तरपद रहते) कर्क्यादिगणस्थ (तथा वृद्धसञ्ज्ञक) शब्दों को छोड़कर (पूर्वपद को आद्युदात्त होता है)।

अकर्त्तरि — II. iii. 24

कर्तृभिन्न (हेतुवाची) शब्द में (ऋण वाच्य होने पर पञ्चमी विभक्ति होती है)।

अकर्त्तरि — III. iii. 19

कर्तृभिन्न कारक में (भी धातु से संज्ञाविषय में घञ् प्रत्यय होता है)।

अकर्त्तरि — V. iv. 46

(अतिग्रह, अव्यथन तथा क्षेप विषयों में वर्तमान तृतीयाविभक्त्यन्त प्रातिपदिक से विकल्प से तसि प्रत्यय होता है, यदि वह तृतीया) कर्त्ता में न हो तो।

...अकर्मक ... III. iv. 72

देखें — **गत्यर्थाकर्मक० III. iv. 72**

अकर्मकस्य— VII. iv. 57

अकर्मक (मुच्ल्) धातु को (विकल्प से गुण होता है, सकारादि सन् प्रत्यय परे रहते)।

...अकर्मकाणाम् — I. iv. 52

देखें — **गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थ० I. iv. 52**

अकर्मकात् — I. iii. 26

(उपपूर्वक) अकर्मक (स्था) धातु से (भी आत्मनेपद होता है)।

अकर्मकात् — I. iii. 35

(विपूर्वक) अकर्मक (कृञ्) धातु से (भी आत्मनेपद होता है)।

अकर्मकात् — I. iii. 45

अकर्मक (ज्ञा) धातु से (भी आत्मनेपद होता है)।

अकर्मकात् — I. iii. 49

(अनु उपसर्ग से उत्तर) अकर्मक (वद) धातु से (स्पष्ट वाणी वालों के सहोच्चारण अर्थ में आत्मनेपद होता है)।

अकर्मकात् — I. iii. 85

(उप उपसर्ग से उत्तर) अकर्मक (रम्) धातु से (परस्मैपद होता है)।

अकर्मकात् — I. iii. 88

(अण्यन्तावस्था में) अकर्मक (तथा चेतना कर्ता वाले) धातु से (ण्यन्तावस्था में परस्मैपद होता है)।

अकर्मकात् — III. ii. 148

अकर्मक (चलनार्थक और शब्दार्थक) धातुओं से (तच्छीलादि कर्त्ता हों तो वर्तमानकाल में युच् प्रत्यय होता है)।

अकर्मकेभ्यः — III. iv. 69

(सकर्मक धातुओं से लकार कर्म-कारक में होते हैं, चकार से कर्ता में भी होते हैं, और) अकर्मक धातुओं से (भाव तथा चकार से कर्ता में भी होते हैं)।

अकर्मधारये — VI. ii. 130

कर्मधारयवर्जित (तत्पुरुष) समास में (उत्तरपद राज्य शब्द को आद्युदात्त होता है)।

... अकाभ्याम् — II. ii. 15

देखें — **तृजकाभ्याम् II. ii. 15**

अकामे — VI. iii. 11

(मूर्धन् तथा मस्तकवर्जित हलन्त एवं अदन्त स्वाङ्गवाची शब्दों से उत्तर सप्तमी का) काम से भिन्न शब्द उत्तरपद रहते (अलुक् होता है)।

...अकार्ययोः — V. ii. 20

देखें — **अधृष्टाकार्ययोः V. ii. 20**

अकालात् — VI. ii. 32

(सिद्ध, शुष्क, पक्व तथा बन्ध शब्दों के उत्तरपद रहते) अकालवाची (सप्तम्यन्त) पूर्वपद को (प्रकृतिस्वर होता है)।

अकालात् — VI. iii. 17

(शय, वास तथा वासिन् शब्दों के उत्तरपद रहते) कालवाचियों से भिन्न शब्दों से उत्तर (सप्तमी का विकल्प से अलुक् होता है) ।

अकाले — VI. iii. 80

(अव्ययीभाव समास में भी) अकालवाची शब्दों के उत्तरपद रहते (सह को स आदेश होता है) ।

अकितः — VII. iv. 83

(यङ् अथवा यङ्लुक् परे रहने पर) अकित् = कित्-भिन्न (अभ्यास) को (दीर्घ हो जाता है)।

अकिति — VI. i. 57

(सृज् और दृशिर् धातु को) कित्-भिन्न (झलादि) प्रत्यय परे हो तो (अम् आगम होता है) ।

अकिंवृत्ते — III. iii. 145

(असम्भावन तथा सहन न करना गम्यमान हो तो) किम् के रूप वाले शब्द उपपद न हों (अथवा उपपद हों) तो (भी धातु से काल-सामान्य में सब लकारों के अपवाद लिङ् तथा लृट् प्रत्यय होते हैं)।

... अकृच्छ्रार्थेषु — III. iii. 126

देखें — **कृच्छ्राकृच्छ्रार्थेषु III. iii. 126**

अकृच्छ्रिणि — III. ii. 130

(इङ् तथा धारि धातु से वर्तमान काल में शतृ प्रत्यय होता है); यदि जिसके लिये क्रिया कष्टसाध्य न हो, ऐसा कर्ता वाच्य हो तो।

अकृच्छ्रे — VIII. i. 13

(प्रिय तथा सुख शब्दों को) कष्ट न होना अर्थ द्योत्य हो तो (विकल्प करके द्वित्व होता है, एवं उसको कर्मधारयवत् कार्य होता है)।

अकृञः — VI. ii. 75

(शिल्पिवाची समास में भी अणन्त उत्तरपद रहते पूर्वपद को आद्युदात्त होता है, यदि वह अण्) कृञ् से परे न हो तो।

अकृत् ... — VI. ii. 191

देखें — **अकृत्पदे VI. ii. 191**

अकृत्...— VII. iv. 25

देखें — **अकृत्सार्व० VII. iv. 25**

... अकृत ...— III. iv. 36

देखें — **समूलाकृतजीवेषु III. iv. 36**

अकृत ...— VI. ii. 170

देखें — **अकृतमित० VI. ii. 170**

अकृतमितप्रतिपन्नाः — VI. ii. 170

(आच्छादनवाची शब्द को छोड़कर जो जातिवाची, कालवाची एवं सुखादि शब्द, उनसे आगे) कृत, मित तथा प्रतिपन्न शब्द को छोड़कर (उत्तरपद क्तान्त शब्द को अन्तोदात्त होता है, बहुव्रीहि समास में)।

अकृता — II. ii. 7

अकृदन्त (सुबन्त) के साथ (ईषत् शब्द समास को प्राप्त होता है, और वह तत्पुरुष समास होता है)।

अकृत्पदे — VI. ii. 191

(अति उपसर्ग से उत्तर) अकृदन्त तथा पद शब्द को (अन्तोदात्त होता है)।

...अकृत्रिमा... — IV. i. 42

देखें — **वृत्यमत्रावपना० IV. i. 42**

अकृत्सार्वधातुकयोः — VII. iv. 25

कृत् तथा सार्वधातुक से भिन्न (कित्, ङित् यकार) परे रहते (अजन्त अङ्ग को दीर्घ होता है)।

अक्लृपि...— III. i. 110

देखें — **अक्लृपिचृतेः III. i. 110**

अक्लृपिचृतेः — III. i. 110

(ऋकार उपधा वाली धातुओं से भी क्यप् प्रत्यय होता है), क्लृपि और चृति धातु को छोड़कर।

अके — VI. ii. 73

(जीविकार्थवाची समास में) अकप्रत्ययान्त शब्द के उत्तरपद रहते (पूर्वपद को आद्युदात्त होता है)।

अकेकान्तखोपधात् — IV. ii. 140
अक, इक अन्त वाले तथा खकार उपधावाले जो (देश-वाची वृद्धसंज्ञक) प्रातिपदिक, उनसे (शैषिक छ प्रत्यय होता है)।

अकेनो: — II. iii. 70
(भविष्यत्कालिक और आधमर्ण्य अर्थ होने पर) अक और इन् के योग में (षष्ठी विभक्ति नहीं होती)।

अकेवले — VI. ii. 96
मिश्रित अर्थ के बोधक समास में (उदक शब्द उपपद रहते पूर्वपद को अन्तोदात्त होता है)।

अको: — VI. i. 128
ककार जिनमें नहीं है (तथा जो नञ् समास में वर्तमान नहीं है); ऐसे (एतत् तथा तत्) शब्दों के (सु का लोप हो जाता है, हल् परे रहते, संहिता के विषय में)।

अको: — VII. i. 11
ककाररहित (इदम् और अदस्) के (भिस् को ऐस् नहीं होता)।

... अकौ — VII. i. 1
देखें — अनाकौ VII. i. 1

अक्रान्तात् — VI. ii. 198
क्र अन्त में नहीं है जिसके, ऐसे शब्द के उत्तर (सक्थ शब्द को भी विकल्प से अन्तोदात्त होता है, बहुव्रीहि समास में)।

अक्ष...— II. i. 10
देखें — अक्षशलाकासंख्या: II. i. 10

...अक्ष...— VI. ii. 121
देखें — कूलतीर० VI. ii. 121

अक्ष: — III. i. 75
अक्षू धातु से उत्तर (श्नु प्रत्यय विकल्प से होता है, कर्तृ-वाची सार्वधातुक परे रहने पर)।

अक्षद्यूतादिभ्य: — IV. iv. 19
(तृतीयासमर्थ) अक्षद्यूतादि-गणपठित प्रातिपदिकों से (उत्पन्न किया गया अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

...अक्षयो: — VI. iii. 103
देखें — पथ्यक्षयो: VI. iii. 103

अक्षशलाकासंख्या: — II. i. 10
अक्ष, शलाका तथा संख्यावाची शब्द (सुबन्त परि के साथ अव्ययीभाव समास को प्राप्त होते हैं)।

...अक्षिभ्रुव...— V. iv. 77
देखें — अचतुर० V. iv. 77

अक्षेषु — III. iii. 70
(ग्लह शब्द में) अक्ष = जुए का पासा विषय हो, तो (ग्रह धातु से अप् प्रत्यय तथा लत्व निपातन से होता है, कर्तृ-भिन्न कारक तथा भाव में) ।

अक्ष्ण: — V. iv. 76
(दर्शन विषय से अन्यत्र वर्तमान) अक्षिशब्दान्त प्राति-पदिक से (समासान्त अच् प्रत्यय हो जाता है)।

....अक्ष्णाम् — VII. i. 75
देखें — अस्थिदधि० VII. i. 75

...अक्ष्णो: — V. iv. 113
देखें — सक्थ्यक्ष्णो: V. iv. 113

अग: — VIII. iv. 3
गकारभिन्न (पूर्वपद में स्थित) निमित्त से उत्तर (सञ्ज्ञा-विषय में नकार को णकारादेश होता है)।

अगते: — VIII. i. 57
(चन, चित्, इव तथा गोत्रादिगणपठित शब्द, तद्धित प्रत्यय एवं आम्रेडित सञ्ज्ञक शब्दों के परे रहते) गतिस-ञ्ज्ञक से भिन्न किसी पद से उत्तर (तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता)।

अगतौ — VII. iii. 42
गतिभिन्न अर्थ में वर्तमान ('शद्लृ शातने' अङ्ग को तकारादेश होता है)।

...अगदस्य — VI. iii. 69
देखें — सत्यागदस्य VI. iii. 69

अगस्ति ...— II. iv. 70
देखें — अगस्तिकुण्डिनच् II. iv. 70

अगस्तिकुण्डिनच् — II. iv. 70
(अगस्त्य तथा कौण्डिन्य शब्दों से गोत्र में विहित जो तत्कृत बहुवचन में प्रत्यय, उसका लुक् हो जाता है, शेष बची अगस्त्य एवं कुण्डिनी प्रकृति को क्रमश:) अगस्ति और कुण्डिनच् आदेश भी हो जाते हैं ।

... अगस्त्य... — VI. iv. 149
देखें — सूर्यतिष्य० VI. iv. 149

अगात् — VIII. iii. 99
गकारभिन्न (इण् तथा कवर्ग) से उत्तर (सकार को एकार परे रहते सञ्ज्ञाविषय में मूर्धन्य आदेश होता है)।

अगारान्तात् — IV. iv. 70

(सप्तमीसमर्थ) अगार अन्तवाले प्रातिपदिकों से ('नियुक्त' अर्थ में ठन् प्रत्यय होता है)।

अगारैकदेशे — III. iii. 79

गृह का एकदेश वाच्य हो तो (प्रघण और प्रघाण शब्द में प्र पूर्वक हन् धातु से अप् प्रत्यय और हन को घन आदेश कर्तृभिन्न कारक संज्ञा कर्म में निपातन किये जाते हैं) ।

अगार्ग्य ...— VIII. iv. 66

देखें — **अगार्ग्यकाश्यप० VIII. iv. 66**

अगार्ग्यकाश्यपगालवानाम् — VIII. iv. 66

(उदात्त उदय = परे है जिससे एवं स्वरित उदय = परे है जिससे, ऐसे अनुदात्त को स्वरित आदेश नहीं होता) गार्ग्य, काश्यप तथा गालव आचार्यों के मत को छोड़कर।

अगोत्रात् — IV. i. 157

गोत्र से भिन्न जो (वृद्धसंज्ञक प्रातिपदिक), उससे (उदीच्य आचार्यों के मत में फिञ् प्रत्यय होता है)।

अगोत्रादौ — VIII. i. 69

गोत्रादि-गणपठित शब्दों को छोड़कर (निन्दावाची सुबन्तों के परे रहते भी सगतिक एवं अगतिक दोनों तिङन्तों को अनुदात्त होता है)।

अगोपुच्छ ... — V. i. 19

देखें — **अगोपुच्छसंख्या० V. i. 19**

अगोपुच्छसंख्यापरिमाणात् — V. i. 19

(यहां से आगे 'तदर्हति' पर्यन्त कहे हुए अर्थों में सामान्यतया ठक् प्रत्यय अधिकृत होता है) गोपुच्छ, संख्या तथा परिमाणवाची शब्दों को छोड़कर।

अगौरादयः — VI. ii. 194

(उप उपसर्ग से उत्तर दो अच् वाले शब्दों को तथा अजिन शब्द को तत्पुरुष समास में अन्तोदात्त होता है), गौरादि शब्दों को छोड़कर।

... अग्नि ...— IV. i. 37

देखें — **वृषाकप्यग्नि० IV .i. 37**

...अग्नि... — IV. ii. 125

देखें — **कच्छाग्निवक्त्र० IV. ii. 125**

...अग्निचित्ये — III. i. 132

देखें — **चित्याग्निचित्ये III. i. 132**

...अग्निभ्यः — VIII. iii. 97

देखें — **अम्बाम्ब० VIII. iii. 97**

अग्नीत्प्रेषणे — VIII. ii. 92

अग्नीध् = यज्ञ का ऋत्विग्विशेष के प्रेषण = नियोजन करने में (पद के आदि को प्लुत उदात्त होता है तथा उससे परे को भी होता है, यज्ञकर्म में) ।

...अग्नीषोम ... IV. ii. 31

देखें — **द्यावापृथिवीशुनासीर० IV. ii. 31**

अग्नेः — IV. ii. 32

(प्रथमासमर्थ देवतावाची) अग्नि प्रातिपदिक से (षष्ठ्यर्थ में ढक् प्रत्यय होता है)।

अग्नेः — VI. iii. 26

(देवतावाची द्वन्द्व समास में सोम तथा वरुण शब्द उत्तरपद रहते) अग्नि शब्द को (ईकारादेश होता है)।

अग्नेः — VIII. iii. 82

अग्नि शब्द से उत्तर (स्तुत्, स्तोम तथा सोम के सकार को समास में मूर्धन्य आदेश होता है)।

अग्नौ — III. i. 131

अग्नि अभिधेय होने पर (परिचाय्य, उपचाय्य और समूह्य शब्दों का निपातन किया जाता है) ।

अग्नौ — III. ii. 91

'अग्नि' कर्म उपपद रहते ('चिञ्' धातु से क्विप् प्रत्यय होता है, भूतकाल में)।

अग्न्याख्यायाम् — III. ii. 92

अग्नि की आख्या = कथन गम्यमान होने पर (कर्म उपपद रहते 'चिञ्' धातु से कर्म कारक में 'क्विप्' प्रत्यय होता है, भूतकाल में)।

अग्रगामिनि — VIII. iii. 92

(प्रष्ठ शब्द में षत्व निपातन है) अग्रगामी = आगे चलने वाला अभिधेय हो तो।

..अग्रतस् ...— III. ii. 18

देखें — **पुरोग्रतो० III. ii. 18**

अग्रन्थे — I. iii. 75

ग्रन्थविषयक प्रयोग न हो तो (सम्, उत् एवं आङ् उपसर्ग से उत्तर यम् धातु से आत्मनेपद होता है, यदि क्रिया का फल कर्ता को मिलता हो तो)।

अग्राख्यायाम् — V. iv. 93

प्रधान को कहने में वर्तमान (उरस्- शब्दान्त तत्पुरुष से समासान्त टच् प्रत्यय होता है)।

अग्रात् — IV.. iv. 116

(सप्तमीसमर्थ) अग्र प्रातिपदिक से (वेद-विषयक भवार्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

अग्रान्त... — V. iv. 145

देखें — **अग्रान्तशुद्ध० V. iv. 145**

अग्रान्तशुद्धशुभ्रवृषवराहेभ्यः — V. iv. 145

अग्रशब्दान्त तथा शुद्ध, शुभ्र, वृष और वराह शब्दों से उत्तर (भी दन्त शब्द को विकल्प से समासान्त दतृ आदेश होता है, बहुव्रीहि समास में)।

अग्रामणीपूर्वात् — V. iii. 112

ग्रामणी = गाँव का मुखिया पूर्व अवयव न हो जिसके, ऐसे (पूगवाची) प्रातिपदिकों से (ञ्य प्रत्यय होता है, स्वार्थ में)।

अग्रामाः — II. iv. 7

(नदीवाची एवं) ग्रामवर्जित (देशवाची भिन्नलिङ्ग वाले) शब्दों का (द्वन्द्व एकवत् होता है)।

अग्रे... — III. iv. 24

देखें— **अग्रेप्रथमपूर्वेषु III. iv. 24**

अग्रेप्रथमपूर्वेषु — III. iv. 24

अग्रे, प्रथम, पूर्व उपपद हों तो (समानकर्तृक पूर्वकालिक धातु से विकल्प से क्त्वा और णमुल् प्रत्यय होते हैं, पक्ष में लडादि लकार होते हैं)।

...अग्रेभ्यः — VIII. iv. 4

देखें — **पुरगामिश्रका० VIII. iv. 4**

...अग्रेषु — III. ii. 18

देखें — **पुरोऽग्रतो० III. ii. 18**

अग्लोपि... — VII. iv. 2

देखें — **अग्लोपिशास्वृदिताम् VII. iv. 2**

अग्लोपिशास्वृदिताम् — VII. iv. 2

अक् प्रत्याहार के किसी अक्षर का लोप हुआ है जिस अङ्ग में, उसके तथा 'शासु अनुशिष्टौ' एवं ऋदित् अङ्गों की (उपधा को चङ्परक णि परे रहते ह्रस्व नहीं होता है)।

अघञ्...— II. iv. 56

देखें— **अघञपोः II. iv. 56**

अघञपोः —II. iv. 56

घञ् और अप् वर्जित (आर्धधातुक) परे रहते (अज् को वी आदेश होता है)।

...अघस्य — VII. iv. 37

देखें— **अश्वाघस्य VII. iv. 37**

अघोः — VI. iv. 113

(श्नान्त अङ्ग एवं) घुसंज्ञक को छोड़कर (जो अभ्यस्तसञ्ज्ञक अङ्ग, उसके आकार के स्थान में ईकारादेश होता है; हलादि कित्, ङित् सार्वधातुक परे रहते)।

...अघोस... — VIII. iii. 17

देखें—**भोभगो० VIII. iii. 17**

अङ् — III. i. 52

(असु, वच और ख्या धातु से उत्तर कर्तृवाची लुङ् परे रहने पर च्लि के स्थान में) अङ् आदेश होता है।

अङ् — III. i. 86

(धातु से आशीर्वादार्थक लिङ् परे रहते वेद विषय में) अङ् प्रत्यय होता है।

अङ् — III. iii. 104

(षकार इत्संज्ञक है जिनका, ऐसी धातुओं से स्त्रीलिङ्ग में) अङ् प्रत्यय होता है, (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में)।

...अङ्... VI. i. 176

देखें— **गोश्वन्० VI. i. 176**

अङ्... VI. iv. 34

देखें — **अङ्हलोः VI. iv. 34**

अङि — VII. iv. 16

(ऋवर्णान्त तथा दृशिर् अङ्ग को) अङ् प्रत्यय परे रहते (गुण होता है)।

अङितः —VI. iv. 103

ङिद्-भिन्न (हि) को (भी धि आदेश होता है, वेद विषय में)।

...अङ्क... IV. iii. 126

देखें — **सङ्घाङ्कलक्षणेषु IV. iii. 126**

...अङ्कयोः — VIII. ii. 22

देखें — **घाङ्कयोः VIII. ii. 22**

अङ्कवत् — IV. iii. 80

पञ्चमीसमर्थ गोत्रवाची प्रातिपदिकों से 'आगत' अर्थ में) अङ्क अर्थ में होने वाले प्रत्ययों की तरह प्रत्ययविधि होती है।

...अङ्ग... V. ii. 7

देखें — **पथ्यङ्ग० V. ii. 7**

अङ्ग — VIII. i. 33
(अनुकूलता गम्यमान हो तो) अङ्ग शब्द से युक्त (तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता)।

अङ्गम् — I. iv. 13
(जिस धातु या प्रातिपदिक से प्रत्यय का विधान किया जाये, उस धातु या प्रातिपदिक का आदि वर्ण है आदि जिस समुदाय का, उसकी) अङ्ग संज्ञा होती है।

अङ्गम् — III. iii. 81
(अप पूर्वक हन् धातु से) शरीर का अवयव अभिधेय हो तो (अप् प्रत्यय तथा हन् को घन आदेश अपघन शब्द में निपातन किया जाता है, कर्तृभिन्न कारक संज्ञा में)।

अङ्गयुक्तम् — VIII. ii. 96
अङ्ग शब्द से युक्त (आकाङ्क्षा रखने वाले तिङन्त को प्लुत और उदात्त होता है)।

अङ्गविकारः — II. iii. 20
अङ्ग = शरीर का विकार (जिससे लक्षित होवे, उसमें तृतीया विभक्ति होती है)।

अङ्गस्य — I. i. 62
(लुक्, श्लु, लुप् शब्दों के द्वारा जहाँ प्रत्यय का अदर्शन होता हो, उसके परे रहते) जो अङ्ग, उसको (प्रत्ययनिमित्त कार्य नहीं होता है)।

अङ्गस्य — VI. iv. 1
'अङ्गस्य' यह अधिकार सूत्र है, सप्तमाध्याय की समाप्ति-पर्यन्त इसका अधिकार जायेगा।

अङ्गात् — VIII. ii. 27
(ह्रस्वान्त) अङ्ग से उत्तर (सकार का झल् परे रहते लोप होता है)।

अङ्गात् — VIII. iii. 78
(इण् प्रत्याहार अन्तवाले) अङ्ग से उत्तर (षीध्वम्, लुङ् तथा लिट् के धकार को मूर्धन्य आदेश होता है)।

अङ्गानि — VI. ii. 70
(मैरेय शब्द उत्तरपद रहते) उसके अङ्ग = उपादान कारणवाची पूर्वपद को (आद्युदात्त होता है)।

... अङ्गिरोभ्यः — II. iv. 65
देखें — **अत्रिभृगुकुत्स॰ II. iv. 65**

... अङ्गु... — VIII. iii. 97
देखें — **अम्बाम्ब॰ VIII. iii. 97**

... अङ्गुलेः — IV. iii. 62
देखें — **जिह्वामूलाङ्गुलेः IV. iii. 62**

अङ्गुलेः — V. iv. 86.
(सङ्ख्या तथा अव्यय आदि में हैं जिस) अङ्गुलि-शब्दान्त (तत्पुरुष समास के, तदन्त) प्रातिपदिक से (समासान्त अच् प्रत्यय होता है)।

अङ्गुलेः — V. iv. 114
अङ्गुलिशब्दान्त प्रातिपदिक से (समासान्त षच् प्रत्यय होता है, बहुव्रीहि समास में लकड़ी वाच्य हो तो)।

अङ्गुलेः — VIII. iii. 80
(समास में) अङ्गुलि शब्द से उत्तर (सङ्ग शब्द के सकार को मूर्धन्य आदेश होता है)।

अङ्गुल्यादिभ्यः — V. iii. 108
अङ्गुल्यादि प्रातिपदिकों से (इवार्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

अङ्गे — VI. i. 115
(यजुर्वेद-विषय में) अङ्ग शब्द में (जो एङ्, उसको अकार के परे रहते प्रकृतिभाव हो जाता है तथा उस अङ्ग शब्द के आदि में जो अकार उसके परे रहते पूर्व एङ् को प्रकृतिभाव होता है)।

अङ्यः — VI. iii. 60
ङी अन्त में नहीं है जिसके, ऐसा जो (इक् अन्त वाला) शब्द, उसको (गालव आचार्य के मत में विकल्प से ह्रस्व होता है, उत्तरपद परे रहते)।

अङ्हलोः — VI. iv. 34
(शास् अङ्ग की उपधा को इकारादेश हो जाता है) अङ् तथा हलादि (कित्, ङित्) प्रत्यय परे रहते।

अच्...— I. i. 10
देखें — **अज्झलौ I. i. 10**

अच् — I. ii. 27
(उकाल, ऊकाल तथा ऊ३काल अर्थात् एकमात्रिक द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक) अच् (यथासंख्य करके ह्रस्व, दीर्घ और प्लुतसंज्ञक होते हैं)।

अच् — I. iii. 2
(उपदेश में वर्तमान अनुनासिक) अच् (इत्सञ्ज्ञक होता है)।

अच् — III. ii. 9
(अनुद्यमन अर्थ में वर्तमान हृञ् धातु से कर्म उपपद रहते) अच् प्रत्यय होता है।

अच् – III. iii. 56
(इवर्णान्त धातुओं से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में) अच् प्रत्यय होता है।

अच् – V. ii. 127
(अर्शस् आदि गणपठित प्रातिपदिकों से मत्वर्थ में) अच् प्रत्यय होता है।

अच् – V. iv. 75
(प्रति, अनु तथा अव पूर्ववाले सामन् और लोमन् प्रातिपदिकों से समासान्त) अच् प्रत्यय होता है।

अच् – V. iv. 118
(नासिकाशब्दान्त बहुव्रीहि समास से सञ्ज्ञाविषय में समासान्त) अच् प्रत्यय होता है (तथा नासिका शब्द के स्थान में नस् आदेश भी होता है, यदि वह नासिका शब्द स्थूल शब्द से उत्तर न हो तो)।

...अच् ...– VI. ii. 144
देखें – थाथघञ् ० VI. ii. 144

अच्... – VI. ii. 157
...ङी... — VI. i. 66

देखें — हल्ङ्याब्भ्यः VI. i. 66

ङी... — VI. iii. 22

देखें — ङ्यापः VI. iii. 22

ङीन्— IV. i. 73

(अनुपसर्जन जातिवाची शार्ङ्गरवादि तथा अञन्त प्रातिपदिकों से स्त्रीलिङ्ग में) ङीन् प्रत्यय होता है।

ङीप्— IV. i. 5

(ऋकारान्त तथा नकारान्त प्रातिपदिकों से स्त्रीलिङ्ग में) ङीप् प्रत्यय होता है।

ङीप्— IV. i. 26

(संख्या आदि वाले तथा अव्यय आदि वाले ऊधस्-शब्दान्त बहुव्रीहि समास वाले प्रातिपदिक से) ङीप् प्रत्यय होता है।

ङीप्— IV. i. 60

(दिशा पूर्वपद है जिसमें, ऐसे प्रातिपदिक से स्त्रीलिङ्ग में) ङीप् प्रत्यय होता है।

ङीष्— IV. i. 25

(बहुव्रीहि समास में वर्तमान ऊधस्-शब्दान्त प्रातिपदिक से स्त्रीलिङ्ग में) ङीष् प्रत्यय होता है।

ङीष्— IV. i. 40

(तोपध वर्णवाची प्रातिपदिकों से अन्य जो वर्णवाची अदन्त अनुदात्तान्त प्रातिपदिक, उनसे स्त्रीलिङ्ग में) ङीष् प्रत्यय होता है।

...ङे... — IV. i. 2

देखें — स्वौजसमौट्० IV. i. 2

ङे — VII. i. 28

(युष्मद् तथा अस्मद् अङ्ग से उत्तर) ङे विभक्ति के स्थान में अम् आदेश होता है)।

ङेः — VII. i. 13

(अकारान्त अङ्ग से उत्तर) 'ङे' के स्थान में (य आदेश हो जाता है)।

ङेः — VII. iii. 116

(नदीसंज्ञक, आबन्त तथा नी से उत्तर) ङि विभक्ति के स्थान में (आम् आदेश होता है)।

ङौ— VI. iii. 109

(संख्या, वि तथा साय पूर्व वाले अह्न शब्द को विकल्प करके अहन् आदेश होता है), ङि परे रहते।

ङ्णोः — VIII. iii. 28

(पदान्त) ङकार तथा णकार को (यथासंख्य करके विकल्प से कुक् तथा टुक् आगम होते हैं, शर् प्रत्याहार परे रहते)।

ङ्यः — VI. iii. 42

(भाषितपुंस्क शब्द से उत्तर) ङ्यन्त (अनेकाच्) शब्द का (ह्रस्व हो जाता है; घ, रूप, कल्प, चेलट्, ब्रुव, गोत्र, मत तथा हत शब्दों के परे रहते)।

ङ्याः — VI. i. 172

(वेदविषय में) ङ्यन्त शब्द से उत्तर (बहुल करके नाम् विभक्ति को उदात्त होता है)।

ङ्यापः — VI. iii. 62

ङ्यन्त तथा आबन्त शब्दों को (संज्ञा तथा छन्द-विषय में उत्तरपद परे रहते बहुल करके ह्रस्व होता है)।

ङ्याप्प्रातिपदिकात् — IV. i. 1

(यहाँ से आगे कहे हुए सु आदि प्रत्यय) ङ्यन्त, आबन्त तथा प्रातिपदिक से ही हुआ करेंगे।

...ङ्योः — VII. i. 15

देखें — ङसिङ्योः VII. i. 15

ङ्वनिप् — III. ii. 103

(षुञ् तथा यज् धातु से भूतकाल में) ङ्वनिप् प्रत्यय होता है।

च

च् — प्रत्याहारसूत्र IV

आचार्य पाणिनि द्वारा अपने चतुर्थ प्रत्याहारसूत्र में इत्सञ्ज्ञार्थ पठित वर्ण।

च — प्रत्याहारसूत्र XI

आचार्य पाणिनि द्वारा अपने ग्यारहवें प्रत्याहारसूत्र में पठित छठा वर्ण।

— पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का पैतीसवाँ वर्ण।

च — I. i. 5

(कित्, गित्, ङित् को निमित्त मानकर) भी (इक् के स्थान में जो गुण और वृद्धि प्राप्त होते हैं, वे न हों)।

च — I. i. 18

(सप्तमी के अर्थ में वर्तमान ईकारान्त, ऊकारान्त शब्दों की) भी (प्रगृह्य संज्ञा होती है)।

च — I. i. 24

(डति प्रत्ययान्त संख्यावाची शब्द की) भी (षट्संज्ञा होती है)।

च — I. i. 30

(द्वन्द्वसमास में) भी (सर्वादियों की सर्वनाम संज्ञा नहीं होती)।

च — I. i. 32

(प्रथम, चरम, तयप् प्रत्ययान्त शब्द, अल्प, अर्ध, कतिपय तथा नेम शब्दों की) भी (जस्-सम्बन्धी कार्य में विकल्प से सर्वनाम संज्ञा होती है)।

च — I. i. 37

(जिससे सारी विभक्ति उत्पन्न न हो, ऐसे तद्धित-प्रत्ययान्त शब्द की) भी (अव्ययसंज्ञा होती है)।

च — I. i. 40

अव्ययीभाव समास की) भी (अव्ययसंज्ञा होती है)।

च — I. i. 52

(ङिदादेश) भी (अन्त्य अल् के स्थान में होता है)।

च — I. i. 63

(त्यदादिगणपठित शब्द) भी (वृद्धसंज्ञक होते हैं)।

च — I. i. 68

(अण् और उदित् अपने स्वरूप का) भी (ग्रहण कराते है, प्रत्यय को छोड़कर)।

च — I. ii. 6

(इन्धि तथा भू धातु से परे) भी (लिट् प्रत्यय कित्वत् होता है)।

च — I. ii. 8

(रुद, विद, मुष, ग्रह, स्वप तथा प्रच्छ इन धातुओं से परे सन्) और (क्त्वा प्रत्यय कित्वत् होते हैं)।

च — I. ii. 10

(इक् के समाप जो हल्, उससे परे) भी (झलादि सन् कित्वत् होता है)।

च — I. ii. 12

(ऋवर्णान्त धातु से परे) भी (झलादि लिङ् तथा सिप् कित्वत् होते हैं, आत्मनेपदविषय में)।

च — I. ii. 16

(स्था तथा घुसञ्ज्ञक धातुओं से परे सिच् कित्वत् होता है और इकारादेश) भी (हो जाता है)।

च — I. ii. 22

(पूङ् धातु से परे सेट् निष्ठा तथा सेट् क्त्वा प्रत्यय) भी (कित् नहीं होता है)।

च — I. ii. 24

(वञ्चु, लुञ्च, ऋत् इन धातुओं से परे) भी (सेट् क्त्वा विकल्पकरके कित् नहीं होता है)।

च — I. ii. 26

(इकार तथा उकार उपधा वाली रलन्त हलादि धातुओं से परे सेट् सन्) और (सेट् क्त्वा प्रत्यय विकल्प से कित् नहीं होते हैं)।

च — I. ii. 28

(ह्रस्व हो जाये, दीर्घ हो जाये प्लुत हो जाये, ऐसा नाम लेकर जब कहा जाये तो) वह पूर्वोक्त ह्रस्व दीर्घ प्लुत (अच् के स्थान में ही हो)।

च – I. ii. 44

(समास विधीयमान होने पर नियत विभक्ति वाला पद) भी (उपसर्जनसंज्ञक होता है, पूर्वनिपात उपसर्जन कार्य को छोड़कर)।

च – I. ii. 46

(कृत्प्रत्ययान्त, तद्धितप्रत्ययान्त और समास) भी (प्रातिपदिक संज्ञक होते हैं)।

च – I. ii. 52

(प्रत्यय के लुप् होने पर उस लुबर्थ के जो विशेषण, उनमें) भी (लिङ्ग और संख्या प्रकृत्यर्थ के समान हो जाते हैं, जाति के प्रयोग से पूर्व ही)।

च – I. ii. 55

(सम्बन्ध को वाचक मानकर यदि संज्ञा हो तो) भी (उस सम्बन्ध के जाने पर इस संज्ञा का अदर्शन होता है, पर वह होता नहीं है)।

च – I. ii. 56

(काल तथा उपसर्जन = गौण) भी (अशिष्य होते हैं, तुल्य हेतु होने से अर्थात् पूर्वसूत्रोक्त लोकाधीनत्व हेतु होने से)।

च – I. ii. 59

(अस्मदर्थ के एकत्त्व और द्वित्व अर्थ में भी (बहुवचन विकल्प करके होता है)।

च – I. ii. 60

(फल्गुनी और प्रोष्ठपद नक्षत्रविषयक द्वित्व अर्थ में) भी (बहुत्व अर्थ विकल्प करके होता है)।

च – I. ii. 62

(वेद-विषय में विशाखा नक्षत्र के द्वित्व अर्थ में) भी (विकल्प करके एकत्व होता है)।

च – I. ii. 66

(गोत्रप्रत्ययान्त जो स्त्रीलिङ्ग शब्द, वह युवप्रत्ययान्त शब्द के साथ शेष रह जाता है और उस स्त्रीलिङ्ग गोत्रप्रत्ययान्त शब्द को पुंवत् कार्य) भी (हो जाता है, यदि उन दोनों शब्दों में वृद्धयुवप्रत्ययनिमित्तक ही वैरूप्य हो और सब समान हों)।

च – I. ii. 69

(नपुंसकलिङ्ग शब्द उससे भिन्न शब्द अर्थात् स्त्रीलिलिङ्ग पुंल्लिङ्ग शब्दों के साथ शेष रह जाता है, तथा स्त्रीलिङ्ग पुंल्लिङ्ग शब्द हट जाते हैं, एवं उस नपुंसकलिङ्ग शब्द को एकवत् कार्य) भी (विकल्प करके हो जाता है, यदि उन शब्दों में नपुंसकगुण एवं अनपुंसक गुण का ही वैशिष्ट्य हो, शेष प्रकृति आदि समान ही हो)।

च – I. iii. 16

(इतरेतर तथा अन्योन्य शब्द उपपदवाची धातु से) भी (काम की अदलाबदली अर्थ में आत्मनेपद नहीं होता)।

च – I. iii. 21

(अनु, सम्, परि) और (आङ्पूर्वक क्रीड् धातु से आत्मनेपद होता है)।

च – I. iii. 23

(अपने भाव के कथन तथा विवाद के निर्णायक को कहने अर्थ में) भी (स्था धातु से आत्मनेपद होता है)।

च – I. iii. 26

(उपपूर्वक अकर्मक स्था धातु से) भी (आत्मनेपद होता है)।

च – I. iii. 35

(विपूर्वक अकर्मक कृञ् धातु से उत्तर) भी (आत्मनेपद होता है)।

च – I. iii. 37

(कर्ता में स्थित शरीरभिन्न कर्म के होने पर) भी (णीञ् धातु से आत्मनेपद होता है)।

च – I. iii. 45

(अकर्मक ज्ञा धातु से) भी (आत्मनेपद होता है)।

च – I. iii. 55

(तृतीया विभक्ति से युक्त सम् पूर्वक् दाण् धातु से) भी (आत्मनेपद होता है, यदि वह तृतीया चतुर्थी के अर्थ में हो तो)।

च – I. iii. 60

(सम्मानन, शालीनीकरण) तथा (प्रलम्भन अर्थ में ण्यन्त ली धातु से आत्मनेपद होता है)।

च – I. iii. 61

(लुङ्, लिङ् लकार में) तथा (शित् विषय में जो 'मृङ् प्राणत्यागे' धातु ,उससे आत्मनेपद होता है)।

च – I. iii. 74

(णिजन्त धातु से) भी (क्रिया का फल कर्ता को मिलता हो तो आत्मनेपद होता है)।

च – I. iii. 84

(उपपूर्वक रम् धातु से) भी (परस्मैपद होता है)।

च – I. iii. 87

(निगरणार्थक तथा चलनार्थक ण्यन्त धातुओं से) भी (परस्मैपद होता है)।

च – I. iii. 93

(लुट् लकार) एवं (स्य और सन् प्रत्ययों के होने पर भी कृपू धातु से विकल्प करके परस्मैपद होता है)।

च – I. iv. 6

(ह्रस्व इकारान्त, उकारान्त स्त्र्याख्य शब्द तथा इयङ्-उवङ् स्थानी ईकारान्त,ऊकारान्त स्त्र्याख्य शब्द) भी (ङित् प्रत्यय के परे रहते विकल्प से नदीसञ्ज्ञक होते हैं)।

च – I. iv. 12

(दीर्घ अक्षर की) भी (गुरुसंज्ञा होती है)।

च – I. iv. 16

(सित् प्रत्यय के परे रहते भी (पूर्व की पदसंज्ञा होती है)।

च – I. iv. 41

(अनु एवं प्रतिपूर्वक गृ धातु के प्रयोग में पूर्व का जो कर्ता, ऐसे कारक की) भी (सम्प्रदान संज्ञा होती है)।

च – I. iv. 43

(दिव् धातु का जो साधकतम कारक, उसकी कर्म) और (करण संज्ञा होती है)।

च – I. iv. 47

(अभि, नि पूर्वक विश् का जो आधार, उस कारक की) भी (कर्म संज्ञा होती है)।

च – I. iv. 50

(जिस प्रकार कर्त्ता का अत्यन्त ईप्सित कारक क्रिया के साथ युक्त होता है, इस प्रकार) ही (कर्ता का न चाहा हुआ कारक क्रिया के साथ युक्त हो तो उसकी कर्म संज्ञा होती है)।

च – I. iv. 51

(अपादानादि कारकों से अनुक्त कारक की) भी (कर्म संज्ञा होती है)।

च – I. iv. 55

(उस स्वतन्त्र के प्रयोजक कारक की हेतुसंज्ञा) और (कर्तृसंज्ञा होती है)।

च – I. iv. 59

(प्रादियों की क्रिया के योग में गतिसंज्ञा) और (उपसर्ग संज्ञा भी होती है)।

च – I. iv. 60

(ऊर्यादि शब्द तथा च्व्यन्त और डाजन्त शब्द) भी (क्रियायोग में गति और निपातसंज्ञक भी होते हैं)।

च – I. iv. 61

(इति शब्द जिससे परे नहीं है, ऐसा जो अनुकरणवाची शब्द, उसकी) भी (क्रियायोग में गति और निपात संज्ञा होती है)।

च – I. iv. 67

(अस्तं शब्द जो अव्यय, उसकी) भी (क्रिया के योग में गति और निपातसंज्ञा होती है)।

च – I. iv. 73

(साक्षात् इत्यादि शब्दों की) भी (कृञ् धातु के योग में विकल्प से गति और निपात संज्ञक होते हैं)।

च – I. iv. 75

(मध्ये, पदे तथा निवचने शब्द) भी (कृञ् के योग में विकल्प से गति और निपात संज्ञा होती है)।

च – I. iv. 81

(वे गति और उपसर्गसंज्ञक शब्द वेद-विषय में व्यवधान से) भी (होते हैं)।

च — I. iv. 86

(उप शब्द अधिक) तथा (हीन अर्थ द्योतित होने पर कर्मप्रवचनीय और निपातसंज्ञक होता है)।

च — I. iv. 94

(अति शब्द की उल्लङ्घन) और (पूजा अर्थ में कर्मप्रवचनीय तथा निपात संज्ञा होती है)।

च — I. iv. 103

(सुपों और तिङों के तीन-तीन की विभक्ति संज्ञा) भी (हो जाती है)।

च — I. iv. 105

(परिहास गम्यमान हो रहा हो तो भी मन्य है उपपद जिसका,ऐसी धातु से युष्मद् उपपद रहते,समान अभिधेय होने पर युष्मद् शब्द का प्रयोग हो या न हो तो भी मध्यम पुरुष हो जाता है,तथा उस मन् धातु से उत्तम पुरुष हो जाता है और उस उत्तम पुरुष को एकत्व) भी (हो जाता है)।

च — I. iv. 105

(परिहास गम्यमान हो रहा हो तो) भी (मन्य है उपपद जिसका,ऐसी धातु से युष्मद् उपपद रहते समान अभिधेय होने पर युष्मद् शब्द का प्रयोग हो या न हो तो भी मध्यम पुरुष हो जाता है तथा उस मन् धातु से उत्तम पुरुष हो जाता है और उस उत्तम पुरुष को एकत्व भी हो जाता है)।

च — II. i. 15

(अनु जिसका आयामवाची = दीर्घतावाची है,ऐसे लक्षणवाची समर्थ सुबन्त के साथ) भी (अनु का विकल्प से समास होता है और वह अव्ययीभाव समास होता है)।

च — II. i. 16

(तिष्ठद्गु इत्यादि समुदायरूप शब्दों की) भी (अव्ययीभावसंज्ञा निपातन से होती है)।

च — II. i. 19

(सङ्ख्यावाची सुबन्तों का नदीवाची समर्थ सुबन्तों के साथ) भी (विकल्प से अव्ययीभाव समास होता है)।

च — II. i. 20

(अन्यपदार्थ गम्यमान होने पर) भी (संज्ञाविषय में सुबन्त का नदीवाची समर्थ सुबन्त के साथ अव्ययीभाव समास होता है)।

च — II. i. 22

(द्विगु समास) भी (तत्पुरुष संज्ञक होता है)।

च — II. i. 28

(अत्यन्तसंयोग गम्यमान होने पर) भी (कालवाची द्वितीयान्त शब्दों का समर्थ सुबन्तों के साथ विकल्प से समास होता है, और वह तत्पुरुष समास होता है)।

च — II. i. 40

(सिद्ध, शुष्क, पक्व, बन्ध—इन समर्थ सुबन्तों के साथ) भी (सप्तम्यन्त सुबन्त का विकल्प से समास होता है और वह तत्पुरुष समास होता है)।

च — II. i. 47

(पात्रेसम्मित आदि शब्द) भी (निन्दा गम्यमान होने पर समुदायरूप तत्पुरुष समासान्त निपातन किये जाते हैं)।

च — II. i. 50

(तद्धितार्थ का विषय उपस्थित रहने पर,उत्तरपद परे रहते तथा समाहार वाच्य होने पर) भी (दिशावाची तथा सङ्ख्यावाची सुबन्तों का समर्थ समानाधिकरणवाची सुबन्तों के साथ विकल्प से समास होता है और वह तत्पुरुष होता है)।

च — II. i. 57

(पूर्व, अपर, प्रथम, चरम, जघन्य, समान, मध्य, मध्यम, वीर—इनका विशेषणवाची सुबन्तों के साथ विकल्प से तत्पुरुष समास होता है)।

च — II. i. 65

(जातिवाची सुबन्त प्रशंसावाची समानाधिकरण समर्थ सुबन्तों के साथ) भी (विकल्प से समास को प्राप्त होता है, और वह तत्पुरुष समास होता है)।

च — II. i. 71

(मयूरव्यंसकादिगणपठित समुदाय रूप शब्द) भी (समानाधिकरण तत्पुरुषसंज्ञक निपातित हैं)।

च — II. ii. 4

(प्राप्त, आपन्न सुबन्त) भी (द्वितीयान्त सुबन्त के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं और वह तत्पुरुष समास होता है)।

च — II. ii. 9

(याजकादि सुबन्तों के साथ) भी (षष्ठ्यन्त सुबन्त का समास होता है और वह तत्पुरुष समास होता है)।

च – II. ii. 12

(पूजा अर्थ में विहित जो क्त प्रत्यय, तदन्त शब्द के साथ) भी (षष्ठ्यन्त सुबन्त समास को प्राप्त नहीं होता)।

च – II. ii. 13

(अधिकरणवाची क्तप्रत्ययान्त सुबन्त के साथ) भी (षष्ठ्यन्त सुबन्त समास को प्राप्त नहीं होता)।

च – II. ii. 14

(कर्म में जो षष्ठी विहित है, वह) भी (समर्थ सुबन्त के साथ समास को प्राप्त नहीं होती)।

च – II. ii. 16

(कर्ता में जो षष्ठी, वह) भी (अक प्रत्ययान्त सुबन्त के साथ समास को प्राप्त नहीं होती)।

च – II. ii. 22

(तृतीयाप्रभृति जो उपपद, वे क्त्वा-प्रत्ययान्त शब्दों के साथ) भी (विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं, और वह तत्पुरुष समास होता है)।

च – II. iii. 3

(वेद-विषय में हु धातु के अनभिहित कर्म में तृतीया) और (द्वितीया विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 9

(जिससे अधिक हो) और (जिसका सामर्थ्य हो, उसमें कर्मप्रवचनीय के योग में सप्तमी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 11

(जिससे प्रतिनिधित्व और जिससे प्रतिदान हो, उससे) भी (कर्म-प्रवचनीय के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 14

(क्रिया के लिये क्रिया उपपद हो जिसकी, ऐसी अप्रयुज्यमान धातु के अनभिहित कर्म कारक में) भी (चतुर्थी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 15

(तुमन् के समानार्थक भाववचन-प्रत्ययान्त से) भी (चतुर्थी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 16

(नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलम्, वषट् — इन शब्दों के योग में) भी (चतुर्थी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 27

(हेतु शब्द के प्रयोग में तथा हेतु के विशेषणवाची सर्वनामसंज्ञक शब्द के प्रयोग में हेतु द्योतित होने पर तृतीया) और (षष्ठी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 33

(स्तोक, अल्प, कृच्छ्र कतिपय—इन असत्ववाची शब्दों से करण कारक में तृतीया) और पञ्चमी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 35

(दूरार्थक तथा अन्तिकार्थक शब्दों से द्वितीया विभक्ति होती है) और चकार से (षष्ठी व पञ्चमी भी)।

च – II. iii. 36

(अनभिहित अधिकरण कारक में) तथा (दूरान्तिकार्थक शब्दों से (भी) सप्तमी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 37

(जिसकी क्रिया से क्रियान्तर लक्षित होवे, उसमें) भी (सप्तमी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 38

(जिसकी क्रिया से क्रियान्तर लक्षित हो, उसमें अनादर गम्यमान होने पर षष्ठी) तथा (सप्तमी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 39

(स्वामी, ईश्वर, अधिपति, दायाद, साक्षी, प्रतिभू, प्रसूत — इन शब्दों के योग में) भी (षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 40

(आयुक्त और कुशल शब्दों के योग में) भी (आसेवा गम्यमान हो तो षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होती है)।

आसेवा = तत्परता।

च – II. iii. 41

(जिससे निर्धारण हो उसमें) भी (षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 44

(प्रसित और उत्सुक शब्दों के योग में तृतीया) और (सप्तमी विभक्ति होती है)।

प्रसित = संलग्न, फंसा।

च – II. iii. 45

(लुबन्त नक्षत्रवाची शब्द में भी तृतीया) और (सप्तमी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 47

(सम्बोधन में) भी (प्रथमा विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 63

(यज् धातु के करण कारक में) भी (वेद-विषय में बहुल करके षष्ठी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 67

(वर्तमान काल में विहित क्त प्रत्यय के प्रयोग में) भी (षष्ठी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 68

(अधिकरण में विहित क्त-प्रत्ययान्त के योग में) भी (षष्ठी विभक्ति होती है)।

च – II. iii. 73

(आशीर्वचन गम्यमान हो तो आयुष्य, मद्र, भद्र, कुशल, सुख, अर्थ, हित — इन शब्दों के योग में शेष विवक्षित होने पर विकल्प से चतुर्थी विभक्ति होती है)। चकार से पक्ष में षष्ठी भी होती है।

च – II. iv. 2

(प्राणी-अङ्गवाची, तूर्य=वाद्य अङ्गवाची तथा सेनाङ्गवाची शब्दों के द्वन्द्व को) भी (एकवद्भाव हो जाता है)।

च – II. iv. 9

(जिन जीवों का सनातन विरोध है, तद्वाची शब्दों का द्वन्द्व) भी (एकवत् होता है)।

च – II. iv. 11

(गवाश्व इत्यादि शब्द यथापठित=कृतैकवद्भाव द्वन्द्वरूप) ही (साधु होते हैं)।

च – II. iv. 13

(परस्पर विरुद्धार्थक अद्रव्यवाची शब्दों का द्वन्द्व) भी (विकल्प से एकवद् होता है)।

च – II. iv. 15

(अधिकरण का परिमाण कहने में जो द्वन्द्व, वह) भी (एकवत् नहीं होता है)।

च – II. iv. 18

(अव्ययीभाव समास) भी (नपुंसकलिङ्ग होता है)।

च – II. iv. 24

(शाला अर्थ से भिन्न जो सभा, तदन्त नञ्कर्मधारयभिन्न तत्पुरुष) भी (नपुंसकलिङ्ग में होता है)।

च – II. iv. 28

(हेमन्त और शिशिर शब्द) तथा (अहन् और रात्रि शब्दों का द्वन्द्व समास में छन्द-विषय में पूर्ववत् लिङ्ग होता है)।

च – II. iv. 31

(अर्धर्चादि शब्द पुंल्लिङ्ग) और नपुंसकलिङ्ग में होते हैं)।

च – II. iv. 33

(अन्वादेश में वर्तमान एतद् के स्थान में अनुदात्त अश् आदेश होता है) और (वे त्र, तस् प्रत्यय भी अनुदात्त होते हैं)।

च – II. iv. 38

(घञ् और अप् आर्धधातुक के परे रहते) भी (अद् धातु को घस्लृ आदेश होता है)।

च – II. iv. 43

(आर्धधातुक लुङ् परे रहते) भी (हन् को वध आदेश हो जाता है)।

च – II. iv. 47

(आर्धधातुक सन् प्रत्यय के परे रहते) भी (अबोधनार्थक इण् धातु को गमि आदेश हो जाता है)।

च – II. iv. 48

(इङ् धातु को) भी (गम् आदेश होता है, आर्धधातुक सन् परे रहते)।

च – II. iv. 51

(सन्परक, चङ्परक णिच् के परे रहते) भी (इङ् को विकल्प से गाङ् आदेश होता है)।

च – II. iv. 59

(गोत्रवाची पैलादि शब्दों से) भी (युवापत्य में विहित प्रत्यय का लुक् होता है)।

च – II. iv. 64

(गोत्र में विहित यञ् और अञ् प्रत्ययों का) भी (तत्कृत बहुत्व में लुक् होता है, स्त्रीलिङ्ग को छोड़कर)।

च – II. iv. 65

(अत्रि, भृगु, कुत्स, वसिष्ठ, गोतम, अङ्गिरस् — इन शब्दों से तत्कृतबहुत्व गोत्रापत्य में विहित जो प्रत्यय, उसका) भी (लुक् हो जाता है)।

च – II. iv. 74

(अच् प्रत्यय के परे रहते यङ् का लुक् हो जाता है;) चकार से बहुल करके अच् परे न हो तो भी लुक् हो जाता है।

च – III. i. 2

(जिसकी प्रत्ययसंज्ञा नहीं है) वह, जिस (धातु का प्रातिपदिक) से (विधान किया जाये, उससे परे होता है, यह अधिकार भी पञ्चमाध्याय की समाप्तिपर्यन्त जानना चाहिये)।

च – III. i. 3

(जिसकी प्रत्ययसंज्ञा कही है, वह आद्युदात्त) भी (होता है)।

च – III. i. 6

(मान्, वध, दान् और शान् धातुओं से सन् प्रत्यय होता है) तथा (अभ्यास के विकार को अर्थात् सन्यतः VII. iv. 79 से इत्त्व करने के पश्चात् दीर्घ आदेश हो जाता है)।

च – III. i. 9

(आत्मसम्बन्धी सुबन्त कर्म से इच्छा अर्थ में विकल्प से काम्यच् प्रत्यय) भी (होता है)।

च – III. i. 11

उपमानवाची (सुबन्त कर्त्ता से आचार अर्थ में क्यङ् प्रत्यय विकल्प से होता है, तथा सकारान्त शब्दों के सकार का लोप) भी (विकल्प से होता है)।

च – III. i. 12

(अच्प्रत्ययान्त भृशादि शब्दों से भू धातु के अर्थ में क्यङ् प्रत्यय होता है, और उन भृशादि में विद्यमान हलन्त शब्दों के हल् का लोप) भी (होता है)।

भृश = अधिक।

च – III. i. 26

(हेतुमान् के अभिधेय होने पर) भी (धातु से णिच् प्रत्यय होता है)।

च – III. i. 36

(इजादि तथ गुरुमान् धातु से आम् प्रत्यय होता है, लौकिक विषय में लिट् परे रहते, ऋच्छ् धातु को छोड़-कर)।

च – III. i. 37

(दय, अय तथा आस् धातुओं से) भी (अमन्त्रविषयक लिट् लकार परे रहते आम् प्रत्यय हो जाता है)।

च – III. i. 39

(भी, ह्री, भृ एवं हु धातुओं से अमन्त्रविषयक लिट् परे रहते विकल्प से आम् प्रत्यय होता है) और (इनको श्लुवत् कार्य भी हो जाता है)।

च – III. i. 40

(आम्प्रत्यय के पश्चात् कृञ् प्रत्याहार का) भी (अनुप्रयोग होता है, लिट् परे रहने पर)।

च – III. i. 53

(लिप, सिच तथा ह्वेञ् धातुओं से) भी (कर्तृवाची लुङ् परे रहने पर च्लि के स्थान में अङ् आदेश होता है)।

च – III. i. 56

(सृ, शासु तथा ऋ धातुओं से उत्तर) भी (च्लि के स्थान में अङ् आदेश होता है, कर्तृवाची लुङ् परस्मैपद परे रहते)।

च – III. i. 58

(जृष्, स्तम्भु, म्रुचु, म्लुचु, ग्रुचु, ग्लुचु, ग्लुञ्चु तथा श्वि धातुओं से उत्तर च्लि के स्थान में) भी (विकल्प से अङ् होता है, कर्तृवाची लुङ् परे रहने पर)।

च – III. i. 63

(दुह् धातु से उत्तर) भी (च्लि के स्थान में चिण् आदेश विकल्प से होता है, कर्मकर्त्ता में त के परे रहते)।

च – III. i. 65

(तप् धातु से उत्तर च्लि के स्थान में चिण् आदेश नहीं होता, कर्मकर्त्ता में) तथा (पश्चात्ताप अर्थ में त के परे रहने पर)।

च – III. i. 72

(सम् पूर्वक यस् धातु से) भी (कर्तृवाची सार्वधातुक परे रहते विकल्प से श्यन् प्रत्यय होता है)।

च — III. i. 74

(श्रु धातु से श्नु प्रत्यय होता है, कर्तृवाची सार्वधातुक परे रहने पर,साथ ही श्रु धातु को श्रृ आदेश) भी होता है।

च — III. i. 80

(धिवि, कृवि धातुओं से उ प्रत्यय) तथा (उनको अकार अन्तादेश (भी) हो जाता है, कर्तृवाची सार्वधातुक परे रहने पर)।

च — III. i. 82

(स्तम्भु, स्तुम्भु, स्कम्भु, स्कुम्भु तथा स्कुञ् धातुओं से श्नु) तथा (श्ना प्रत्यय होते हैं, कर्तृवाची सार्वधातुक परे रहने पर)।

च — III. i. 90

(कुष और रञ्ज् धातु को कर्मवद्भाव में श्यन् प्रत्यय) और (परस्मैपद होता है, प्राचीन आचार्यों के मत में)।

च — III. i. 99

(शक्लृ शक्तौ और षह मर्षणे धातुओं से) भी (यत् प्रत्यय होता है)।

च — III. i. 100

(गद, मद, चर, यम् — इन उपसर्गरहित धातुओं से) भी (यत् प्रत्यय होता है)।

च — III. i. 106

(उपसर्गरहित वद् धातु से सुबन्त उपपद रहते हुए क्यप् प्रत्यय होता है, तथा) चकार से (यत् भी होता है)।

च — III. i. 108

(अनुपसर्ग हन् धातु से सुबन्त उपपद रहते भाव में क्यप् होता है, तथा तकार अन्तादेश) भी (होता है)।

च — III. i. 110

(ऋकार उपधावाली धातुओं से) भी (क्यप् प्रत्यय होता है, क्लृपि और चृति धातुओं को छोड़कर)।

च — III. i. 111

(खन् धातु से क्यप् प्रत्यय होता है तथा अन्त्य अल् को ईकारादेश) भी (होता है)।

च — III. i. 119

(पद, अस्वैरी, बाह्या, पक्ष्य — अर्थों में) भी (ग्रह् धातु से क्यप् प्रत्यय होता है)।

च — III. i. 121

(वाहन अभिधेय हो तो युज् धातु से भी क्यप् प्रत्यय) तथा (जकार को कुत्व युग्य शब्द में निपातन किया जाता है)।

च — III. i. 126

(आङ्पूर्वक षु, यु, वप्, रप्, लप्, त्रप् और चम् — इन धातुओं से) भी (ण्यत् प्रत्यय होता है)।

च — III. i. 132

(अग्नि अभिधेय हो तो चित्य तथा अग्निचित्या शब्द) भी (निपातन किये जाते हैं)।

च — III. i. 136

(आकारान्त धातुओं से) भी (उपसर्ग उपपद रहते क प्रत्यय होता है)।

च — III. i. 138

(उपसर्गरहित लिम्प, विद, धारि, पारि, वेदि, उदेजि, चेति, साति, और साहि धातुओं से) भी (श प्रत्यय होता है)।

च — III. i. 141

(श्यैङ् आ, आकारान्त, व्यध, आङ् और सम्पूर्वक स्नु, अतिपूर्वक इण्, अवपूर्वक सा, अवपूर्वक हृ, लिह, श्लिष, श्वस् — धातुओं से) भी (ण प्रत्यय होता है)।

च — III. i. 147

(शिल्पी कर्त्ता वाच्य हो तो गा धातु से युट् प्रत्यय) भी (होता है)।

च — III. i. 148

(व्रीहि और काल अभिधेय हो, तो हा धातु से) ण्युट् प्रत्यय होता है)।

च — III. i. 150

(आशीर्वाद अर्थ गम्यमान होने पर) भी (धातुमात्र से वुन् प्रत्यय होता है)।

च — III. ii. 2

(ह्वेञ्, वेञ् माङ् — इन धातुओं से) भी (कर्म उपपद रहते अण् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 10

(आयु गम्यमान हो तो) भी (कर्म उपपद रहते हृञ् धातु से अच् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 17

(भिक्षा, सेना, आदाय शब्द उपपद रहते) भी (चर् धातु से ट प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 26

(फलेग्रहि) और (आत्मम्भरि शब्द इन् प्रत्ययान्त निपातन किये जाते है)।

च – III. ii. 30

(नाडी और मुष्टि कर्म उपपद रहते) भी (ध्मा तथा धेट् धातुओं से खश् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 34

(मित और नख कर्म उपपद हो तो) भी (पच् धातु से खश् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 37

(उग्रम्पश्य, इरम्मद तथा पाणिन्धम ये शब्द) भी (खश् प्रत्ययान्त निपात न किये जाते हैं)।

च – III. ii. 44

(क्षेम, प्रिय, मद्र — इन कर्मों के उपपद रहते कृञ् धातु से अण् प्रत्यय होता है) तथा चकार से खच् प्रत्यय भी होता है।

च – III. ii. 48

(संज्ञा गम्यमान होने पर कर्म उपपद रहते गम् धातु से) भी (खच् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 53

(मनुष्यभिन्न कर्त्ता अर्थ में वर्तमान हन् धातु से) भी (कर्म उपपद रहने पर टक् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 59

(ऋत्विक्, दधृक्, स्रक्, दिक्, उष्णिक्—ये पाँच शब्द क्विन् प्रत्ययान्त निपातन किये जाते हैं। अञ्चु, युज् तथा क्रुञ्च् धातुओं से) भी (क्विन् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 60

(त्यदादि शब्द उपपद रहते आलोचन = देखना से भिन्न अर्थ में वर्तमान दृश् धातु से कञ् और (क्विन् प्रत्यय होते है)।

च – III. ii. 64

(वह् धातु से) भी (वेदविषय में सुबन्त उपपद रहते ण्वि प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 69

(क्रव्य सुबन्त उपपद रहते) भी (अद् धातु से विट् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 70

(दुह् धातु से सुबन्त उपपद रहते कप् प्रत्यय होता है) तथा (अन्त्य हकार को घकारादेश होता है)।

च – III. ii. 74

(आकारान्त धातुओं से सुबन्त उपपद रहते मनिन्, क्वनिप्, वनिप्) तथा (विच् प्रत्यय होते हैं)।

च – III. ii. 76

(सोपपद हों चाहे निरुपपद, लोक तथा वेद में सब धातुओं से क्विप् प्रत्यय) भी (होता है)।

च – III. ii. 77

(सुबन्त उपपद रहते सोपसर्ग या निरुपसर्ग स्था धातु से क) तथा (क्विप् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 83

(आत्ममान अर्थात् अपने आप को मानना अर्थ में वर्तमान मन् धातु से खश् प्रत्यय होता है), चकार से णिनि भी होता है ।

च – III. ii. 96

(सह शब्द उपपद रहते) भी (युध् तथा कृञ् धातुओं से भूतकाल में क्वनिप् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 98

(उपसर्ग उपपद रहते) भी (संज्ञा विषय में जन् धातु से भूतकाल में ड प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 107

(वेद-विषय में लिट् के स्थान में क्वसु आदेश) भी (विकल्प से होता है)।

च – III. ii. 109

(क्वसु-प्रत्ययान्त उपेयिवान्, अनाश्वान्, अनूचान शब्द) भी (निपातन किये जाते हैं)।

च – III. ii. 116

(ह तथा शश्वत् शब्द उपपद हों तो धातु से अनद्यतन परोक्ष भूतकाल में लङ् प्रत्यय होता है), और चकार से लिट् भी होता है।

च – III. ii. 117

(समीपकालिक प्रष्टव्य अनद्यतन परोक्ष भूतकाल में वर्तमान धातु से) भी (लङ् तथा लिट् प्रत्यय होते हैं)।

च – III. ii. 119

(अपरोक्ष अनद्यतन भूतकाल में) भी (वर्तमान धातु से स्म उपपद रहते लट् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 122

(स्म-शब्द-रहित पुरा शब्द उपपद हो तो अनद्यतन भूतकाल में धातु से लुङ् प्रत्यय विकल्प से होता है), और चकार से लट् भी होता है।

च – III. ii. 125

(सम्बोधन विषय में) भी (धातु से लट् के स्थान में शतृ, शानच् आदेश होते हैं)।

च – III. ii. 138

(भू धातु से) भी (वेद-विषय में तच्छीलादि कर्ता हो तो वर्तमान काल में इष्णुच् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 139

(ग्ला, जि, स्था) तथा चकार से भू धातु से भी (वर्तमानकाल में क्स्नु प्रत्यय होता है, तच्छीलादि कर्ता हो तो)।

च – III. ii. 142

(सम्पूर्वक पृची, अनुपूर्वक रुधिर्, आङ्पूर्वक यम्, आङ्पूर्वक यसु, परिपूर्वक सृ, सम्पूर्वक सृज्, परिपूर्वक देवृ, सम्पूर्वक ज्वर्, परिपूर्वक क्षिप्, परिपूर्वक रट, परिपूर्वक वद, परिपूर्वक दह, परिपूर्वक मुह, दुष, द्विष, द्रुह, दुह, युज्, आङ्पूर्वक क्रीड्, विपूर्वक विचिर्, त्यज, रञ्ज, भज, अतिपूर्वक चर, अपपूर्वक चर, आङ्पूर्वक मुष, अभि आङ्पूर्वक हन् – इन धातुओं से) भी (तच्छीलादि कर्ता हो तो वर्तमानकाल में घिनुण् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 144

(अपपूर्वक तथा) चकार से विपूर्वक लष् धातु से भी (घिनुण् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 148

(सोपसर्ग दिव् तथा क्रुश् धातुओं से) भी (तच्छीलादि कर्ता हो तो वर्तमानकाल में वुञ् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 149

(अनुदात्तेत्, हलादि धातुओं से) भी (तच्छीलादि कर्ता हो, तो वर्तमानकाल में युच् प्रत्यय होता है)।

च III. ii. 151

(क्रोधार्थक और मण्डनार्थक धातुओं से) भी (तच्छीलादि कर्ता हो, तो वर्तमानकाल में युच् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 153

(षूद, दीपी, दीक्ष् – इन धातुओं से) भी (तच्छीलादि कर्ता हो, तो वर्तमानकाल में युच् प्रत्यय नहीं होता)।

च – III. ii. 157

(जि, दृङ्, क्षि, विपूर्वक श्रिञ्, इण्, वम, नञ्पूर्वक व्यथ, अभिपूर्वक अम, परिपूर्वक भू, प्रपूर्वक षू – इन धातुओं से) भी (तच्छीलादि कर्ता हो तो वर्तमानकाल में इनि प्रत्यय हो जाता है)।

च – III. ii. 164

(गत्वर शब्द) भी (क्वरप् प्रत्ययान्त निपातन किया जाता है)।

च – III. ii. 171

(आत् = आकारान्त, ऋ = ऋकारान्त तथा गम्, हन्, जन् धातुओं से तच्छीलादि कर्ता हों तो वेद-विषय में वर्तमानकाल में कि तथा किन् प्रत्यय होते हैं) और (उन कि, किन् प्रत्ययों को लिट् के समान कार्य होता है)।

च – III. ii. 176

(यङन्त 'या प्रापणे' धातु से) भी (तच्छीलादि कर्ता हो, तो वर्तमानकाल में वरच् प्रत्यय होता है)।

च – III. ii. 186

(पूञ् धातु से ऋषिवाची करण में) तथा (देवतावाची कर्ता में इत्र प्रत्यय होता है, वर्तमानकाल में)।

च – III. ii. 188

(मत्यर्थक, बुद्ध्यर्थक तथा पूजार्थक धातुओं से) भी (वर्तमानकाल में क्त प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 7

(चाहे जाते हुये अभीष्ट पदार्थ से सिद्धि गम्यमान हो तो) भी (भविष्यत् काल में धातु से विकल्प से लट् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 8

(लोडर्थ लक्षण में वर्तमान धातु से) भी (भविष्यत् काल में विकल्प से लट् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 9

(मुहूर्त्त से ऊपर भविष्यत्काल को कहना हो तो लोडर्थ-लक्षण में वर्तमान धातु से लिङ् प्रत्यय भी होता है, और लट्) भी।

च — III. iii. 11

(क्रियार्थ क्रिया उपपद हो तो भविष्यत्काल में धातु से भाववाचक प्रत्यय) भी (होते हैं)।

च — III. iii. 12

(क्रियार्थ क्रिया) तथा (कर्म उपपद रहते हुए धातु से भविष्यत् काल में अण् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 13

(धातु से केवल भविष्यत् काल में) तथा चकार से क्रियार्थ क्रिया उपपद रहने पर भी (भविष्यत् काल में लृट् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 19

(कर्तृभिन्न कारक में) भी (धातु से संज्ञाविषय में घञ् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 21

(इङ् धातु से) भी (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 34

(विपूर्वक स्तृञ् धातु से छन्द का नाम कहना हो तो) भी (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 40

(चोरी से भिन्न, हाथ से ग्रहण करना गम्यमान हो तो) चिञ् धातु से (कर्तृभिन्न कारक और भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 41

(निवास, जो चुना जाये, शरीर तथा राशि अर्थों में चिञ् धातु से घञ् प्रत्यय होता है) तथा (चिञ् के आदि चकार को ककारादेश हो जाता है, कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में)।

च — III. iii. 42

(ऊपर नीचे स्थित न होने वाला संघ वाच्य हो तो) भी (चिञ् धातु से घञ् प्रत्यय होता है, तथा आदि चकार को ककारादेश हो जाता है, कर्तृभिन्न कारक संज्ञा एवं भाव में)।

च — III. iii. 53

(घोड़े की लगाम वाच्य हो तो) भी (प्रपूर्वक ग्रह् धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है, पक्ष में अप् होता है)।

च — III. iii. 58

(ग्रह, वृ, दृ तथा निर् पूर्वक चि एवं गम् धातुओं से) भी (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में अप् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 60

(निपूर्वक अद् धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में ण प्रत्यय भी होता है, अप्) भी।

च — III. iii. 63

(सम्, उप, नि, वि उपसर्ग पूर्वक तथा निरुपसर्ग) भी (यम् धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में विकल्प से अप् प्रत्यय होता है), पक्ष में घञ्।

च — III. iii. 65

(नि-पूर्वक, अनुपसर्ग तथा वीणा विषय होने पर) भी (क्वण् धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में विकल्प से अप् प्रत्यय होता है, पक्ष में घञ्)।

च — III. iii. 72

(नि, अभि, उप तथा वि पूर्वक ह्वेञ् धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में अप् प्रत्यय होता है, तथा ह्वेञ् को सम्प्रसारण) भी (होता है)।

च — III. iii. 76

(हन् धातु से भाव में अप् प्रत्यय होता है, तथा प्रत्यय के) साथ ही (हन् को वध आदेश भी हो जाता है)।

च — III. iii. 79

(गृह का एकदेश वाच्य हो तो प्रघण और प्रघाण शब्द में प्र-पूर्वक हन् धातु से अप् प्रत्यय) और (हन को घन आदेश कर्तृभिन्न कारक में निपातन किये जाते हैं)।

च — III. iii. 83

(स्तम्ब शब्द उपपद रहते करण कारक में हन् धातु से क तथा अप् प्रत्यय) भी (होता है, और अप् प्रत्यय परे रहने पर हन को घन आदेश भी हो जाता है)।

च — III. iii. 93

(कर्म उपपद रहने पर अधिकरण कारक में) भी (घु-संज्ञक धातुओं से कि प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 97

(ऊति, यूति, जूति, साति, हेति और कीर्ति शब्द) भी (अन्तोदात्त निपातन से सिद्ध होते हैं)।

च — III. iii. 100

(कृञ् धातु से स्त्रीलिङ्ग कर्तृभिन्न संज्ञा तथा भाव में श प्रत्यय होता है, तथा) चकार से क्यप् भी होता है।

च — III. iii. 103

(हलन्त, जो गुरुमान् धातु, उनसे) भी (स्त्रीलिङ्ग कर्तृ-भिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में अ प्रत्यय हो जाता है)।

च — III. iii. 105

(चिन्त, पूज, कथ, कुम्ब तथा चर्च् धातुओं से) भी (स्त्रीलिङ्ग कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में अङ् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 106

(उपसर्ग उपपद रहते आकारान्त धातुओं से) भी (स्त्रीलिङ्ग कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में अङ् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 110

(उत्तर तथा परिप्रश्न गम्यमान होने पर धातु से स्त्रीलिङ्ग कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में विकल्प से इञ् प्रत्यय होता है, तथा) चकार से ण्वुल् भी होता है।

च — III. iii. 115

(नपुंसकलिङ्ग भाव में धातु से ल्युट् प्रत्यय) भी (होता है)।

च — III. iii. 116

(जिस कर्म के संस्पर्श से कर्ता के शरीर में सुख उत्पन्न हो, ऐसे कर्म के उपपद रहते) भी (धातु से ल्युट् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 117

(धातु से करण और अधिकरण कारक में) भी (ल्युट् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 119

(गोचर, सञ्चर, वह, व्रज, व्यज, आपण और निगम शब्द) भी (घ-प्रत्ययान्त पुंल्लिङ्ग करण या अधिकरण कारक में संज्ञा विषय में निपातन किये जाते हैं)।

च — III. iii. 121

(हलन्त धातुओं से) भी (संज्ञाविषय होने पर करण तथा अधिकरण कारक में प्रायः करके घञ् प्रत्यय होता है, पुंल्लिङ्ग में)।

च — III. iii. 122

(अध्याय, न्याय, उद्याव तथा संहार – ये घञन्त शब्द) भी (पुंल्लिङ्ग करण तथा अधिकरण कारक संज्ञा में निपातन किये जाते हैं)।

उद्याव = सबके एकत्र होने का स्थान।

च — III. iii. 125

(खन् धातु से पुंल्लिङ्ग करणाधिकरण कारक संज्ञा में घ प्रत्यय होता है, तथा) चकार से घञ् भी होता है।

च — III. iii. 127

(भू तथा कृञ् धातु से यथासङ्ख्य करके कर्ता एवं कर्म उपपद रहते चकार से दुःख अथवा सुख अर्थ में वर्तमान ईषद्, दुस् तथा सु उपपद हों तो) भी (खल् प्रत्यय होता है)।

च — III. iii. 132

(आशंसा गम्यमान होने पर धातु से भूतकाल के समान तथा वर्तमानकाल के समान) भी (विकल्प से प्रत्यय हो जाते हैं)।

च — III. iii. 137

(कालकृत मर्यादा में अवर भाग को कहना हो तो) भी (भविष्यत् काल में धातु से अनद्यतनवत् प्रत्ययविधि नहीं होती, यदि वह काल का मर्यादा-विभाग दिनरातसम्बन्धी न हो)।

च – III. iii. 140

(लिङ् का निमित्त हेतुहेतुमत् आदि हो तो क्रियातिपत्ति होने पर भूतकाल में) भी (धातु से लृङ् प्रत्यय होता है)।

च – III. iii. 143

(गर्हा गम्यमान हो तो कथम् शब्द उपपद रहते विकल्प से लिङ् प्रत्यय होता है), तथा चकार से लट् प्रत्यय भी होता है।

च – III. iii. 149

(गर्हा गम्यमान हो तो) भी (यच्च और यत्र उपपद रहते धातु से लिङ् प्रत्यय होता है)।

च – III. iii. 150

(आश्चर्य गम्यमान हो तो) भी (यच्च और यत्र उपपद रहने पर धातु से लिङ् प्रत्यय होता है)।

च – III. iii. 159

(समानकर्तृक इच्छार्थक धातुओं के उपपद रहते धातु से लिङ् प्रत्यय) भी (होता है)।

च – III. iii. 162

(विधि, निमन्त्रण, आमन्त्रण, सम्प्रश्न, प्रार्थना अर्थों में लोट् प्रत्यय) भी होता है।

च – III. iii. 163

(प्रेषण करना, कामचार पूर्वक आज्ञा देना, समय आ जाना – इन अर्थों में धातु से कृत्य संज्ञक प्रत्यय होते हैं, तथा) चकार से लोट् भी होता है।

च – III. iii. 164

(प्रैष, अतिसर्ग, तथा प्राप्तकाल अर्थ गम्यमान हों तो मुहूर्त से ऊपर के काल को कहने में धातु से लिङ् प्रत्यय होता है, तथा) चकार से यथाप्राप्त कृत्यसंज्ञक एवं लोट् प्रत्यय होते हैं।

च – III. iii. 166

(सत्कार गम्यमान हो तो) भी (स्म शब्द उपपद रहते धातु से लोट् प्रत्यय होता है)।

च – III. iii. 169

(योग्य कर्ता वाच्य हो या गम्यमान हो तो धातु से कृत्यसंज्ञक तथा तृच् प्रत्यय हो जाते हैं) तथा चकार से लिङ् भी होता है।

च – III. iii. 171

(आवश्यक और आधमर्ण्य विशिष्ट अर्थ हों तो धातु से कृत्यसंज्ञक प्रत्यय) भी (हो जाते हैं)।

च – III. iii. 172

(शक्यार्थ गम्यमान हो तो धातु से लिङ् प्रत्यय होता है, तथा) चकार से कृत्यसंज्ञक प्रत्यय भी होते हैं।

च – III. iii. 174

(आशीर्वाद विषय में धातु से क्तिच् और क्त प्रत्यय) भी (होते हैं, यदि समुदाय से संज्ञा प्रतीत हो)।

च – III. iii. 176

(माङ् शब्द के साथ स्म शब्द भी उपपद रहते धातु से लङ् तथा) चकार से लुङ् प्रत्यय होता है।

च – III. iv. 2

(क्रिया का पौनःपुन्य गम्यमान हो तो धातु से धात्वर्थ-सम्बन्ध होने पर सब कालों में लोट् प्रत्यय हो जाता है, और उस लोट् के स्थान में नित्य हि और स्व आदेश होते हैं), तथा (त, ध्वम् भावी लोट् के स्थान में विकल्प से हि, स्व आदेश होते हैं)।

च – III. iv. 8

(उपसंवाद तथा आशंका गम्यमान हो तो) भी (धातु से वेद-विषय में लेट् प्रत्यय होता है)।

च – III. iv. 11

(दृशे तथा विख्ये शब्द) भी (वेदविषय में तुमुन् के अर्थ में के प्रत्ययान्त निपातन किये जाते हैं)।

च – III. iv. 15

(कृत्यार्थ अभिधेय हो, तो वेद-विषय में अव-पूर्वक चक्षिङ् धातु से शेन् प्रत्ययान्त अवचक्षे शब्द) भी (निपातन किया जाता है)।

च – III. iv. 20

(जब पर का अवर के साथ या पूर्व का पर के साथ योग गम्यमान हो, तो) भी (धातु से क्त्वा प्रत्यय होता है)।

च – III. iv. 22

(पौनःपुन्य अर्थ में समानकर्तृक दो धातुओं में जो पूर्वकालिक धातु, उससे णमुल् प्रत्यय होता है), चकार से क्त्वा भी होता है।

च — III. iv. 32

(वर्षा का प्रमाण गम्यमान हो तो कर्म उपपद रहते ण्यन्त पूरी धातु से णमुल् प्रत्यय होता है), तथा (इस पूरी धातु के ऊकार का लोप विकल्प से होता है)।

च — III. iv. 45

(उपमानवाची कर्म) और कर्ता भी उपपद रहते (धातु-मात्र से णमुल् प्रत्यय होता है)।

च — III. iv. 48

(अनुप्रयुक्त धातु के साथ समान कर्मवाली हिंसार्थक धातुओं से) भी (तृतीयान्त उपपद रहते णमुल् प्रत्यय होता है)।

च — III. iv. 49

(तृतीयान्त तथा सप्तम्यन्त उपपद हो तो उपपूर्वक पीड, रुध तथा कर्ष् धातुओं से) भी (णमुल् प्रत्यय होता है)।

च — III. iv. 51

(आयाम = लम्बाई गम्यमान हो तो) भी (सप्तम्यन्त तथा तृतीयान्त उपपद रहते धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

च — III. iv. 53

(द्वितीयान्त उपपद रहते) भी (शीघ्रता गम्यमान हो तो धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

च — III. iv. 55

(चारों ओर से क्लेश को प्राप्त स्वाङ्गवाची द्वितीयान्त शब्द उपपद हो तो) भी (धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

च — III. iv. 69

(सकर्मक धातुओं से लकार कर्मकारक में होते हैं, चकार से कर्ता में भी होते हैं, और अकर्मक धातुओं से भाव में होते हैं, तथा) चकार से कर्ता में भी होते हैं।

च — III. iv. 69

(सकर्मक धातुओं से लकार कर्मकारक में होते हैं, चकार से कर्ता में भी होते हैं, और अकर्मक धातुओं से भाव में होते हैं, तथा) चकार से कर्ता में भी होते हैं।

च — III. iv. 71

(क्रिया के आरम्भ के आदि क्षण में विहित जो क्त प्रत्यय, वह कर्ता में होता है, तथा) चकार से भावकर्म में भी होता है।

च — III. iv. 72

(गत्यर्थक, अकर्मक, श्लिष, शीङ्, स्था, आस, वस, जन, रुह तथा जॄ धातुओं से विहित जो क्त प्रत्यय, वह कर्ता में होता है); चकार से भाव, कर्म में भी होता है।

च — III. iv. 76

(स्थित्यर्थक = अकर्मक, गत्यर्थक तथा प्रत्यवसानार्थक धातुओं से विहित जो क्त प्रत्यय, वह अधिकरण कारक में होता है, तथा) चकार से यथाप्राप्त कर्म, कर्ता में भी होता है।

च — III. iv. 87

(लोडादेश, जो सिप्, उसके स्थान में हि आदेश होता है, और वह अपित्) भी (होता है)।

च — III. iv. 92

(लोट्-सम्बन्धी उत्तमपुरुष को आट् का आगम हो जाता है, और वह उत्तम पुरुष पित्) भी (माना जाता है)।

च — III. iv. 97

(परस्मैपदविषय में लेट्-लकार-सम्बन्धी इकार का) भी (विकल्प से लोप हो जाता है)।

च — III. iv. 100

(ङित्-लकार-सम्बन्धी इकार का) भी (नित्य ही लोप हो जाता है)।

च — III. iv. 103

(परस्मैपद के लिङ् लकार को यासुट् का आगम होता है, और वह उदात्त तथा ङित् के समान) भी (होता है)।

च — III. iv. 109

(सिच् से उत्तर, अभ्यस्त-संज्ञक से उत्तर तथा विद् धातु से उत्तर) भी (झि को जुस् आदेश होता है)।

च — III. iv. 112

(द्विष् धातु से परे) भी (लङादेश झि के स्थान में जुस् आदेश होता है, शाकटायन आचार्य के ही मत में)।

च — III. iv. 115

(लिडादेश जो तिबादि, उनकी) भी (आर्धधातुक-संज्ञा होती है)।

च — IV. i. 6

(उगिदन्त प्रातिपदिक से) भी (स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 7

(वन्नन्त प्रातिपदिकों से स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय होता है तथा उस वन्नन्त प्रातिपदिक को रेफ अन्तादेश) भी (हो जाता है)।

च – IV. i. 16

(अनुपसर्जन यञन्त प्रातिपदिक से) भी (स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 19

(कौरव्य तथा माण्डूक अनुपसर्जन प्रातिपदिकों से) भी (स्त्रीलिङ्ग में ष्फ प्रत्यय होता है, और वह तद्धित-संज्ञक होता है)।

च – IV. i. 27

(संख्या आदि वाले दाम और हायन शब्दान्त बहुव्रीहि प्रातिपदिक से) भी (स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 30

(केवल, मामक आदि शब्दों से) भी (संज्ञा तथा छन्द विषय में स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 31

(रात्रि शब्द से) भी (स्त्रीलिङ्ग विवक्षित होने पर जस् विषय से अन्यत्र, संज्ञा तथा छन्द-विषय में ङीप् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 36

(अनुपसर्जन पूतक्रतु प्रातिपदिक से स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय होता है, तथा ऐकार अन्तादेश) भी हो जाता है।

च – IV. i. 41

(षित् प्रातिपदिकों तथा गौरादि प्रातिपदिकों से) भी (स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 45

(बहु आदि प्रातिपदिकों से) भी (स्त्रीलिङ्ग में विकल्प से ङीष् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 47

(वेद-विषय में अनुपसर्जन भू-शब्दान्त प्रातिपदिकों से) भी (स्त्रीलिङ्ग में नित्य ही ङीष् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 52

(बहुव्रीहि समास में) भी (जो क्तान्त अन्तोदात्त प्रातिपदिक, उनसे स्त्रीलिङ्ग में ङीष् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 54

(स्वाङ्गवाची जो उपसर्जन, असंयोग उपधावाले अदन्त प्रातिपदिक, उनसे) भी (स्त्रीलिङ्ग में विकल्प से ङीष् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 55

(नासिका, उदर इत्यादि जो स्वाङ्गवाची उपसर्जन, तदन्त प्रातिपदिकों से) भी (स्त्रीलिङ्ग में विकल्प से ङीष् प्रत्यय होता है, पक्ष में टाप् भी होता है)।

च – IV. i. 57

(सह, नञ्, विद्यमान – ये शब्द पूर्व में हों और स्वाङ्गवाची उपसर्जन अन्त में हो जिनके, उन प्रातिपदिकों से) भी (स्त्रीलिङ्ग में ङीष् प्रत्यय नहीं होता)।

च – IV. i. 59

(वेद-विषय में ङीष्-प्रत्ययान्त दीर्घजिह्वी शब्द) भी (निपातन होता है)।

च – IV. i. 64

(पाक, कर्ण, पर्ण, पुष्प, फल, मूल, वाल – शब्द उत्तरपद में हो तो) भी (जातिवाची प्रातिपदिक से स्त्रीलिङ्ग में ङीष् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 68

(पङ्गु शब्द से) भी (स्त्रीलिङ्ग में ऊङ् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 70

(संहित, शफ, लक्षण, वाम आदि वाले ऊरूत्तरपद प्रातिपदिकों से) भी (स्त्रीलिङ्ग में ऊङ् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 75

(अनुपसर्जन आवट्य शब्द से) भी (स्त्रीलिङ्ग में चाप् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 80

(गोत्र में वर्तमान क्रौड्यादि प्रातिपदिकों से) भी (स्त्रीलिङ्ग में ष्यङ् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 84

(अश्वपति आदि समर्थ प्रातिपदिकों से) भी (प्राग्दीव्यतीय अर्थों में अण् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 96

(बाहु आदि प्रातिपदिकों से) भी ('तस्यापत्यम्' अर्थ में इञ् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 97

(सुधातृ शब्द से 'तस्यापत्यम्' अर्थ में इञ् प्रत्यय होता है, तथा सुधातृ शब्द को अकङ् आदेश) भी (होता है)।

च – IV. i. 101

(गोत्र में विहित जो यञ् और इञ् प्रत्यय, तदन्त से) भी ('तस्यापत्यम्' अर्थ में फक् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 108

(वतण्ड शब्द से) भी (आङ्गिरस गोत्र को कहना हो तो यञ् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 114

(ऋषिवाची तथा अन्धक वृष्णि और कुरु वंश वाले समर्थ प्रातिपदिकों से) भी (अपत्य अर्थ में अण् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 116

(कन्या शब्द से अपत्य अर्थ में अण् प्रत्यय होता है, तथा अण् परे रहने पर कन्या शब्द को कनीन आदेश) भी (हो जाता है)।

च – IV. i. 119

(मण्डूक प्रातिपदिक से ढक् प्रत्यय होता है तथा विकल्प से अण्) भी (होता है)।

च – IV. i. 122

(इकारान्त अनिञन्त द्व्यच् प्रातिपदिकों से) भी (अपत्य में ढक् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 123

(शुभ्रादि प्रातिपदिकों से) भी (अपत्य अर्थ में ढक् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 125

(भ्रू प्रातिपदिक से अपत्य अर्थ में ढक् प्रत्यय होता है, तथा भ्रू को वुक् का आगम) भी (होता है)।

च – IV. i. 134

(पितृष्वसृ प्रातिपदिक को जो कुछ कहा है, वह मातृष्वसृ शब्द को) भी (होता है)।

च – IV. i. 136

(गृष्ट्यादि प्रातिपदिकों से) भी (अपत्य अर्थ में ढञ् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 144

(भ्रातृ शब्द से अपत्य अर्थ में व्यत्) तथा चकार से छ प्रत्यय होता है।

च – IV. i. 147

(गोत्र में वर्तमान जो स्त्री, तद्वाची प्रातिपदिक से कुत्सन गम्यमान होने पर अपत्य अर्थ में ण प्रत्यय होता है), और (ठक् भी होता है)।

च – IV. i. 149

(फिञन्त वृद्ध-संज्ञक सौवीर गोत्रापत्य प्रातिपदिक से कुत्सित युवापत्य के कहने में छ) तथा चकार से ठक् प्रत्यय (बहुल करके होता है)।

च – IV. i. 152

(सेना अन्त वाले प्रातिपदिकों से, लक्षण शब्द से तथा शिल्पीवाची प्रातिपदिकों से) भी (अपत्यार्थ में ण्य प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 155

(कौसल्य तथा कार्मार्य शब्दों से) भी (अपत्य अर्थ में फिञ् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 158

(गोत्रभिन्न वृद्ध-संज्ञक वाकिनादि प्रातिपदिकों से उदीच्य आचार्यों के मत में अपत्यार्थ में फिञ् प्रत्यय) तथा (कुक् का आगम होता है)।

च – IV. i. 161

(मनु शब्द से जाति को कहना हो तो अञ् तथा यत् प्रत्यय होते हैं, तथा मनु शब्द को षुक् आगम) भी (हो जाता है)।

च – IV. i. 164

(बड़े भाई के जीवित रहते पौत्रप्रभृति का जो अपत्य छोटा भाई, उसकी) भी (युवा संज्ञा हो जाती है)।

च – IV. i. 167

(जनपदवाची क्षत्रियाभिधायी साल्वेय तथा गान्धारि शब्दों से) भी (अपत्य अर्थ में अञ् प्रत्यय होता है)।

च – IV. i. 174

(क्षत्रियाभिधायी, जनपदवाची जो अवन्ति, कुन्ति तथा कुरु शब्द, उनसे) भी (उत्पन्न जो तद्राज-संज्ञक प्रत्यय, उनका स्त्रीलिङ्ग अभिधेय हो तो लुक् हो जाता है)।

च — IV. i. 175

(स्त्रीलिङ्ग अभिधेय हो, तो तद्राज-संज्ञक अकार प्रत्यय का) भी (लुक् हो जाता है)।

च — IV. ii. 27

(प्रथमासमर्थ देवतावाची अपोनप्तृ तथा अपांनप्तृ शब्दों से छ प्रत्यय) भी (होता है)।

च — IV. ii. 28

(प्रथमासमर्थ देवतावाची महेन्द्र प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में घ, अण्) तथा (छ प्रत्यय भी होते हैं)।

च — IV. ii. 31

(प्रथमासमर्थ देवतावाची द्यावापृथिवी, शुनासीर, मरुत्वत्, अग्नीषोम, वास्तोष्पति तथा गृहमेध प्रातिपदिकों से छ) तथा (यत् प्रत्ययं होता है)।

च — IV. ii. 39

(षष्ठीसमर्थ केदार शब्द से यञ्) तथा (चकार-से वुञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 40

(षष्ठीसमर्थ कवचिन् शब्द से समूह अर्थ में ठञ् प्रत्यय) भी (होता है)।

च — IV. ii. 44

(षष्ठीसमर्थ खण्डिकादि प्रादिपदिकों से) भी (समूहार्थ को कहने में अञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 50

(षष्ठीसमर्थ खल, गो, रथ प्रातिपदिकों से समूह अर्थ में यथासङ्ख्य इनि, त्र तथा कट्यच् प्रत्यय) भी (होते है)।

च — IV. ii. 64

(द्वितीयासमर्थ ककार उपधावाले सूत्रवाची प्रातिपदिकों से) भी ('तदधीते तद्वेद' अर्थ में उत्पन्न प्रत्यय का लुक् हो जाता है)।

च — IV. ii. 65

(प्रोक्तप्रत्ययान्त छन्द और ब्राह्मणवाची शब्द) भी (अध्येतृ, वेदितृ-प्रत्यय-विषयक होते हैं, अन्य प्रोक्तप्रत्ययान्त शब्दों का केवल प्रोक्त अर्थमात्र में ही प्रयोग होता है)।

च — IV. ii. 69

(षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिक से निकट होने के अर्थ में) भी (यथाविहित प्रत्यय होते हैं)।

च — IV. ii. 71

(जिस मतुप् के परे रहते बहुत अच् वाला अङ्ग हो, उस मत्वन्त प्रातिपदिक से) भी (अञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 73

(विपाट् नदी के किनारे पर जो कुएँ हैं, उनके अभिधेय होने पर) भी (अञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 74

(सङ्कलादि प्रातिपदिकों से) भी (चातुरर्थिक अञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 78

(ककार उपधा वाले प्रतिपदिक से) भी (चातुरर्थिक अण् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 81

(वरणादि प्रातिपदिकों से विहित जो चातुरर्थिक प्रत्यय, उसका) भी (लुप् होता है)।

च — IV. ii. 83

(शर्करा शब्द से चातुरर्थिक ठक् तथा छ प्रत्यय) भी (होते हैं)।

च — IV. ii. 85

(मधु आदि प्रातिपदिकों से) भी (चातुरर्थिक मतुप् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 90

(नडादि शब्दों को चातुरर्थिक छ प्रत्यय) तथा (कुक् का आगम होता है)।

च — IV. ii. 99

(रङ्कु शब्द से मनुष्य अभिधेय न हो तो अण्) और (ष्फक् प्रत्यय होते हैं)।

च — IV. ii. 108

(अन्तोदात्त बहुत अच् वाले उत्तर दिशा में होने वाले ग्रामवाची प्रातिपदिकों से) भी (अञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 111

(गोत्रप्रत्ययान्त इञन्त प्रातिपदिकों से) भी (अण् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 116

(वाहीक देश के जो ग्राम, तद्वाची वृद्ध-संज्ञक प्रातिपदिक से) भी (शैषिक ठञ् तथा ञिठ् प्रत्यय होते हैं)।

च — IV. ii. 121

(प्रस्थ, पुर, वह अन्त वाले जो देशवाची वृद्ध-संज्ञक प्रातिपदिक, उनसे) भी (शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 123

(जनपद तथा जनपद अवधि को कहने वाले वृद्ध-संज्ञक प्रातिपदिकों से) भी (शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 126

(देशविशेषवाची धूमादिगणपठित प्रातिपदिकों से) भी (शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 132

(देशविशेषवाची कच्छादि प्रातिपदिकों से) भी (शैषिक अण् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 135

(गो तथा यवागू अभिधेय हों तो) भी (देशवाची साल्व शब्द से शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 137

(गहादि प्रातिपदिकों से) भी (शैषिक छ प्रत्यय होता है)।

च — IV. ii. 139

(राजन् शब्द से शैषिक छ प्रत्यय होता है, तथा उसको क अन्तादेश) भी (होता है)।

च — IV. ii. 142

(पर्वत शब्द से) भी (शैषिक छ प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 1

(युष्मद् तथा अस्मद् शब्दों से खञ् तथा) चकार से छ प्रत्यय (विकल्प से होते हैं, पक्ष में औत्सर्गिक अण् होता है)।

च — IV. iii. 2

(उस अण्) तथा (खञ् प्रत्यय के परे रहते युष्मद्, अस्मद् के स्थान में क्रमशः युष्माक, अस्माक आदेश होते हैं)।

च — IV. iii. 5

(पर, अवर, अधम, उत्तम – ये शब्द पूर्व में है जिनके, ऐसे अर्ध शब्द से) भी (शैषिक यत् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 6

(दिशावाची पूर्वपद वाले अर्ध प्रातिपदिक से शैषिक ठञ्) और (यत् प्रत्यय होते हैं)।

च — IV. iii. 14

(निशा, प्रदोष कालविशेषवाची शब्दों से) भी (विकल्प से ठञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 15

(कालविशेषवाची श्वस् प्रातिपदिक से विकल्प से ठञ् प्रत्यय होता है, तथा उस प्रत्यय को तुट् का आगम) भी (होता है)।

च — IV. iii. 20

(कालवाची वसन्त प्रातिपदिक से) भी (वेदविषय में ठञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 21

(कालवाची हेमन्त शब्द से) भी (वेद-विषय में ठञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 22

(हेमन्त प्रातिपदिक से वैदिक तथा लौकिक प्रयोग में अण्) तथा (ठञ् प्रत्यय होते हैं, तथा उस अण् के परे रहते हेमन्त शब्द के तकार का लोप भी होता है)।

च — IV. iii. 23

(कालवाची सायं, चिरं, प्राह्णे, प्रगे तथा अव्यय प्रातिपदिकों से ट्यु तथा ट्युल् प्रत्यय होते हैं, और इन प्रत्ययों को तुट् आगम) भी (होता है)।

च — IV. iii. 29

(सप्तमीसमर्थ पथिन् प्रातिपदिक से 'जात' अर्थ में वुन् प्रत्यय होता है, तथा प्रत्यय के साथ-साथ पथिन् को पन्थ आदेश) भी (होता है)।

च — IV. iii. 31

(अमावास्या प्रातिपदिक से 'जात' अर्थ में अ प्रत्यय) भी (होता है)।

च — IV. iii. 33

(सिन्धु और अपकर शब्दों से यथाक्रम अण् और अञ् प्रत्यय) भी (होते हैं)।

च — IV. iii. 35

(स्थान शब्द अन्त वाले, गोशाल तथा खरशाल प्रातिपदिकों से) भी (जातार्थ में उत्पन्न प्रत्यय का लुक् होता है)।

च — IV. iii. 44

(सप्तमीसमर्थ कालवाची प्रातिपदिकों से 'बोया हुआ' अर्थ में) भी (यथाविहित प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 50

(सप्तमीसमर्थ कालवाची संवत्सर तथा आग्रहायणी प्रातिपदिकों से ठञ्) तथा (वुञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 55

(सप्तमीसमर्थ शरीर के अवयववाची प्रातिपदिकों से) भी ('भव' अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 57

(सप्तमीसमर्थ ग्रीवा प्रातिपदिक से भव अर्थ में अण्) और (ढञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 59

(सप्तमीसमर्थ अव्ययीभाव-संज्ञक प्रातिपदिक से) भी ('भव' अर्थ में ञ्य प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 63

(सप्तमीसमर्थ वर्ग अन्त वाले प्रातिपदिक से) भी ('भव' अर्थ में छ प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 66

(षष्ठीसमर्थ व्याख्यान किये जाने योग्य जो प्रातिपदिक, उनसे व्याख्यान अभिधेय होने पर यथाविहित प्रत्यय होता है), तथा (सप्तमीसमर्थ व्याख्यातव्यनामवाची शब्दों से 'भव' अर्थ में भी यथाविहित प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 68

(क्रतुवाची और यज्ञवाची व्याख्यातव्यनाम षष्ठी तथा सप्तमीसमर्थ प्रातिपदिकों से) भी ('व्याख्यान' और 'भव' अर्थों में ठञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 79

(पञ्चमीसमर्थ पितृ प्रातिपदिक से 'आगत' अर्थ में यत् प्रत्यय होता है) तथा (चकार से ठञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 82

(पञ्चमीसमर्थ हेतु तथा मनुष्यवाची प्रातिपदिकों से 'आगत' अर्थ में मयट् प्रत्यय) भी (होता है)।

च — IV. iii. 90

(प्रथमासमर्थ प्रातिपदिक से 'इसका अभिजन है' अर्थ में) भी (यथाविहित प्रत्यय होते हैं)।

च — IV. iii. 104

(तृतीयासमर्थ कलापी के अन्तेवासी तथा वैशम्पायन के अन्तेवासी-वाचक प्रातिपदिकों से) भी (प्रोक्तार्थ में णिनि प्रत्यय होता है, छन्दविषय में)

च — IV. iii. 113

(तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से 'एकदिक्' विषय में तसि प्रत्यय) भी (होता है)।

च — IV. iii. 114

(तृतीयासमर्थ उरस् शब्द से 'एकदिक्' अर्थ में यत् प्रत्यय) तथा (चकार से तसि प्रत्यय भी होता है)।

च — IV. iii. 122

(षष्ठीसमर्थ पत्र, अध्वर्यु तथा परिषद् प्रातिपदिकों से) भी ('इदम्' अर्थ में अञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 132

(षष्ठीसमर्थ प्राणिवाचि, ओषधिवाची तथा वृक्षवाची प्रातिपदिकों से अवयव) तथा विकार अर्थों में (यथाविहित प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 134

(षष्ठीसमर्थ ककार उपधा वाले प्रातिपदिक से) भी (विकार और अवयव अर्थों में अण् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 137

(षष्ठीसमर्थ अनुदात्तादि प्रातिपदिकों से) भी (विकार और अवयव अर्थों में अञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 142

(षष्ठीसमर्थ गो प्रातिपदिक से) भी (मल अभिधेय होने पर मयट् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 143

(षष्ठीसमर्थ पिष्ट प्रातिपदिक से) भी (विकार अर्थ में मयट् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 152

विकार और अवयव अर्थों में विहित जो ञित् प्रत्यय, तदन्त षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिकों से) भी (विकार और अवयव अर्थों में ही अञ् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 158

(षष्ठीसमर्थ द्रु प्रातिपदिक से) भी (विकार और अवयव अर्थों में यत् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iii. 163

(षष्ठीसमर्थ जम्बू प्रातिपदिक से फल अभिधेय होने पर विकारावयव अर्थों में विहित प्रत्यय का विकल्प से लुप्) भी (होता है)।

च — IV. iii. 164

(षष्ठीसमर्थ हरीतकी आदि प्रातिपदिकों से विकार अवयव अर्थों में विहित प्रत्यय का फल अभिधेय होने पर) भी (लुप् होता है)।

च — IV. iii. 165

(षष्ठीसमर्थ कंसीय, परशव्य प्रातिपदिकों से विकार अर्थ में यथासङ्ख्य करके यञ् और अञ् प्रत्यय होते हैं, तथा प्रत्यय के साथ-साथ कंसीय और परशव्य का लुक्) भी (होता है)।

च — IV. iv. 11

(तृतीयासमर्थ श्वगण प्रातिपदिक से ठञ्) तथा (ष्ठन् प्रत्यय होते हैं)।

च — IV. iv. 14

(तृतीयासमर्थ आयुध प्रातिपदिक से छ) तथा (ठन् प्रत्यय होते हैं)।

च — IV. iv. 17

(सप्तमीसमर्थ अग्र प्रातिपदिक से वेद-विषयक भवार्थ में घ और छ प्रत्यय) भी (होते हैं)।

च — IV. iv. 29

(द्वितीयासमर्थ परिमुख प्रातिपदिक से) भी ('वर्तते'-अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iv. 36

(द्वितीयासमर्थ परिपन्थ प्रातिपदिक से 'बैठता है') तथा ('मारता है'अर्थों में ठक् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iv. 38

(द्वितीयासमर्थ आक्रन्द प्रातिपदिक से 'दौड़ता है'– अर्थ में ठञ्) तथा (ठक् प्रत्यय होते हैं)।

च — IV. iv. 40

(द्वितीयासमर्थ प्रतिकण्ठ, अर्थ, ललाम प्रातिपदिकों से) भी (ग्रहण करता है– अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

च — IV. iv. 42

द्वितीयासमर्थ प्रतिपथ प्रातिपदिक से 'जाता है'– अर्थ में ठन्) तथा (ठक् प्रत्यय होते हैं)।

च — IV. iv. 58

(प्रहरण समानाधिकरणवाची प्रथमासमर्थ परश्वध प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में ठञ् प्रत्यय होता है,) चकार से ठक् भी।

च — IV. iv. 79

(इकार और उकार उपधा वाले प्रत्ययभिन्न समुदाय के विसर्जनीय को) भी (षकार आदेश होता है; कवर्ग, पवर्ग परे रहते)।

च – VIII. iii. 48

(कस्कादि-गणपठित शब्दों के विसर्जनीय को) भी (सकार अथवा षकार आदेश यथायोग से होता है; कवर्ग, पवर्ग परे रहते)।

च – VIII. iii. 52

(पा धातु के प्रयोग परे हों तो) भी (पञ्चमी के विसर्जनीय को बहुल करके सकार आदेश होता है, वेद-विषय में)।

च – VIII. iii. 60

(इण् तथा कवर्ग से उत्तर शासु, वस् तथा घस् के सकार को) भी (मूर्धन्य आदेश होता है)।

च – VIII. iii. 62

(अभ्यास के इण् से उत्तर ण्यन्त ञिष्विदा, ष्वद तथा षह धातुओं के सकार को सकारादेश होता है, षत्वभूत सन् के परे रहते) भी।

च – VIII. iii. 64

(सित से पहले-पहले स्था इत्यादियों में अभ्यास का व्यवधान होने पर भी मूर्धन्य आदेश होता है,) तथा (अभ्यास के सकार को भी मूर्धन्य होता है)।

च – VIII. iii. 68

(अव उपसर्ग से उत्तर) भी (स्तन्भु के सकार को आश्रयण तथा समीपता अर्थ में मूर्धन्य आदेश होता है)।

च – VIII. iii. 69

(वि उपसर्ग से उत्तर) तथा चकार से, अव उपसर्ग से उत्तर (भोजन अर्थ में स्वन धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश होता है, अड्व्यवाय एवं अभ्यास-व्यवाय में भी)।

च – VIII. iii. 74

(परि उपसर्ग से उत्तर) भी (स्कन्द् के सकार को विकल्प से मूर्धन्यादेश होता है)।

च – VIII. iii. 94

(छन्द का नाम कहना हो तो) भी (विष्टार शब्द में षत्व निपातन किया गया है)।

च – VIII. iii. 98

(सुषामादि शब्दों के सकार को) भी (मूर्धन्य आदेश होता है)।

च – VIII. iii. 109

(पृतना तथा ऋत शब्द से उत्तर) भी (सह् धातु के सकार को वेद-विषय में मूर्धन्य आदेश होता है)।

च – VIII. iii. 114

(प्रतिस्तब्ध, निस्तब्ध शब्दों में) भी (मूर्धन्याभाव निपातन है)।

च – VIII. iv. 11

(पूर्वपद में स्थित निमित्त से उत्तर प्रातिपदिक के अन्त में जो नकार तथा नुम् एवं विभक्ति में जो नकार उसको) भी (विकल्प से णकारादेश होता है) ।

च – VIII. iv. 13

(पूर्वपद में स्थित निमित्त से उत्तर कवर्गवान् शब्द उत्तरपद रहते) भी (प्रातिपदिकान्त, नुम् तथा विभक्ति के नकार को णकार आदेश होता है)।

च – VIII. iv. 17

(उपसर्ग में स्थित निमित्त से उत्तर नि के नकार को णकार आदेश होता है; गद, नद, पत, पद, घुसञ्ज्ञक, मा, षो, हन्, या, वा, द्रा, प्सा, वप, वह, शम्, चि एवं दिह् धातुओं के परे रहते) भी ।

च – VIII. iv. 24

(अन्तर् शब्द से उत्तर अयन शब्द के नकार को) भी (णकारादेश होता है, देश का अभिधान न हो तो)।

च – VIII. iv. 26

(धातु में स्थित निमित्त से उत्तर तथा उरु एवं षु शब्द से उत्तर नस् के नकार को) भी (वेद-विषय में णकार आदेश होता है) ।

च – VIII. iv. 30

(इच् उपधावाले हलादि धातु से विहित जो कृत् प्रत्यय, तत्स्थ जो अच् से उत्तर नकार, उसको) भी (उपसर्ग में स्थित निमित्त से उत्तर विकल्प से णकारादेश होता है)।

च – VIII. iv. 38

(क्षुभ्नादिगणपठित शब्दों के नकार को) भी (णकारादेश नहीं होता)।

च – VIII. iv. 46

(अच् से उत्तर यर् को विकल्प करके अच् परे न हो तो) भी (द्वित्व हो जाता है)।

च – VIII. iv. 53

(अभ्यास में वर्त्तमान झलों को चर् आदेश होता है, तथा चकार से जश्) भी (होता है) ।

च – VIII. iv. 54

(खर् परे रहते) भी (झलों को चर् आदेश होता है)।

चक्रीवत् –VIII. ii. 12

चक्रीवत् शब्द का निपातन किया जाता है ।

चक्षिङः – II. iv. 54

चक्षिङ् के स्थान में (ख्या आदेश होता है, आर्धधातुक के विषय में)।

...चक्षुस्... – V. iv. 51

देखें – अरुर्मनस्० V. iv. 51

चङ् – III. i. 48

ण्यन्त धातु, श्रि, द्रु, और स्रु धातुओं से उत्तर कर्तृवाची लुङ् परे रहते च्लि के स्थान में चङ् आदेश होता है)।

चङि — VI. i. 11

चङ् के परे रहते (धातु के अनभ्यास अवयव प्रथम एकाच् तथा अजादि के द्वितीय एकाच् को द्वित्व होता है)।

चङि — VI. i. 18

(णिजन्त स्वप् धातु को) चङ् प्रत्यय के परे रहते (सम्प्रसारण हो जाता है)।

चङि — VI. i. 212

चङन्त शब्द के (उपोत्तम को विकल्प करके उदात्त होता है)।

चङि — VII. iv. 1

चङ्परक (णि के परे रहते अङ्ग की उपधा को ह्रस्व होता है)।

चङि — VIII. iii. 116

(स्तम्भु, षिवु तथा षह् धातु के सकार को) चङ् परे रहते (मूर्धन्य आदेश नहीं होता)।

...चङोः — II. iv. 51

देखें — संश्चङोः II. iv. 51

...चङोः — VI. i. 31

देखें — संश्चङोः VI. i. 31

...चङ्क्रम्य... — III. ii. 150

देखें — जुचङ्क्रम्य... III. ii. 150

चङ्परे — VII. iv. 93

चङ्परक (णि) परे रहते (अङ्ग के अभ्यास को लघु धात्वक्षर परे रहते सन् के समान कार्य होता है, यदि अङ्ग के अक् का लोप न हुआ हो तो)।

चजोः — VII. iii. 52

चकार तथा जकार के स्थान में (कवर्ग आदेश होता है; घित् तथा ण्यत् प्रत्यय परे रहते)।

चटकायाः — IV. i. 128

चटका शब्द से (अपत्य अर्थ में ऐरक् प्रत्यय होता है)।

चटका = चिड़िया।

...चण्... — VIII. i. 30

देखें— यद्यदि० VIII. i. 30

... चणपौ... V. ii. 26

देखें — चुञ्चुप्चणपौ V. ii. 26

... चतसृ — VI. iv. 4

देखें — तिसृचतसृ VI. iv. 4

...चतसृ — VII. ii. 101

देखें — तिसृचतसृ VII. ii. 101

चतुर्... — VII. i. 98

देखें — चतुरनडुहोः VII. i. 98

...चतुर् — VIII. iii. 43

देखें — द्विस्त्रिश्चतुः VIII. iii. 43

चतुरः — VI. i. 161

चतुर् शब्द को (अन्तोदात्त होता है, शस् परे रहते)।

चतुरनडुहोः — VII. i. 98

चतुर् तथा अनडुह् अङ्गों को (सर्वनामस्थान विभक्ति परे रहते आम् आगम होता है, और वह उदात्त होता है)।

...चतुरश्र... — V. iv. 120

देखें — सुप्रातसुश्व० V. iv. 120

...चतुराम्— V. ii. 51

देखें — षट्कति० V. ii. 51

...चतुर्थ... — II. ii. 3

देखें — द्वितीयतृतीयचतुर्थ० II. ii. 3

चतुर्थी — II. i. 35

चतुर्थ्यन्त सुबन्त (तदर्थ, अर्थ, बलि, हित, सुख तथा रक्षित— इन समर्थ सुबन्तों के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होता है, और वह तत्पुरुष समास होता है)।

चतुर्थी — II. iii. 13

(अनभिहित सम्प्रदान कारक में) चतुर्थी विभक्ति होती है)।

चतुर्थी — II. iii. 73

(आशीर्वाद गम्यमान होने पर आयुष्य, मद्र, भद्र, कुशल, सुख अर्थ, हित— इन शब्दों के योग में शेष विवक्षित होने पर विकल्प से) चतुर्थी विभक्ति होती है, (चकार से पक्ष में षष्ठी भी होती है)।

चतुर्थी... — VI. ii. 43

चतुर्थी पूर्वपद को (चतुर्थ्यन्तार्थ के उत्तरपद रहते प्रकृतिस्वर होता है)।

...चतुर्थी... — VIII. i. 20
देखें — षष्ठीचतुर्थी० VIII. i. 20

चतुर्थ्यर्थे — I. iii. 55

(तृतीया विभक्ति से युक्त सम्-पूर्वक दाण् धातु से भी आत्मनेपद होता है, यदि वह तृतीया) चतुर्थी के अर्थ में हो तो)।

चतुर्थ्यर्थे — II. iii. 62

चतुर्थी के अर्थ में (बहुल करके षष्ठी विभक्ति होती है, वेद में)।

चतुर्थ्याः — VI. iii. 7

(जिस सञ्ज्ञा से वैयाकरण ही व्यवहार करते हैं, उसको कहने में पर शब्द से उत्तर भी) चतुर्थी विभक्ति का (अलुक् होता है)।

...चतुर्थ्यौ — II. iii. 13
देखें — द्वितीयाचतुर्थ्यौ II. iii. 13

...चतुर्थ्यः — V. iv. 18
देखें — द्वित्रिचतुर्थ्यः V. iv. 18

... चतुर्थ्यः — VI. i. 173
देखें — षट्त्रिचतुर्थ्यः VI. i. 173

... चतुर्थ्यः — VII. i. 56

चतुर्थ्यः — VII. ii. 59

(वृतु इत्यादि) चार धातुओं से उत्तर (सकारादि आर्धधातुक को परस्मैपद परे रहते इट् का आगम नहीं होता)।

चतुष्पाच्छकुनिषु — VI. i. 137

(अप उपसर्ग से उत्तर) चार पैर वाले बैल आदि तथा पक्षी मोर आदि में) जो 'कुरेदना' हो तो उस विषय में संहिता में ककार से पूर्व सुट् का आगम होता है)।

चतुष्पात्...— VI. i. 137
देखें — चतुष्पाच्छकुनिषु VI. i. 137

चतुष्पादः — II. i. 70

चतुष्पाद् = चार पैर वाले पशु आदि वाचक (सुबन्त) शब्द (समानाधिकरण गर्भिणी सुबन्त के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं और वह तत्पुरुष समास होता है)।

चतुष्पाद्भ्यः — IV. i. 135

चतुष्पाद् अभिधायी प्रातिपदिकों से (अपत्य अर्थ में ढञ् प्रत्यय होता है)।

...चत्त... — VII. ii. 34
देखें — ग्रसितस्कभित० VII. ii. 34

...चत्वारिंशत्... — V. i. 58
देखें — पंक्तिविंशति० V. i. 58

... चत्वारिंशतोः... V. i. 61
देखें — त्रिंशच्चत्वारिंशतोः V. i. 61

चत्वारिंशत्प्रभृतौ — VI. iii. 48

(सबको अर्थात् द्वि, अष्टन् तथा त्रि को जो कुछ भी कह आये हैं, वह) चत्वारिंशत् आदि सङ्ख्या उत्तरपद रहते (बहुव्रीहि समास तथा अशीति को छोड़कर विकल्प करके हो)।

चन... — VIII. i. 57
देखें — चनचिदिव० VIII. i. 57

चनचिदिवगोत्रादितद्धिताम्रेडितेषु — VIII. i. 57

चन, चित्, इव, गोत्रादिगण पठित शब्द, तद्धित प्रत्यय एवं आम्रेडित सञ्ज्ञक शब्दों के परे रहते (गतिसञ्ज्ञक से भिन्न किसी पद से उत्तर तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता)।

चन्द्रोत्तरपदे — VI. i. 146

(ह्रस्व से उत्तर) चन्द्र शब्द उत्तरपद हो तो (सुट् का आगम होता है, मन्त्रविषय में)।

...चमः — III. i. 126
देखें — आसुयुवपि० III. i. 126

...चमाम् — VII. iii. 75
देखें — ष्ठिवुक्लमुचमाम् VII. iii. 75

चर् — VIII. iv. 53

(अभ्यास में वर्तमान झलों को) चर् आदेश होता है, (तथा चकार से जश् भी होता है)।

...चर... - III. i. 24
देखें — लुपसदचर० III. i. 24

...चर... — III. i. 100
देखें — गदमदचर० III. i. 100

चर... — VII. iv. 87
देखें — चरफलोः VII. iv. 87

चरः — I. iii. 53

(उत् उपसर्ग से उत्तर सकर्मक) चर् धातु से (आत्मनेपद होता है)।

...चरः — III. ii. 136

देखें — अलंकृञ्० III. ii. 136

...चरः — III. ii. 184

देखें — अर्तिलूधू० III. ii. 184

...चरकात्— IV. iii. 107

देखें — कठचरकात् IV. iii. 107

...चरकाभ्याम् — V. i. 10

देखें — माणवचरकाभ्याम् V. i. 10

चरट् — V. iii. 53

(भूतपूर्व अर्थ में वर्त्तमान प्रातिपदिक से) चरट् प्रत्यय होता है)।

...चरणात् — IV. iii. 125

देखें — गोत्रचरणात् IV. iii. 125

...चरणात् V. i. 133

देखें — गोत्रचरणात् V. i. 133

चरणानाम् — II. iv. 3

(अनुवाद गम्यमान होने पर) चरणवाचियों का (द्वन्द्व एकवद् होता है)।

चरणे — VI. iii. 85

चरण गम्यमान हो तो (ब्रह्मचारी शब्द के उत्तरपद रहते समान शब्द को स आदेश हो जाता है)।

चरणेभ्यः — IV. ii. 45

(षष्ठीसमर्थ) चरणवाची प्रातिपदिकों से (समूह अर्थ में किये जाने वाले अर्थ में प्रत्यय होते हैं)।

चरति — IV. iv. 8

(तृतीयासमर्थ प्रातिपदिकों से) आचरण करता है, चलता है अर्थ में (ठक् प्रत्यय होता है)।

चरति — IV. iv. 41

(द्वितीयासमर्थ धर्म प्रातिपदिक से) 'आचरण करता है'- अर्थ में (ठक् प्रत्यय होता है)।

चरफलोः — VII. iv. 87

'चर गतौ' तथा 'ञिफला विशरणे' अङ्ग के (अभ्यास को भी यङ् तथा यङ्लुक् परे रहते नुक् आगम होता है)।

...चरम... — I. i. 32

देखें — प्रथमचरमतयाल्पार्धकतिपयनेमाः I. i. 32

...चरम...— II. i. 57

देखें — पूर्वापरप्रथम० II. i. 57

...चरि — III. iv. 16

देखें — स्थेण्कृञ्० III. iv. 16

चरेः — III. ii. 16

'चर्' धातु से (अधिकरण सुबन्त उपपद रहते 'ट' प्रत्यय होता है)।

...चरोः — III. i. 15

देखें — वर्तिचरोः III. i. 15

...चर्चः — III. iii. 105

देखें — चिन्तिपूजि० III. iii. 105

चर्म... — III. iv. 31

देखें — चर्मोदरयोः III. iv. 31

चर्मणः — V. i. 15

(चतुर्थीसमर्थ) चर्म के (विकृतिवाची) प्रातिपदिक से ('विकृति के लिए प्रकृति' अभिधेय होने पर 'हित' अर्थ में अञ् प्रत्यय होता है)।

चर्मण्वती— VIII. ii. 12

चर्मण्वती शब्द का निपातन किया जाता है।

चर्मोदरयोः — III. iv. 31

चर्म तथा उदर कर्म उपपद रहते (ण्यन्त पूर धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

...चर्विधिषु — I. i. 57

देखें — पदान्तद्विर्वचनवरे० I. i. 57

चलन... — III. ii. 148

देखें — चलनशब्दार्थात् III. ii. 148

चलनशब्दार्थात् — III. ii. 148

(अकर्मक) चलनार्थक और शब्दार्थक धातुओं से (तच्छीलादि कर्त्ता हो, तो वर्तमानकाल में युच् प्रत्यय होता है)।

...चलनार्थेभ्यः — I. iii. 87

देखें — निगरणचलनार्थेभ्यः I. iii. 87

चवायोगे — VIII. i. 59

च तथा वा के योग में (प्रथमोच्चरित दो तिङन्तों में प्रथम तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता)।

चवाहाहैवयुक्ते — VIII. i. 24
च, वा, ह, अह, एव– इनके योग में (षष्ठ्यन्त, चतुर्थ्यन्त, द्वितीयान्त युष्मद्, अस्मद् शब्दों को पूर्व सूत्रों से प्राप्त वाम्, नौ आदि आदेश नहीं होते)।

चाक्रवर्मणस्य — VI. i. 126
(प्लुत 'ई ३' अच् परे रहते) चाक्रवर्मण आचार्य के मत में (अप्लुत के समान हो जाता है)।

...चाटु... — III. ii. 23
देखें — **शब्दश्लोक० III. ii. 23**

चादयः — I. iv. 57
चादिगणपठित शब्द (निपातसंज्ञक होते हैं, यदि वे द्रव्यवाची न हों तो)।

चादिलोपे — VIII. i. 63
चादियों के लोप होने पर (प्रथम तिङन्त को विकल्प करके अनुदात्त नहीं होता)।

चादिषु— VIII. i. 58
चादियों के परे रहते (भी गतिभिन्न पद से उत्तर तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता)।

...चानराटेषु — VI. ii. 103
देखें — **ग्रामजनपदा० VI. ii. 103**

चानश् — III. ii. 129
(ताच्छील्य, वयोवचन, शक्ति अर्थों में द्योतित होने पर धातु से वर्त्तमान काल में) चानश् प्रत्यय होता है।

...चान्द्रायणम् — V. i. 72
देखें — **पारायणतुरायण० V. i. 72**

चाप् — IV. i. 74
(यङन्त प्रातिपदिकों से स्त्रीलिङ्ग में) चाप् प्रत्यय होता है।

चायः — VI. i. 21
चायृ धातु को (यङ् प्रत्यय के परे रहते की आदेश होता है)।

चायः — VI. i. 34
चायृ धातु को (वेदविषय में बहुल करके की आदेश हो जाता है)।

चार्थे — II. ii. 29
'च' के अर्थ समाहार और इतरेतर योग में (वर्त्तमान अनेक सुबन्त समास को प्राप्त होते हैं, और वह द्वन्द्व समास होता है)।

...चार्वादयः — VI. ii. 160
देखें — **कृत्योकेष्णुच्० VI. ii. 160**

चाहलोपे — VIII. i. 62
च तथा अह शब्द का लोप होने पर (प्रथम तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता, यदि 'एव' शब्द वाक्य में अवधारण अर्थ में प्रयुक्त किया गया हो तो)।

...चि — V. ii. 33
देखें — **इनच्पिटच्० V. ii. 33**

चि... — VI. i. 53
देखें — **चिस्फुरोः VI. i. 53**

...चिक... — V. ii. 33
देखें — **इनच्पिटच्० V. ii. 33**

चिकचि — V. ii. 33
('नासिका का झुकाव' अभिधेय हो तो नि उपसर्ग प्रातिपदिक से इनच् तथा पिटच् प्रत्यय होते हैं, सञ्ज्ञाविषय में तथा नि शब्द को यथासङ्ख्य करके प्रत्यय के साथ-साथ) चिक तथा चि आदेश भी हो जाते हैं।

चिकयामकः — III. i. 42
चिकयामकः शब्द (चिञ् धातु से णिच् प्रत्यय द्वित्व आम् और कुत्व करके) वेद में विकल्प से निपातित है। (साथ ही अभ्युत्सादयामकः, प्रजनयामकः, रमयामकः, पावयांक्रियात्, विदामक्रन् शब्द भी वेदविषय में विकल्प से निपातित किये जाते हैं)।

चिकित्स्यः — V. ii. 92
(क्षेत्रियच् शब्द का निपातन किया जाता है, दूसरे क्षेत्र = शरीर में) चिकित्सा किये जाने योग्य अर्थ में।

चिच्युषे — VI. i. 35
(वेदविषय में) चिच्युषे का निपातन किया जाता है।

चिण् — III. i. 60
(गत्यर्थक 'पद्' धातु से उत्तर कर्तृवाची लुङ् 'त' शब्द परे रहते च्लि के स्थान में) चिण् आदेश होता है)।

चिण् — III. i. 66
(च्लि के स्थान में धातुमात्र से उत्तर भाव अथवा कर्मवाची लुङ् का 'त' शब्द परे रहते) चिण् आदेश होता है।

चिण्... — VI. iv. 93
देखें — **चिण्णमुलोः VI. iv. 93**

चिण्... — VII. i. 69
देखें — चिण्णमुलोः VII i. 69
चिण्...— VII. iii. 33
देखें — चिण्कृतोः VII. iii. 33
...चिण्... — VII. iii. 85
देखें — अविचिण्० VII. iii. 85
चिणः — VI. iv. 104
चिण् से उत्तर (प्रत्यय का लुक् हो जाता है)।
चिणि — VI. iv. 33
(भञ्ज् अङ्ग के नकार का लोप भी विकल्प से होता है) चिण् प्रत्यय परे रहते।
...चिणौ — III. i. 89
देखें — यक्चिणौ III. i. 89
चिण्कृतोः — VII. iii. 33
(आकारान्त अङ्ग को) चिण् तथा (ञित्, णित्) कृत् प्रत्यय परे रहते (युक् आगम होता है)।
चिण्णमुलोः — VI. iv. 93
(मित् अङ्ग की उपधा को) चिण्परक तथा णमुल्परक (णि परे रहते विकल्प से दीर्घ होता है)।
चिण्णमुलोः — VII. i. 69
(लभ् अङ्ग को) चिण् तथा णमुल् प्रत्यय परे रहते (विकल्प से नुम् आगम होता है)।
चिण्वत् — VI. iv. 62
(भाव तथा कर्मविषयक स्य, सिच्, सीयुट् और तास् के परे रहते उपदेश में अजन्त धातुओं तथा हन्, ग्रह् एवं दृश् धातुओं को) चिण् के समान (विकल्प से कार्य होता है, तथा इट् आगम भी होता है)।
...चित्... — VI. ii. 19
देखें — भूवाक्० VI. ii. 19
...चित्... — VIII. i. 57
देखें — चनचिदिव० VIII. i. 57
चित् — VIII. ii. 101
चित् (यह निपात भी जब उपमा के अर्थ में प्रयुक्त हो तो वाक्य के टि को अनुदात्त प्लुत होता है)।
चित... — VI. iii. 64
देखें — चिततूलभारिषु VI. iii. 64
चितः — VI. i. 157
चकार इत् वाले समुदित शब्द को (अन्तोदात्त होता है)।
चिततूलभारिषु — VI. iii. 64
(इष्टका, इषीका, माला— इन शब्दों को) चित, तूल तथा भारिन् शब्दों के उत्तरपद रहते (यथासङ्ख्य करके ह्रस्व हो जाता है)।
...चिति... — III. iii. 41
देखें — निवासचिति० III. iii. 41
चितेः — VI. iii. 126
(कप् परे रहते) चिति शब्द को (दीर्घ हो जाता है, संहिता-विषय में)।
चित्तवति — V. i. 88
चित्तवान् = चेतन प्रत्ययार्थ के अभिधेय होने पर (द्वितीयासमर्थ वर्षशब्दान्त द्विगुसञ्ज्ञक प्रातिपदिकों से 'सत्कारपूर्वक व्यापार', 'खरीदा हुआ', ' हो चुका' तथा 'होने वाला'– इन अर्थों में उत्पन्न प्रत्यय का नित्य ही लुक् होता है)।
चित्तवत्कर्तृकात्— I. iii. 88
(अण्यन्तावस्था में अकर्मक तथा) चेतन कर्ता वाले धातु से (ण्यन्तावस्था में परस्मैपद होता है)।
चित्तविरागे — VI. iv. 91
चित्त के विकार अर्थ में (दोष् अङ्ग की उपधा को णि परे रहते विकल्प से ऊकारादेश होता है)।
चित्य... — III. i. 132
देखें — चित्याग्निचित्ये III. i. 132
चित्याग्निचित्ये — III. i. 132
(अग्नि अभिधेय है तो) चित्य तथा अग्निचित्या शब्द भी निपातन किये जाते हैं।
...चित्र... — III. ii. 21
देखें — दिवाविभा० III. ii. 21
...चित्रङः — III. i. 19
देखें — नमोवरिवश्चित्रङः III. i. 19
चित्रीकरणे— III. iii. 150
आश्चर्य गम्यमान हो तो (भी यच्च, यत्र उपपद रहते धातु से लिङ् प्रत्यय होता है)।
...चिद्... — VIII. i. 57
देखें — चनचिदिवगोत्रादि० VIII. i. 57

चिद्— VIII. ii. 101

चित् = (इति) यह निपात (भी जब उपमा के अर्थ में प्रयुक्त हो तो वाक्य के टि को अनुदात्त प्लुत होता है)।

चिदुत्तरम् —VIII. i. 48

जिससे उत्तर चित् है (तथा जिससे पूर्व कोई शब्द नहीं है, ऐसे किंवृत्त शब्द से युक्त तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता)।

...चिनोति... VIII. iv. 17

देखें — गदनद० VIII. iv. 17

चिन्ति... III. iii. 105

देखें — चिन्तिपूजि० III. iii. 105

चिन्तिपूजिकथिकुम्बिचर्चः — III. iii. 105

चिति, पूज्, कथ, कुम्ब तथा चर्च् धातुओं से (भी स्त्रीलिङ्ग कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में अङ् प्रत्यय होता है)।

चिर... — VI. ii. 6

देखें — चिरकृच्छ्रयोः VI. ii. 6

चिरकृच्छ्रयोः — VI. ii. 6

चिर तथा कृच्छ्र शब्द उत्तरपद रहते (तत्पुरुष समास में प्रतिबन्धिवाची पूर्वपद को प्रकृतिस्वर होता है)।

चिरम् — VI. ii. 127

(तत्पुरुष समास में उपमानवाची) चीर उत्तरपद शब्द को (आद्युदात्त होता है)।

...चिरम्... IV. iii. 23

देखें — सायंचिरंप्राह्णे० IV. iii. 23

चिस्फुरोः — VI. i. 53

चि तथा स्फुर् धातुओं के (एच् के स्थान में णिच् प्रत्यय के परे रहते विकल्प से आत्व हो जाता है)।

चिहणादीनाम् — VI. ii. 125

(नपुंसकलिङ्ग कन्थान्त तत्पुरुष समास में) चिहणादि-गणपठित शब्दों के (आदि को उदात्त होता है)।

चीरम् — VI. ii. 127

(तत्पुरुष समास में उपमानवाची) चीर उत्तरपद शब्द को (आद्युदात्त होता है)।

चीरम् = लम्बा, कम चौड़ा वस्त्र।

...चीवरात् — III. i. 20

देखें — पुच्छभाण्डचीवरात् III. i. 20

चु... — I. iii. 7

देखें — चुटू I. iii. 7

चु... — V. iv. 106

देखें — चुदषहान्तात् V. iv. 106

चुः — VII. iv. 62

(अभ्यास के कवर्ग तथा हकार को) चवर्ग आदेश होता है)।

....चुः — VIII. iv. 39

देखें — श्चुः VIII. iv. 39

चुञ्चुप्... — V. ii. 26

देखें — चुञ्चुप्चणपौ V. ii. 26

चुञ्चुप्चणपौ — V. ii. 26

(तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से 'ज्ञात' अर्थ में) चुञ्चुप् और चणप् प्रत्यय होते हैं।

चुटू — I. iii. 7

(उपदेश में प्रत्यय के आदि में वर्तमान) चवर्ग और टवर्ग (इत्सञ्ज्ञक होते हैं)।

चुदषहान्तात् — V. iv. 107

(समाहार द्वन्द्व में वर्त्तमान) चवर्गान्त, दकारान्त, षकारान्त तथा हकारान्त शब्दों से (समासान्त टच् प्रत्यय होता है)।

...चुना — VIII. iv. 39

देखें — श्चुना VIII. iv. 39

...चुरादिभ्यः — III. i. 25

देखें — सत्यापपाश० III. i. 25

...चूर्ण... — III. i. 25

देखें —सत्यापपाश० III. i. 25

...चूर्ण... — III. iv. 35

देखें — शुष्कचूर्णरूक्षेषु III. iv. 35

चूर्णात् — IV. iv. 23

(तृतीयासमर्थ) चूर्ण प्रातिपदिक से (मिला हुआ अर्थ में इनि प्रत्यय होता है)।

चूर्णादीनि — VI. ii. 134

(प्राणिभिन्न षष्ठ्यन्त शब्द से उत्तर तत्पुरुष समास में चूर्णादि उत्तरपद शब्दों को (आद्युदात्त होता है)।

...चृत... — VII. ii. 57

देखें — कृतचृत० VII. ii. 57

...चृतेः — III. i. 110
देखें —अक्लृपिचृतेः III. i. 110

चेः — III. ii. 71
'चिञ्' धातु से (अग्नि कर्म उपपद रहते 'क्विप्' प्रत्यय होता है,) भूतकाल में।

चेत् — I. ii. 65
(वृद्ध= गोत्र प्रत्ययान्त शब्द युवा प्रत्ययान्त के साथ शेष रह जाता है,) यदि (वृद्ध युव प्रत्ययनिमित्त ही भेद हो तो)।

चेत् — I. iii. 55
(तृतीया विभक्ति से युक्त सम्-पूर्वक दाण् धातु से भी आत्मनेपद होता है) यदि (वह तृतीया चतुर्थी के अर्थ में हो तो)।

चेत् — I. iii. 67
(अण्यन्तावस्था में जो कर्म, वही) यदि (ण्यन्तावस्था में कर्त्ता बन रहा हो, तो ण्यन्त धातु से आत्मनेपद होता है, आध्यान= अर्थात् उत्कण्ठापूर्वक स्मरण अर्थ को छोड़कर।

चेत् — III. iii. 154
(पर्याप्तिविशिष्ट सम्भावन अर्थ में वर्त्तमान धातु से लिङ् प्रत्यय होता है,) यदि (अलम् शब्द का अप्रयोग सिद्ध हो रहा हो)।

चेत् — III. iv. 27
(अन्यथा, एवं, कथं, इत्थम् शब्दों के उपपद रहते कृञ् धातु से णमुल् प्रत्यय होता है), यदि (कृञ् का अप्रयोग सिद्ध हो)।

चेत्— V. i. 114
(तृतीयासमर्थ प्रातिपदिकों से 'समान' अर्थ में वति प्रत्यय होता है), यदि (वह समानता क्रिया की हो तो)।

चेत् — V. iv. 10
(स्थान-शब्दान्त प्रातिपदिक से विकल्प से छ प्रत्यय होता है), यदि (समान स्थान वाले व्यक्ति द्वारा स्थानान्तपदप्रतिपा द्य तत्त्व अर्थवान् हो तो)।

चेत् — VI. i. 130
('सः' के सु का लोप होता है, अच् परे रहते) यदि (लोप होने पर पाद की पूर्त्ति रही हो तो)।

...चेत्... — VIII. i. 30
देखें — यद्यदि० VIII. i. 30

चेत् — VIII. i. 51
(गत्यर्थक धातुओं के लोट् लकार से युक्त लृडन्त तिङन्त को अनुदात्त नहीं होता), यदि (कारक सारा अन्य न हो तो)।

...चेतस्... — V. iv. 51
देखें — अरुर्मनस्० V. iv. 51

...चेति... — III .i. 138
देखें — लिम्पविन्द० III. i. 138

चेल... — VI. ii. 126
देखें — चेलखेट० VI. ii. 126

चेलखेटकटुककाण्डम् — VI. ii. 126
चेल, खेट, कटुक, काण्ड— इन उत्तरपद शब्दों को (निन्दा गम्यमान होने पर आद्युदात्त होता है)।

...चेलड्... — VI. iii. 42
देखें — घरूप० VI. iii. 42

चेले — III. iv. 33
चेलवाची= वस्त्रवाची कर्म उपपद हों तो (वर्षा का प्रमाण गम्यमान होने पर ण्यन्त क्नूय् धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

चेष्टायाम् — II. iii. 12
चेष्टा जिनकी क्रिया हो, ऐसे (गत्यर्थक धातुओं के मार्ग-रहित कर्म में द्वितीया और चतुर्थी विभक्ति होती है)।

...चेष्ट्योः ... — VII. iv. 96
देखें — वेष्टिचेष्ट्योः VII. iv. 96

...चैत्रीभ्यः... — IV. ii. 23
देखें — फाल्गुनीश्रवणा० IV. ii. 23

चोः — VIII. ii. 30
चवर्ग के स्थान में (कवर्ग आदेश होता है, झल् परे रहते या पदान्त में)।

चौ — VI. i. 216
चु परे रहते (पूर्व को अन्त उदात्त होता है)।

चौ — VI. iii. 137
चु परे रहते (पूर्व अण् को दीर्घ होता है)।

चौरे — V. i. 112

(प्रयोजन समानाधिक़रणवाची प्रथमासमर्थ एकागार प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में 'ऐकागारिकट्' शब्द का निपातन किया जाता है), चोर अभिधेय होने पर।

च्छ्... — VI. iv. 19

देखें — **च्छ्वो: VI. iv. 19**

च्छ्वो: — VI . iv. 19

च्छ् तथा व् के स्थान में (यथासङ्ख्य करके श् और ऊठ् आदेश होते हैं; अनुनासिक प्रत्यय, क्वि तथा झलादि कित् ङित् प्रत्ययों के परे रहते)।

च्फञ् — IV. i. 98

(गोत्रापत्य में षष्ठीसमर्थ कुञ्जादि प्रातिपदिकों से) च्फञ् प्रत्यय होता है।

...च्फञो: — V. iii. 113

देखें — **व्रातच्फञो: —V. iii. 113**

...च्यवतीनाम् — VII. iv. 81

देखें — **स्रवतिशृणोति० VII. iv. 81**

च्लि: — III. i. 43

(धातुमात्र से) च्लि प्रत्यय होता है,(लुङ् परे रहते)।

च्ले: — III. i. 44

च्लि के स्थान में (सिच् आदेश होता है)।

...च्वि... — I. iv. 60

देखें — **ऊर्यादिच्विडाच: I. iv. 60**

च्वि: — V. iv. 50

(कृ, भू तथा अस् धातु के योग में सम्-पूर्वक पद् धातु के कर्त्ता में वर्त्तमान प्रातिपदिक से) च्वि प्रत्यय होता है)।

च्वौ—VII. iv. 16

च्वि प्रत्यय परे रहते (भी अजन्त अङ्ग को दीर्घ होता है)।

च्वौ — VII. iv. 32

(अवर्णान्त अङ्ग को) च्वि परे रहते (ईकारादेश होता है)।

च्व्यर्थे — III. iv. 62

च्व्यर्थ में वर्तमान (नाधार्थ प्रत्ययान्त शब्द उपपद हों तो कृ, भू धातुओं से क्त्वा और णमुल् प्रत्यय होते हैं)।

च्व्यर्थेषु — III. ii. 56

च्व्यर्थ में वर्तमान (अच्व्यन्त 'कृ' धातु से करण कारक में 'ख्युन्' प्रत्यय होता है); आढ्य, सुभग, स्थूल, पलित, नग्न, अन्ध तथा प्रिय कर्म के उपपद रहते)।

...च्व्यो: — IV. iv. 152

देखें — **क्यच्व्यो: VI. iv. 152**

छ

...छ्... — VI. iv. 19

देखें — **च्छ्वो: VI. iv. 19**

छ — प्रत्याहारसूत्र XI

आचार्य पाणिनि द्वारा अपने ग्यारहवें प्रत्याहार सूत्र में पठित तृतीय वर्ण।

पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का बत्तीसवां वर्ण।

छ — IV. i. 149

(फिञन्त वृद्धसंज्ञक प्रातिपदिक सौवीर गोत्रापत्य से कुत्सित युवापत्य को कहने में) छ (तथा ठक्) प्रत्यय (बहुल करके) होता है।

छ — IV. ii. 27

(प्रथमासमर्थ देवतावाची अपोनप्तृ तथा अपांनप्तृ शब्दों से) छ प्रत्यय (भी) होता है।

छ — IV. ii. 31

(प्रथमासमर्थ देवतावाची द्यावापृथिवी, शुनासीर, मरुत्वत्, अग्नीषोम, वास्तोष्पति, गृहमेध प्रातिपदिकों से) छ (तथा यत्) प्रत्यय (होते हैं)।

छ — IV. iv. 14

(तृतीयासमर्थ आयुध प्रातिपदिक से) छ (तथा ठन्) प्रत्यय (होते हैं)।

छ — V. i. 39

(षष्ठीसमर्थ पुत्र प्रातिपदिक से 'कारण' अर्थ में) छ प्रत्यय (तथा यत् प्रत्यय होते हैं, यदि वह कारण संयोग अथवा उत्पात हो तो)।

छ — V. i. 68

(द्वितीयासमर्थ कडङ्कर और दक्षिणा प्रातिपदिकों से 'समर्थ है' अर्थ में) छ (और यत्) प्रत्यय (होते हैं)।

छ —V. i. 110
(प्रयोजन समानाधिकरणवाची प्रथमासमर्थ अनुप्रवचनादि प्रातिपदिकों से षष्ठ्यर्थ में) छ प्रत्यय होता है।

छ —V. i. 134
(षष्ठीसमर्थ ऋत्विग् विशेषवाची प्रातिपदिकों से भाव और कर्म अर्थों में) छ प्रत्यय होता है।

छ — V. ii. 17
(द्वितीयासमर्थ अभ्यमित्र प्रातिपदिक से 'पर्याप्त जाता है' अर्थ में) छ,(यत् और ख) प्रत्यय (होते हैं)।

छ — V. iv. 9
(जाति शब्द अन्त वाले प्रातिपदिक से द्रव्य गम्यमान हो तो स्वार्थ में) छ प्रत्यय होता है।

...छ... — VII. i. 2
देखें — **फढखछ० VII. i. 2**

...छ... — VIII. ii. 36
देखें — **व्रश्चभ्रस्ज० VIII. ii. 36**

छः — IV. i. 143
(स्वसृ प्रातिपदिक से अपत्यार्थ में) छ प्रत्यय होता है।

छः — IV. ii. 6
(तृतीयासमर्थ नक्षत्र के द्वन्द्ववाची शब्दों से 'युक्त काल' अर्थ में) छ प्रत्यय होता है।

छः — IV. ii. 89
(उत्करादि प्रातिपदिकों से चातुरर्थिक) छ प्रत्यय होता है।

छः — IV. ii. 113
(वृद्धसंज्ञक प्रातिपदिक से शैषिक) छ प्रत्यय होता है।

छः — IV. ii. 136
(गर्त्त शब्द उत्तरपदवाले देशवाची प्रातिपदिकों से शैषिक) छ प्रत्यय होता है।

छः — IV. iii. 62
(सप्तमीसमर्थ जिह्वामूल तथा अङ्गुलि प्रातिपदिकों से भव अर्थ में) छ प्रत्यय होता है।

छः — IV. iii. 88
(शिशुक्रन्द, यमसभ, द्वन्द्ववाची तथा इन्द्रजननादिगणपठित शब्दों से 'अधिकृत्य कृते ग्रन्थे' अर्थ में) छ प्रत्यय होता है।

छः — IV. iii. 91
(प्रथमासमर्थ पर्वतवाची प्रातिपदिकों से 'वह इनका अभिजन' अर्थ में) छ प्रत्यय होता है,(आयुधजीवियों को कहने के लिये)।

छः — IV. iii. 130
(षष्ठीसमर्थ रैवतिकादि प्रातिपदिकों से 'इदम्' अर्थ में) छ प्रत्यय होता है।

छः — V. i. 1
('तेन क्रीतम्' इस सूत्र से पहले पहले कहे गए अर्थों में) छ प्रत्यय अधिकृत होता है।

छः — V. i. 90
(द्वितीयासमर्थ वत्सर-शब्दान्त प्रातिपदिकों से 'सत्कारपूर्वक व्यापार', 'खरीदा हुआ', 'हो चुका' तथा 'होने वाला'— इन अर्थों में) छ प्रत्यय होता है,(वेदविषय में)।

छः — V. ii. 59
(प्रातिपदिक मात्र से मत्वर्थ में) छ प्रत्यय होता है,(सूक्त और साम वाच्य हो तो)।

छः — V. iii. 105
(कुशाग्र प्रातिपदिक से इवार्थ में) छ प्रत्यय होता है।

छः — V. iii. 116
(शस्त्रों से जीविका कमाने वाले पुरुषों के समूहवाची दामन्यादिगणपठित तथा त्रिगर्त्तषष्ठ प्रातिपदिक से स्वार्थ में) छ प्रत्यय होता है।

छः — VII. iii. 77
(इषु, गम्लृ तथा यम् अङ्गों को शित् प्रत्यय परे रहते) छकारादेश होता है।

छः — VIII. iv. 61
(झय् प्रत्याहार से उत्तर शकार के स्थान में अट् परे रहते विकल्प से) छकार आदेश होता है।

...छगलात्... — IV. i. 117
देखें — **विकर्णशुङ्ग० IV. i. 117**

छगलिनः — IV. iii. 109
(तृतीयासमर्थ) छगलिन् प्रातिपदिक से (वेदविषय में प्रोक्त अर्थ को कहने में ढिनुक् प्रत्यय होता है)।
छगलिन् = कलापि का शिष्य।

छण् — IV. i. 132

(पितृष्वसृ शब्द से अपत्य अर्थ में) छण् प्रत्यय होता है।

...छण्... — IV. ii. 79

देखें — **वुञ्छण्कठ० IV. ii. 79**

...छण्... — IV. iii. 94

देखें — **ढक्छण्ढ्ञ्यकः IV. iii. 94**

छण् — IV. iii. 102

(तित्तिरि, वरतन्तु, खण्डिका, उख प्रातिपदिकों से छन्दोविषयक प्रोक्त अर्थ में) छण् प्रत्यय होता है।

छत्रादिभ्यः — IV. iv. 62

(शील समानाधिकरणवाची प्रथमासमर्थ) छत्रादि प्रातिपदिकों से (षष्ठ्यर्थ में ण प्रत्यय होता है)।

छदिः ... — V. i. 13

देखें — **छदिरुपधिबलेः V. i. 13**

छदिरुपधिबलेः V. i. 13

(चतुर्थीसमर्थ विकृतिवाची) छदिस्, उपधि और बलि प्रातिपदिकों से ('उसकी विकृति के लिए प्रकृति' अभिधेय होने पर 'हित' अर्थ में ढञ् प्रत्यय होता है)।

छन्दः... — IV. ii. 65

देखें — **छन्दोब्राह्मणानि IV. ii. 65**

छन्दः — V. ii. 84

'वेद को (पढ़ता है' अर्थ में श्रोत्रियन् शब्द का निपातन किया जाता है)।

छन्दसि — I. ii. 36

वेद-विषय में (तीनों स्वरों को विकल्प से एकश्रुति हो जाती है)।

छन्दसि — I. ii. 61

वेदविषय में (पुनर्वसु नक्षत्र के द्वित्व अर्थ में विकल्प से एकत्व होता है)।

छन्दसि — I. iv. 9

वेदविषय में (षष्ठ्यन्त से युक्त पति शब्द विकल्प से घिसंज्ञक होता है)।

छन्दसि — I. iv. 20

वेदविषय में (अयस्मय आदि शब्द साधु समझे जायें)।

छन्दसि — I. iv. 80

वेदविषय में (गति-उपसर्गसंज्ञक शब्द धातु से पर तथा पूर्व में भी आते हैं)।

छन्दसि — II. iii. 3

वेद-विषय में (हु धातु के अनभिहित कर्म में तृतीया और द्वितीया विभक्ति होती है)।

छन्दसि — II. iii. 62

वेद में (चतुर्थी के अर्थ में षष्ठी विभक्ति बहुल करके होती है)।

छन्दसि —II. iv. 28

वेद में (हेमन्तशिशिर और अहोरात्र पूर्वपद के समान लिङ्गवाले होते हैं)।

छन्दसि — II. iv. 39

वेद में (बहुल करके अद् को घस्लृ आदेश होता है, घञ् और अच् प्रत्यय के परे रहते)।

छन्दसि — II. iv. 73

वेद में (शप् का लुक् बहुल करके होता है)।

छन्दसि — II. iv. 76

(जुहोत्यादि धातुओं से परे) वेद में (शप् के स्थान में बहुल करके श्लु होता है)।

छन्दसि — III. i. 42

(अभ्युत्सादयामकः, प्रजनयामकः, चिकयामकः, रमयामकः, पावयांक्रियात् तथा विदामक्रन् पद) वेदविषय में (विकल्प से निपातित होते हैं)।

छन्दसि — III. 1. 50

वेद-विषय में (गुप् धातु से परे च्लि के स्थान में विकल्प से चङ् आदेश होता है, कर्तृवाची लुङ् परे रहने पर)।

छन्दसि — III. i. 59

वेद-विषय में (कर्तृवाची लुङ् परे रहने पर कृ, मृ, दृ तथा रुह् धातुओं से उत्तर च्लि के स्थान में अङ् आदेश होता है)।

छन्दसि — III. i. 84

वेदविषय में (श्ना के स्थान में शायच् आदेश होता है, तथा शानच् भी होता है)।

छन्दसि — III. i. 123

वेदविषय में (निष्टर्क्य, देवहूय, प्रणीय, उन्नीय, उच्छिष्य, मर्य, स्तर्या, ध्वर्य, खन्य, खान्य, देवयज्या, आपृच्छ्य, प्रतिषीव्य, ब्रह्मवाद्य, भाव्य, स्ताव्य, उपचाय्यपृड — इन शब्दों का निपातन किया जाता है)।

छन्दसि— III. ii. 27
वेदविषय में (वन, षण, रक्ष, मथ धातुओं से कर्म उपपद रहते इन् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — III. ii. 63
वेद विषय में ('सह्' धातु से सुबन्त उपपद रहते 'ण्वि' प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — III. ii. 73
वेदविषय में (उप उपपद रहते 'यज्' धातु से 'णिच्' प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — III. ii. 88
वेदविषय में (कर्म उपपद रहते भूतकाल में हन् धातु से बहुल करके क्विप् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — III. ii. 105
वेद-विषय में (धातुमात्र से सामान्य भूतकाल में लिट् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — III. ii. 137
(ण्यन्त धातुओं से) वेदविषय में (तच्छीलादि कर्त्ता हो, तो वर्त्तमानकाल में इष्णुच् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — III. ii. 170
(क्य प्रत्ययान्त धातुओं से तच्छीलादि कर्त्ता हों तो वर्त्तमानकाल में) वेदविषय में (उ प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — III. iii. 129
वेदविषय में (गत्यर्थक धातुओं से कृच्छ्र, अकृच्छ्र अर्थों में ईषद्, दुर्, सु उपपद हों तो युच् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — III. iv. 6
वेदविषय में (धात्वर्थ- सम्बन्ध होने पर विकल्प से लुङ् लङ्, लिट् प्रत्यय होते हैं)।

छन्दसि — III. iv. 88
(पूर्वसूत्र से जो लोट् को हि विधान किया है, उसको) वेदविषय में (विकल्प से अपित् होता है)।

छन्दसि — III. iv. 117
वेदविषय में (दोनों सार्वधातुक, आर्धधातुक संज्ञायें होती हैं)।

छन्दसि — IV. i. 46
(बह्वादि अनुपसर्जन प्रातिपदिकों से) वेद-विषय में (नित्य ही स्त्रीलिङ्ग में ङीष् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — IV. i. 59
वेदविषय में (दीर्घजिह्वी शब्द भी ङीष्-प्रत्ययान्त निपातन किया जाता है)।

छन्दसि — IV. i. 71
(कद्रु और कमण्डलु शब्दों से) वेदविषय में (स्त्रीलिङ्ग में ऊङ् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — IV. iii. 19
(वर्षा प्रातिपदिक से) वेदविषय में (ठञ् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — IV. iii. 106
(तृतीयासमर्थ शौनकादि प्रातिपदिकों से प्रोक्त विषय में) छन्द अभिधेय होने पर (णिनि प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — IV. iii. 147
(षष्ठीसमर्थ दो अच् वाले प्रातिपदिक से) वेदविषय में (विकार अवयव अर्थ अभिधेय होने पर मयट् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — IV. iv. 106
(सप्तमीसमर्थ सभा शब्द से साधु अर्थ में) वैदिक प्रयोग विषय में (ढ प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — IV. iv. 110
(सप्तमीसमर्थ प्रातिपदिक से भव अर्थ में) वेद-विषय में (यत् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — V. i. 60
(परिमाण समानाधिकरण वाले प्रथमासमर्थ सप्त प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में अञ् प्रत्यय होता है) वेद विषय में, (वर्ग अभिधेय होने पर)।

छन्दसि — V. i. 66
(द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक मात्र से) वेदविषय में (भी 'समर्थ है' अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — V. i. 90
(द्वितीयासमर्थ वत्सरशब्दान्त प्रातिपदिकों से 'सत्कारपूर्वक व्यापार', 'खरीदा हुआ', 'हो चुका' तथा 'होने वाला' अर्थों में छ प्रत्यय होता है), वेदविषय में।

छन्दसि — V. i. 105
वेदविषय में (प्रथमासमर्थ ऋतु प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में घस् प्रत्यय होता है, यदि वह प्रथमासमर्थ ऋतु प्रातिपदिक प्राप्त समानाधिकरण वाला हो तो।

छन्दसि — V. i. 116

(धातु के अर्थ में वर्त्तमान उपसर्ग से स्वार्थ में वति प्रत्यय होता है), वेद-विषय में।

छन्दसि — V. ii. 50

(सङ्ख्या आदि में न हो जिसके, ऐसे षष्ठीसमर्थ सङ्ख्यावाची नकारान्त प्रातिपदिक से 'पूरण' अर्थ में विहित डट् प्रत्यय को थट् तथा मट् आगम होना है) वेदविषय में।

छन्दसि — V. ii. 89

वेद-विषय में (परिपन्थिन् और परिपरिन् शब्दों का निपातन किया जाता है, 'पर्यवस्थाता' = मार्ग का अवरोधक वाच्य हो तो)।

छन्दसि — V. ii. 122

(प्रातिपदिकों से) वैदिक प्रयोग-विषय में (बहुल करके 'मत्वर्थ' में विनि प्रत्यय होता है)।

छन्दसि — V. iii. 13

वेदविषय में (सप्तम्यन्त किम् शब्द से विकल्प से ह प्रत्यय भी होता है)।

छन्दसि — V. iii. 20

(उन सप्तम्यन्त इदम् तथा तत् प्रातिपदिकों से) वेदविषय में (यथासङ्ख्य करके दा और र्हिल् प्रत्यय होते हैं, तथा यथाप्राप्त दानीम् प्रत्यय भी होता है)।

छन्दसि — V. iii. 26

('हेतु' तथा 'प्रकारवचन' अर्थ में वर्त्तमान किम् प्रातिपदिक से था प्रत्यय होता है), वेदविषय में।

छन्दसि — V. iii. 59

वेदविषय में (तृन्, तृच् अन्तवाले प्रातिपदिकों से अजादि अर्थात् इष्ठन्, ईयसुन् प्रत्यय होते हैं।

छन्दसि — V. iii. 111

(प्रत्न, पूर्व, विश्व, इम – इन प्रातिपदिकों से इवार्थ में थाल् प्रत्यय होता है), वेद विषय में।

छन्दसि — V. iv. 12

(किम्, एकारान्त, तिङन्त तथा अव्ययों से विहित जो तरप्, तमप् प्रत्यय; तदन्त से) वेदविषय में (अमु तथा आमु प्रत्यय होते हैं, द्रव्य का प्रकर्ष न कहना हो तो)।

छन्दसि — V. iv. 41

('प्रशंसाविशिष्ट' अर्थ में वर्त्तमान वृक तथा ज्येष्ठ प्रातिपदिकों से यथासङ्ख्य करके तिल् तथा तातिल् प्रत्यय भी होते हैं); वेदविषय में।

छन्दसि — V. iv. 103

(नपुंसकलिङ्ग में वर्त्तमान अनन्त तथा असन्त तत्पुरुष से समासान्त टच् प्रत्यय होता है), वेदविषय में।

छन्दसि — V. iv. 123

वेदविषय में (बहुप्रजास् शब्द सिच्- प्रत्ययान्त निपातन किया जाता है, बहुव्रीहि समास में)।

छन्दसि — V. iv. 142

वेदविषय में (भी दन्त शब्द को समासान्त दतृ आदेश होता है, बहुव्रीहि समास में)।

छन्दसि — V. iv. 158

(बहुव्रीहि समास में ऋवर्णान्त शब्दों से) वेदविषय में (समासान्त कप् प्रत्यय नहीं होता है)।

छन्दसि — VI. i. 33

वेदविषय में (ह्वेञ् धातु को बहुल करके सम्प्रसारण हो जाता है)।

छन्दसि — VI. i. 51

('खिद् दैन्ये' धातु के एच् के स्थान में) वेदविषय में (विकल्प से आत्त्व हो जाता है)।

छन्दसि — VI. i. 59

वेदविषय में (शीर्षन् शब्द का निपातन किया जाता है)।

छन्दसि — V. i. 68

(शि का बहुल करके लोप हो जाता है), वेदविषय में।

छन्दसि — VI. i. 80

(भय्य तथा प्रवय्य शब्द भी निपातन किये जाते हैं) वेदविषय में।

छन्दसि — VI. i. 102

(दीर्घ से उत्तर जस् तथा इच् परे रहते) वेदविषय में (पूर्व पर के स्थान में पूर्वसवर्ण दीर्घ एकादेश विकल्प से होता है)।

छन्दसि — VI. i. 122

(आङ् को अच् परे रहते संहिता के विषय में) और वेद-विषय में (बहुल करके अनुनासिक आदेश होता है, तथा उस अनुनासिक को प्रकृतिभाव भी हो जाता है)।

छन्दसि — VI. i. 129

(स्यः शब्द के सु को) वेदविषय में (हल् परे रहते बहुल करके लोप हो जाता है)।

छन्दसि — VI. i. 164

(अञ्चु धातु से उत्तर) वेदविषय में (सर्वनामस्थानभिन्न विभक्ति उदात्त होती है)।

छन्दसि — VI. i. 172

वेदविषय में (ङ्यन्त शब्द से उत्तर बहुल करके नाम् विभक्ति उदात्त होती है)।

छन्दसि — VI. i. 203

(जुष्ट तथा अर्पित शब्दों को भी) वेदविषय में (विकल्प से आद्युदात्त होता है)।

छन्दसि — VI. ii. 119

(बहुव्रीहि समास में सु से उत्तर दो अच् वाले आद्युदात्त शब्द को) वेदविषय में (आद्युदात्त ही होता है)।

छन्दसि — VI. ii. 164

वेदविषय में (सख्या शब्द से परे स्तन शब्द को बहुव्रीहि समास में विकल्प से अन्तोदात्त होता है)।

छन्दसि — VI. ii. 199

वेदविषय में उत्तरपद (पर=सक्थ शब्द के आदि को बहुल करके अन्तोदात्त होता है)।

छन्दसि — VI. iii. 32

(पितरामातरा यह शब्द भी) वेदविषय में (निपातन किया जाता है)।

छन्दसि — VI. iii. 83

वेदविषय में (समान शब्द को स आदेश हो जाता है; मूर्धन्, प्रभृति, उदर्क उत्तरपद न हो तो)।

छन्दसि — VI. iii. 95

(माद तथा स्थ उत्तरपद रहते) वेदविषय में (सह शब्द को सध आदेश होता है)।

छन्दसि — VI. iii. 107

(पथिन् शब्द उत्तरपद रहते भी) वेदविषय में (कु को 'कव' तथा 'का' आदेश विकल्प करके होते हैं)।

छन्दसि — VI. iii. 125

वेदविषय में (भी अष्टन् शब्द को दीर्घ हो जाता है, उत्तरपद परे रहते)।

छन्दसि — VI. iv. 5

वेदविषय में (तिसृ, चतसृ अङ्ग को दोनों प्रकार से अर्थात् दीर्घ एवं अदीर्घ देखा जाता है)।

छन्दसि — VI. iv. 58

वेद-विषय में ('यु मिश्रणे' तथा 'प्लुङ् गतौ' धातु को दीर्घ होता है, ल्यप् परे रहते)।

छन्दसि — VI. iv. 73

वेद-विषय में (भी आट् आगम देखा जाता है)।

छन्दसि — VI. iv. 75

(लुङ्, लङ्, लृङ् परे रहने पर) वेद-विषय में (माङ् का योग होने पर अट् आट् आगम बहुल करके होते हैं; और माङ् का योग न होने पर भी नहीं होते)।

छन्दसि — VI. iv. 86

(भू तथा सुधी अङ्गों को) वेद-विषय में (दोनों प्रकार से देखा जाता है)।

छन्दसि — VI. iv. 98

(तन् तथा पत् अङ्ग की उपधा का लोप होता है;) वेद-विषय में (अजादि कित्, ङित् प्रत्यय परे रहते)।

छन्दसि — VI. iv. 102

(श्रु, श्रृणु, पृ, कृ तथा वृ से उत्तर) वेद-विषय में (हि को धि आदेश होता है)।

छन्दसि — VI. iv. 162

(ऋजु अङ्ग के ऋकार के स्थान में विकल्प से र आदेश होता है) वेद-विषय में; (इष्ठन्, इमनिच्, ईयसुन् परे रहते)।

छन्दसि — VI. iv. 175

(ऋत्व्य, वास्त्व्य, वास्त्व, माध्वी, हिरण्यय — ये शब्द-रूप निपातन किये जाते हैं) वेद-विषय में।

छन्दसि — VII. i. 8

वेद-विषय में (झादेश अत् को बहुल करके रुट् आगम होता है)।

छन्दसि — VII. i. 10

वेद-विषय में (अकारान्त अङ्ग से उत्तर बहुल करके भिस् को ऐस् आदेश होता है।

छन्दसि — VII. i. 27

(इतर शब्द से उत्तर सु तथा अम् के स्थान में) वेद-विषय में (अद्ड् आदेश नहीं होता)।

छन्दसि — VII. i. 38

(अनञ्पूर्व समास में क्त्वा के स्थान में क्त्वा तथा ल्यप् आदेश भी) वेद-विषय में (होता है)।

छन्दसि — VII. i. 56

(श्री तथा ग्रामणी अङ्ग के आम् को) वेद-विषय में (नुट् का आगम होता है)।

छन्दसि — VII. i. 76

(अस्थि, दधि, सक्थि अङ्गों को) वेद-विषय में (भी अनङ् देखा जाता है)।

छन्दसि — VII. i. 83

(दृक्, स्ववस्, स्वतवस् अङ्गों को) वेद-विषय में (सु परे रहते नुम् आगम होता है)।

छन्दसि — VII. i. 103

वेद- विषय में (ऋकारान्त धातु अङ्ग को बहुल करके इकारादेश होता है)।

छन्दसि — VII. ii. 31

('ह्रु कौटिल्ये' धातु को निष्ठा परे रहते) वेद- विषय में (हु आदेश होता है)।

छन्दसि — VII. iii. 97

(अस् तथा सिच् से उत्तर हलादि अपृक्त सार्वधातुक को बहुल करके) वेद-विषय में (ईट् आगम होता है)।

छन्दसि — VII. iv. 8

वेद-विषय में (चङ्परक णि परे रहते उपधा ऋवर्ण के स्थान में नित्य ही ऋकारादेश होता है)।

छन्दसि — VII. iv. 35

(पुत्र शब्द को छोड़कर अवर्णान्त अङ्ग को) वेद-विषय में (क्यच् परे रहते जो कुछ कहा है, वह नहीं होता)।

छन्दसि — VII. iv. 44

(ओहाक् अङ्ग को विकल्प से) वेद-विषय में (क्त्वा प्रत्यय परे रहते 'हि' आदेश होता है)।

छन्दसि — VII. iv. 64

(कृष् अङ्ग के अभ्यास को) वेद-विषय में (यङ् परे रहते चवर्गादेश नहीं होता)।

छन्दसि — VII. iv. 78

वेद-विषय में (अभ्यास को बहुल करके श्लु होने पर इकारादेश होता है)।

छन्दसि — VIII. i. 35

(हि से युक्त साकाङ्क्ष अनेक तिङन्त को भी तथा अपि ग्रहण से एक को भी कहीं कहीं अनुदात्त नहीं होता), वेदविषय में।

छन्दसि — VIII. i. 56

(यत्परक, हिपरक तथा तुपरक तिङ् को) वेद-विषय में (अनुदात्त नहीं होता)।

छन्दसि — VIII. i. 64

(वै तथा वाव — इनसे युक्त प्रथम तिङन्त को भी विकल्प से) वेद-विषय में (अनुदात्त नहीं होता)।

छन्दसि — VIII. ii. 15

(इवर्णान्त तथा रेफान्त शब्दों से उत्तर) वेद-विषय में (मतुप् को नकारादेश होता है)।

छन्दसि — VIII. ii. 61

(नसत्त, निषत्त, अनुत्त, प्रतूर्त्त, सूर्त्त, गूर्त्त — ये शब्द) वेद-विषय में (निपातन किये जाते हैं)।

छन्दसि — VIII. ii. 70

(अम्नस्, ऊधस्, अवस् — इन पदों को) वेद-विषय में (दोनों प्रकार से अर्थात् रु एवं रेफ दोनों ही होते हैं)।

छन्दसि — VIII. iii. 1

(मत्वन्त तथा वस्वन्त पद को संहिता में सम्बुद्धि परे रहते) वेद-विषय में (रु आदेश होता है)।

छन्दसि — VIII. iii. 49

(प्र तथा आम्रेडित को छोड़कर जो कवर्ग तथा पवर्ग परे हों तो) वेद-विषय में (विसर्जनीय को विकल्प से सकारादेश होता है)।

छन्दसि — VIII. iii. 105

(इण् तथा कवर्ग से उत्तर स्तुत तथा स्तोम के सकार को) वेद- विषय में (कई आचार्यों के मत में मूर्धन्य आदेश होता है)।

छन्दसि — VIII. iii. 119

(नि, वि तथा अभि उपसर्गों से उत्तर सकार को अट् का व्यवधान होने पर) वेद- विषय में (विकल्प से मूर्धन्य आदेश नहीं होता)।

छन्दसि — VIII. iv. 25

वेद-विषय में (ऋकारान्त अवगृह्यमाण पूर्वपद से उत्तर नकार को णकारादेश होता है)।

...छन्दसोः... — IV. i. 29

देखें — संज्ञाछन्दसोः IV. i. 29

...छन्दसोः... — VI. iii. 62

देखें — संज्ञाछन्दसोः VI. iii. 62

छन्दसः — IV. iv. 93

(तृतीयासमर्थ) छन्दस् प्रातिपदिक से ('बनाया हुआ' अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

छन्दसः — IV. ii. 54

(प्रथमासमर्थ) छन्दोवाची प्रातिपदिकों से (षष्ठ्यर्थ में यथाविहित- अण् प्रत्यय होता है, प्रगाथों के अभिधेय होने पर, यदि वह प्रथमासमर्थ छन्दस् आदि आरम्भ में हो)।

छन्दसः — IV. iii. 71

(षष्ठी-सप्तमीसमर्थ व्याख्यातव्यनाम) छन्दस् प्रातिपदिक से (भव और व्याख्यान अर्थों में यत् और यण् प्रत्यय होते हैं)।

छन्दोग... — IV. iii. 128

देखें — छन्दोगौक्थिक० IV. iii. 128

छन्दोगौक्थिकयाज्ञिकबह्वृचनटात् — IV. iii. 128

(षष्ठीसमर्थ) छन्दोग, औक्थिक, याज्ञिक, बह्वृच और नट प्रातिपदिकों से ('इदम्' अर्थ में ञ्य प्रत्यय होता है)।

औक्थिक = उक्थ मन्त्रों को बोलनेवाला ब्राह्मण।

छान्दोनाम्नि — III. iii. 34

(वि पूर्वक स्तॄञ् धातु से) छन्द का नाम (विष्टारपङ्क्ति आदि की कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव) में (घञ् प्रत्यय होता है)।

छन्दोनाम्नि — VIII. iii. 94

छन्द का नाम कहना हो तो (भी विष्टार शब्द में षत्व निपातन किया जाता है)।

छन्दोब्राह्मणानि— IV. ii. 65

(प्रोक्त-प्रत्ययान्त) छन्द और ब्राह्मणवाची शब्द (अध्येतृ, वेदितृ प्रत्ययविषयक होते हैं, अन्य प्रोक्त-प्रत्ययान्त शब्दों का केवल प्रोक्त अर्थ मात्र में भी प्रयोग होता है)।

...छन्न... — VII. ii. 27

देखें — दान्तशान्त० VII. ii. 27

छवि — VIII. iii. 7

(प्रशान् को छोड़कर नकारान्त पद को अम्परक) छव् प्रत्याहार परे रहते (रु होता है, संहिता में)।

...छसौ... — IV. ii. 114

देखें — ठक्छसौ IV. ii. 114

छस्य — VI. iv. 153

(बिल्वकादि शब्दों से उत्तर भसञ्ज्ञक) छ का (लुक् होता है)।

...छा... — II. iv. 78

देखें — घ्राधेट्शाच्छासः II. iv. 78

...छा... — VII. iii. 37

देखें — शाच्छासा० VII. iii. 37

छात्र्यादयः —VI. ii. 86

(शाला शब्द उत्तरपद रहते) छात्रि आदि शब्दों को (आद्युदात्त होता है)।

छादेः —VI. iv. 96

(जो दो उपसर्गों से युक्त नहीं है, ऐसे) छादि अङ्ग की (उपधा को घ प्रत्यय परे रहने पर ह्रस्व होता है)।

छाया — II. iv. 22

(नञ्कर्मधारयवर्जित) छायान्त (तत्पुरुष नपुंसकलिंग में होता है, बाहुल्य गम्यमान होने पर)।

...छाया... — II. iv. 25

देखें — सेनासुराच्छाया० II. iv. 25

...छाये — VI. ii. 14

देखें — मात्रोपज्ञोप० VI. ii. 14

...छिद... — III. ii. 61

देखें — सत्सू० III. ii. 61

...छिदेः... — III. ii. 162

देखें — विदिभिदिच्छिदेः III. ii. 162

...छिद्र... — VI. iii. 114

देखें — अविष्टाष्ट० VI. iii. 114

...छिन्न... — VI. iii. 114

देखें — अविष्टाष्ट० VI. iii. 114

...छुराम्... — VIII. ii. 79

देखें — भकुर्छुराम् VIII. ii. 79

...छृद... — VII. ii. 57
देखें — कृतचृत० VII. ii. 57
छे — VI. i. 71
छकार परे रहते (भी ह्रस्वान्त को तुक् का आगम होता है, संहिता के विषय में)।
...छेदात्... — V. i. 64
देखें — शीर्षच्छेदात् V. i. 64
छेदादिभ्यः — V. i. 63
(द्वितीयासमर्थ) छेदादि प्रातिपदिकों से ('नित्य ही समर्थ है' अर्थ में यथाविहित ठक् प्रत्यय होता है)।
...छेषु... — VI. iii. 98
देखें — आशीरास्था० VI. iii. 98
...छौ — IV. ii. 47
देखें— यच्छौ IV.l ii. 47
...छौ — IV. ii. 83
देखें — ठक्छौ IV. ii. 83
...छौ... — IV. iv. 117
देखें — घच्छौ IV. iv. 117

ज

ज — प्रत्याहारसूत्र X
भगवान् पाणिनि द्वारा अपने दशम प्रत्याहार सूत्र में पठित प्रथम वर्ण।
पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का पच्चीसवां वर्ण।
जः — VI. iv. 36
(हन् अङ्ग के स्थान में हि परे रहते) ज आदेश होता है।
जक्ष् — VI. i. 7
'जक्ष्' इस धातु की (तथा वह आरम्भ में है जिन छः धातुओं के, उनकी अभ्यस्त सञ्ज्ञा होती है)।
...जगती — IV. iv. 122
देखें — रेवतीजगतीहवि० IV. iv. 122
जगती = मानवजाति।
जगृभ्म — VII. ii. 64
'जगृभ्म' यह शब्द थल् परे रहते इडभावयुक्त निपातन किया जाता है, (वेदविषय में)।
जग्धिः — II. iv. 36
(अद् के स्थान में ल्यप् और तकारादि कित् आर्धधातुक परे रहते) जग्ध् (आदेश होता है)।
... जघन्य... — II. i. 57
देखें — पूर्वापरप्रथम० II. i. 57
जङ्गल — VII. iii. 25
देखें — जङ्गलधेनु० VII. iii. 25
जङ्गलधेनुवलजान्तस्य — VII. iii. 25
जङ्गल, धेनु तथा वलज अन्तवाले अङ्ग के (पूर्वपद के अचों में आदि अच् को वृद्धि होती है, तथा इन अङ्गों का उत्तरपद विकल्प से वृद्धिवाला होता है; ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते)।
वलज = धान्यराशि।
...जङ्घम् — VI. ii. 114
देखें — कण्ठपृष्ठ० VI. ii. 114
...जङ्घा... — III. ii. 21
देखें — दिवाविभा० III. ii. 21
...जङ्घा... — IV. i. 55
देखें — नासिकोदरौष्ठ० IV. i. 55
...जतुनोः — IV. iii. 135
देखें — त्रपुजतुनोः IV. iii. 135
...जन... — I. iii. 86
देखें — बुधयुधनशजनेङ्० I. iii. 86
...जन... — III. i. 61
देखें — दीपजन० III. i. 61
जन... — III. ii. 67
देखें — जनसन० III. ii. 67
...जन... — III. iv. 72
देखें — गत्यर्थाकर्मक० III. iv. 72
...जन... — IV. ii. 43
देखें — ग्रामजनबन्धु० IV. ii. 43
...जन... — IV. iv. 97
देखें—मतजनहलात् — IV. iv. 97
...जन... — VI. i. 186
देखें— भीह्रीभृ० VI. i. 186
जन... — VI. iv. 42
देखें— जनसनखनाम् VI. iv. 42

...जन... — VI. iv. 98
देखें — गमहन० VI. iv. 98
...जनः — III. ii. 171
देखें— आदृगम० III. ii. 171
जनपद... — IV. ii. 124
देखें— जनपदतदवध्योश्च IV. ii. 124
...जनपद... — VI. iii. 84
देखें— ज्योतिर्जनपद० VI. iii. 84
जनपदतदवध्योः — IV. ii. 123

जनपद तथा जनपद अवधि के कहने वाले (वृद्धसंज्ञक प्रातिपदिकों से भी शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

जनपदवत् — IV. iii. 100

(बहुवचन-विषय में वर्त्तमान जो जनपद के समान ही क्षत्रियवाची प्रातिपदिक, उनको) जनपद की भांति (ही सारे कार्य हो जाते हैं)।

जनपदशब्दात् — IV. i. 166

जनपद को कहने वाले (क्षत्रिय अभिधायक) प्रातिपदिक से (अपत्य अर्थ में अञ् प्रत्यय होता है)।

जनपदस्य — VII. iii. 12

(सु, सर्व तथा अर्द्ध शब्द से उत्तर) जनपदवाची उत्तरपद शब्द के (अचों में आदि अच् को तद्धित ञित् णित् तथा कित् प्रत्यय परे रहते वृद्धि होती है)।

...जनपदाख्यान... — VI. ii. 103
देखें — ग्रामजनपदा० VI. ii. 103
जनपदिनाम् — IV. iii. 100

(बहुवचन—विषय में वर्तमान जो जनपद के समान ही) क्षत्रियवाची प्रातिपदिक, उनको (जनपद की भांति ही सारे कार्य हो जाते हैं)।

जनपदेन — IV. iii. 100

(बहुवचन-विषय में वर्त्तमान जो) जनपद के समान (ही क्षत्रियवाची प्रातिपदिक, उनको जनपद की भांति ही सारे कार्य हो जाते हैं)।

जनपदे — IV. ii. 80

(ङ्यन्त, आबन्त प्रातिपदिक से देश-सामान्य में जो चातुरर्थिक प्रत्यय उसका) प्रान्तविशेष को कहना हो तो (लुप् हो जाता है)।

...जनपदैकदेशात् — IV. iii. 7
देखें — ग्रामजनपदैकदेशात् IV. iii. 7
जनसनखनक्रमगमः — III. ii. 67

जन, सन, खन, क्रम, गम् — इन धातुओं से (सुबन्त उपपद रहते वेदविषय में विट् प्रत्यय होता है)।

जनसनखनाम् — VI. iv. 42

जन, सन, खन् — इन अङ्गों को (आकारादेश हो जाता है, झलादि सन् तथा झलादि कित्, ङित् परे रहते)।

...जनिभ्यः — II. iv. 80
देखें — घसह्वरणश० II. iv. 80
जनि... — VII. iii. 35
देखें — जनिवध्योः VII. iii. 35
जनिकर्त्तुः — I. iv. 30

जन्यर्थ = जन्म का जो कर्त्ता = उत्पन्न होने वाला, उसकी (जो प्रकृति = उपादानकारण, उस कारक की अपादान संज्ञा होती है)।

जनिता — VI. iv. 53

(मन्त्र-विषय में) इडादि तृच् परे रहते 'जनिता' शब्द निपातित होता है।

...जनिभ्यः — II. iv. 80
देखें — घसह्वरणश० II. iv. 80
...जनिभ्यः — III. iv. 16
देखें — स्थेण्कृञ्० III. iv. 16
जनिवध्योः — VII. iii. 35

(जन तथा वध अङ्ग को भी चिण् तथा ञित्, णित् कृत् परे रहते जो कहा गया, वह नहीं होता)।

जनेः — III. ii. 97

'जन्' धातु से (सप्तम्यन्त उपपद रहते 'ड' प्रत्यय होता है), भूतकाल में।

...जनोः — VII. ii. 78
देखें— ईडजनोः VII. ii. 78
...जनोः — VII. iii. 79
देखें — ज्ञाजनोः VII. iii. 79
...जन्य... — III. iv. 68
देखें— भव्यगेय० III. iv. 68

जन्याः — IV. iv. 82

(द्वितीयासमर्थ) जनी (वधू) प्रातिपदिक से (संज्ञा गम्यमान होने पर 'ढोता है' अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

...जप... — III. i. 24

देखें — **लुपसदचर०** III. i. 24

...जप... — III. ii. 166

देखें—**यजजपदशाम्** III. ii. 166

जप... — VII. iv. 86

देखें — **जपजभ०** VII. iv. 86

जपजभदहदशभञ्जपशाम् — VII. iv. 86

जप, जभी, दह, दश, भञ्ज पश—इन अङ्गों के (अभ्यास को भी नुक् आगम होता है)।

...जपोः — III. ii. 13

देखें — **रमिजपोः** III. ii. 13

...जपोः — III. iii. 61

देखें — **व्यधजपोः** III. iii. 61

...जभ... — III. i. 24

देखें— **लुपसदचर०** III. i. 24

...जभ... — VII. iv. 86

देखें— **जपजभ०** VII. iv. 86

... जभोः — VII. i. 61

देखें— **रधिजभोः** VII. i. 61

जम्ब्वाः — IV. iii. 162

(षष्ठीसमर्थ) जम्बू प्रातिपदिक से (विकार अर्थ में फल अभिधेय हो तो विकल्प से अण् प्रत्यय होता है)।

जम्भा — V. iv. 125

(बहुव्रीहि समास में सु, हरित, तृण तथा सोम शब्दों से उत्तर) जम्भा शब्द अनिच्प्रत्ययान्त निपातन किया जाता है।

जम्भा = जबड़ा।

जयः — VI. i. 196

(करणवाची) जय शब्द (आद्युदात्त होता है)।

जयति — IV. iv. 2

(तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से 'खेलता है', 'खोदता है'), 'जीतता है', (जीता हुआ- अर्थों में ठक् प्रत्यय होता है)।

...जय्यौ — VI. i. 78

देखें — **क्षय्यजय्यौ** VI. i. 78

जर... — VI. ii. 116

देखें — **जरमरमित्र०** VI. ii. 116

...जरत् — II. i. 48

देखें— **पूर्वकालैकसर्वजरत्०** II. i. 48

...जरतीभिः — II. i. 66

देखें— **खलतिपलितवलिन०** II. i. 66

जरमरमित्रमृताः — VI. ii. 116

(नञ् से उत्तर) जर, मर, मित्र, मृत — इन उत्तरपद शब्दों को (बहुव्रीहि समास में आद्युदात्त होता है)।

जरस् — VII. ii. 101

(जरा शब्द को अजादि विभक्तियों के परे रहते विकल्प से) जरस् आदेश होता है।

जरायाः — VII. ii. 101

जरा शब्द को (अजादि विभक्तियों के परे रहते विकल्प से जरस् आदेश होता है)।

जल्प... — III. ii. 155

देखें — **जल्पभिक्ष०** III. ii. 155

जल्पभिक्षकुट्टलुण्टवृङः — III. ii. 155

जल्प, भिक्ष, कुट्ट, लुण्ट, वृङ् — इन धातुओं से (तच्छीलादि कर्त्ता हो तो वर्त्तमानकाल में षाकन् प्रत्यय होता है)।

...जल्प... — IV. iv. 97

देखें — **करणजल्पकर्षेषु** IV. iv. 97

जवे — VI. iv. 28

वेग अभिधेय होने पर (घञ् परे रहते 'स्यद' शब्द निपातन किया जाता है)।

...जश्... — I. i. 57

देखें — **पदान्तद्विर्वचनवरे०** I. i. 57

जश्... — VII. i. 20

देखें — **जश्शसोः** VII. i. 20

जश् — VIII. iv. 52

(झलों के स्थान में झश् परे रहते) जश् आदेश होता है।

जशः — VIII. ii. 39

(पद के अन्त में वर्त्तमान झलों को) जश् आदेश होता हैं।

जशशसोः — VII. i. 20

(नपुंसकलिङ्ग में वर्तमान अङ्ग से उत्तर) जश् और शस् के स्थान में (शि आदेश होता है)।

...जस्... — IV. i. 2

देखें — **स्वौजसमौट्० IV. i. 2**

जसः — VI. i. 160

(तिसृ शब्द से उत्तर) जस् को (अन्तोदात्त होता है)।

जसः — VII. i. 17

(अकारान्त सर्वनाम अङ्ग से उत्तर) जस् के स्थान में (शी आदेश होता है)।

जसि — I. i. 31

(द्वन्द्व समास में सर्वादियों की सर्वनामसंज्ञा) जस् सम्बन्धी कार्य में (विकल्प से नहीं होती)।

जसि — VI. i. 101

(दीर्घ वर्ण से उत्तर) जस् (तथा चकार से इच्) परे रहते (पूर्वसवर्ण दीर्घ एकादेश नहीं होता है)।

जसि — VII. ii. 93

जस् विभक्ति परे हो तो (युष्मद्, अस्मद् अङ्ग के मपर्यन्त अंश को क्रमशः यूय, वय आदेश होते हैं)।

जसि — VII. iii. 109

जस् परे रहते (भी ह्रस्वान्त अङ्ग को गुण होता है)।

जसेः — VII. i. 50

(वेद-विषय में अवर्णान्त अङ्ग से उत्तर) जस् को (असुक् आगम होता है)।

...जहातिसाम् — VI. iv. 66

देखें — **घुमास्था० VI. iv. 66**

जहातेः — VI. iv. 116

'ओहाक् त्यागे' अङ्ग को (भी इकारादेश विकल्प से होता है; हलादि कित्, ङित् सार्वधातुक परे रहते)।

जहातेः — VII. iv. 43

'ओहाक् त्यागे' अङ्ग को (भी क्त्वा प्रत्यय परे रहते हि आदेश होता है)।

जा — VII. iii. 79

(ज्ञा तथा जनी अङ्ग को शित् प्रत्यय परे रहते) जा आदेश होता है)।

...जागराम् — VI. i. 186

देखें... — **भीह्रीभृ० VI. i. 186**

जागुः — III. ii. 165.

जागृ धातु से (वर्त्तमान काल में ऊक प्रत्यय होता है, तच्छीलादि कर्त्ता हो तो)।

...जागृ... — VII. ii. 5

देखें — **ह्म्यन्तक्षण० VII. ii. 5**

जागृभ्यः — III. i. 38

देखें — **उषविदजागृभ्यः III. i. 38**

जाग्रः — VII. iii. 85

जागृ अङ्ग को (गुण होता है; वि, चिण्, णल् तथा ङ् इत् वाले प्रत्ययों को छोड़कर अन्य सार्वधातुक प्रत्ययों के परे रहते)।

जातः — IV. iii. 25

(सप्तमीसमर्थ प्रातिपदिकों से) 'उत्पन्न हुआ' अर्थ में (यथाविहित प्रत्यय होता है)।

जातरूपेभ्यः — IV. iii. 150

(षष्ठीसमर्थ) सुवर्णवाची प्रातिपदिकों से (परिमाण जाना जाये तो विकार अभिधेय होने पर अण् प्रत्यय होता है)।

जाति... — V. iv. 94

देखें — **जातिसंज्ञयोः V. iv. 94**

जाति... — VI. ii. 170

देखें — **जातिकाल० VI. ii. 170**

जातिः — II. i. 64

जातिवाची (सुबन्त) शब्द (पोटा, युवति, स्तोक, कतिपय, गृष्टि, धेनु, वशा, वेहद्, वष्कयणी, प्रवक्तृ, श्रोत्रिय, अध्यापक, धूर्त— इन समानाधिकरण समर्थ सुबन्तों के साथ समास को प्राप्त होता है, और वह तत्पुरुष समास होता है)।

जातिः — II. iv. 6

जातिवाचकों का (द्वन्द्व एकवद् होता है, प्राणीवाचियों को छोड़कर)।

जातिः — VI. i. 138

(कुस्तुम्बरु शब्द में तकार से पूर्व सुट् का निपातन किया जाता है, यदि वह) जाति अर्थ वाला हो तो।

जातिकालसुखादिभ्यः — VI. ii. 170

(आच्छादनवाची शब्द को छोड़कर जो) जातिवाची, कालवाची एवं सुखादि शब्द, — उनसे उत्तर (क्तान्त

शब्द को कृत, मित तथा प्रतिपन्न शब्द को छोड़कर अन्तोदात्त होता है, बहुव्रीहि समास में)।

जातिनाम्नः — V. iii. 81

(मनुष्यनामधेय) जातिवाची प्रातिपदिक से (कन् प्रत्यय होता है, नीति तथा अनुकम्पा गम्यमान हो तो)।

तृतीयायुक्तात् — I. iii. 54

तृतीयाविभक्ति से युक्त (सम् पूर्वक चर् धातु) से (आत्मनेपद होता है)।

तृतीयार्थे — I. iv. 84

तृतीयार्थ के द्योतित होने पर (अनु कर्मप्रवचनीय तथा निपातसंज्ञक होता है)।

तृतीयासप्तम्योः — II. iv. 84

तृतीया और सप्तमी विभक्ति के (सुप् के) स्थान में (अदन्त अव्ययीभाव से उत्तर अम् आदेश होता है, बहुल करके)।

तृतीयासमासे — I. i. 29

तृतीया तत्पुरुष समास में (सर्वादियों की सर्वनाम संज्ञा नहीं होती)।

...तृद... — VII. ii. 57

देखें — कृतचृत० VII. ii. 57

...तृदोः —III. iv. 17

देखें — सृपितृदोः III. iv. 17

तृन् — III. ii. 135

(तच्छीलादि कर्ता हों तो वर्तमानकाल में धातुमात्र से) तृन् प्रत्यय होता है।

तृन्... — VI. ii. 161

देखें — तृन्नन्न० VI. ii 161

...तृन्... — VI. iv. 11

देखें — अप्तृन्तृच्० VI. iv. 11

...तृनाम् — II. iii. 69

देखें — लोकाव्ययनिष्ठा० II. iii. 69

तृन्नन्नतीक्ष्णशुचिषु — VI. ii. 161

(नञ् से उत्तर) तृन्प्रत्ययान्त एवं अन्न, तीक्ष्ण तथा शुचि उत्तरपद शब्दों को (विकल्प से अन्तोदात्त होता है)।

...तृप्र... — VI. iv. 157

देखें — प्रियस्थिर० VI. iv. 157

तृषि... — I. ii. 25

देखें — तृषिमृषिकृशेः I. ii. 25

तृषिमृषिकृशेः — I. ii. 25

तृष्, मृष्, कृश् धातुओं से परे (सेट् क्त्वा प्रत्यय काश्यप आचार्य के मत में विकल्प कित् नहीं होता है)।

...तृषोः — III. ii. 172

देखें — स्वपितृषोः III. ii. 172

...तृषोः — III. iv. 57

देखें — अस्यतितृषोः III. iv. 57

...तॄ... — III. ii. 46

देखें — भृतॄवृ० III. ii. 46

तॄ... — III. iii. 120

देखें — तॄस्त्रोः III. iii. 120

तॄ... — VI. iv. 122

देखें — तॄफलभज० VI. iv. 122

तॄस्त्रोः — III. iii. 120

(अवपूर्वक) तॄ, स्तॄञ् धातुओं से (करण और अधिकरण कारक में संज्ञाविषय में प्रायः घञ् प्रत्यय होता है)।

तृफलभजत्रपः — VI. iv. 122

तॄ, फल, भज, त्रप् — इन अङ्गों के (अकार के स्थान में भी एकारादेश तथा अभ्यासलोप होता है; कित्, ङित् लिट् तथा सेट् थल् परे रहते)।

ते — I. iv. 79

वे (गति और उपसर्गसंज्ञक शब्द धातु से पहले होते हैं)।

ते — III. i. 60

(कर्तृवाची लुङ्) त शब्द परे रहते (पद् धातु से उत्तर च्लि को चिण्'आदेश होता है)।

ते — IV. i. 172

उन अजादि प्रत्ययों की (तद्राज संज्ञा होती है)।

ते — VIII. i. 22

देखें — तेमयौ VIII. i. 22

तेतिक्ते — VII. iv. 65

तेतिक्ते शब्द (वेद-विषय में) निपातन किया जाता है।

तेन — II. ii. 27

(सप्तम्यन्त तथा) तृतीयान्त (समान रूप वाले दो सुबन्त परस्पर इदम् = यह इस अर्थ में विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं और वह बहुव्रीहि समास होता है)।

तेन — II. ii. 28

(तुल्ययोग में वर्तमान 'सह' अव्यय) तृतीयान्त (सुबन्त) के साथ (समास को प्राप्त होता है, और वह समास बहुव्रीहिसंज्ञक होता है)।

तेन — II. iv. 62

(बहुत्व अर्थ में वर्तमान तद्राजसंज्ञक प्रत्यय का लुक् होता है, स्त्रीलिङ्ग को छोड़कर; यदि वह बहुत्व) उसी तद्राजकृत हो तो।

तेन — IV. ii. 1

(समर्थों में) जो (प्रथम) तृतीयासमर्थ (रागविशेषवाची) प्रातिपदिक, उससे ('रंगा गया' अर्थ में यथाविहित प्रत्यय होता है)।

तेन — IV. ii. 67

तृतीयासमर्थ प्रातिपदिकों से ('बनाया गया' अर्थ में यथाविहित प्रत्यय होता है, यदि उस शब्द से देश का नाम गम्यमान हो)।

तेन — IV. iii. 101

तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से (प्रोक्त = प्रवचन किया हुआ अर्थ में यथाविहित प्रत्यय होता है)।

तेन — IV. iii. 112

तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से (समान दिशा अर्थ में यथाविहित प्रत्यय होता है)।

तेन — IV. iv. 2

तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से ('खेलता है, खोदता है, जीतता है, जीता हुआ' अर्थों में ठक् प्रत्यय होता है)।

तेन — V. i. 36

तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से ('खरीदा गया' अर्थ में यथाविहित प्रत्यय होते हैं)।

तेन — V. i. 77

तृतीयासमर्थ (कालवाची) प्रातिपदिक से ('बनाया हुआ' अर्थ में यथाविहित ठञ् प्रत्यय होता है)।

तेन — V. i. 92

तृतीयासमर्थ (कालवाची) प्रातिपदिक से ('जीता जा सकता है', 'प्राप्त करने योग्य', 'किया जा सके' तथा 'सुगमता से किया जा सके' अर्थों में यथाविहित ठञ् प्रत्यय होता है)।

तेन — V. i. 97

तृतीयासमर्थ (यथाकथाच तथा हस्त) प्रातिपदिक से ('दिया जाता है' और 'कार्य अर्थों में यथासङ्ख्य करके ण और यत् प्रत्यय होते हैं)।

तेन — V. i. 114

तृतीयासमर्थ प्रातिपदिकों से ('समान' अर्थ में वति प्रत्यय होता है, यदि वह समानता क्रिया की हो तो)।

तेन — V. ii. 26

तृतीयासमर्थ प्रातिपदिकों से ('ज्ञात' अर्थ में चुञ्चुप् और चणप् प्रत्यय होते हैं)।

तेमयौ — VIII. i. 22

(पद से उत्तर अपदादि में वर्तमान एकवचन वाले षष्ठ्यन्त, चतुर्थ्यन्त युष्मद्, अस्मद् पदों को क्रमशः) ते तथा मे आदेश होते हैं, (और वे आदेश अनुदात्त होते हैं)।

तैतिलकद्रूः — VI. ii. 42

'तैतिलकद्रू' इस समास किये हुये शब्द के (पूर्वपद को प्रकृति स्वर होता है)।

तैतिलकद्रू = देवता कश्यप की पत्नी, नागों की माता।

...तोः — VIII. iv. 39

देखें — स्तोः VIII. iv. 39

तोः — VIII. iv. 42

तवर्ग को (षकार परे रहते ष्टुत्व नहीं होता)।

तोः — VIII. iv. 59

तवर्ग के स्थान में (लकार परे रहते परसवर्ण आदेश होता है)।

तोपधात् — IV. i. 39

(वर्णवाची अदन्त अनुपसर्जन अनुदात्तान्त) तकार उपधावाले प्रातिपदिकों से (विकल्प से स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय तथा तकार को नकारादेश हो जाता है)।

...तोसुन्... — I. i. 39

देखें — क्त्वातोसुन्कसुनः I. i. 39

तोसुन्... III. iv. 13

देखें — तोसुन्कसुनौ III. iv. 13

तोसुन् — III. iv. 16

(क्रिया के लक्षण में वर्तमान स्था, इण्, कृञ्, वदि, चरि, हु, तमि तथा जनि धातुओं से वेदविषय में तुमर्थ में) तोसुन् प्रत्यय होता है।

तोसुन्कसुनौ — III. iv. 13

(ईश्वर शब्द उपपद रहते तुमर्थ में वेद-विषय में धातु से) तोसुन्, कसुन् प्रत्यय होते हैं।

तौ — III. ii. 126

वे — शतृ तथा शानच् प्रत्यय (सत् — संज्ञक होते हैं)।

तौल्वलिभ्यः — II. iv. 61

(गोत्रवाची) तौल्वलि आदि शब्दों से (विहित जो युवापत्य में प्रत्यय, उसका लुक् नहीं होता)।

त्यक् — IV. ii. 97

(दक्षिणा, पश्चात् तथा पुरस् प्रातिपदिकों से शैषिक) त्यक् प्रत्यय होता है।

त्यकन् — V. ii. 34

(उप और अधि उपसर्ग प्रातिपदिकों से यथासङ्ख्य यदि वे 'आसन्न' और 'आरूढ' अर्थों में वर्त्तमान हों तो सञ्ज्ञाविषय में) त्यकन् प्रत्यय होता है।

...त्यज... — III. ii. 142

देखें — सम्पृचानुरुध० III. ii. 142

त्यदादिषु — III. ii. 60

त्यदादि शब्द उपपद रहते (अनालोचन =देखना से भिन्न अर्थ में वर्तमान दृश् धातु से कञ् और क्विन् प्रत्यय होते हैं)।

त्यदादीनाम् — VII. ii. 102

त्यदादि अङ्गों को (विभक्ति परे रहते अकारादेश होता है)।

त्यदादीनि — I. i. 73

त्यदादिगणपठित शब्द (की भी वृद्धसंज्ञा होती है)।

त्यदादीनि — I. ii. 72

त्यदादि शब्दरूप (सबके साथ नित्य ही शेष रह जाते हैं, अन्य हट जाते हैं)।

त्यप् — IV. ii. 103

(अव्यय प्रातिपदिकों से शैषिक) त्यप् प्रत्यय होता है।

त्याग... — VI. i. 210

देखें — त्यागराग० VI. i. 210

त्यागरागहासकुहश्वठक्रथानाम् — VI. i. 21

त्याग, राग, हास, कुह, श्वठ, क्रथ — इन शब्दों के (आदि को विकल्प से उदात्त होता है)।

...त्यात् — VI. i. 108

देखें — ख्यत्यात् VI. i. 108

त्र... — II. iv. 33

देखें — त्रतसोः II. iv. 33

त्र... — II. iv. 33

देखें — त्रतसौ II. iv. 33

...त्र... — VI. ii. 50

देखें — इनित्रकट्य० IV. ii. 50

...त्र... — VI. iii. 132

देखें — तुनुघमक्षु० VI. iii. 132

...त्र... — VII. ii. 9

देखें — तितुत्र० VII. ii. 9

त्रतसोः — II. iv. 33

त्र और तस् प्रत्ययों के परे रहते (अन्वादेश में वर्तमान एतद् के स्थान में अनुदात्त अश् होता है तथा त्र और तस् भी अनुदात्त होते हैं)।

त्रतसौ — II. iv. 33

(त्र तथा तस् परे रहते अन्वादेश में वर्तमान एतद् के स्थान में अनुदात्त अश् आदेश होता है और वे) त्र, तस् प्रत्यय (भी अनुदात्त होते हैं)।

...मन्... — VI. iv. 97

देखें — इस्मन्० VI. iv. 97

...त्रप्... — VI. iv. 157

देखें — प्रस्थस्फ० VI. iv. 157

...त्रपः — VI. iv. 122

देखें — तृफल० VI. iv. 122

...त्रपि... — III. i. 126

देखें — आसुयुवपि० III. i. 126

त्रपु... — IV. iii. 135

देखें — त्रपुजतुनोः IV. iii. 135

त्रपुजतुनोः — IV. iii. 135

(षष्ठीसमर्थ) त्रपु और जतु प्रातिपदिकों से (अण् प्रत्यय होता है तथा इन दोनों को षुक् आगम भी होता है)।

त्रयः — VI. iii. 47

(त्रि शब्द को) त्रयस् आदेश होता है; (सङ्ख्या उत्तरपद रहते, बहुव्रीहि समास तथा अशीति को छोड़कर)।

त्रयः — VII. i. 53

(त्रि अङ्ग को) त्रय आदेश होता है, (आम् परे रहते)।

त्रयाणाम् — VII. iv. 78

(णिजिर् आदि) तीन धातुओं के (अभ्यास को श्लु होने पर गुण होता है)।

त्रल् — V. iii. 10

(सप्तम्यन्त किम्, सर्वनाम तथा बहु प्रातिपदिकों से) त्रल् प्रत्यय होता है।

...त्रसाम् — VI. iv. 124

देखें — जृभ्रमु० VI. iv. 124

...त्रसि... — III. i. 70

देखें — भ्राशभ्लाश० III. i. 70

त्रसि... — III. ii. 140

देखें — त्रसिगृधि० III. ii. 140

त्रसिगृधिधृषिक्षिपेः — III. ii. 139

त्रसि, गृधि, धृषि तथा क्षिप् धातुओं से (तच्छीलादि कर्त्ता हो तो वर्तमान काल में क्नु प्रत्यय होता है)।

त्रा — V. iv. 55

(देने योग्य वस्तु तदधीनवचन वाच्य हो तो कृ, भू तथा अस् के योग में तथा सम् पूर्वक पद् के योग में) त्रा प्रत्यय (तथा साति प्रत्यय होते हैं)।

...त्रा... — VIII. ii. 56

देखें — नुदविदोन्द० VIII. ii. 56

...त्रार्थानाम् — I. iv. 25

देखें — भीत्रार्थानाम् I. iv. 25

...त्रि... — V. iv. 18

देखें — द्वित्रिचतुर्भ्यः V. iv. 18

...त्रि... — VI. i. 173

देखें — षट्त्रिचतुर्भ्यः VI. i. 173

त्रि... — VII. ii. 99

देखें — त्रिचतुरोः VII. ii. 99

...त्रि... — VIII. iii. 97

देखें — अम्बाम्ब० VIII. iii. 97

त्रिककुत् — V. iv. 147

(पर्वत अभिधेय हो तो बहुव्रीहि समास में) त्रिककुत् शब्द निपातन किया जाता है।

...त्रिगर्त्तषष्ठात् — V. iii. 116

देखें — दामन्यादि० V. iii. 116

त्रिचतुरोः — VII. ii. 99

त्रि तथा चतुर् अङ्ग को (स्त्रीलिङ्ग में क्रमशः तिसृ, चतसृ आदेश होते हैं, विभक्ति परे रहते)।

...त्रिपूर्वात् — V. i. 30

देखें — **द्वित्रिपूर्वात् V. i. 30**

त्रिप्रभृतिषु — VIII. iv. 49

तीन मिले हुये संयुक्त वर्णों को (शाकटायन आचार्य के मत में द्वित्व नहीं होता)।

...त्रिभ्याम् — V. ii. 43

देखें — **द्वित्रिभ्याम् V. ii. 43**

...त्रिभ्याम् — V. iv. 102

देखें — **द्वित्रिभ्याम् V. iv. 102**

...त्रिभ्याम् — V. iv. 115

देखें — **द्वित्रिभ्याम् V. iv. 115**

...त्रिभ्याम् — VI. ii. 197

देखें — **द्वित्रिभ्याम् VI. ii. 197**

...त्रिस्... — VIII. iii. 43

देखें — **द्विस्त्रिश्चतुः VIII. iii. 43**

त्रिस्तावा — V. iv. 84

(द्विस्तावा तथा) त्रिस्तावा शब्द का निपातन किया जाता है, (यज्ञ की वेदि अभिधेय हो तो)।

त्रिंशच्चत्वारिंशतोः — V. i. 61

(परिमाणसमानाधिकरण वाले प्रथमासमर्थ) त्रिंशत् तथा चत्वारिंशत् प्रातिपदिकों से षष्ठ्यर्थ में (सञ्ज्ञाविषय में डण् प्रत्यय होता है, ब्राह्मण-ग्रन्थ अभिधेय हो तो)।

...त्रिंशत्... — V. i. 58

देखें — **पंक्तिविंशति० V. i. 58**

त्रिंशत्... — V. i. 61

देखें — **त्रिंशच्चत्वारिंशतोः V. i. 61**

...त्रिंशद्भ्याम् — V. i. 64

देखें — **विंशतित्रिंशद्भ्याम् V. i. 24**

त्रीणि — I. iv. 100

(तिङ् प्रत्ययों के तीन) तीन (का समूह क्रम से प्रथम, मध्यम और उत्तम संज्ञक होता है)।

...त्रुटि... — III. i. 70

देखें — **भ्राशभ्लाश० III. i. 70**

त्रेः — V. ii. 55

(षष्ठीसमर्थ) त्रि प्रातिपदिक से ('पूरण' अर्थ में तीय प्रत्यय होता है तथा प्रत्यय के साथ-साथ त्रि को सम्प्रसारण हो जाता है)।

त्रेः — VI. iii. 47

त्रि शब्द को (त्रयस् आदेश होता है; सङ्ख्या उत्तरपद रहते, बहुव्रीहि समास तथा अशीति उत्तरपद को छोड़कर)।

त्रेः — VII. i. 53

त्रि अङ्ग को (त्रय आदेश होता है, आम् परे रहते)।

त्रैगर्ते — IV. i. 111

(भर्ग शब्द से गोत्र में फञ् प्रत्यय होता है); त्रिगर्त देश में उत्पन्न अर्थ वाच्य हो तो।

त्र्यच् — VI. ii. 90

(अर्म शब्द उत्तरपद रहते भी अवर्णान्त जो दो अचों वाले तथा) तीन अचों वाले (महत् तथा नव से भिन्न पूर्वपद, उन्हें आद्युदात्त होता है)।

...त्र्यायुष... — V. iv. 77

देखें — **अचतुर० V. iv. 77**

...त्र्योः — V. iii. 45

देखें — **द्वित्र्योः V. iii. 45**

त्व... — V. i. 118

देखें — **त्वतलौ V. i. 118**

त्व... — VII. ii. 94

देखें — **त्वाहौ VII. ii. 94**

त्व... — VII. ii. 97

देखें — **त्वमौ VII. ii. 97**

त्वः — V. i. 135

(षष्ठीसमर्थ ऋत्विग् विशेषवाची ब्रह्मन् प्रातिपदिक से भाव और कर्म अर्थो में) त्व-प्रत्यय होता है।

...त्वच... — III. i. 25

देखें — **सत्यापपाश० III. i. 25**

त्वतलौ — V. i. 118

(षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिक से 'भाव' अर्थ में) त्व और तल् प्रत्यय होते हैं।

...त्वनः — III. iv. 14

देखें — तवैकेन्केन्यत्वनः III. iv. 14

त्वमौ — VII. ii. 97

(एक अर्थ का कथन करने वाले युष्मद्, अस्मद् अंग के मपर्यन्त भाग को क्रमशः) त्व, म आदेश होते हैं।

...त्वर... — VI. iv. 20

देखें — ज्वरत्वर० VI. iv. 20

...त्वर... — VII. ii. 28

देखें — रुष्यमत्वर० VII. ii. 28

...त्वर... — VII. iv. 95

देखें — स्मृदृत्वर० VII. iv. 95

...त्वष्ट... — VI. iv. 11

देखें — अप्तृन्तृच्० VI. iv. 11

त्वा... — VIII. i. 23

देखें — त्वामौ VIII. i. 23

त्वात् — V. i. 119

(यहाँ से लेकर) 'ब्राह्मणस्त्वः' V. i. 135 के त्वपर्यन्त (त्व, तल् प्रत्यय होते हैं, ऐसा अधिकार जानना चाहिये)।

त्वामौ — VIII. i. 23

(पद से उत्तर अपादादि में वर्तमान द्वितीया विभक्ति को जो एकवचन, तदन्त युष्मद्, अस्मद् पद को यथासङ्ख्य करके) त्वा, मा आदेश होते हैं (और वे अनुदात्त होते हैं)।

त्वाहौ — VII. ii. 94

(सु विभक्ति परे रहते युष्मद्, अस्मद् अंग के मपर्यन्त भाग को क्रमशः) त्व तथा अह आदेश होते हैं।

त्वे — VI. iii. 63

त्व प्रत्यय परे रहते (भी ङ्यन्त तथा आबन्त शब्द को बहुल करके ह्रस्व होता है)।

थ

थ — प्रत्याहारसूत्र XI

आचार्य पाणिनि द्वारा अपने ग्यारहवें प्रत्याहार सूत्र में पठित पञ्चम वर्ण।

पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का चौतीसवां वर्ण।

थ... — I. ii. 23

देखें — थफान्तात् I. ii. 23

...थ... — III. iv. 78

देखें — तिप्तस्झि० III. iv. 78

थ... — VI. ii. 144

देखें — थाथघञ्० VI. ii. 144

...थ... — VII. ii. 9

देखें — तितुत्र० VII. ii. 9

थः — VII. i. 87

(पथिन् तथा मथिन् अङ्ग के) थकार के स्थान में ('न्थ' आदेश होता है)।

थः — VIII. ii. 35

(आह् के हकार के स्थान में) थकारादेश होता है, (झल् परे रहते)।

थकन् — III. i. 146

(गै धातु से शिल्पी कर्त्ता वाच्य होने पर) थकन् प्रत्यय होता है।

थट् — V. ii. 50

(सङ्ख्या आदि में न हो जिसके, ऐसे षष्ठीसमर्थ सङ्ख्यावाची नकारान्त प्रातिपदिक से 'पूरण' अर्थ में (थट् तथा मट् आगम होता है)।

...थनाः — VII. i. 45

देखें — तप्तनप्० VII. i. 45

थफान्तात् — I. ii. 23

(नकार उपधा वाली) थकारान्त तथा फकारान्त धातुओं से परे (जो सेट् क्त्वा प्रत्यय, वह विकल्प करके कित् नहीं होता है)।

थमुः — V. iii. 24

(प्रकारवचन में वर्तमान इदम् प्रातिपदिक से स्वार्थ में) थमु प्रत्यय होता है।

...थल्... — III. iv. 82

देखें — णलतुसुस्० III. iv. 82

थलि – VI. i. 190

(सेट्) थल् परे रहते (इट् को विकल्प से उदात्त होता है; एवं चकार से प्रकृतिभूत शब्द के आदि अथवा अन्त को विकल्प से उदात्त होता है)।

थलि – VI. iv. 121

(सेट्) थल् परे रहते (भी अनादेशादि अङ्ग के दो असहाय हलों के मध्य में वर्तमान जो अकार, उसके स्थान में एकारादेश तथा अभ्यास का लोप हो जाता है)।

थलि – VII. ii. 61

(उपदेश में जो अजन्त धातु, तास् के परे रहते नित्य अनिट्, उससे उत्तर तास् के समान ही) थल् को (इट् आगम नहीं होता)।

...थस्... – III. iv. 78

देखें – **तिप्तस्झि० III. iv. 78**

...थस्... – III. iv. 101

देखें – **तस्-थस्-थ-मिपाम् III. iv. 101**

था – V. iii. 26

('हेतु' अर्थ में वर्तमान तथा प्रकारवचन अर्थ में वर्तमान किम् प्रातिपदिक से) था प्रत्यय होता है; (वेदविषय में)।

थाथघञ्क्ताजबित्रकाणाम् – VI. ii. 144

(गति, कारक और उत्तरपद से उत्तर) थ, अथ, घञ्, क्त, अच्, अप्, इत्र तथा क प्रत्ययान्त शब्दों को (अन्तोदात्त होता है)।

थाल् – V. iii. 23

(प्रकारवचन में वर्तमान किम्, सर्वनाम तथा बहु प्रातिपदिकों से) थाल् प्रत्यय होता है।

थाल् – V. iii. 111

(प्रत्न, पूर्व, विश्व, इम — इन प्रातिपदिकों से इवार्थ में) थाल् प्रत्यय होता है, (वेदविषय में)।

...थास्... – III. iv. 78

देखें – **तिप्तस्झि० III. iv. 78**

थासः – III. iv. 80

(टित् लकारों अर्थात् लट्, लिट्, लुट्, लृट्, लेट्, लोट् के स्थान में जो) थास् आदेश, उसके स्थान में (से आदेश होता है)।

थासोः – II. iv. 79

देखें – **तथासोः II. iv. 79**

थुक् – V. ii. 51

(षष्ठीसमर्थ षट्, कति, कतिपय तथा चतुर् प्रातिपदिकों से पूरण अर्थ में विहित डट् प्रत्यय के परे रहते) थुक् आगम होता है।

थुक् – VII. iv. 17

('असु क्षेपणे' अङ्ग को अङ् परे रहते) थुक् आगम होता है।

...थोः – III. iv. 107

देखें – **तिथोः III. iv. 107**

...थोः – V. iii. 4

देखें – **रथोः V. iii. 4**

...थोः – VIII. ii. 38

देखें – **तथोः VIII. ii. 38**

...थोः – VIII. ii. 40

देखें – **तथोः VIII. ii. 40**

थ्यन् – V. i. 8

(चतुर्थीसमर्थ अज एवं अवि प्रातिपदिकों से 'हित' अर्थ में) थ्यन् प्रत्यय होता है।

द

द – प्रत्याहारसूत्र X

भगवान् पाणिनि द्वारा अपने दशम प्रत्याहार सूत्र में पठित पञ्चम वर्ण।

पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का उनत्तीसवां वर्ण।

...द... – V. iv. 106

देखें – **चुदषहान्तात् V. iv. 106**

दः – I. iii. 20

(आङ् उपसर्ग से उत्तर) 'डुदाञ्' धातु से (आत्मनेपद होता है, यदि वह मुख के खोलने अर्थ में वर्तमान न हो तो)।

दः — V. iii. 72
(ककारान्त अव्यय को अकच् प्रत्यय के साथ-साथ) दकारादेश भी होता है।

दः — VI. iii. 123
दा के स्थान में (हुआ जो तकारादि आदेश, उसके परे रहते इगन्त को दीर्घ होता है)।

दः — VII. ii. 109
(इदम् के) दकार के स्थान में (भी मकारादेश होता है, विभक्ति परे रहते)।

दः — VII. iv. 46
(घुसञ्ज्ञक) दा धातु के स्थान में (दद् आदेश होता है, तकारादि कित् प्रत्यय परे रहते)।

दः — VIII. ii. 42
(रेफ तथा दकार से उत्तर निष्ठा के तकार को नकारादेश होता है तथा निष्ठा के तकार से पूर्व के) दकार को (भी नकारादेश होता है)।

दः — VII. ii. 72
(सकारान्त वस्वन्त पद को तथा स्रंसु, ध्वंसु एवं अनडुह् पदों को) दकारादेश होता है।

दः — VIII. ii. 75
दकारान्त (पद् धातु को भी सिप् परे रहते विकल्प से रु आदेश होता है)।

दः — VIII. ii. 80
(असकारान्त अदस् शब्द के दकार से उत्तर जो वर्ण उसके स्थान में उवर्ण आदेश होता है तथा) दकार को (मकारादेश भी होता है)।

...दक्षिण... — I. i. 33
देखें — **पूर्वपरावरदक्षिणोत्तरापराधराणि I. i. 33**

दक्षिण... — V. iii. 28
देखें — **दक्षिणोत्तराभ्याम् V. iii. 28**

दक्षिणा... — IV. ii. 98
देखें — **दक्षिणापश्चात्० IV. ii. 98**

दक्षिणा — V. i. 94
(षष्ठीसमर्थ यज्ञ की आख्यावाले प्रातिपदिकों 'दक्षिणा' = यज्ञ समाप्ति पर पुरोहित को दिया जाने वाला द्रव्य– अर्थ में (यथाविहित ठञ् प्रत्यय होता है)।

...दक्षिणात् — V. i. 68
देखें — **कडङ्करदक्षिणात् V. i. 68**

...दक्षिणात् — V. iii. 34
देखें — **उत्तराधर० V. iii. 34**

दक्षिणात् — V. iii. 36
(दिशा, देश तथा काल अर्थों में वर्तमान सप्तमी, प्रथमान्त दिशावाची) दक्षिण प्रातिपदिक से (आच् प्रत्यय होता है)।

दक्षिणापश्चात्पुरसः — IV. ii. 97
दक्षिणा, पश्चात् तथा पुरस् प्रातिपदिकों से (शैषिक त्यक् प्रत्यय होता है)।

दक्षिणेर्मा — V. iv. 126
(बहुव्रीहि समास में व्याध का सम्बन्ध होने पर) दक्षिणेर्मा शब्द अनिच्प्रत्ययान्त निपातन किया जाता है।

दक्षिणोत्तराभ्याम् — V. iii. 28
(दिशा, देश और काल अर्थों में वर्त्तमान सप्तम्यन्त, पञ्चम्यन्त तथा प्रथमान्त दिशावाची) दक्षिण तथा उत्तर प्रातिपदिकों से (स्वार्थ में अतसुच् प्रत्यय होता है)।

...दघ्नच्... — IV. i. 15
देखें — **टिड्ढाणञ्० IV. i. 15**

...दघ्नच्... — V. ii. 37
देखें — **द्वयसज्दघ्नच्० V. ii. 37**

दण्ड... — V. iv. 2
देखें — **दण्डव्यवसर्गयोः V. iv. 2**

दण्डमाणव... — IV. iii. 129
देखें — **दण्डमाणवान्तेवासिषु IV. iii. 129**

दण्डमाणवान्तेवासिषु — IV. iii. 129
(षष्ठीसमर्थ गोत्रवाची प्रातिपदिकों से 'इदम्' अर्थ में) दण्डमाणव तथा अन्तेवासी अभिधेय हों (तो वुञ् प्रत्यय नहीं होता)।

...दण्डयोः — V. i. 109
देखें — **मन्थदण्डयोः V. i. 109**

दण्डव्यवसर्गयोः — V. iv. 2
दण्ड तथा व्यवसर्ग = दान गम्यमान हो तो (पाद तथा शत-शब्दान्त सङ्ख्या आदि वाले प्रातिपदिकों से भी वुन् प्रत्यय होता है तथा पाद और शत के अन्त का लोप भी हो जाता है)।

...दण्डाजिनाभ्याम् — V. ii. 76

देखें — अयःशूलदण्डा० V. ii. 76

दण्डादिभ्यः — V. i. 65

(द्वितीयासमर्थ) दण्डादि प्रातिपदिक से ('समर्थ है' अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

...दत्... — VI. i. 61

देखें — पद्दन्नोमास्० VI. i. 61

...दत्... — VI. ii. 197

देखें — पाद्दन्मूर्धसु VI. ii. 197

दतृ — V. iv. 141

(संख्यापूर्व वाले तथा सु पूर्व वाले दन्त शब्द को समासान्त) दतृ आदेश होता है; (अवस्था गम्यमान होने पर, बहुव्रीहि समास में)।

दत्त — VI. ii. 148

देखें — दत्तश्रुतयोः VI. ii. 148

दत्तम् — IV. iv. 119

(सप्तमीसमर्थ बर्हिस् प्रातिपदिक से) 'दिया हुआ' अर्थ में (यत् प्रत्यय होता है, वेद-विषय में)।

दत्तश्रुतयोः — VI. ii. 148

(सञ्ज्ञाविषय में आशीर्वाद गम्यमान हो तो कारक से उत्तर) दत्त तथा श्रुत क्तान्त शब्दों को (ही अन्त उदात्त होता है)।

दद् — VII. iv. 46

(घुसञ्ज्ञक दा धातु के स्थान में) दद् आदेश होता है, (तकारादि कित् प्रत्यय परे रहते)।

...दद... — VI. iv. 126

देखें — शसदद० VI. iv. 126

द्व्यज्दृद्ब्राह्मणर्क्प्रथमाध्वरपुरश्चरणनामाख्यातात् — IV. iii. 72

(षष्ठी तथा सप्तमीसमर्थ व्याख्यातव्यनाम जो) दो अचों वाले प्रातिपदिक, ऋकारान्त, ब्राह्मण, ऋक्, प्रथम, अध्वर, पुरश्चरण, नाम तथा आख्यात प्रातिपदिक उन से (भव, व्याख्यान अर्थों में ठक् प्रत्यय होता है)।

द्व्यञ्मगधकलिङ्गसूरमसात् — IV. i. 168

(क्षत्रियाभिधायी जनपदवाची) दो अचों वाले शब्दों से तथा मगध, कलिङ्ग और सूरमस प्रातिपदिकों से (अपत्य अर्थ में अण् प्रत्यय होता है)।

द्व्यन्तरुपसर्गेभ्यः — VI. iii. 96

द्वि, अन्तर् तथा उपसर्ग से उत्तर (आप् शब्द को ईकारादेश हो जाता है)।

द्व्यष्टनः — VI. iii. 46

द्वि तथा अष्टन् शब्दों को (आकारादेश होता है संख्या उत्तरपद हो तो, बहुव्रीहि समास तथा अशीति उत्तरपद को छोड़कर)।

....द्व्यायुष... — V. iv. 77

देखें — अचतुर० V. iv. 77

द्व्येकयोः — I. iv. 22

द्वित्व तथा एकत्व अर्थ की विवक्षा में (क्रमशः द्विवचन और एकवचन के प्रत्यय होते हैं)।

द्वयसज्दघ्नञ्मात्रचः — V. ii. 37

(प्रथमासमर्थ प्रमाण समानाधिकरणवाची प्रातिपदिकों से षष्ठ्यर्थ में) द्वयसच्, दघ्नच् और मात्रच् प्रत्यय होते हैं।

द्वयोः— I. ii. 59

(अस्मदर्थ के एकत्व और) द्वित्व अर्थ में (बहुवचन विकल्प करके होता है)।

ध

ध — प्रत्याहारसूत्र IX

भगवान् पाणिनि द्वारा अपने नवम प्रत्याहार सूत्र में पठित तृतीय वर्ण।

पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का चौबीसवां वर्ण।

धः — III. ii. 181

धा धातु से (कर्मकारक में ष्ट्रन् प्रत्यय होता है, वर्तमान-काल में)।

धः — V. iii. 44

(एक प्रातिपदिक से उत्तर जो) धा प्रत्यय, उसके स्थान में (विकल्प से ध्यमुञ् आदेश होता है)।

धः — VIII. ii. 34

('णह् बन्धने' धातु के हकार को) धकारादेश होता है, (झल् परे रहते या पदान्त में)।

धः — VIII. ii. 40

(झष् से उत्तर तकार तथा थकार को) धकार आदेश होता है (किन्तु, डुधाञ् धातु से उत्तर धकारादेश नहीं होता)।

धः — VIII. iii. 78

(इण् प्रत्याहार अन्तवाले अङ्ग से उत्तर षीध्वम्, लुङ् तथा लिट् के) धकार को (मूर्धन्य आदेश होता है)।

धन... — IV. iv. 84

देखें— **धनगणम् IV. iv. 84**

धन... — V. ii. 65

देखें — **धनहिरण्यात् V. ii. 65**

धन — VI. i. 186

देखें — **भीह्रीभृ० VI. i. 186**

धनगणम् — IV. iv. 84

(द्वितीयासमर्थ) धन और गण प्रातिपदिकों से (प्राप्त करने वाला अभिप्रेत हो तो यत् प्रत्यय होता है)।

धनहिरण्यात् — V. ii. 65

(सप्तमीसमर्थ) धन और हिरण्य प्रातिपदिकों से (इच्छा अर्थ में कन् प्रत्यय होता है)।

...धनाख्यायाम् — I. i. 34

देखें — **अज्ञातिधनाख्यायाम् I. i. 34**

....धनायाः — VII. iv. 34

देखें — **अशनायोदन्य० VII. iv. 34**

धनुषः— V. iv. 132

धनुष्-शब्दान्त (बहुव्रीहि) को (भी समासान्त अनङ् आदेश होता है)।

...धनुस् — III. ii. 21

देखें — **दिवाविभा० III. ii. 21**

धने — VI. ii. 55

(हिरण्य और परिमाण दोनों अर्थों को कहने वाले पूर्वपद को) धन शब्द उत्तरपद रहते (विकल्प से प्रकृतिस्वर होता है)।

धन्व... — IV. ii. 120

देखें — **धन्वयोपधात् IV. ii. 120**

धन्वयोपधात् — IV. ii. 120

(देश में वर्तमान) धन्ववाची तथा यकार उपधावाले (वृद्धसंज्ञक) प्रातिपदिकों से (शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

...धपरे — VI. i. 116

देखें — **कुधपरे VI. i. 116**

...धम... — VII. iii. 78

देखें — **पिबजिघ्र० VII. iii. 78**

धमुञ् — V. iii. 45

(द्वि तथा त्रि सम्बन्धी धा प्रत्यय को भी विकल्प से) धमुञ् आदेश होता है।

...धर्म... — IV. iv. 91

देखें — **नौवयोधर्म० IV. iv. 91**

धर्म... — IV. iv. 92

देखें — **धर्मपथ्यर्थ० IV. iv. 92**

धर्म... — V. ii. 132

देखें — **धर्मशील० V. ii. 132**

धर्मपथ्यर्थन्यायात् — IV. iv. 92

(पञ्चमीसमर्थ) धर्म, पथिन्, अर्थ, न्याय प्रातिपदिकों से (अनपेत अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

अनपेत = जो दूर न गया हो, खोया न हो, अविरहित, [illegible]।

धर्मम् — IV. iv. 41

(द्वितीयासमर्थ) धर्म प्रातिपदिक से ('आचरण करता है' अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

धर्मवत् — IV. ii. 46

(षष्ठीसमर्थ चरणवाची प्रातिपदिकों से समूह अर्थ में) धर्म अर्थ में कहे हुओं के समान (प्रत्यय होते हैं)।

धर्मशीलवर्णान्तात् — V. ii. 132

धर्म शब्द उपपदवाले, शील शब्द अन्त वाले तथा वर्ण शब्द अन्तवाले प्रातिपदिकों से भी 'मत्वर्थ' में इनि प्रत्यय होता है।

धर्मात् — V. iv. 124

(केवल पूर्वपद से परे जो) धर्म शब्द, तदन्त बहुव्रीहि से समासान्त अनिच् प्रत्यय होता है।

धर्म्याम् — IV. iv. 47

(षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिक से) न्याय्य व्यवहार अर्थ में (ढक् प्रत्यय होता है)।

धर्म्ये — VI. ii. 65

(हरण शब्द को छोड़कर) धर्म्यवाची शब्दों के परे रहते (सप्तम्यन्त तथा हारिवाची पूर्वपद को आद्युदात्त होता है)।

धा — V. iii. 42

(क्रिया के प्रकार अर्थ में वर्तमान सङ्ख्यावाची प्रातिपदिक से) धा प्रत्यय होता है।

धा — V. iv. 20

(आसन्नकालिक क्रिया की अभ्यावृत्ति के गणन अर्थ में वर्त्तमान बहु प्रातिपदिक से विकल्प से) धा प्रत्यय होता है।

...धाः — I. i. 19

देखें — दाधाः I. i. 19

धातवः — I. iii. 1

(भू जिनके आदि में है तथा वा धातु के समान जो क्रियावाची शब्द हैं, वे) धातुसंज्ञक होते हैं।

धातवः — III. i. 32

(सनाद्यन्त समुदाय) धातुसंज्ञक होते हैं।

...धातु... — VI. iv. 77

देखें — श्नुधातुभ्रुवाम् VI. iv. 77

धातुप्रातिपदिकयोः — II. iv. 71

धातु और प्रातिपदिक के अवयवभूत (सुप् का लुक् होता है)।

धातुलोपे — I. i. 4

(जिस आर्धधातुक को निमित्त मानकर) धातु के अवयव का लोप हुआ हो, उसी (आर्धधातुक) को निमित्त मानकर (इक् के स्थान में जो गुण, वृद्धि प्राप्त होते हैं, वे नहीं होते)।

धातुसम्बन्धे — III. iv. 1

दो धातुओं के अर्थ का सम्बन्ध होने पर (भिन्नकाल में विहित प्रत्यय भी कालान्तर में साधु होते हैं।

धातुस्थ... — VIII. iv. 26

देखें — धातुस्थोरुषुभ्यः VIII. iv. 26

धातुस्थोरुषुभ्यः — VIII. iv. 27

धातु में स्थित निमित्त से उत्तर तथा उरु एवं षु शब्द से उत्तर (नस् के नकार को भी वेद-विषय में णकार आदेश होता है)।

षु = प्रसूति, प्रजनन

धातोः — I. iv. 79

(वे गति और उपसर्ग-संज्ञक शब्द) धातु से (पहले होते हैं)।

धातोः — III. i. 7

(इच्छाक्रिया के कर्म का अवयव समानकर्तृक) धातु से (इच्छा अर्थ में विकल्प करके सन् प्रत्यय होता है)।

धातोः — III. i. 22

(एकाच् और हलादि) धातु से (क्रियासमभिहार अर्थात् पुनः-पुनः अथवा अतिशय अर्थ में विकल्प से यङ् प्रत्यय होता है)।

धातोः — III. i. 91

अधिकार सूत्र है, तृतीय अध्याय की समाप्ति तक इसका अधिकार जाएगा। अर्थात् तृतीयाध्याय की समाप्ति तक कहे जाने वाले प्रत्यय धातु से ही होंगे।

धातोः — III. ii. 14

धातुमात्र से (संज्ञा विषय में 'अच्' प्रत्यय होता है, 'शम्' उपपद रहने पर)।

धातोः — VI. i. 8

(लिट् लकार के परे रहते) धातु के (अवयव अनभ्यास प्रथम एकाच् एवं अजादि के द्वितीय एकाच् को द्वित्व होता है)।

धातोः — VI. i. 77

(यकारादि-प्रत्यय-निमित्तक ही जो) धातु का (एच्, उसको यकारादि प्रत्यय के परे रहते वकारान्त अर्थात् अव् आव् आदेश होते हैं, संहिता के विषय में)।

धातोः — VI. i. 156

धातु का (अन्त उदात्त होता है)।

धातोः — VI. iv. 140

(आकारान्त) जो धातु, तदन्त (भसञ्ज्ञक) आङ्ग के (आकार का लोप होता है)।

धातोः — VII. i. 58

(इकार इत्सञ्ज्ञक है जिसका,ऐसे) धातु को (नुम् आगम होता है)।

धातोः — VII. i. 100

(ऋकारान्त) धातु अङ्ग को (इकारादेश होता है)।

धातोः — VIII. ii. 32

(दकार आदि वाले) धातु के (हकार के स्थान में घकार आदेश होता है, झल् परे रहते या पदान्त में)।

धातोः — VIII. ii. 43

(संयोग आदि वाले आकारान्त एवं यण्वान्) धातु से उत्तर (निष्ठा के तकार को नकारादेश होता है)।

धातोः — VIII. ii. 64

(मकारान्त) धातु (पद) को (नकारादेश होता है)।

धातोः — VIII. ii. 74

(सकारान्त पद) धातु को (सिप् परे रहते विकल्प से रु आदेश होता है)।

धातौ — III. iii. 155

(संभाषण अर्थ के कहने वाला) धातु उपपद हो (तो यत् शब्द उपपद न होने पर सम्भावन अर्थ में वर्तमान धातु से विकल्प से लिङ् प्रत्यय होता है, यदि अलम् शब्द का अप्रयोग सिद्ध हो)।

धातौ — VI. i. 89

(अवर्णान्त उपसर्ग से उत्तर ऋकारादि) धातु के परे रहते (पूर्व, पर दोनों के स्थान में वृद्धि एकादेश होता है, संहिता के विषय में)।

धात्वर्थे — V. i. 116

धातु के अर्थ में वर्तमान (उपसर्ग से स्वार्थ में वति प्रत्यय होता है, वेदविषय में)।

धात्वादेः — VI. i. 62

धातु के आदि के (षकार के स्थान में उपदेश अवस्था में सकार आदेश होता है)।

...धात्वोः — VI. i. 169

देखें — ऊङ्धात्वोः VI. i. 169

...धान्य — II. iv. 12

देखें — वृक्षमृगतृण० II. iv. 12

धान्यानाम् — V. i. 1

षष्ठीसमर्थ धान्यविशेषवाची प्रातिपदिकों से ('उत्पत्ति-स्थान' अभिधेय हो तो खञ् प्रत्यय होता है, यदि वह उत्पत्तिस्थान खेत हो तो)।

धान्ये — III. iii. 30

(उद्, नि पूर्वक कृ धातु से) धान्यविषय में (घञ् प्रत्यय होता है, कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में)।

धान्ये — III. iii. 48

(नि पूर्वक वृ धातु से) धान्यविशेष को कहना हो (तो कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

...धाय्याः — III. i. 129

देखें— पाय्यसान्नाय्य० — III. i. 129

...धारि — III. i. 138

देखें — लिम्पविन्द० III. i. 138

...धारि... — III. ii. 46

देखें — भृतृवृ० III. ii. 46

धारेः — I. iv. 35

णिजन्त धृञ् धातु के (प्रयोग में जो उत्तमर्ण है, वह कारक सम्प्रदान-संज्ञक होता है)।

...धार्थप्रत्यये — III. iv. 62

देखें— नाधार्थप्रत्यये— III. iv. 62

...धाय्योः — III. ii. 130

देखें — इङ्धाय्योः III. ii. 130

धावति — IV. iv. 37

(द्वितीयासमर्थ माथ शब्द उत्तरपदवाले प्रातिपदिक से तथा पदवी, अनुपद प्रातिपदिकों से) 'दौड़ता है'— अर्थ में (ढक् प्रत्यय होता है)।

धि — VIII. ii. 25

धकारादि प्रत्यय के परे रहते (भी सकार का लोप होता है)।

धि: — VI. iv. 101

(हु तथा झलन्त से उत्तर हलादि हि के स्थान में) धि आदेश होता है।

धिन्वि... — III. i. 80

देखें — धिन्विकृण्व्योः III. i. 80

धिन्विकृण्व्योः — III. i. 80

धिवि तथा कृवि धातु को ('उ' प्रत्यय और अकार अन्तादेश भी होता है, कर्तृवाची सार्वधातुक परे रहने पर)।

धिषीय — VII. iv. 45

धिषीय शब्द (वेदविषय में निपातन किया जाता है)।

...धिषु — VI. iii. 57

देखें — पेषंवास० VI. iii. 57

धिष्व — VII. iv. 45

धिष्व शब्द (वेदविषय में) निपातन किया जाता है।

धुट् — VIII. iii. 29

(डकारान्त पद से उत्तर सकारादि पद को विकल्प से) धुट् का आगम होता है।

...धुर्... — V. iv. 74

देखें — ऋक्पूरब्धू० V. iv. 74

धुरः — IV. iv. 77

(द्वितीयासमर्थ) धुर् प्रातिपदिक से ('ढोता है' अर्थ में यत् और ढक् प्रत्यय होते हैं)।

...धुर्वि... — III. ii. 177

देखें — भ्राजभास० III. ii. 177

...धू... — III. ii. 184

देखें — अर्तिलूधू० III. ii. 184

...धूञ्... — VII. ii. 44

देखें — स्वरतिसूति० VII. ii. 34

...धूञ्भ्यः — VII. ii. 72

देखें — स्तुसुधूञ्भ्यः VII. ii. 72

...धूप... — III. i. 28

देखें — गुपूधूपविच्छि० III. i. 28

धूमादिभ्यः — IV. ii. 126

(देशविशेषवाची) धूमादिगणपठित प्रातिपदिकों से (भी शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

...धूर्तैः — II. i. 64

देखें— पोटायुवतिस्तोक० II. i. 64

...धृतराज्ञाम् — VI. iv. 135

देखें — षपूर्वहन्० VI. iv. 135

...धृष... — III. iv. 65

देखें — शकधृष० III. iv. 65

...धृषः — I. ii. 19

देखें — शीङ्स्विदिमिदिक्ष्विदिधृषः I. ii. 19

...धृषि... — III. ii. 140

देखें — त्रसिगृधि० III. ii. 140

धृषिशसी — VII. ii. 19

'ञिधृषा प्रागल्भ्ये' तथा 'शसु हिंसायां' धातु (निष्ठा परे रहते अविनीतता गम्यमान होने पर अनिट् होते हैं)।

...धृष्टौ — VI. i. 200

देखें — शुष्कधृष्टौ VI. i. 200

...धेट्... — II. iv. 78

देखें — घ्राधेट्शाच्छासः II. iv. 78

धेट्... — III. i. 49

देखें — धेट्श्व्योः III. i. 49

...धेट्... — III. i. 137

देखें — पाघ्राध्मा० III. i. 137

...धेट्... — III. ii. 159

देखें — दाधेट्० III. ii. 159

...धेटोः — III. ii. 29

देखें — घ्माधेटोः III. ii. 29

धेट्श्व्योः — III. i. 49

धेट् तथा टुओश्वि धातु से उत्तर (च्लि को विकल्प से चङ् आदेश होता है, कर्तृवाची लुङ् परे रहने पर)।

...धेनु... — II. i. 64

देखें — पोटायुवतिस्तोक० II. i. 64

...धेनु... — VII. iii. 25
देखें — जङ्गलधेनु० VII. iii. 25

धेनुष्या — IV. iv. 89
(सञ्ज्ञाविषय में) धेनुष्या शब्द (स्त्रीलिङ्ग में निपातन किया जाता है)।

...धेनोः — IV. ii. 46
देखें — अचित्तहस्ति० IV. ii. 46

...धेन्वनडुह... — V. iv. 78
देखें — अचतुर० V. iv. 78

...धैवत्य... — VI. iv. 174
देखें— दाण्डिनायनहास्ति० VI. iv. 174

...धौ... — VII. iii. 78
देखें — पिबजिघ्र० VII. iii. 78

...ध्मा... — III. i. 137
देखें — पाघ्राध्मा० III. i. 137

ध्मा... — III. ii. 29
देखें — ध्माधेटोः III. ii. 29

...ध्मा... — VII. iii. 78
देखें — पाघ्राध्मा० VII. iii. 78

ध्माधेटोः — III. ii. 29
(नासिका तथा स्तन कर्म उपपद रहते) ध्मा तथा धेट् धातुओं से (खश् प्रत्यय होता है)।

...ध्मोः — VII. iv. 31
देखें — घ्राध्मोः VII. iv. 31

ध्यमुञ् — V. iii. 44
(एक प्रातिपदिक से उत्तर जो धा प्रत्यय, उसके स्थान में विकल्प से) ध्यमुञ् आदेश होता है।

ध्या... — VIII. ii. 57
देखें —ध्याख्यापॄ० VIII. ii. 57

ध्याख्यापॄमूर्च्छिमदाम् — VIII. ii. 57
ध्यै, ख्या, पॄ, मूर्च्छा मदी – इन धातुओं से परे (निष्ठा के तकार को नकारादेश नहीं होता)।

ध्रुवम् — I. iv. 24
अपाय अर्थात् अलग होने पर) अचल रहने वाला (कारक अपादान-संज्ञक होता है)।

ध्रुवम् — VI. ii. 177
(बहुव्रीहि समास में उपसर्ग से उत्तर पर्शुवर्जित) ध्रुव स्वाङ्ग को (अन्तोदात्त होता है)।

ध्रौव्य... — III. iv. 76
देखें — ध्रौव्यगति० III. iv. 76

ध्रौव्यगतिप्रत्यवसानार्थेभ्यः — III. iv. 76
स्थित्यर्थक (अकर्मक), गत्यर्थक तथा प्रत्यवसानार्थक = भक्षणार्थक धातुओं से विहित (जो क्त प्रत्यय, वह अधिकरण कारक में होता है तथा चकार से यथाप्राप्त भाव, कर्म, कर्त्ता में भी होता है)।

...ध्वनयति— III. i. 51
देखें — ऊनयतिध्वनयति० III. i. 51

...ध्वम् — III. iv. 78
देखें — तिप्तस्झि० III. iv. 78

ध्वमः — VII. i. 42
(वेद-विषय में) ध्वम् के स्थान में (ध्वात् आदेश होता है)।

...ध्वमोः — III. iv. 2
देखें — तध्वमोः III. i. 2

...ध्वर्य... — III. i. 123
देखें — निष्टक्र्यदेवहूय० III. i. 123

...ध्वंसु... — IV. iv. 84
देखें — वञ्चुस्रंसु VII. iv. 84

...ध्वंसु... — VIII. ii. 72
देखें — वसुस्रंसु VIII. ii. 72

ध्वाङ्क्षेण — II. i. 41
(सप्तम्यन्त सुबन्त) ध्वाङ्क्ष = कौआवाची (समर्थ सुबन्त) के साथ (क्षेप = निन्दा गम्यमान होने पर विकल्प से समास को प्राप्त होता है और वह तत्पुरुष समास होता है।

ध्वात्... — VII. i. 42
(वेद-विषय में ध्वम् के स्थान में) ध्वात् आदेश हो जाता है)।

...ध्वान्त – VII. ii. 18

देखें – क्षुब्धस्वान्त० VII. ii. 18

ध्वान्त = ढका हुआ, अन्धकार।

ध्वे – VII. ii. 78

(ईड तथा जन् धातु से उत्तर) ध्व (तथा से सार्वधातुक) को (इट् आगम होता है)।

...ध्वोः – VIII. ii. 37

देखें – स्ध्वोः VIII. ii. 37

न

न्... – VI.i. 3

देखें – न्द्राः VI. i. 3

न – प्रत्याहारसूत्र VII

भगवान् पाणिनि द्वारा अपने सप्तम प्रत्याहार सूत्र में पठित पञ्चम वर्ण।

पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का उन्नीसवां वर्ण।

न – I. i. 4

(जिस आर्धधातुक को निमित्त मानकर धातु के अवयव का लोप हुआ हो, उसी आर्धधातुक को निमित्त मानकर इक् के स्थान में जो गुण, वृद्धि प्राप्त होते हैं, वे) नहीं होते।

न – I. i. 10

(स्थान और प्रयत्न तुल्य होने पर भी अच् और हल् की परस्पर सवर्ण संज्ञा) नहीं होती।

न – I. i. 28

(बहुव्रीहि समास में सर्वादियों की सर्वनाम संज्ञा) नहीं होती।

न – I. i. 43

निषेध (और विकल्प की विभाषा संज्ञा होती है)।

न – I. i. 57

(पदान्त, द्विर्वचन, वरे, यलोप, स्वर, सवर्ण, अनुस्वार, दीर्घ, जश्, चर् – इनकी विधियों में परनिमित्तक अजादेश स्थानिवत्) नहीं होता।

न – I. i. 62

(लुक्, श्लु और लुप् शब्दों के द्वारा जहाँ प्रत्यय का अदर्शन किया गया हो, उसके परे रहते जो अङ्ग, उसको जो प्रत्ययलक्षण कार्य प्राप्त हों, वे) नहीं हों।

न – I. ii. 18

(सेट् क्त्वा प्रत्यय कित्) नहीं होता है।

न – I. ii. 37

(सुब्रह्मण्या नाम वाले निगद में एकश्रुति) नहीं होती (किन्तु उस निगद में वर्तमान स्वरित को उदात्त तो हो जाता है)।

न – I. iii. 4

(विभक्ति में वर्तमान अन्तिम तवर्ग, सकार और मकार इत्सञ्ज्ञक) नहीं होते।

न – I. iii. 15

(गत्यर्थक तथा हिंसार्थक धातुओं से क्रिया के अदल-बदल अर्थ में आत्मनेपद) नहीं होता।

न – I. iii. 58

(अनु उपसर्गपूर्वक सन्नन्त ज्ञा धातु से आत्मनेपद) नहीं होता है।

न – I. iii. 89

(पा, दमि, आङ्पूर्वक यम, आङ्पूर्वक यस, परिपूर्वक मुह, रुचि, नृति, वद, वस् – इन ण्यन्त धातुओं से परस्मैपद) नहीं होता)।

न – I. iv. 4

(इयङ् उवङ् आदेश होता है जिन ईकारान्त ऊकारान्त स्त्री की आख्यावाले शब्दों को, उनकी नदी-संज्ञा) नहीं होती, (स्त्री शब्द को छोड़कर)।

न – II. ii. 10

(निर्धारण में वर्तमान षष्ठ्यन्त सुबन्त का समर्थ सुबन्त के साथ समास) नहीं होता।

न – II. iii. 69

(ल, उ, उक, अव्यय, निष्ठा, खलर्थ, तृन् – इन के प्रयोग में षष्ठी विभक्ति) नहीं होती।

न – II. iv. 14

(दधिपय आदि द्वन्द्व शब्दरूप एकवद्) नहीं होते।

न — II. iv. 61

(गोत्रवाची तौल्वलि आदि शब्दों से विहित जो युवापत्यार्थक-प्रत्यय, उसका लुक्) नहीं होता।

न — II. iv. 67

(गोपवनादि शब्दों से परे गोत्रप्रत्यय का तत्कृत बहुवचन में लुक्) नहीं होता है।

न — II. iv. 83

(अदन्त अव्ययीभाव से उत्तर सुप् का लुक्) नहीं होता, (अपितु पञ्चमीभिन्न सुप् प्रत्यय के स्थान में अम् आदेश हो जाता है)।

न — III. i. 47

(दृश् धातु से च्लि के स्थान में क्स आदेश) नहीं होता (लुङ् परे रहने पर)।

न — III. i. 51

(ऊन, ध्वन, इल, अर्द—इन ण्यन्त धातुओं से उत्तर वेदविषय में च्लि के स्थान में चङ् आदेश नहीं होता।

न — III. i. 64

(रुधिर् धातु से उत्तर च्लि के स्थान में चिण् आदेश) नहीं होता, (कर्मकर्त्ता में, त शब्द परे रहते)।

न — III. i. 89

(दुह्, स्नु तथा नम् धातुओं को कर्मवद्भाव में कहे हुए कार्य यक् और चिण्) नहीं होते।

न — III. ii. 23

(शब्द, श्लोक, कलह, गाथा, वैर, चाटु, सूत्र, मन्त्र, पद—इन कर्मों के उपपद रहते कृञ् धातु से ट प्रत्यय) नहीं होता है।

न — III. ii. 113

(यत् शब्द सहित अभिज्ञावचन उपपद हो तो अनद्यतन भूतकाल में धातु से लृट् प्रत्यय) नहीं होता।

न — III. ii. 152

(यकारान्त धातुओं से तच्छीलादि कर्त्ता हों तो वर्तमानकाल में युच् प्रत्यय) नहीं होता।

न — III. iii. 135

(क्रियाप्रबन्ध तथा सामीप्य गम्यमान हो तो धातु से अनद्यतन के समान प्रत्ययविधि) नहीं होती।

न — III. iv. 23

(समानकर्त्तावाले धातुओं में से पूर्व एवं पर कालवाची अर्थ में वर्तमान धातु से यद् शब्द उपपद होने पर क्त्वा, णमुल् प्रत्यय) नहीं (होते, यदि अन्य वाक्य की आकाङ्क्षा न रखने वाला वाक्य अभिधेय हो)।

न — IV. i. 10

(षट्संज्ञक प्रातिपदिकों से तथा स्वस्रादि प्रातिपदिकों से स्त्रीलिङ्ग में विहित प्रत्यय) नहीं होते।

न — IV. i. 22

(अदन्त अपरिमाण, बिस्त, आचित और कम्बल्य अन्त वाले द्विगुसंज्ञक प्रातिपदिकों से तद्धित के लुक् हो जाने पर स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय) नहीं होता।

न — IV. i. 56

(क्रोडादि स्वाङ्गवाची उपसर्जन तथा बह्वच् अदन्त स्वाङ्गवाची उपसर्जन जिनके अन्त में हैं, उन प्रातिपदिकों से स्त्रीलिङ्ग में ङीप्) नहीं होता।

न — IV. i. 176

(क्षत्रियाभिधायी जनपदवाची प्राग्देशीय शब्द तथा भर्गादि, यौधेयादि शब्दों से उत्पन्न जो तद्राजसंज्ञक प्रत्यय, उनका स्त्रीत्व अभिधेय हो तो लुक्) नहीं होता।

न — IV. ii. 112

(प्राच्य भरत गोत्रवाची इञन्त द्व्यच् प्रातिपदिक से अण् प्रत्यय) नहीं होता।

न — IV. iii. 129

(षष्ठीसमर्थ गोत्रवाची प्रातिपदिकों से 'इदम्' अर्थ में दण्डमाणव तथा अन्तेवासी अभिधेय हों तो वुञ् प्रत्यय) नहीं होता।

न — IV. iii. 148

(उकारवान् द्व्च् या द्व्य षष्ठीसमर्थ प्रातिपदिक से तथा वर्ध्र, बिल्व शब्दों से वेदविषय में मयट् प्रत्यय) नहीं होता।

न — V. i. 120

(यहां से आगे जो भाव प्रत्यय कहे जायेंगे, वे प्रत्यय नञ्पूर्ववाले तत्पुरुष से) नहीं होंगे; (चतुर, संगत, लवण, वट, युध, कत, रस तथा लस शब्दों को छोड़कर)।

...न... — V. ii. 100

देखें — शनेलचः V. ii. 100

न — V. iv. 5

(अर्धवाची शब्द उपपद हो तो क्तान्त प्रातिपदिक से कन् प्रत्यय) नहीं होता।

न — V. iv. 69

(पूजनवाची प्रातिपदिक से समासान्त प्रत्यय) नहीं होते।

न — V. iv. 89

(सङ्ख्या आदि वाले समाहार में वर्तमान तत्पुरुष समास में अहन् शब्द को अह्न आदेश) नहीं होता।

न — V. iv. 155

सञ्ज्ञाविषय में बहुव्रीहि समास में कप् प्रत्यय नहीं होता है।

न — VI. i. 3

(अजादि धातु के द्वितीय एकाच्–समुदाय के संयोग के आदि में स्थित न् द् तथा र् को द्वित्व) नहीं होता।

न — VI. i. 20

(वश् धातु को यङ् प्रत्यय के परे रहते सम्प्रसारण) नहीं होता।

न — VI. i. 37

(सम्प्रसारण के परे रहते सम्प्रसारण) नहीं होता।

न — VI. i. 45

(उपदेश में एजन्त व्येञ् धातु को लिट् लकार के परे रहते आकारादेश) नहीं होता।

न — VI. i. 96

(आम्रेडितसञ्ज्ञक जो अव्यक्तानुकरण का अत् शब्द, उसे इति परे रहते पररूप एकादेश) नहीं होता, (किन्तु आम्रेडित के अन्त्य तकार को विकल्प से पररूप एकादेश होता है, संहिता के विषय में)।

न — VI. i. 100

(अवर्ण से उत्तर इच् प्रत्याहार परे रहते पूर्व, पर के स्थान में पूर्वसवर्ण दीर्घ एकादेश) नहीं होता।

न — VI. i. 169

(ऊङ् तथा धातु का जो उदात्त के स्थान में हुआ यण् हल् पूर्व वाला हो तो उससे उत्तर अजादि सर्वनामस्थान- भिन्न विभक्ति को उदात्त) नहीं होता।

न — VI. i. 176

(गो, श्वन्, सु = प्रथमा के एकवचन परे रहते जो अवर्णान्त शब्द, राट्, अङ्, क्रुङ् तथा कृत् से जो कुछ भी स्वरविधान कहा है वह) नहीं होता।

न — VI. ii. 19

(ऐश्वर्यवाची तत्पुरुष समास में पति शब्द उत्तरपद रहते पूर्वपद भू, वाक्, चित् तथा दिधिषू शब्दों को प्रकृतिस्वर) नहीं होता।

न — VI. ii. 91

(भूत, अधिक, संजीव, मद्र, अश्मन्, कज्जल इन पूर्वपदों को अर्म शब्द उत्तरपद रहते आद्युदात्त) नहीं होता।

न — VI. ii. 101

(हास्तिन, फलक तथा मार्देय – इन पूर्वपद शब्दों को पुर शब्द उत्तरपद रहते अन्तोदात्त) नहीं होता।

न — VI. ii. 133

(आचार्य, राजन्, ऋत्विक्, संयुक्त तथा ज्ञाति की आख्या वाले पुत्र उत्तरपद स्थानीय तत्पुरुष समास में आद्युदात्त) नहीं होता।

न — VI. ii. 142

(देवतावाची द्वन्द्व समास में अनुदात्तादि उत्तरपद रहते पृथिवी, रुद्र, पूषन्, मन्थी को छोड़कर एक साथ पूर्व तथा उत्तरपद को प्रकृतिस्वर) नहीं होता।

न — VI. ii. 168

(बहुव्रीहि समास में अव्यय, दिक्शब्द, गो, महत्, स्थूल, मुष्टि, पृथु, वत्स– इनसे उत्तर स्वाङ्गवाची मुख शब्द उत्तरपद को अन्तोदात्त) नहीं होता।

न — VI. ii. 176

(बहु से उत्तर, बहुव्रीहि समास में अवयववाची गुणादिगणपठित शब्दों को अन्तोदात्त) नहीं होता।

न — VI. ii. 181

नि तथा वि उपसर्ग से उत्तर (अन्तः शब्द को अन्तोदात्त) नहीं होता।

न — VI. iii. 18

(इन्नन्त, सिद्ध तथा बध्नाति उत्तरपद रहते भी सप्तमी का अलुक्) नहीं होता।

न– VI. iii. 36

(ककार उपधा वाले स्त्री शब्द को पुंवद्भाव) नहीं होता।

न — VI. iv. 4

(तिसृ, चतसृ अङ्ग को नाम् परे रहते दीर्घ) नहीं होता।

न — VI. iv. 7

नकारान्त अङ्ग की (उपधाको नाम् परे रहते दीर्घ होता है)।

न — VI. iv. 30

(पूजा अर्थ में अञ्चु अङ्ग की उपधा के नकार का लोप) नहीं होता।

न — VI. iv. 39

(क्तिच् प्रत्यय परे रहते अनुदात्तोपदेश, वनति तथा तनोति आदि अङ्गों के अनुनासिक का लोप तथा दीर्घ) नहीं होता है।

न — VI. iv. 69

(घु, मा, स्था, गा, पा, हा तथा सा अङ्गों को ल्यप् परे रहते जो कुछ कहा है, वह) नहीं होता।

न — VI. iv. 74

(लुङ्, लङ् तथा लृङ् परे रहते जो अट्, आट् आगम कहे हैं, वे माङ् के योग में) नहीं होते।

न — VI. iv. 85

(भू तथा सुधी अङ्ग को यणादेश नहीं होता, (अजादि सुप् परे रहते)।

न — VI. iv. 126

(शस्, दद तथा वकार आदि वाली धातुओं के गुणादेश द्वारा निष्पन्न जो अकार, उसके स्थान में एत्त्व तथा अभ्यास लोप) नहीं होता, (कित्, ङित् लिट् एवं थल् परे रहते)।

न — VI. iv. 137

(वकार तथा मकार अन्त में हैं जिसके, ऐसे संयोग से उत्तर, तदन्त भसञ्ज्ञक अन् के अकार का लोप नहीं होता।

न — VI. iv. 170

(अपत्यार्थक अण् के परे रहते वर्मन् शब्द के अन् को छोड़कर जो मकार पूर्ववाला अन्, उसको प्रकृतिभाव) नहीं होता।

न — VII. i. 11

(ककाररहित इदम् तथा अदस् के भिस् को ऐस्) नहीं होता।

न — VIII. i. 26

(इतर शब्द से उत्तर सु तथा अम् के स्थान में वेद-विषय में अद्ड् आदेश) नहीं होता।

न — VII. i. 62

(लिट्-भिन्न इडादि प्रत्यय परे रहते रध आङ्ग को नुम् आगम) नहीं होता।

न — VII. i. 68

(केवल सु तथा दुर् उपसर्गों से उत्तर लभ् धातु को खल् तथा घञ् प्रत्यय परे रहते नुम् आगम) नहीं होता।

न — VIII. i. 78

(अभ्यस्त अङ्ग से उत्तर शतृ को नुम् आगम) नहीं होता।

न — VII. ii. 4

(परस्मैपदपरक इडादि सिच् परे रहते हलन्त अङ्ग को वृद्धि नहीं होती।

न — VII. ii. 8

(वशादि कृत् प्रत्यय परे रहते इट् का आगम) नहीं होता।

न — VII. ii. 39

(वृ तथा ऋकारान्त धातुओं से उत्तर इट् को लिङ् परे रहते दीर्घ) नहीं होता।

न — VII. ii. 59

(वृतु इत्यादि चार धातुओं से उत्तर सकारादि आर्धधातुक को परस्मैपद परे रहते इट् आगम) नहीं होता।

न — VII. iii. 3

(पदान्त यकार तथा वकार से उत्तर ञित्, णित्, कित् तद्धित परे रहते अङ्ग के अचों में (आदि अच् को वृद्धि) नहीं होती, किन्तु उन यकार वकार से पूर्व तो ऐच् = ऐ और औ आगम क्रमशः होते हैं)।

न — VII. iii. 6

(क्रिया के अदल-बदल अर्थ में पूर्व सूत्र से जो कुछ कहा है अर्थात् वृद्धिनिषेध और ऐच् आगम, वह) नहीं होता।

न — VII. iii. 22

(देवता द्वन्द्व में उत्तर पद के रूप में प्रयुक्त इन्द्र शब्द के अचों में आदि अच् को वृद्धि) नहीं होती।

न — VII. iii. 27

(अर्ध शब्द से परे परिमाणवाची शब्द के अचों में आदि अकार को वृद्धि) नहीं होती, (पूर्वपद को तो विकल्प से होती है; ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते)।

न — VII. iii. 34

(उपदेश में उदात्त तथा मकारान्त धातु को चिण् तथा ञित्, णित् कृत् परे रहते वृद्धि) नहीं होती (आङ्पूर्वक चम् धातु को छोड़कर)।

न — VII. iii. 45

(प्रत्यय में स्थित ककार से पूर्व या तथा सा के अकार के स्थान में इकारादेश) नहीं होता।

न — VII. iii. 59

(कवर्ग आदि वाले धातु के चकार तथा जकार के स्थान में कवर्गादेश) नहीं होता।

न — VII. iii. 87

(अभ्यस्तसञ्ज्ञक अङ्ग की लघु उपधा इक् को अजादि पित् सार्वधातुक परे रहते गुण) नहीं होता।

न — VII. iv. 2

(अक् प्रत्याहार के किसी अक्षर का लोप हुआ है जिस अङ्ग में, उसके तथा शासु अनुशिष्टौ एवं ऋदित् अङ्गों की उपधा को चङ्परक णि परे रहते ह्रस्व) नहीं होता।

न — VII. iv. 14

(कप् प्रत्यय परे रहते अण् = अ, इ, उ, ऋ को ह्रस्व) नहीं होता।

न — VII. iv. 35

(पुत्र शब्द को छोड़कर अवर्णान्त अङ्ग को वेद-विषय में क्यच् परे रहते जो कुछ कहा है, वह) नहीं होता।

न — VII. iv. 63

(कुङ् अङ्ग के अभ्यास को यङ् परे रहते चवर्गादेश) नहीं होता।

न — VIII. i. 24

(च, वा, ह, अह, एव – इनके योग में षष्ठ्यन्त, चतुर्थ्यन्त, द्वितीयान्त युष्मद्, अस्मद् शब्दों को पूर्व सूत्रों से प्राप्त वाम् नौ, आदि आदेश) नहीं होते।

न — VIII. i. 29

(पद से उत्तर लुडन्त तिङन्त को अनुदात्त) नहीं होता।

न — VIII. i. 37

(यावत् और यथा से युक्त अव्यवहित तिङन्त को पूजा-विषय में अनुदात्त) नहीं होता, (अर्थात् अनुदात्त ही होता है)।

न — VIII. i. 51

(गति अर्थवाले धातुओं के लोट् लकार से युक्त लृन्त तिङन्त को अननुदात्त नहीं होता, यदि कारक सारा अन्य) न हो तो।

न — VIII. i. 73

(समान अधिकरण वाला आमन्त्रित पद परे हो तो उससे पूर्ववाला आमन्त्रित पद अविद्यमान के समान) न हो।

न — VIII. ii. 3

(ना परे रहते मुभाव असिद्ध) नहीं होता।

न — VIII. ii. 8

(प्रातिपदिक के अन्त का जो नकार, उसका ङि तथा सम्बुद्धि परे रहते लोप) नहीं होता।

न — VIII. ii. 57

(ध्यै, ख्या, पृ, मूर्च्छा, मदी – इन धातुओं के निष्ठा के तकार को नकारादेश) नहीं होता।

न — VIII. ii. 79

(रेफ तथा वकारान्त भसञ्ज्ञक को एवं कुर्, छुर् धातु की उपधा को दीर्घ) नहीं होता।

न — VIII. iii. 110

(रेफ परे है जिससे उसके सकार को तथा सृप्लृ, सृज, स्पृश, स्पृह एवं सवनादिगणपठित शब्दों के सकार को इण् तथा कवर्ग से उत्तर मूर्धन्य आदेश) नहीं होता।

न — VIII. iv. 33

(उपसर्ग में स्थित निमित्त से उत्तर भा, भू, पूञ्, कमि, गमि, ओप्यायी तथा वेप् – इन धातुओं से विहित कृत्स्थ नकार को अच् से उत्तर णकार आदेश) नहीं होता।

न — VIII. iv. 41

(पदान्त टवर्ग से उत्तर सकार और तवर्ग को षकार और टवर्ग) नहीं होता, (नाम् को छोड़कर)।

न — VIII. iv. 47

(आक्रोश गम्यमान हो तो आदिनी शब्द परे रहते पुत्र शब्द को द्वित्व) नहीं होता।

न — VIII. iv. 66

(उदात्त उदय = परे है जिससे एवं स्वरित उदय = परे है जिससे, ऐसे अनुदात्त को स्वरित आदेश) नहीं होता, (गार्ग्य, काश्यप तथा गालव आचार्यों के मत को छोड़कर)।

नः — I. iv. 15

नकारान्त शब्दरूप (पदसंज्ञक होते हैं; क्यच्, क्यङ् तथा क्यष् परे रहते)।

नः — IV. i. 33

(पति शब्द से यज्ञसंयोग गम्यमान होने पर ङपि प्रत्यय और) नकार अन्तादेश भी हो जाता है।

नः — IV. i. 39

(वर्णवाची अदन्त अनुपसर्जन अनुदात्तान्त तकार उपधावाले प्रातिपदिकों से विकल्प से स्त्रीलिङ्ग में ङपि् प्रत्यय तथा तकार को) नकारादेश हो जाता है।

नः — VI. i. 63

(धातु के आदि में णकार के स्थान में उपदेश अवस्था में) नकार आदेश होता है।

न :— VI. i. 99

('प्रथमयोः पूर्वसवर्णः' VI. i. 98 सूत्र से किये हुये पूर्वसवर्ण दीर्घ से उत्तर शस् के अवयव सकार को) नकार आदेश होता है, (पुल्लिङ्ग में)।

नः — VI. iv. 144

(भसञ्ज्ञक) नकारान्त अङ्ग के (टि भाग का लोप होता है, तद्धित प्रत्यय परे रहते)।

नः — VII. i. 29

(युष्मद् तथा अस्मद् अङ्ग से उत्तर शस् के स्थान में) नकारादेश होता है।

नः — VII. ii. 64

(मकारान्त धातु पद को) नकारादेश होता है।

नः — VIII. ii. 42

(रेफ तथा दकार से उत्तर निष्ठा के तकार को) नकारादेश होता है (तथा निष्ठा के तकार से पूर्व के दकार को भी नकारादेश होता है)।

नः — VIII. iv. 1

(रेफ तथा षकार से उत्तर) नकार को (णकारादेश होता है, एक ही पद में)।

नः — VIII. iii. 7

(प्रशान् को छोड़कर) नकारान्त पद को (अम्परक छव् प्रत्याहार परे रहते रु होता है, संहिता में)।

नः — VIII. iii. 24

(अपदान्त) नकार को (तथा चकार से मकार को भी झल् परे रहते अनुस्वार आदेश होता है)।

नः — VIII. iii. 27

(नकारपरक हकार परे रहते पदान्त मकार को विकल्प से) नकारादेश होता है।

नः — VIII. iii. 30

नकारान्त पद से उत्तर (भी सकारादि पद को विकल्प से धुट् का आगम होता है)।

नः — VIII. iv. 26

(धातु में स्थित निमित्त से उत्तर तथा उरु एवं षु शब्द से उत्तर) नस् शब्द के (नकार को भी वेद-विषय में णकारादेश होता है)।

...नकुल... — VI. iii. 74

देखें— नभ्राण्नपात्० VI. iii. 74

...नक्तंदिव... — V. iv. 77

देखें— अचतुर० V. iv. 77

...नक्र... — VI. iii. 74

देखें— नभ्राण्नपात्० VI. iii. 74

...नक्षत्र... — VI. iii. 74

देखें — नभ्राण्नपात्० VI. iii. 74

नक्षत्रद्वन्द्वे — I. ii. 63

(तिष्य तथा पुनर्वसु शब्दों के) नक्षत्रविषयक द्वन्द्व समास में (बहुवचन के स्थान में नित्य ही द्विवचन हो जाता है)

नक्षत्रात् — IV. iv. 141

नक्षत्र प्रातिपदिक से (वेद-विषय में घ प्रत्यय होता है)।

नक्षत्रात् — VIII. iii. 100

(गकारभिन्न से परे) नक्षत्रवाची शब्दो से उत्तर (सकार को एकार परे रहते सञ्ज्ञा-विषय में विकल्प से मूर्धन्य आदेश होता है)।

नक्षत्रे — I. ii. 60

(फल्गुनी और प्रोष्ठपद) नक्षत्रविषयक (द्वित्व) अर्थ में (भी बहुत्व विकल्प करके होता है)।

नक्षत्रे — II. iii. 45

नक्षत्रवाची (लुबन्त) शब्द से (तृतीया और सप्तमी विभक्ति होती है)।

नक्षत्रे — III. i. 116

नक्षत्र अभिधेय होने पर (पुष्य और सिद्ध्य शब्द क्रमशः पुष् और सिध् धातुओं से क्यप् प्रत्ययान्त निपातन हैं, अधिकरण कारक में)।

नक्षत्रेण — IV. ii. 3

नक्षत्रविशेषवाची तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से ['उन नक्षत्रों से युक्त काल' कहने में यथाविहित (अण्) प्रत्यय होता है]।

...नक्षत्रेभ्यः — IV. iii. 16

देखें— सन्धिवेलाद्यृतु० IV. iii. 16

नक्षत्रेभ्यः— IV. iii. 37

नक्षत्रवाची प्रातिपदिकों से (जातार्थ में उत्पन्न प्रत्यय का बहुल करके लुक् होता है)।

नख — IV. i. 58

देखें — नखमुखात् IV. i. 58

...नख... — VI. iii. 74

देखें — नभ्राण्नपात्० VI. iii. 74

नखमुखात् — IV. i. 58

नखशब्दान्त तथा मुखशब्दान्त प्रातिपदिकों से (संज्ञा-विषय में स्त्रीलिङ्ग में ङीष् प्रत्यय नहीं होता)

...नखे... — III. ii. 34

देखें — मितनखे III. ii. 34

नगः — VI. iii. 76

(प्राणि-भिन्न अर्थ में वर्तमान) नग शब्द के (नञ् को प्रकृतिभाव विकल्प करके होता है)।

...नगर... — IV. ii. 141

देखें— कन्थापलद० IV. ii. 141

...नगराणाम् — VII. iii. 14

देखें — ग्रामनगराणाम् VII. iii. 14

नगरात् — IV. ii. 127

(निन्दा और नैपुण्य अभिधेय हों तो) नगर प्रातिपदिक से (शैषिक वुञ् प्रत्यय होता है)।

नगरान्ते — VII. iii. 24

(प्राच्य देश में) नगर अन्तवाला अङ्ग, उसके (पूर्वपद तथा उत्तरपद के अचों में आदि अच् को ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते वृद्धि होती है)।

नगरे — VI. i. 150

(कास्तीर तथा अजस्तुन्द शब्दों में सुट् आगम निपातन किया जाता है) नगर अभिधेय हो तो।

नगरे — VI. ii. 89

नगर शब्द उत्तरपद रहते (महत् तथा नव शब्द को छोड़कर पूर्वपद को आद्युदात्त होता है, यदि वह नगर उदीच्य प्रदेश का न हो तो)।

...नग्न... — III. ii. 56

देखें — आढ्यसुभग० III. ii. 56

नङ् — III. iii. 90

(यज, याच, यत, विच्छ, प्रच्छ, तथा रक्ष धातुओं से कर्तृ-भिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में) नङ् प्रत्यय होता है।

नजिङ् — III. ii. 172

स्वप् तथा तृष् धातुओं से तच्छीलादि कर्त्ता हों तो वर्तमानकाल में नजिङ् प्रत्यय होता है।

नञ् — II. ii. 6

'नञ्' इस अव्यय का (सुबन्त के साथ समास होता है और वह तत्पुरुष समास होता है)।

...नञ्... — IV. i. 57

देखें — **सहनञ्विद्यमान० IV. i. 57**

नञ्... — IV. i. 87

देखें — **नञ्स्नञौ IV. i. 87**

नञ्... — V. iv. 121

देखें — **नञ्दुःसुभ्यः V. iv. 121**

नञ्... — VI. ii. 172

देखें — **नञ्सुभ्याम् VI. ii. 172**

नञः — V. iv. 71

नञ् से परे (जो शब्द, तदन्त तत्पुरुष से समासान्त प्रत्यय नहीं होते)।

नञः — VI. ii. 116

नञ् से उत्तर (जर, मर, मित्र, मृत — इन उत्तरपद शब्दों को बहुव्रीहि समास में आद्युदात्त होता है)।

नञः — VI. ii. 154

(गुण के प्रतिषेध अर्थ में वर्त्तमान) नञ् से उत्तर (संपादि, अर्ह, हित, अलम् अर्थ वाले तद्धितप्रत्ययान्त उत्तरपद को अन्तोदात्त होता है)।

नञः — VI. iii. 72

नञ् के (नकार का लोप हो जाता है, उत्तरपद के परे रहते)।

नञः — VII. iii. 30

नञ् से उत्तर (शुचि, ईश्वर, क्षेत्रज्ञ, कुशल, निपुण — इन शब्दों के अचों में आदि अच् को वृद्धि होती है तथा पूर्वपद को विकल्प से होती है; ञित्, णित्, कित् तद्धित परे रहते)।

नञि — III. iii. 112

(क्रोधपूर्वक चिल्लाना गम्यमान हो तो) नञ् उपपद रहते (धातु से स्त्रीलिङ्ग कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में इनि प्रत्यय होता है)।

नञ्दुःसुभ्यः — V. iv. 121

नञ्, दुस् तथा सु शब्दों से उत्तर (जो हलि तथा सक्थि शब्द, तदन्त बहुव्रीहि से समासान्त अच् प्रत्यय विकल्प से होता है)।

नञ्पूर्वाणाम् — VII. iii. 47

पद के अन्त के (नकार को णकार आदेश नहीं होता)।

पदान्तस्य — VIII. iv. 58
पदान्त के (अनुस्वार को यय् परे रहते विकल्प से पर-सवर्णादेश होता है)।

पदान्तात् — VI. i. 73
(दीर्घ से उत्तर जो दकार है, उसके परे रहते दीर्घ को नित्य तुक् का आगम होता है, तथा) पदान्त (दीर्घ) से उत्तर (छकार परे रहते पूर्व पदान्त दीर्घ को विकल्प से तुक् आगम होता है, संहिता के विषय में)।

पदान्तात् — VI. i. 105
पदान्त (एङ् प्रत्याहार) से उत्तर (अकार परे रहते पूर्व, पर के स्थान में पूर्वरूप एकादेश होता है, संहिता के विषय में)।

पदान्तात् — VIII. iv. 34
पदान्त (षकार से उत्तर नकार को णकार आदेश नहीं होता)।

पदान्तात् — VIII. iv. 41
पदान्त (टवर्ग) से उत्तर (सकार और तवर्ग को षकार और टवर्ग नहीं होता, नाम् को छोड़कर)।

पदान्ताभ्याम् — VII. iii. 3
पदान्त (यकार तथा वकार) से उत्तर (ञित्, णित्, कित्, तद्धित परे रहते अङ्ग के अचों में आदि अच् को वृद्धि नहीं होती, किन्तु उन यकार, वकार से पूर्व तो क्रमशः ऐच् = ऐ, औ आगम होता है)।

...पदाम् — VII. iv. 54
देखें — मीमाघु० VII. iv. 54

पदार्थ... — I. iv. 95

देखें — **पदार्थसम्भावनान्ववसर्ग० I. iv. 95**

पदार्थसम्भावनान्ववसर्गगर्हासमुच्चयेषु — I. iv. 95

पदार्थ = अप्रयुक्त पद का अर्थ, सम्भावन = सम्भावना व्यक्तकरना, अन्ववसर्ग = कामचार अर्थात् करे या न करे, गर्हा = निन्दा तथा समुच्चय — इन अर्थों में (अपि शब्द की कर्मप्रवचनीय और निपात संज्ञा होती है।

पदास्वैरिबाह्यापक्ष्येषु — III. i. 119

पद, अस्वैरी = पराधीन, बाह्या = बाहर, पक्ष्य = पक्ष में रहने वाले– इन अर्थों में (भी ग्रह् धातु से क्यप् प्रत्यय होता है)।

...पदि... — III. iv. 56

देखें — **विशिपतिपदि० III. iv. 56**

पदे — I. iv. 75

(मध्ये), पदे (तथा निवचने) शब्द (भी कृञ् के योग में विकल्प से गति और निपातसंज्ञक होते हैं)।

पदे — VI. ii. 7

(अपदेशवाची तत्पुरुष समास में) पद शब्द उत्तरपद रहते (पूर्वपद को प्रकृतिस्वर होता है)।

...पदे — VI. ii. 191

देखें — **अकृत्पदे VI. ii. 191**

पदे — VIII. iii. 21

(अवर्ण पूर्ववाले पदान्त य्, व् का उञ्) पद के परे रहते (भी लोप होता है)।

पदे — VIII. iii. 47

(समास में अनुत्तरपदस्थ अधस् तथा शिरस् के विसर्जनीय को सकार आदेश होता है), पद शब्द परे रहते।

...पदेषु — III. ii. 23

देखें — **शब्दश्लोक० III. ii. 23**

पदोत्तरपदम् — IV. iv. 39

पद शब्द उत्तरपदवाले (द्वितीयासमर्थ) प्रातिपदिक से ('ग्रहण करता है'– अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

...पनिभ्यः — III. i. 28

देखें — **गुपूधूपविच्छि० III. i. 28**

पन्थ — IV. iii. 29

(सप्तमीसमर्थ पथिन् प्रातिपदिक से 'जात' अर्थ में वुन् प्रत्यय होता है तथा प्रत्यय के साथ-साथ पथिन् को) पन्थ आदेश (भी) होता है।

पन्थः — V. i. 75

(द्वितीयासमर्थ पथिन् प्रातिपदिक से 'नित्य ही जाता है' अर्थ में ण प्रत्यय होता है, तथा) उस प्रत्यय के सन्नियोग से पथिन् को पन्थ आदेश हो जाता है।

...पयस्... — VIII. iii. 53

देखें — **पतिपुत्र० VIII. iii. 53**

पयस् = दूध, पानी, वर्षा।

...पयसोः — IV. iv. 157

देखें — **गोपयसोः IV. iv. 157**

...पर... — I. i. 33

देखें — **पूर्वपरावरदक्षिणोत्तरापराधराणि I. i. 33**

पर = दूर।

पर... — III. iv. 18

देखें — **परावरयोगे III. iv. 18**

पर... — IV. iii. 5

देखें — **परावराधमोत्त० IV. iii. 5**

पर... — V. iii. 29

देखें — **परावराभ्याम् V. III. 29**

परः — I. i. 46

(अन्त्य अच् से) परे (मिदागम होता है)।

परः — I. iv. 108

(वर्णों के) अतिशयित = अत्यन्त (समीपता की संहिता संज्ञा होती है)।

परः — III. i. 2

(जिसकी प्रत्यय संज्ञा की गई है, वह जिस धातु या प्रातिपदिक से विधान किया जावे, उससे) परे होता है। (यह अधिकार भी पञ्चमाध्याय की समाप्ति तक जानना चाहिये)।

परः — VIII. iii. 4

(रु से पूर्व वर्ण, जो अनुनासिक से भिन्न है, उससे) परे (अनुस्वार आगम होता है)।

परक्षेत्रे — V. ii. 92

(क्षेत्रियच् शब्द का निपातन किया जाता है), दूसरे क्षेत्र = शरीर में (चिकित्सा किये जाने योग्य अर्थ में)।

परम् — I. iv. 2

(विप्रतिषेध = तुल्यबलविरोध होने पर) बाद वाले सूत्र से कथित (कार्य होता है)।

परम् — II. ii. 31

(राजदन्तादि-गणपठित शब्दों में उपसर्जन का) बाद में प्रयोग होता है।

परम् — VIII. i. 2

(उस द्वित्व किये हुये के) पर वाले शब्द की (आम्रेडित सञ्ज्ञा होती है)।

...परम...— II. i. 60

देखें — **सन्महत्परमो० II. i. 60**

परम = सबसे अधिक दूर, प्रमुख, सबसे अधिक ऊँचा, सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण।

....परमे... — VIII. iii. 97

देखें — **अम्बाम्बगोभूमि० VIII. iii. 97**

...परम्पर... — V. ii. 10

देखें — **परोवरपरम्पर० V. ii. 10**

परयोः — III. ii. 39

देखें — **द्विषत्परयोः III. ii. 39**

...परयोः — VI. i. 81

देखें — **पूर्वपरयोः VI. i. 81**

पररूपम् — VI. i. 90

(अवर्णान्त उपसर्ग से उत्तर एङ् आदिवाले धातु के परे रहते पूर्व, पर के स्थान में) पररूप एकादेश होता है।

परवत् — II. iv. 26

पर = उत्तरपद के समान (लिङ्ग होता है, द्वन्द्व और तत्पुरुष का)।

...परशव्ययोः — IV. iii. 165

देखें — **कंसीयपरशव्ययोः IV. iii. 165**

परश्वधात् — IV. iv. 58

(प्रहरण समानाधिकरणवाची प्रथमासमर्थ) परश्वध प्रातिपदिक से (षष्ठ्यर्थ में ठञ् प्रत्यय होता है और चकार से ठक् भी)।

परश्वध = कुल्हाड़ी, कुठार।

परसवर्णः — VIII. iv. 57

(अनुस्वार को यय् प्रत्याहारस्थ वर्ण परे रहते) परसवर्ण आदेश होता है।

परस्मिन् — I. i. 56

परनिमित्तक (अजादेश, पूर्व को विधि करने में स्थानिवत् हो जाता है)।

परस्मिन् — III. iii. 138

(भविष्यत्काल में) पहले भाग की (मर्यादा को कहना हो तो अनद्यतन की तरह प्रत्ययविधि विकल्प से नहीं होती, यदि वह कालविभाग अहोरात्रसम्बन्धी न हो तो)।

परस्मैपदम् — I. iii. 78

(जिन धातुओं से जिस विशेषण द्वारा आत्मनेपद का विधान किया है, उनसे अवशिष्ट धातुओं से कर्तृवाच्य में) परस्मैपद होता है।

परस्मैपदम् — I. iv. 98

(लादेश) परस्मैपदसंज्ञक होते हैं।

परस्मैपदम् — III. i. 90

(कुष और रञ्ज धातुओं से कर्मवद्भाव में श्यन् प्रत्यय और) परस्मैपद होता है, (प्राचीन आचार्यों के मत में)।

परस्मैपदानाम् — III. iv. 82

(लिट् लकार के) परस्मैपदसंज्ञक जो तिबादि आदेश, उनके स्थान में (यथासङ्ख्य करके णल्, अतुस्, उस्, थल्, अथुस्, अ, णल्, व, म– ये आदेश हो जाते हैं)।

परस्मैपदेषु — II. iv. 77

परस्मैपद परे रहते (गा, स्था, घुसञ्ज्ञक धातु, पा और भू — इन धातुओं से उत्तर सिच् का लुक् होता है)।

परस्मैपदेषु — III. i. 55

(कर्तृवाची लुङ्) परस्मैपद परे रहते (पुषादि, द्युतादि और लृदित् धातुओं से उत्तर च्लि को 'अङ्' आदेश होता है)।

परस्मैपदेषु — III. iv. 97

परस्मैपदविषय में (लेट्-लकार-सम्बन्धी इकार का भी विकल्प से लोप हो जाता है)।

परस्मैपदेषु — III. iv. 103

परस्मैपदविषयक (लिङ् लकार को यासुट् का आगम होता है और वह उदात्त तथा ङिद्वत् भी होता है)।

परस्मैपदेषु — VII. ii. 1

परस्मैपदपरक (सिच् के परे रहते इगन्त अङ्गों को वृद्धि होती है)।

परस्मैपदेषु — VII. ii. 40

परस्मैपदपरक (सिच् परे रहते भी वृ तथा ऋकारान्त धातुओं से उत्तर इट् को दीर्घ नहीं होता)।

परस्मैपदेषु — VII. ii. 58

(गम्लृ धातु से उत्तर सकारादि आर्धधातुक को) परस्मैपद परे रहते (इट् का आगम होता है)।

परस्मैपदेषु — VII. ii. 71

(ष्टुञ्, षुञ् तथा धूञ् से उत्तर) परस्मैपद परे रहते (सिच् को इट् का आगम होता है)।

परस्मैपदेषु — VII. iii. 76

(क्रमु अङ्गों को) परस्मैपदपरक (शित्) प्रत्यय परे रहते (दीर्घ होता है)।

परस्य — I. i. 33

पर को कहा गया कार्य (उस पर वाले के आदि अल् के स्थान में होवे)।

परस्य — VI. i. 108

(ख्य् और त्य् से) परे (सि तथा ङस्) के (अकार के स्थान में उकार आदेश होता है, संहिता के विषय में)।

परस्य — VI. iii. 7

(जिस सञ्ज्ञा से वैयाकरण ही व्यवहार करते हैं, उसको कहने में) पर शब्द (तथा चकार से आत्मन् शब्द) से उत्तर (भी चतुर्थी विभक्ति का अलुक् होता है)।

परस्य — VII. iii. 22

पर (इन्द्र शब्द) के (अचों में आदि अच् को वृद्धि नहीं होती)।

परस्य — VII. iii. 27

(अर्ध शब्द से) परे (परिमाणवाची शब्द के अचों में आदि अकार को वृद्धि नहीं होती, पूर्वपद को तो विकल्प से होती है; ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते)।

परस्य — VII. iv. 88

(चर् तथा फल् धातुओं से) पर के (अकार के स्थान में उकारादेश होता है; यङ् तथा यङ्लुक् परे रहते)।

परस्य — VIII. ii. 92

(अग्नीध् के प्रेषण में पद के आदि को प्लुत होता है, तथा उससे) परे को (भी होता है, यज्ञकर्म में)।

परस्य — VIII. iii. 118

(लिट् परे रहते षद् धातु के परवाले सकार को मूर्धन्य आदेश नहीं होता)।

पराङ्गवत् — II. i. 2

(आमन्त्रितसंज्ञक पद के परे रहते पूर्व के सुबन्त पद को) पर के अङ्ग के समान कार्य होता है, (स्वरविषय में)।

पराजेः — I. iv. 26

परापूर्वक 'जि' धातु के (प्रयोग में जो सहन नहीं किया जा सकता, ऐसे कारक की अपादान संज्ञा होती है)।

परादिः — VI. ii. 199

(वेदविषय में) उत्तरपद सक्थ शब्द के आदि को (बहुल करके अन्तोदात्त होता है)।

...पराभ्याम् — I. iii. 19

देखें — **विपराभ्याम् I. iii. 19**

...पराभ्याम् — I. iii. 39

देखें — **उपपराभ्याम् I. iii. 39**

...पराभ्याम् — I. iii. 79

देखें—**अनुपराभ्याम् I. iii. 79**

....परारि...— V. iii. 32

देखें — **सद्यःपरुत्० V. iii. 32**

परावरयोगे — III. iv. 20

जब पर का अवर के साथ या पूर्व का पर के साथ योग गम्यमान हो (तो भी धातु से क्त्वा प्रत्यय होता है)।

परावराधमोत्तमपूर्वात् — IV. iii. 5

पर, अवर, अधम, उत्तम— ये शब्द पूर्व में हैं जिनके, ऐसे (अर्ध शब्द) से (भी शैषिक यत् प्रत्यय होता है)।

परावराभ्याम् — V. iii. 29

(दिशा, देश तथा काल अर्थों में वर्त्तमान सप्तम्यन्त, पञ्चम्यन्त तथा प्रथमान्त) पर तथा अवर प्रातिपदिकों से (विकल्प से स्वार्थ में अतसुच् प्रत्यय होता है)।

परि...— I. iii. 18

देखें — **परिव्यवेभ्यः I. iii. 18**

...परि...— I. iv. 89

देखें — **प्रतिपर्यनवः I. iv. 89**

...परि...— II. i. 11

देखें — **अपपरिबहिरञ्चवः II. i. 11**

परि...— III. iii. 37

देखें — **परिन्योः III. iii. 37**

परि... — IV. iii. 61

देखें — **पर्यनुपूर्वात् IV. iii. 61**

परि...— V. iii. 9

देखें — **पर्यभिभ्याम् V. iii. 9**

परि...— VI. ii. 33

देखें — **परिप्रत्युपापाः VI. ii. 33**

परि...— VIII. iii. 70

देखें — **परिनिविभ्यः VIII. iii. 70**

...परि...— VIII. iii. 72

देखें — **अनुविपर्य० VIII. iii. 72**

परिक्रयणे — I. iv. 44

परिक्रयण में (जो साधकतम कारक, उसकी विकल्प से सम्प्रदान संज्ञा होती है, पक्ष में करण संज्ञा)।

परिक्रयण = नियत समय तक वेतनादि द्वारा कर्ज चुकाना।

परिक्लिश्यमाने — III. iv. 55

चारों ओर से क्लेश को प्राप्त (स्वाङ्गवाची द्वितीयान्त) शब्द उपपद हो तो (भी धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

...परिक्षिप...— III. ii. 142

देखें—सम्पृचानुरुध० — III. ii. 142

...परिक्षिप... — III. ii. 146

देखें — **निन्दहिंस० III. ii. 146**

परिखायाः — V. i. 17

(प्रथमासमर्थ) 'परिखा' प्रातिपदिक से (षष्ठ्यर्थ एवं सप्तम्यर्थ में ठञ् प्रत्यय होता है, यदि वह प्रथमासमर्थ प्रातिपदिक स्यात् = 'सम्भव हो' क्रिया के साथ समानाधिकरणवाला हो तो)।

परिचाय्य...— III. i. 131

देखें — **परिचाय्योपचाय्य० III. i. 131**

परिचाय्योपचाय्यसमूह्याः — III. i. 131

(अग्नि अभिधेय हो तो) परिचाय्य, उपचाय्य, समूह्य— ये शब्द निपातन किये जाते हैं।

परिजय्य...— V. i. 92

देखें — **परिजय्यलभ्यकार्य० V. i. 92**

परिजय्यलभ्यकार्यसुकरम् — V. i. 92

(तृतीयासमर्थ कालवाची प्रातिपदिकों से) परिजय्य = 'जीता जा सकता है', लभ्य = 'प्राप्त करने योग्य' कार्य = 'किया जा सके' तथा सुकरम् = 'सुगमता से किया जा सके'— इन अर्थों में (यथाविहित ठञ् प्रत्यय होता है)।

परिजातः — V. ii. 67

(तृतीयासमर्थ सस्य प्रातिपदिक से) 'सब ओर से उत्पन्न' अर्थ में (कन् प्रत्यय होता है)।

परिणा — II. i. 10

(सुबन्त) 'परि' के साथ (अक्ष, शलाका और संख्यावाचक शब्दों का अव्ययीभाव समास होता है)।

...परिदह...— III. ii. 142

देखें — **सम्पृचानुरुध० III. ii. 142**

...परिदेवि...— III. ii. 142

देखें — **सम्पृचानुरुध० III. ii. 142**

परिनिविभ्यः — VIII. iii. 70

परि, नि तथा वि उपसर्ग से उत्तर (सेव, सित, सय, सिवु, सह, सुट् आगम, स्तु तथा स्वञ्ज् के सकार को मूर्धन्य

आदेश होता है; सित शब्द से पहले-पहले; अट्व्यवाय एवं अभ्यासव्यवाय में भी)।

परिन्योः — III. iii. 37

परि तथा नि उपपद रहते हुए (यथासंख्य नी तथा इण् धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में द्यूत तथा उचित आचरण के विषय में घञ् प्रत्यय होता है)।

परिपन्थम् — IV. iv. 36

(द्वितीयासमर्थ) परिपन्थ प्रातिपदिक से ('बैठता है' तथा 'मारता है' अर्थों में ठक् प्रत्यय होता है)।

परिपन्थि... — V. ii. 89

देखें — परिपन्थिपरिपरिणौ V. ii. 89

परिपन्थिपरिपरिणौ — V. ii. 89

(वेदविषय में) परिपन्थिन् और परिपरिन् शब्दों का निपातन किया जाता है; ('पर्यवस्थाता' = मार्ग का आरोधक वाच्य हो तो)।

...परिपरिणौ — V. ii. 89

देखें — परिपन्थिपरिपरिणौ V. ii. 89

...परिपूर्वात् — V. i. 91

देखें — सम्परिपूर्वात् V. i. 91

परिप्रत्युपापाः — VI. ii. 33

(पूर्वपदभूत) परि, प्रति, उप, अप — इन शब्दों को (वर्ज्यमान तथा दिन एवं रात्रि के अवयववाची शब्दों के परे रहते प्रकृतिस्वर हो जाता है)।

...परिप्रश्नयोः — III. iii. 110

देखें — आख्यानपरिप्रश्नयोः III. iii. 110

...परिभिः — II. iii. 10

देखें — अपाङ्परिभिः० II. iii. 10

...परिभू... — III. ii. 157

देखें — जिदृक्षि० III. ii. 157

...परिभ्यः — I. iii. 21

देखें — अनुसम्परिभ्यः I. iii. 21

...परिभ्यः — I. iii. 83

देखें — व्याङ्परिभ्यः० I. iii. 83

...परिभ्यः — VIII. iii. 96

देखें — विकुशमि० VIII. iii. 96

...परिभ्याम् — VI. i. 132

देखें — सम्परिभ्याम् VI. i. 132

...परिमाण... — II. iii. 46

देखें — प्रातिपदिकार्थलिङ्ग० II. iii. 46

...परिमाण... — V. i. 38

देखें — असंख्यापरिमाण० V. i. 38

परिमाणम् — V. i. 56

(प्रथमासमर्थ) परिमाणवाची प्रातिपदिकों से (षष्ठ्यर्थ में यथाविहित प्रत्यय होते हैं)।

...परिमाणम् — VI. ii. 55

देखें — हिरण्यपरिमाणम् VI. ii. 55

परिमाणस्य — VII. iii. 26

(अर्ध शब्द से उत्तर) परिमाणवाची उत्तरपद के (अचों में आदि अच् को वृद्धि होती है, पूर्वपद को तो विकल्प से होती है; ञित्, णित् तथा कित् तद्धित प्रत्यय परे रहते)।

परिमाणाख्यायाम् — III. iii. 20

(सब धातुओं से) परिमाण की आख्या = कथन गम्यमान होने पर (घञ् प्रत्यय होता है)।

परिमाणात् — IV. iii. 153

(षष्ठीसमर्थ) परिमाणवाची प्रातिपदिकों से (क्रीतार्थ में कहे गये प्रत्ययविकार अवयव अर्थों में भी होते हैं)।

...परिमाणात् — V. i. 19

देखें — अगोपुच्छसंख्या० V. i. 19

परिमाणान्तस्य — VII. iii. 17

परिमाणवाची शब्द अन्त में है जिस अङ्ग के, उसके (सङ्ख्यावाची शब्द से उत्तर उत्तरपद के अचों में आदि अच् को ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते वृद्धि होती है, सञ्ज्ञा-विषय एवं शाण शब्द उत्तरपद को छोड़कर)।

परिमाणिना — II. ii. 5

परिमाणिवाचक शब्दों के साथ (कालवाचक सुबन्त समास को प्राप्त होते हैं और वह तत्पुरुष समास होता है)।

परिमाणे — III. ii. 33

परिमाण-वाचक उपपद रहते ('पच्' धातु से खश् प्रत्यय होता है)।

परिमाणे — III. iii. 66

परिमाण गम्यमान होने पर (पण् धातु से नित्य ही कर्तृ-भिन्न कारकसंज्ञा तथा भाव में अप् प्रत्यय होता है)।

परिमाणे — IV. iii. 150

(षष्ठीसमर्थ सुवर्णवाची प्रातिपदिकों से) परिमाण जाना जाये (तो विकार अभिधेय होने पर अण् प्रत्यय होता है)।

परिमाणे — V. ii. 39

(प्रथमासमर्थ) परिमाणसमानाधिकरणवाची (यत्, तत्, तथा एतद् प्रातिपदिकों से षष्ठ्यर्थ में वतुप् प्रत्यय होता है)।

परिमुखम् — IV. iv. 29

(द्वितीयासमर्थ) परिमुख प्रतिपदिक से (भी 'वर्तते' अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

परिमुख = मुंह के सामने।

...परिमुह... — I. iii. 89

देखें — पादम्याङ्यमाङ्यस० I. iii. 89

...परिमुह ...— III. ii. 142

देखें — सम्पृचानुरुध० III. ii. 142

परिमृज ... — III. ii. 5

देखें — परिमृजापनुदोः III. ii. 5

परिमृजापनुदोः — III. ii. 5

(तुन्द तथा शोक कर्म उपपद रहते यथासङ्ख्य करके) परिपूर्वक मृज तथा अपपूर्वक नुद् धातु से (क प्रत्यय होता है)।

...परमे...— VIII. iii. 97

देखें — अम्बाम्ब० VIII. iii. 97

...परिरट...— III. ii. 142

देखें — सम्पृचानुरुध० III. ii. 142

परिरट = चीखना, चिल्लाना।

... परिरट ...— III. ii. 146

देखें — निन्दहिंस० III. ii. 146

...परिवद ... — III. ii. 142

देखें — सम्पृचानुरुध० III. ii. 142

...परिवादि...— III. ii. 146

देखें — निन्दहिंस० III. ii. 146

परिवापणे — V. iv 67

(मद्र प्रातिपदिक से कृञ् के योग में डाच् प्रत्यय होता है) मुण्डन वाच्य हो तो।

परिवृढः — VII. ii. 21

परिवृढ शब्द (निष्ठा परे रहते स्वामी अर्थ को कहने में निपातन किया जाता है)।

परिवृतः — IV. ii. 9

(तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से) 'ढका हुआ' – इस अर्थ में (यथाविहित प्रत्यय होता है, यदि वह ढका हुआ रथ हो तो)।

परिव्यवेभ्यः— I. iii. 18

परि, वि तथा अव उपसर्ग से उत्तर (डुक्रीञ् धातु से आत्मनेपद होता है)।

... परिव्राजकयोः — IV. i. 149

देखें — वेणुपरिव्राजकयोः IV. i. 149

... परिषदः — IV. iii. 122

देखें — पत्राध्वर्युपरिषदः IV. iii. 122

परिषदः — IV. iv. 44

(द्वितीयासमर्थ) परिषद् प्रातिपदिक से ('समवेत होता है' अर्थ में ण्य प्रत्यय होता है)।

परिषदः — IV. iv. 101

(सप्तमीसमर्थ) परिषद् प्रातिपदिक से (साधु अर्थ में ण्य प्रत्यय होता है)।

... परिषदः — V. ii. 112

देखें — रजःकृष्या० V. ii. 112

... परिसृ ...— III. ii. 142

देखें — सम्पृचानुरुध० III. ii. 142

परिस्कन्दः — VIII. iii. 75

परिस्कन्द शब्द में मूर्धन्याभाव निपातन है, (प्राग्देशी-यान्तर्गत भरतदेश के प्रयोग-विषय में)।

परीप्सायाम् — III. iv. 52

शीघ्रता गम्यमान हो तो (अपादान उपपद रहते धातु से णमुल् प्रत्यय होता है)।

परीप्सायाम् — VIII. i. 42

(पुरा शब्द से युक्त तिङन्त को भी) शीघ्रता अर्थ गम्यमान होने पर (अनुदात्त नहीं होता)।

परे — I. iv. 81

(वेद-विषय में गति, उपसर्गसंज्ञक शब्द धातु से) पर में (तथा पूर्व में भी) आते हैं।

परेः — I. iii. 82

परि उपसर्ग से उत्तर (मृष् धातु से परस्मैपद होता है)।

परेः — VI. i. 43

परि उपसर्ग से उत्तर (व्येञ् धातु को विकल्प करके सम्प्रसारण नहीं होता है)।

परेः — VI. ii. 182

परि उपसर्ग से उत्तर (अभितोभावी तथा मण्डल शब्द को अन्तोदात्त नहीं होता)।

परेः — VIII. i. 5

(छोड़ने अर्थ में वर्तमान) परि शब्द को (द्वित्व होता है)।

परेः — VIII. ii. 22

परि के (रेफ को भी घ तथा अङ्क शब्द पर रहते विकल्प से लत्व होता है)।

परेः — VIII. iii. 74

परि उपसर्ग से उत्तर (भी स्कन्द् के सकार को विकल्प से मूर्धन्य आदेश होता है)।

परोक्षे — III. ii. 115

(अनद्यतन) परोक्ष = जो अपनी इन्द्रियों से न देखा गया हो, (ऐसे भूतकाल में वर्तमान धातु से लिट् प्रत्यय होता है)।

परोवरपरम्परपुत्रपौत्रम् — V. ii. 10

(द्वितीयासमर्थ) परोवर, परम्पर तथा पुत्रपौत्र प्रातिपदिकों से ('अनुभव करता है' अर्थ में ख प्रत्यय होता है)।

परौ — III. iii. 38

परि पूर्वक (इण् धातु से क्रम परिपाटी गम्यमान होने पर कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

परौ — III. iii. 45

(यज्ञविषय में) परि पूर्वक (ग्रह् धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

परौ — III. iii. 55

तिरस्कार अर्थ में वर्तमान परिपूर्वक भू धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में विकल्प से घञ् प्रत्यय होता है, पक्ष में अप् प्रत्यय होता है)।

परौ — III. iii. 84

परि पूर्वक (हन् धातु से करण कारक में अप् प्रत्यय होता है तथा हन् के स्थान में घ आदेश भी होता है)।

परौ — VIII. iii. 51

(अधि के अर्थ में वर्तमान) परि शब्द के परे रहते (पञ्चमी के विसर्जनीय को सकारादेश होता है, वेद (विषय में)।

पर्पादिभ्यः — IV. iv. 10

(तृतीयासमर्थ) पर्पादि प्रातिपदिकों से ('चरति' अर्थ में ष्ठन् प्रत्यय होता है)।

पर्प = पहिए वाली कुर्सी।

पर्यनुपूर्वात् — IV. iii. 61

परि, अनुपूर्वक (अव्ययीभावसंज्ञक ग्रामशब्दान्त सप्तमीसमर्थ प्रातिपदिक) से ('भव' अर्थ में ठञ् प्रत्यय होता है)।

पर्यभिभ्याम् — V. iii. 9

परि तथा अभि शब्दों से (भी तसिल् प्रत्यय होता है)।

पर्यवस्थातरि — V. ii. 89

(वेद-विषय में परिपन्थिन्, परिपरिन् शब्दों का निपातन किया जाता है) पर्यवस्थाता = मार्ग का अवरोधक वाच्य हो तो।

पर्याप्तिवचनेषु III. iv. 77

(सामर्थ्य अर्थवाले) परिपूर्णतावाची शब्दों के उपपद रहते (धातु से तुमन् प्रत्यय होता है)।

पर्याय... — III. iii. 111

देखें — **पर्यायार्हर्णोत्पत्तिषु III. iii. 111**

पर्यायार्हर्णोत्पत्तिषु — III. iii. 111

पर्याय = बारी, अर्ह = सामर्थ्य, ऋण और उत्पत्ति अर्थों में (धातु से स्त्रीलिङ्ग भाव में विकल्प से ण्वुच् प्रत्यय होता है)।

पर्याये — III. iii. 39

(वि और उप पूर्वक शीङ् धातु से) पर्याय = बारी गम्यमान होने पर (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

पर्यायेण — VII. iii. 31

(नञ् से उत्तर यथायथ तथा यथापुर अङ्गों के पूर्वपद एवं उत्तरपद के अचों में आदि अच् को) पर्याय = बारी-बारी से (वृद्धि होती है; ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते)।

...पर्वत... — IV. i. 103

देखें — **द्रोणपर्वत० IV. i. 103**

पर्वतात् — IV. ii. 142

पर्वत शब्द से (भी शैषिक छ प्रत्यय होता है)।

पर्वते — IV. iii. 91

(प्रथमासमर्थ) पर्वतवाची प्रातिपदिकों से ('वह इनका अभिजन' इस अर्थ में छ प्रत्यय होता है, आयुधजीवियों को कहने के लिए)।

पर्वते — V. iv. 147

पर्वत अभिधेय हो तो (बहुव्रीहि समास में त्रिककुत् शब्द निपातन किया जाता है)।

...पर्श्वादि... — V. iii. 117

देखें — **पर्श्वादियौधे० V. iii. 117**

...पलद... — IV. ii. 141

देखें — **कन्थापलद० IV. ii. 141**

पलद = छत के उपयोग में।

...पलद्यादि... — IV. ii. 109

देखें — **प्रस्थोत्तरपदपलद्यादि० IV. ii. 109**

पलल... — VI. ii. 128

देखें — **पललसूप० VI. ii. 128**

पलल = एक प्रकार की स्थलीय वनस्पति।

पललसूपशाकम् — VI. ii. 128

(मिश्रवाची तत्पुरुष समास में) पलल, सूप, शाक — इन उत्तरपद शब्दों को (आद्युदात्त होता है)।

पलाशादिभ्यः — IV. iii. 138

(षष्ठीसमर्थ) पलाशादि प्रातिपदिकों से (विकल्प से विकार, अवयव अर्थों में अञ् प्रत्यय होता है, पक्ष में औत्सर्गिक अण् होता है)।

...पलित... — II. i. 66

देखें — **खलतिपलितवलिन० II. i. 66**

...पलित... — III. ii. 56

देखें — **आढ्यसुभग० III. ii. 56**

...पशाम् — VII. iv. 86

देखें — **जपजभ० VII. iv. 86**

...पशु... — II. iv. 12

देखें — **वृक्षमृगतृण० II. iv. 12**

पशुषु — III. iii. 69

(सम्, उत् पूर्वक अज् धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में, समुदाय से) पशुविषय प्रतीत हो (तो अप् प्रत्यय होता है)।

पशौ — III. ii. 25

पशु कर्ता अभिधेय होने पर (दृति और नाथ कर्म उपपद रहते हृ धातु से इन् प्रत्यय होता है)।

पाणिघताडघौ — III. ii. 55

पाणिघ, ताडघ शब्दों में पाणि तथा ताड कर्म उपपद रहते हन् धातु से क प्रत्यय तथा हन् धातु के टि अर्थात् अन् भाग का लोप एवं ह् को घ् निपातन किया जाता है, शिल्पी कर्ता वाच्य हो तो)।

...पाणिन्धमाः — III. ii. 37

देखें — **उग्रम्पश्येरम्मद० III. ii. 37**

पाणौ — I. iv. 76

(हस्ते और) पाणौ शब्द (उपयमन = विवाह-विषय में हों तो नित्य ही उनकी कृञ् के योग में गति और निपात संज्ञा होती है)।

पाण्डुकम्बलात् — IV. ii. 10

(तृतीयासमर्थ) पाण्डुकम्बल प्रातिपदिक से ('ढका हुआ जो रथ' अर्थ में इनि प्रत्यय होता है)।

पाण्युपतापयोः — VII. iii. 11

(भुज तथा न्युब्ज शब्द क्रमशः) हाथ और उपताप अर्थ में (निपातन किये जाते हैं)।

उपताप = गर्मी, आंच, पीड़ा।

पाते — VI. iii. 70

(श्येन तथा तिल शब्द को) पात शब्द के उत्तरपद रहते (तथा य प्रत्यय के परे रहते मुम् आगम होता है)।

पातौ — VIII. iii. 52

पा धातु के प्रयोग परे हों तो (भी पञ्चमी के विसर्जनीय को बहुल करके सकार आदेश होता है, वेद-विषय में)।

...पात्र... — VIII. iii. 46

देखें — **कृकमि० VIII. iii. 46**

...पात्रम् — V. ii. 7

देखें — **पथ्यंग० V. ii. 7**

पात्रात् — V. i. 45

(षष्ठीसमर्थ) पात्र प्रातिपदिक से (ष्ठन् प्रत्यय होता है, 'खेत' अर्थ अभिधेय होने पर)।

...पात्रात् — V. i. 52

देखें — **आढकाचितपात्रात् V. i. 52**

पात्रात् — V. i. 67

(द्वितीयासमर्थ) पात्र प्रातिपदिक से ('समर्थ है' अर्थ में घन् और यत् प्रत्यय होते हैं)।

पात्रेसंम्मितादयः — II. i. 47

पात्रेसम्मित आदि शब्द (भी क्षेप गम्यमान होने पर समुदाय रूप से तत्पुरुषसमासान्त निपातन किये जाते हैं।

पात्रेसम्मित — अधिकतर भोजन के समय उपस्थित।

पाथस्... — IV. iv. 111

देखें — **पाथोनदीभ्याम् IV. iv. 111**

पाथस् = जल, वायु, आहार।

पाथोनदीभ्याम् — IV. iv. 111

(सप्तमीसमर्थ) पाथस् और नदी प्रातिपदिकों से (वेद-विषय में ड्यण् प्रत्यय होता है)।

पाद्... — VI. ii. 197

देखें — **पाद्दन्० VI. ii. 197**

...पाद... — V. i. 34

देखें — **पणपादमाष० V. i. 34**

पाद... — V. iv. 1

देखें — **पादशतस्य V. iv. 1**

पाद... — V. iv. 25

देखें — **पादार्घाभ्याम् V. iv. 25**

पादः — IV. i. 8

पादन्त प्रातिपदिक से (स्त्रीलिङ्ग में विकल्प से ङीप् प्रत्यय होता है)।

पादः — VI. iv. 130

(भसञ्ज्ञक) पादशब्दान्त अङ्ग को (पत् आदेश हो जाता है)।

...पादपात् — IV. iii. 118

देखें — **क्षुद्राभ्रमरवटर० IV. iii. 118**

पादपूरणम् — VI. i. 130

('सः' के सु का लोप हो जाता है, अच् परे रहते; यदि लोप होने पर) पाद की पूर्ति हो रही हो तो।

पादपूरणे — VIII. i. 7

(प्र, सम्, उप तथा उत् उपसर्गों को; पाद की पूर्ति करनी हो तो (द्वित्व हो जाता है)।

पादम्याड्यमाङ्यसपरिमुहरुचिनृतिवदवस: — I. iii. 89

पा, दमि, आङ्पूर्वक यम, आङ्पूर्वक यस, परिपूर्वक मुह, रुचि, नृति, वद, वस् — इन ण्यन्त धातुओं से परस्मैपद नहीं होता है।

पादविहरणे — I. iii. 41

पादविहरण= टहलना अर्थ में वर्तमान (वि पूर्वक क्रम् धातु से आत्मनेपद होता है)।

पादशतस्य — V. iii. 1

(सङ्ख्या आदि में है जिसके, ऐसे) पाद और शत शब्द अन्त वाले प्रातिपदिकों से ('वीप्सा' गम्यमान हो तो वुन् प्रत्यय होता है तथा प्रत्यय के साथ-साथ पाद तथा शत के अन्त का लोप भी होता है)।

पादस्य — V. iv. 138

उपमानवाचक हस्त्यादिवर्जित प्रातिपदिकों से उत्तर को पाद शब्द, उसका समासान्त लोप हो जाता है, बहुव्रीहि समास में)।

पादस्य — VI. iii. 51

पाद शब्द को (पद आदेश होता है; आजि, आति, ग तथा उपहत उत्तरपद परे रहते)।

पादान्ते — VII. i. 57

(वेद-विषय में) ऋचा के पाद के अन्त में वर्तमान (गो शब्द से उत्तर आम् को नुट् का आगम होता है)।

पादार्घाभ्याम् — V. iv. 25

पाद और अर्घ प्रातिपदिकों से (भी 'उसके लिये यह' अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

पाद्न्मूर्धसु — VI. ii. 197

(द्वि तथा त्रि से उत्तर) पाद, दत्, मूर्धन् इन शब्दों के उत्तरपद रहते (बहुव्रीहि समास में विकल्प से अन्तोदात्त होता है)।

पानम् — VII. iv. 1

(पूर्वपद में स्थित निमित्त से उत्तर) पान शब्द के (नकार को देश का अभिधान हो रहा हो तो णकारादेश होता है)।

पाप... — II. i. 53

देखें — पापाणके II. i. 53

...पाप... — III. ii. 89

देखें — सुकर्म० III. ii. 89

...पाप... — IV. i. 30

देखें — केवलमामक० IV. i. 30

पापम् — VI. ii. 68

(शिल्पिवाची शब्द उत्तरपद रहते) पाप शब्द को (भी विकल्प से आद्युदात्त होता है)।

...पापयोगात् — V. iv. 47

देखें — हीयमानपापयोगात् V. iv. 47

...पापवत्सु — VI. ii. 25

देखें — व्रज्यावम० VI. ii. 25

पापाणके — II. i. 53

(कुत्सनवाची) पाप और अणक शब्द (कुत्सितवाचक सुबन्तों के साथ विकल्प से तत्पुरुष समास को प्राप्त होते हैं)।

...पामादि... — V. ii. 100

देखें — लोमादिपामादि० V. ii. 100

पायौ — VIII. iii. 11

(स्वतवान् शब्द के नकार को रु होता है), पायु शब्द परे रहते।

पाय्य... — III. i. 129

देखें — पाय्यसान्नाय्य III. i. 129

...पारय... — VI. ii. 122

देखें — कंसमन्थ० VI. ii. 122

पाय्यसान्नाय्यनिकाय्यधाय्याः — III. i. 169

पाय्य, सान्नाय्य, निकाय्य, धाय्य – ये शब्द (यथासङ्ख्य करके मान, हवि, निवास तथा सामधेनी अभिधेय हो तो निपातन किये जाते हैं।

...पार... — III. ii. 48

देखें — अन्तात्यन्त० III. ii. 48

...पार... — VIII. iii. 53

देखें — पतिपुत्र० VIII. iii. 53

पारस्करप्रभृतीनि — VI. i. 151

पारस्कर इत्यादि शब्दों में (भी सुट् आगम निपातन किया जाता है, संज्ञा के विषय में)।

पारायण... — V. i. 72

देखें — पारायणतुरायण० V. i. 72

पारायणतुरायणचान्द्रायणम् — V. i. 71

(द्वितीयासमर्थ) पारायण, तुरायण तथा चान्द्रायण प्रातिपदिकों से ('बरतता है' अर्थ में यथाविहित ठञ् प्रत्यय होता है)।

पाराशर्य... — IV. iii. 110

देखें — **पाराशर्यशिलालिभ्याम् IV. iii. 110**

पाराशर्य = पाराशर की कृति।

पाराशर्यशिलालिभ्याम् — IV. iii. 110

(तृतीयासमर्थ) पाराशर्य, शिलालिन् प्रातिपदिकों से (यथासङ्ख्य करके भिक्षुसूत्र तथा नटसूत्र का प्रोक्त विषय कहना हो तो णिनि प्रत्यय होता है)।

...पारि... — III. i. 138

देखें — **लिम्पविन्द० III. i. 138**

पारे — II. i. 17

(मध्य और) पार शब्द (षष्ठ्यन्त सुबन्त के साथ विकल्प से अव्ययीभाव समास को प्राप्त होते हैं तथा समास के सन्नियोग से इन शब्दों को) एकारान्तत्व भी निपातन से हो जाता है।

पारेवडवा — VI. ii. 42

'पारेवडवा' इस समास किये हुये शब्द के (पूर्वपद को प्रकृतिस्वर होता है)।

पारेवडवा = विपरीत दिशा में घोड़ी के समान।

पार्श्वादियौधेयाभ्याम् — V. iii. 117

(शस्त्रों से जीविका कमाने वाले पुरुषों के समूहवाची पार्श्वादि तथा यौधेयादिगणपठित प्रातिपदिकों से (स्वार्थ में यथासंख्य करके अण् तथा अञ् प्रत्यय होते हैं)।

पार्श्वेन — V. ii. 75

तृतीयासमर्थ पार्श्व प्रातिपदिक से ('चाहता है' अर्थ में कन् प्रत्यय होता है)।

पाले — VI. ii. 78

(गो, तन्ति, यव — इन शब्दों को) पाल शब्द परे रहते (आद्युदात्त होता है)।

तन्ति = रस्सी, डोर।

पावयाङ्क्रियात् — III. i. 42

पावयाङ्क्रियात् शब्द वेदविषय में विकल्प से निपातित है, (साथ ही अभ्युत्सादयामकः, प्रजनयामकः, चिकयामकः, रमयामकः तथा विदामक्रन् शब्द भी वेदविषय में विकल्प से निपातित होते हैं)।

...पाश... — III. i. 25

देखें — **सत्यापपाश० III. i. 25**

पाशप् — V. iii. 47

('निन्दा' अर्थ में वर्तमान प्रातिपदिकों से) पाशप् प्रत्यय होता है।

पाशादिभ्यः — IV. ii. 48

(षष्ठीसमर्थ) पाशादि प्रातिपदिकों से (समूह अर्थ में य प्रत्यय होता है)।

...पिच्छादिभ्यः — V. ii. 100

देखें — **लोमादिपामादि० V. ii. 100**

...पिटच्... — V. ii. 33

देखें — **इनच्पिटच्० V. ii. 33**

पित् — III. iv. 92

(लोट् सम्बन्धी उत्तमपुरुष को आट् का आगम हो जाता है और वह उत्तम पुरुष) पित् (भी) माना जाता है।

पितरामातरा — VI. iii. 32

पितरामातरा — यह शब्द (भी वेदविषय में) निपातन किया जाता है।

पिता — I. ii. 70

(मातृ शब्द के साथ) पितृ शब्द (विकल्प से शेष रह जाता है, मातृ शब्द हट जाता है)।

...पितामहाः — VI. ii. 35

देखें — **पितृव्यमातुल० IV. ii. 35**

पिति — VI. i. 69

(ह्रस्वान्त धातु को) पित् (तथा कृत्) प्रत्यय के परे रहते (तुक् का आगम होता है)।

पिति — VI. i. 186

भी, ह्री, भृ, हु, मद, जन, धन, दरिद्रा तथा जागृ धातु के अभ्यस्त को पित् लसार्वधातुक परे रहते प्रत्यय से पूर्व को उदात्त होता है।

पिति — VII. iii. 87

(अभ्यस्तसञ्ज्ञक अङ्ग की लघु उपधा इक् को अजादि) पित् (सार्वधातुक) प्रत्यय के परे रहते (गुण नहीं होता)।

पितुः — IV. iii. 79

(पञ्चमीसमर्थ) पितृ प्रातिपदिक से ('आगत' अर्थ में यत् प्रत्यय होता है तथा चकार से ठञ् प्रत्यय होता है)।

...पितुर्भ्याम् — VIII. iii. 85

देखें — मातुःपितुर्भ्याम् VIII. iii. 85

...पितृ... — IV. ii. 30

देखें — वाय्वृतुपित्रुषसः IV. ii. 30

...पितृभ्याम् — VIII. iii. 84

देखें — मातृपितृभ्याम् VIII. iii. 84

पितृव्य... — IV. ii. 35

देखें — पितृव्यमातुल० IV. ii. 35

पितृव्यमातुलमातामहपितामहाः — IV. ii. 35

पितृव्य, मातुल, मातामह और पितामह शब्द निपातन किये जाते हैं।

पितृष्वसुः — IV. i. 132

पितृष्वसृ शब्द से (अपत्य अर्थ में छण् प्रत्यय होता है)।

...पितौ — III. i. 4

देखें — सुप्पितौ III. i. 4

...पिपर्त्योः — VII. iv. 77

देखें — अर्त्तिपिपर्त्योः VII. iv. 77

...पिपासा... — VII. iv. 34

देखें — अशनायोदन्य० VII. iv. 34

पिब... — VII. iii. 78

देखें— पिबजिघ्र० VII. iii. 78

पिबजिघ्रधमतिष्ठमनयच्छपश्यर्च्छधौशीयसीदाः — VII. iii. 78

(पा, घ्रा, ध्मा, ष्ठा, म्ना, दाण्, दृशिर्, ऋ, सृ, शद्लृ, षद्लृ — इन अङ्गों को शित् प्रत्यय परे रहते यथासङ्ख्य करके) पिब, जिघ्र, धम, तिष्ठ, मन, यच्छ, पश्य, ऋच्छ, धौ, शीय, सीद आदेश होते हैं।

पिबतेः — VII. iv. 4

पा पाने अङ्ग की (उपधा का चङ्परक णि परे रहते लोप होता है, तथा अभ्यास को ईकारादेश होता है)।

पिषः — III. iv. 35

(शुष्क, चूर्ण तथा रूक्ष कर्म उपपद रहते) पिष् धातु से (णमुल् प्रत्यय होता है)।

पिषः — III. iv. 38

(स्नेहवाची करण उपपद हो तो) पिष् धातु से (णमुल् प्रत्यय होता है)।

...पिषाम् — II. iii. 56

देखें — जासिनिप्रहण० II. iii. 56

पिष्टात् — IV. iii. 143

(षष्ठीसमर्थ) पिष्ट प्रातिपदिक से (भी विकार अर्थ में मयट् प्रत्यय होता है)।

...पिस... — III. ii. 175

देखें — स्थेशभास० III. ii. 175

पी — VI. i. 28

(ओप्यायी धातु को निष्ठा के परे रहते विकल्प से) पी आदेश होता है।

...पीड... — III. iv. 49

देखें — उपपीडरुधकर्षः III. iv. 49

...पीडाम् — VII. iv. 3

देखें — भ्राजभास० VII. iv. 3

...पीयूक्षाभ्यः — VIII. iv. 5

देखें— प्रनिरन्तः० VIII. iv. 5

पीलायाः — IV. i. 118

षष्ठीसमर्थ पीला प्रातिपदिक से (अपत्य अर्थ में विकल्प से अण् प्रत्यय होता है)।

पील्वादि... — V. ii. 24

देखें — पील्वादिकर्णादिभ्यः V. ii. 24

पील्वादिकर्णादिभ्यः — V. ii. 24

(षष्ठीसमर्थ) पील्वादि तथा कर्णादि प्रातिपदिकों से (यथासङ्ख्य करके 'पाक' तथा 'मूल' अर्थ अभिधेय हो तो कुणप् तथा जाहच् प्रत्यय होते हैं)।

पु... — VII. iv. 80

देखें — पुयण्ज्यपरे VII. iv. 80

...पु... — VIII. iv. 2

देखें — अट्कुप्वाङ्० VIII. iv. 2

पुक् — VII. iii. 36

(ऋ, ह्री, व्ली, री, क्नूयी, क्ष्मायी अङ्ग को तथा आकारान्त अङ्ग को णिच् परे रहते) पुक् आगम होता है।

पुगन्त... — VII. iii. 86
देखें — पुगन्तलघूपधस्य VII. iii. 86

पुगन्तलघूपधस्य — VII. iii. 86
पुक् परे रहने पर तत्समीपस्थ अङ्ग के इक् को तथा लघुसञ्ज्ञक इक् उपधा को (भी सार्वधातुक तथा आर्धधातुक प्रत्यय परे रहते गुण हो जाता है)।

पुच्छ... — III. i. 20
देखें — पुच्छभाण्डचीवरात् III. i. 20

...पुच्छ... — V. i. 19
देखें — अगोपुच्छ० V. i. 19

पुच्छभाण्डचीवरात्— III. i. 20
पुच्छ, भाण्ड, चीवर — इन (कर्मों) से (णिङ् प्रत्यय होता है, क्रियाविशेष को कहने में)।

...पुञ्जि... — VIII. iii. 97
देखें — अम्बाम्ब० VIII. iii. 97

पुण्यम् — VI. ii. 152
(सप्तम्यन्त से परे उत्तरपद) पुण्य शब्द को (अन्तोदात्त होता है)।

...पुण्यात् — V. iv. 87
देखें — सर्वैकदेश० V. iv. 87

...पुण्येषु — III. ii. 89
देखें — सुकर्म० III. ii. 89

...पुत्र... — VIII. iii. 53
देखें — पतिपुत्र० VIII. iii. 53

पुत्रः — VI. ii. 132
(तत्पुरुष समास में पुँल्लिङ्गवाची शब्द से उत्तर) पुत्र शब्द उत्तरपद को (आद्युदात्त होता है)।

पुत्रपत्योः — VI. i. 13
(ष्यङ् को सम्प्रसारण होता है), यदि पुत्र तथा पति शब्द उत्तरपद हों तो (तत्पुरुष समास में)।

...पुत्रपौत्रम् — V. ii. 10
देखें — परोवरपरम्पर० V. ii. 10

पुत्रस्य — VIII. iv. 47
(आक्रोश गम्यमान हो तो आदिनी शब्द परे रहते) पुत्र शब्द को (द्वित्व नहीं होता)।

पुत्रात् — V. i. 39
(षष्ठीसमर्थ) पुत्र प्रातिपदिक से ('कारण' अर्थ में छ तथा यत् प्रत्यय होते हैं, यदि वह कारण संयोग वा उत्पात हो तो)।

पुत्रान्तात् — IV. i. 159
(गोत्र से भिन्न वृद्धसंज्ञक) पुत्रान्त प्रातिपदिक से [फिञ् प्रत्यय (पूर्वसूत्रविहित) परे रहते पर विकल्प से कुक् आगम होता है]।

पुत्रे — VI. iii. 21
पुत्र शब्द उत्तरपद रहते (आक्रोश गम्यमान होने पर विकल्प करके षष्ठी का अलुक् होता है)।

...पुत्रौ — I. ii. 68
देखें — भ्रातृपुत्रौ I. ii. 68

...पुनर्वसु... — IV. iii. 34
देखें — श्रविष्ठाफल्गुन्यनु० IV. iii. 34

पुनर्वस्वोः — I. ii. 61
वेदविषय में पुनर्वसु (नक्षत्र) के (द्वित्व अर्थ में विकल्प से एकत्व होता है)।

...पुनर्वस्वोः — I. ii. 63
देखें — तिष्यपुनर्वस्वोः I. ii. 63

...पुम्... — VI. i. 165
देखें — ऊडिदम्० VI. i. 165

पुम् — VII. iv. 19
(पत्लृ अङ्ग को अङ् परे रहते) पुम् आगम होता है।

पुमः — VIII. iii. 6
(अम् प्रत्याहार परे है जिससे, ऐसे खय् के परे रहते) पुम् को (रु आदेश होता है, संहिता में)।

पुमान् — I. ii. 67
पुँल्लिङ्ग शब्द (स्त्रीलिङ्ग शब्द के साथ शेष रह जाता है, यदि उन शब्दों में स्त्रीत्व पुंस्त्वकृत ही विशेष हो, अन्य प्रकृति आदि सब समान ही हो)।

पुम्भ्यः — VI. ii. 132
(तत्पुरुष समास में) पुँल्लिङ्गवाची शब्दों से उत्तर (पुत्र शब्द उत्तरपद को आद्युदात्त होता है)।

पुंयोगात् — IV. i. 48
पुरुष के साथ सम्बन्ध होने के कारण (जो प्रातिपदिक स्त्रीलिङ्ग में वर्तमान हो तथा पुँल्लिङ्ग को पहले कह चुका हो, ऐसे अदन्त अनुपसर्जन) प्रातिपदिक से (ङीष् प्रत्यय होता है)।

पुंवत् — I. ii. 66
(गोत्रप्रत्ययान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द युवप्रत्ययान्त के साथ शेष रह जाता है और गोत्रप्रत्ययान्त शब्द को) पुँल्लिङ्ग के समान कार्य (भी) होता है,(यदि उन दोनों में वृद्धयुव -प्रत्यय –निमित्तक ही वैरूप्य हो और सब समान हो)।

पुंवत् — VI. iii. 33
(एक ही अर्थ में अर्थात् एक ही प्रवृत्तिनिमित्त को लेकर भाषित= कहा है पुँल्लिङ्ग अर्थ को जिसने,ऐसे ऊङ्वर्जित भाषितपुंस्क स्त्री शब्द के स्थान में) पुँल्लिङ्गवाची शब्द के समान रूप हो जाता है; (पूरणी तथा प्रियादिवर्जित स्त्रीलिङ्ग समानाधिकरण उत्तरपद रहते)।

पुंवत् — VI. iii. 41
(कर्मधारय समास में तथा जातीय एवं देशीय प्रत्ययों के परे रहते ऊङ्वर्जित भाषितपुंस्क स्त्री शब्द को) पुंवद्भाव हो जाता है।

पुंवद् — VII. i. 74
(तृतीया विभक्ति से लेकर आगे की विभक्तियों के परे रहते भाषितपुंस्क नपुंसकलिङ्ग वाले इगन्त अङ्ग को गालव आचार्य के मत में) पुंवद्भाव हो जाता है।

पुंसः — VII. i. 89
पुंस् अङ्ग के स्थान में (सर्वनामस्थान परे रहते असुङ् आदेश होता है)।

...पुंसाभ्याम् — IV. i. 87
देखें — स्त्रीपुंसाभ्याम् IV. i. 87

पुंसि — II. iv. 29
(रात्र, अह्न, अह — ये कृतसमासान्त शब्द) पुँल्लिङ्ग में होते हैं।

पुंसि — II. iv. 31
(अर्धर्च आदि शब्द) पुँल्लिङ्ग (और नपुंसकलिङ्ग में होते हैं।

पुंसि — III. iii. 118
(धातु से करण और अधिकरण कारक में) पुँल्लिङ्ग में (प्रायः करके घ प्रत्यय होता है, यदि समुदाय से संज्ञा प्रतीत होती है)।

पुंसि — VI. i. 99
('प्रथमयोः पूर्वसवर्णः' सूत्र से किये हुये पूर्वसवर्ण दीर्घ से उत्तर शस् के अवयव सकार को नकार आदेश होता है); पुँल्लिङ्ग में।

पुंसि — VII. ii. 111
(इदम् शब्द के इद् रूप को) पुँल्लिङ्ग में (आ आदेश होता है, सु विभक्ति परे रहते)।

पुयण्जि — VII. vi. 80
(अवर्णपरक) पवर्ग, यण् तथा जकार पर वाले (उवर्णान्त अभ्यास को इकारादेश होता है, सन् परे रहते)।

पुर्... — V. iii. 39
देखें — पुरधवः V. iii. 39

...पुर्... — V. iv. 74
देखें — ऋक्पूरब्धू:० V. iv. 74

...पुर... — IV. ii. 121
देखें — प्रस्थपुर० IV. ii. 121

पुरः — I. iv. 67
(अव्यय) जो पुरस् शब्द,उसकी (क्रिया के योग में गति और निपात संज्ञा होती है)।

पुरगा... — VIII. iv. 4
देखें — पुरगामिश्रका० VIII. iv. 4

पुरगामिश्रकासिध्रकाशारिकाकोटराग्रेभ्यः — VIII. iv. 4
पुरगा, मिश्रका, सिध्रका, शारिका, कोटरा, अग्रे — इन शब्दों से उत्तर (वन शब्द के नकार को णकारादेश होता है, सञ्ज्ञाविषय में)।

पुरधवः — V. iii. 39
(दिशा, देश तथा काल अर्थों में वर्तमान सप्तम्यन्त, पञ्चम्यन्त तथा प्रथमान्त दिशावाची पूर्व, अधर तथा अवर प्रातिपदिकों से असि प्रत्यय होता है और प्रत्यय के साथ-साथ इन शब्दों को यथासंख्य करके) पुर्, अध् तथा अव् आदेश होते हैं।

...पुरन्दरौ— VI. iii. 68
देखें — वाचंयमपुरन्दरौ VI. iii. 68

...पुरश्चरण... — IV. iii. 72
देखें — द्व्यजृद्ब्राह्मणर्क्० IV. iii. 72

पुरस्... — III. ii. 18
देखें — पुरोऽग्रतो० III. ii. 18

...पुरसः — IV. ii. 98
देखें — दक्षिणापश्चात्० IV. ii. 98

...पुरसोः — VIII. iii. 40
देखें — **नमस्पुरसोः VIII. iii. 40**

पुरस्तात् — V. iii. 68
('किञ्चित् न्यून' अर्थ में वर्तमान सुबन्त से विकल्प से बहुच् प्रत्यय होता है और वह सुबन्त से) पूर्व में (ही होता है)।

पुरा — VIII. i. 42
पुरा शब्द से युक्त (तिङन्त को भी शीघ्रता अर्थ गम्यमान होने पर अनुदात्त नहीं होता)।

...पुराण... — II. i. 48
देखें — **पूर्वकालैकसर्वजरत्० II. i. 48**

पुराणप्रोक्तेषु — IV. iii. 105
(तृतीयासमर्थ प्रातिपदिक से) पुराणप्रोक्त (ब्राह्मण और कल्प अभिधेय हो तो प्रोक्त अर्थ में णिनि प्रत्यय होता है)।

...पुरानिपातयोः — III. ii. 4
देखें — **यावत्पुरानिपातयोः III. ii. 4**

पुरि — III. ii. 120
(स्म शब्द उपपदरहित) पुरा शब्द उपपद हो तो (अनद्यतन भूतकाल में धातु से लुङ् प्रत्यय विकल्प से होता है, चकार से लट् भी होता है)।

...पुरीष... — III. ii. 65
देखें — **कव्यपुरीष० III. ii. 65**

पुरीषे — IV. iii. 142
(षष्ठीसमर्थ गो प्रातिपदिक से भी) मल अभिधेय होने पर (मयट् प्रत्यय होता है)।

...पुरीष्येषु — III. ii. 65
देखें — **कव्यपुरीष० III. ii. 65**

...पुरु... — V. iv. 56
देखें — **देवमनुष्य० V. iv. 56**

...पुरुदंसः — VII. i. 94
देखें — **ऋदुशनस्पुरुदंसोनेहसाम् VII. i. 94**

पुरुष... — V. ii. 38
देखें — **पुरुषहस्तिभ्याम् V. ii. 38**

...पुरुष... — V. iv. 56
देखें — **देवमनुष्य० V. iv. 56**

पुरुषः — VI. ii. 190
(अनु उपसर्ग से उत्तर अन्वादिष्टवाची) पुरुष शब्द को (भी अन्तोदात्त होता है)।

...पुरुषयोः — III. iv. 43
देखें — **जीवपुरुषयोः III. iv. 43**

पुरुषहस्तिभ्याम् — V. ii. 38
(प्रथमासमर्थ प्रमाणसमानाधिकरणवाची) पुरुष तथा हस्तिन् प्रातिपदिकों से (षष्ठ्यर्थ में अण् तथा द्वयसच्, दघ्नच् और मात्रच् प्रत्यय होते हैं)।

पुरुषात् — IV. i. 24
(प्रमाण अर्थ में वर्तमान जो) पुरुष शब्द, (तदन्त अनुपसर्जन द्विगुसंज्ञक प्रातिपदिक) से (तद्धित का लुक् होने पर स्त्रीलिङ्ग में विकल्प से ङीप् प्रत्यय नहीं होता अर्थात् विकल्प से हो जाता है)।

...पुरुषाभ्याम् — V. i. 10
देखें — **सर्वपुरुषाभ्याम् V. i. 10**

...पुरुषायुष... — V. iv. 78
देखें — **अचतुरविचतुर० V. iv. 78**

पुरुषे — VI. iii. 105
पुरुष शब्द उत्तरपद हो, तो (कु शब्द को विकल्प से का आदेश हो जाता है)।

पुरे — VI. ii. 99
पुर शब्द उत्तरपद रहते (प्राच्य भारत के देशों को कहने में पूर्वपद को अन्तोदात्त होता है)।

पुरोऽग्रतोऽग्रेषु — III. ii. 18
पुरस्, अग्रतस्, अग्रे — ये अव्यय उपपद रहते (सृ धातु से ट प्रत्यय होता है)।

पुरोडाः — VIII. ii. 67
पुरोडाः शब्द दीर्घ किया हुआ सम्बुद्धि में निपातित है।

...पुरोडाशः — III. ii. 71
देखें — **श्वेतवहोक्थशस्० III. ii. 71**

...पुरोडाशात् — IV. iii. 70
देखें — **पौरोडाशपुरोडाशात् IV. iii. 70**

पुरोडाशे — IV. iii. 145
(षष्ठीसमर्थ व्रीहि प्रातिपदिक से) पुरोडाशरूप विकार अभिधेय होने पर (मयट् प्रत्यय होता है)।

...पुरोहितादिभ्यः — V. i. 127
देखें — पत्यन्तपुरोहिता० V. i. 127

पुवः — III. ii. 183
पूञ् धातु से (करण कारक में ष्ट्रन् प्रत्यय होता है, यदि वह करण कारक हल् तथा सूकर का अवयव हो तो)।

पुवः — III. ii. 185
पूञ् धातु से (संज्ञा गम्यमान हो, तो करण कारक में इत्र प्रत्यय होता है, वर्तमानकाल में)।

पुषः — III. iv. 40
(स्ववाची करण उपपद रहते) पुष् धातु से (णमुल् प्रत्यय होता है)।

पुषादि... — III. i. 55
देखें — पुषादिद्युताद्य्लृदितः III. i. 55

पुषादिद्युताद्य्लृदितः — III. i. 55
पुषादि, द्युतादि तथा लृदित् धातुओं से उत्तर (च्लि को अङ् आदेश होता है, कर्तृवाची लुङ् परस्मैपद परे रहते)।

पुष्करादिभ्यः — V. ii. 135
पुष्करादि प्रातिपदिकों से ('मत्वर्थ' में इनि प्रत्यय होता है, देश वाच्य होने पर)।

...पुष्प... — IV. i. 64
देखें — पाककर्णपर्ण० IV. i. 64

...पुष्प्यत् — IV. iii. 43
देखें — साधुपुष्प्यत्० IV. iii. 43

पुष्य... — III. i. 116
देखें — पुष्यसिद्ध्यौ III. i. 116

पुष्यसिद्ध्यौ — III. i. 116
(नक्षत्र अभिधेय हो तो अधिकरण कारक में) पुष्य और सिद्ध्य शब्द क्यप् प्रत्ययान्त निपातन किये जाते हैं।

...पू... — III. iii. 49
देखें — श्रयतियौति० III. iii. 49

...पू... — VIII. iv. 33
देखें — भाभूपू० VIII. iv. 33

पूः ... — III. ii. 41
देखें — पूःसर्वयोः III. ii. 41

पूःसर्वयोः — III. ii. 41
पुर् तथा सर्व (कर्म) के उपपद रहते (ण्यन्त 'दृ' विदारणे धातु से तथा सह् धातु से यथासंख्य करके खच् प्रत्यय होता है)।

...पूग... — V. ii. 52
देखें — बहुपूग० V. ii. 52

पूगात् — V. iii. 112
(ग्रामणी पूर्व अवयव न हो जिसके, ऐसे) पूगवाची = अर्थ और काम में आसक्त पुरुषों के नानाजातीय और अनियत वृत्तिवाला समूह, तद्वाची प्रातिपदिकों से (ञ्य प्रत्यय होता है, स्वार्थ में)।

पूगेषु — VI. ii. 28
पूगवाची = अर्थ और काम में आसक्त पुरुषों के नानाजातीय और अनियत वृत्तिवाला समूह, तद्वाची शब्द उत्तरपद रहते (कर्मधारय समास में कुमार शब्द को विकल्प से आद्युदात्त होता है)।

पूङ्... — III. ii. 128
देखें — पूङ्यजोः III. ii. 128

...पूङ्... — VII. ii. 74
देखें — स्मिपूङ्० VII. ii. 74

पूङः — I. ii. 22
'पूङ् पवने' धातु से परे (सेट् निष्ठा तथा सेट् क्त्वा प्रत्यय भी कित् नहीं होता है)।

पूङः— VII. ii. 51
पूङ् धातु से उत्तर (भी क्त्वा तथा निष्ठा को इट् आगम विकल्प से होता है)।

पूङ्यजोः — III. ii. 129
पूङ् तथा यज् धातुओं से (वर्तमान काल में शानन् प्रत्यय होता है)।

पूजनात् — V. iv. 69
पूजनवाची प्रातिपदिक से (समासान्त प्रत्यय नहीं होते)।

पूजनात् — VIII. i. 67
पूजनवाची शब्दों से उत्तर (पूजितवाची शब्दों को अनुदात्त होता है)।

पूजायाम् — I. iv. 93
पूजा अर्थ में (सु शब्द कर्मप्रवचनीय और निपात-संज्ञक होता है)।

पूजायाम् — II. ii. 12
पूजा अर्थ में (विहित क्त प्रत्ययान्त के साथ षष्ठ्यन्त सुबन्त का समास नहीं होता)।

पूजायाम् — VI. iv. 30

पूजा अर्थ में (अञ्चु अङ्ग की उपधा के नकार का लोप नहीं होता है)।

पूजायाम् — VII. i. 53

(अञ्चु धातु से उत्तर) पूजा अर्थ में (क्त्वा तथा निष्ठा को इट् आगम होता है)।

पूजायाम् — VIII. i. 37

(यावत् और यथा से युक्त अव्यवहित तिङन्त को) पूजा विषय में (अननुदात्त नहीं होता अर्थात् अनुदात्त ही होता है)।

पूजायाम् — VIII. i. 39

(तु, पश्य, पश्यत, अह – इनसे युक्त तिङन्त को) पूजा-विषय में (अनुदात्त नहीं होता)।

...पूजार्थेभ्यः — III. ii. 188
देखें — **मतिबुद्धि० III. ii. 188**

...पूजि... — III. iii. 105
देखें — **चिन्तिपूजि० III. iii. 105**

पूजितम् — VIII. i. 67

(पूजनवाची शब्दों से उत्तर) पूजितवाची शब्दों को (अनुदात्त होता है)।

पूज्यमानम् — II. i. 61

पूज्यमानवाची (सुबन्त) शब्द (वृन्दारक, नाग, कुञ्जर – इन समानाधिकरण सुबन्तों के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होता है और वह तत्पुरुष समास होता है)।

पूज्यमानैः — II. i. 60

(सत्, महत्, परम, उत्तम, उत्कृष्ट– ये शब्द समानाधिकरण) पूज्यमानवाची (सुबन्त) शब्दों के साथ (विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं और वह समास तत्पुरुषसंज्ञक होता है)।

...पूत... — VI. ii. 187
देखें — **स्फिगपूत० VI. ii. 187**

पूतक्रतोः — IV. i. 36

अनुपसर्जन पूतक्रतु प्रातिपदिक से (स्त्रीलिङ्ग में ङीप् प्रत्यय होता है तथा ऐकार अन्तादेश भी हो जाता है)।

पूतक्रतु = इन्द्र।

...पूति... — V. iv. 135
देखें — **उत्पूति० V. iv. 135**

पूरण... — II. ii. 11
देखें — **पूरणगुणसुहितार्थ० II. ii. 11**

पूरण... — V. i. 47
देखें — **पूरणार्धात् V. i. 47**

पूरणगुणसुहितार्थसदव्ययतव्यसमानाधिकरणेन — II. ii. 11

पूरण प्रत्ययान्त, गुणवाची शब्द, सुहित = तृप्ति अर्थ वाले, सत्सञ्ज्ञक प्रत्यय, अव्यय, तव्यप्रत्ययान्त तथा समानाधिकरणवाची शब्दों के साथ (षष्ठ्यन्त सुबन्त समास को प्राप्त नहीं होते)।

...पूरणयोः — VI. ii. 162
देखें — **प्रथमपूरणयोः VI. ii. 162**

पूरणात् — V. ii. 130

पूरण-प्रत्ययान्त शब्दों से (अवस्था गम्यमान हो तो 'मत्वर्थ' में इनि प्रत्यय होता है)।

पूरणात् — V. iii. 48

('भाग' अर्थ में वर्त्तमान) पूरणार्थक (तीय प्रत्ययान्त) प्रातिपदिकों से (स्वार्थ में अन् प्रत्यय होता है)।

पूरणार्द्धात् — V. i. 47

(प्रथमासमर्थ) पूरणवाची प्रातिपदिकों से तथा अर्ध प्रातिपदिक से (सप्तम्यर्थ में ठन् प्रत्यय होता है, यदि 'वृद्धि= व्याज के रूप में दिया जाने वाला द्रव्य, 'आय'= जमींदारों का भाग, 'लाभ'= मूल द्रव्य के अतिरिक्त प्राप्य द्रव्य, 'शुल्क'= राजा का भाग तथा 'उपदा' = घूस — ये 'दिया जाता है' क्रिया के कर्म हों तो)।

पूरणी... — V. iv. 116
देखें — **पूरणीप्रमाण्योः V. iv. 116**

पूरणीप्रमाण्योः — V. iv. 116

पूरण प्रत्ययान्त (जो स्त्रीलिङ्ग) शब्द तथा प्रमाणी अन्त-वाले (बहुव्रीहि) से (समासान्त अप् प्रत्यय होता है)।

पूरणे — V. ii. 48

(षष्ठीसमर्थ सङ्ख्यावाची प्रातिपदिकों से 'पूरण' अर्थ में (डट् प्रत्यय होता है)।

...पूरण्योः — VI. iii. 37
देखें — **संज्ञापूरण्योः VI. iii. 37**

पूरयितव्ये — VI. iii. 58

जिसे पूरा किया जाना चाहिये, तद्वाची (एक = असहाय हल् है आदि में) ऐसे शब्द के उत्तरपद रहते उदक शब्द के स्थान में (विकल्प करके उद आदेश होता है)।

...पूरि... — III. i. 61
देखें — **दीपजनबुध० III. i. 61**

पूरेः — III. iv. 31

(चर्म तथा उदर कर्म उपपद रहते) ण्यन्त पूरी धातु से (णमुल् प्रत्यय होता है)।

...पूरोः — III. iv. 44
देखें — **शुषिपूरोः III. iv. 44**

...पूर्ण... — VII. ii. 27
देखें — **दान्तशान्तपूर्ण० VII. ii. 27**

पूर्णात् — V. iv. 149

पूर्ण शब्द से उत्तर (काकुद शब्द का विकल्प से समासान्त लोप होता है, बहुव्रीहि समास में)।

पूर्व... — I. i. 33
देखें — **पूर्वपरावरदक्षिणोत्तरापराधराणि I. i. 33**

पूर्व... — II. i. 30
देखें — **पूर्वसदृशसमोनार्थ० II. i. 30**

पूर्व... — II. i. 57
देखें — **पूर्वापरप्रथम० II. i. 57**

पूर्व... — II. ii. 1
देखें — **पूर्वापराधरो० II. ii. 1**

पूर्व... — V. iii. 39
देखें — **पूर्वाधरा० V. iii. 39**

...पूर्व... — V. iii. 111
देखें — **प्रत्नपूर्व० V iii. 111**

पूर्व... — VI. i. 81
देखें — **पूर्वपरयोः VI. i. 81**

पूर्वः — I. i. 64

(अन्त्य अल् से) पूर्व वाला (अल् उपधासंज्ञक होता है)।

पूर्वः — VI. i. 4

(जो इस प्रकरण में द्वित्व कहा है, उन दोनों में) जो पूर्व है, वह (अभ्याससञ्ज्ञक होता है)।

पूर्वः — VI. i. 103

(अक् प्रत्याहार से उत्तर अम् विभक्ति के परे रहते) पूर्वरूप (एकादेश) होता है।

पूर्वः — VI. i. 131

(ककार से) पूर्व (सुट् का आगम होता है), यह अधिकार है।

पूर्वकाल... — II. i. 48
देखें — **पूर्वकालैकसर्वजरत्० II. i. 48**

पूर्वकाले — III. iv. 21

(दो क्रियाओं का एक कर्त्ता होने पर) उनमें से पूर्वकाल में वर्तमान (धातु से क्त्वा प्रत्यय होता है)।

पूर्वकालैकसर्वजरत्पुराणनवकेवलाः — II. i. 48

पूर्वकाल, एक, सर्व, जरत्, पुराण, नव, केवल — ये (सुबन्त) शब्द (समानाधिकरण सुबन्त के साथ विकल्प से समास को प्राप्त होते हैं और वह समास तत्पुरुषसंज्ञक होता है)।

पूर्वत्र — VIII. ii. 1

(यह अधिकार सूत्र है। यहां से आगे अध्याय की समाप्तिपर्यन्त) पूर्व-पूर्व की दृष्टि में अर्थात् सवा सात अध्याय में कहे गये सूत्रों की दृष्टि में (तीन पाद के सूत्र असिद्ध होते हैं)।

पूर्वपदम् — VI. ii. 1

(बहुव्रीहि समास में) पूर्वपद (प्रकृतिस्वर वाला होता है)।

पूर्वपदस्य — VII. iii. 19

(हृद्, भग, सिन्धु — ये शब्द अन्त में है जिन अङ्गों के, उनके) पूर्वपद के (तथा उत्तरपद के अचों में आदि अच् को भी ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते वृद्धि होती है)।

पूर्वपदात् — VIII. iii. 106

पूर्वपद में स्थित निमित्त से उत्तर (सकार को वेद-विषय में कई आचार्यों के मत में मूर्धन्य आदेश होता है)।

पूर्वपदात् — VIII. iv. 3

(गकारभिन्न) पूर्वपद में स्थित निमित्त से उत्तर संज्ञाविषय में नकार को णकारादेश होता है)।

पूर्वपरयोः — VI. i. 81

'पूर्व और पर दोनों के स्थान में (एक आदेश होगा', यह अधिकृत होता है)।

पूर्वपरावरदक्षिणोत्तरापराधराणि — I. i. 33

पूर्व, पर, अवर, दक्षिण, उत्तर, अपर, अधर शब्द (जस्-सम्बन्धी कार्य में विकल्प से सर्वनामसंज्ञक होते हैं, यदि संज्ञा से भिन्न व्यवस्था हो तो)।

पूर्वम् — II. ii. 30

(समास में उपसर्जनसंज्ञक का) पूर्व प्रयोग होता है।

पूर्वम् — VI. i. 186

(भी, ह्री, भृ, हु, मद, जन, धन, दरिद्रा तथा जागृ धातु के अभ्यस्त को पित् लसार्वधातुक परे रहते प्रत्यय से) पूर्व को (उदात्त होता है)।

पूर्वम् — VI. i. 213

(मतुप् से) पूर्व (आकार को उदात्त होता है, यदि वह मत्वन्त शब्द स्त्रीलिङ्ग में सञ्ज्ञाविषयक हो तो)।

पूर्वम् — VI. ii. 83

('ज' उत्तरपद रहते बहुत अच् वाले पूर्वपद के अन्त्य अक्षर से) पूर्व को (उदात्त होता है)।

पूर्वम् — VI. ii. 173

(नञ् तथा सु से उत्तर उत्तरपद के कप् के परे रहते) उससे पूर्व को (उदात्त होता है)।

पूर्वम् — VI. ii. 174

(नञ् तथा सु से उत्तर बहुव्रीहि समास में ह्रस्वान्त उत्त-रपद में अन्त्य से) पूर्व को (उदात्त होता है, कप् परे रहते)।

पूर्वम् — VIII. i. 72

(किसी पद से) पूर्व (आमन्त्रितसञ्ज्ञक पद हो तो वह आमन्त्रितपद अविद्यमान के समान माना जावे)।

पूर्वम् — VIII. ii. 98

(विचार्यमाण वाक्यों के पूर्ववाले वाक्य की टि को ही भाषाविषय में प्लुत उदात्त होता है)।

पूर्ववत् — I. iii. 61

(सन् प्रत्यय के आने से पूर्व जो धातु आत्मनेपदी रही हो, उससे सन्नन्त होने पर भी) पूर्व के समान (आत्मनेपद होता है)।

पूर्ववत् — II. iv. 27

पूर्व के समान (लिङ्ग होता है, अश्व और वडवा का द्वन्द्व समास करने पर)।

पूर्वविधौ — I. i. 56

पूर्व को विधि करने में (परनिमित्तक आदेश स्थानिवत् होता है)।

पूर्वसदृशसमोनार्थकलहनिपुणमिश्रश्लक्ष्णैः — II. i. 30

(तृतीयान्त सुबन्त का) पूर्व, सदृश, सम, ऊनार्थ, कलह, निपुण, मिश्र, श्लक्ष्ण — इन (सुबन्तों) के साथ (विकल्प से समास हो जाता है और वह समास तत्पुरुषसंज्ञक होता है)।

...पूर्वसवर्ण... — VII. i. 39

देखें — सुलुक्० VII. i. 39

पूर्वसवर्णः — VI. i. 98

(अक् प्रत्याहार के पश्चात् प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के अच् के परे रहते पूर्व, पर के स्थान में पूर्व) जो वर्ण, उसका सवर्ण (दीर्घ एकादेश) हो जाता है।

पूर्वस्मिन् — III. iv. 4

पूर्व के लोट्-विधायक सूत्र में (जिस धातु से लोट् का विधान किया गया हो, पश्चात् उसी धातु का अनुप्रयोग होता है)।

पूर्वस्य — I. i. 65

(सप्तमी विभक्ति से निर्देश किया हुआ जो शब्द, उससे अव्यवहित) पूर्व को कार्य होता है।

पूर्वस्य — I. iv. 40

(प्रति एवं आङ्पूर्वक श्रु धातु के प्रयोग में) पूर्व का (जो कर्त्ता, वह कारक सम्प्रदान-संज्ञक होता है)।

पूर्वस्य — VI. iii. 110

(ढ एवं रेफ को लोप हुआ है जिसके कारण, उसके परे रहते) पूर्व के (अण् को दीर्घ होता है)।

पूर्वस्य — VI. iv. 156

(स्थूल, दूर, युव, ह्रस्व, क्षिप्र, क्षुद्र — इन अङ्गों का पर जो यणादि भाग, उसका लोप होता है; इष्ठन् इमनिच् और ईयसुन् परे रहते तथा उस यणादि से) पूर्व को (गुण होता है)।

पूर्वस्य — VII. iii. 26

(अर्ध शब्द से उत्तर परिमाणवाची उत्तरपद के अचों में आदि अच् को वृद्धि होती है) पूर्वपद को (तो विकल्प से होती है; ञित्, णित् तथा कित् तद्धित परे रहते)।

पूर्वस्य — VII. iii. 44

(प्रत्यय में स्थित ककार से) पूर्व (अकार) के स्थान में (इकारादेश होता है, आप् परे रहते; यदि वह आप् सुप् से उत्तर न हो तो)।

पूर्वस्य — VIII. ii. 42

(रेफ तथा दकार से उत्तर निष्ठा के तकार को नकारादेश होता है, तथा निष्ठा के तकार से) पूर्व के (दकार को भी नकारादेश होता है)।

पूर्वस्य — VIII. ii. 107

(दूर से बुलाने के विषय से भिन्न विषय में अप्रगृह्य-सञ्ज्ञक एच् के) पूर्व के (अर्द्धभाग को प्लुत करने के प्रसङ्ग में आकारादेश होता है तथा उत्तरवाले भाग को इकार उकार (आदेश होते हैं)।

पूर्वस्य — VIII. iii. 2

(यहाँ से आगे जिसको रु विधान करेंगे, उससे) पूर्व के वर्ण को (तो विकल्प से अनुनासिक आदेश होता है, ऐसा अधिकार इस रुत्व-विधान-प्रकरण में समझना चाहिये)।

पूर्वस्य — VIII. iv. 60

(उत् उपसर्ग से उत्तर स्था तथा स्तम्भ् को) पूर्वसवर्ण आदेश होता है)।

पूर्वात् — V. ii. 86

प्रथमासमर्थ पूर्व प्रातिपदिक से ('इसके द्वारा' अर्थ में इनि प्रत्यय होता है)।

...पूर्वात् — V. iv. 98

देखें — **उत्तरमृगपूर्वात् V. iv. 98**

पूर्वादिभ्यः — VII. i. 16

पूर्व है आदि में जिसके, ऐसे पूर्वादिगणपठित (नौ सर्वनामों) से उत्तर (ङसि तथा ङि के स्थान में क्रमशः स्मात् तथा स्मिन् आदेश विकल्प से होते हैं)।

पूर्वाधरावराणाम् — V. iii. 39

विसारिणः — V. iv. 16
विसारिन् प्रातिपदिक से (स्वार्थ में अण् प्रत्यय होता है, मछली अभिधेय हो तो)।

विस्तात् — V. i. 31
(द्वि तथा त्रि शब्द पूर्ववाले) विस्तशब्दान्त द्विगुसञ्ज्ञक प्रातिपदिक से (भी 'तदर्हति'-पर्यन्त कथित अर्थों में उत्पन्न प्रत्यय का विकल्प से लुक् होता है)।

विस्पष्टादीनि — VI. ii. 24
(गुण को कहने वाले शब्दों के उत्तरपद रहते) विस्पष्टादि पूर्वपद को (तत्पुरुष समास में प्रकृतिस्वर होता है)।

विंशति... — V. i. 24
देखें — **विंशतित्रिंशद्भ्याम् V. i. 24**

...विंशति... — V. i. 58
देखें — **पंक्तिविंशति० V. i. 58**

...विंशतिक... — V. i. 27
देखें — **शतमानविंशतिक० V. i. 27**

विंशतिकात् — V. i. 32
(अर्ध्यर्द्ध शब्द पूर्ववाले तथा द्विगुसञ्ज्ञक विंशतिकशब्दान्त प्रातिपदिक से ('तदर्हति'-पर्यन्त कथित अर्थों में ख प्रत्यय होता है)।

विंशतित्रिंशद्भ्याम् — V. i. 24
विंशति तथा त्रिंशद् प्रातिपदिकों से ('तदर्हति'-पर्यन्त कथित अर्थों में ड्वुन् प्रत्यय होता है, सञ्ज्ञाभिन्न विषय में)।

...विंशतेः — V. ii. 46
देखें — शदन्तविंशतेः V. ii. 46

विंशतेः — VI. iv. 142
(भसञ्ज्ञक) विंशति अङ्ग के (ति का डित् प्रत्यय परे रहते लोप होता है)।

विंशत्यादिभ्यः — V. ii. 56
(षष्ठीसमर्थ) सङ्ख्यावाची विंशति आदि प्रातिपदिकों से (पूरण अर्थ में विहित डट् प्रत्यय को विकल्प से तमट् आगम होता है)।

वी — II. iv. 56
(अज् धातु के स्थान में घञ् और अपवर्जित आर्धधातुक परे रहते) वी आदेश होता है।

...वीणा... — III. i. 25
देखें — सत्यापपाश० III. i. 25

...वीणा... — VI. ii. 187
देखें — स्फिगपूत० VI. ii. 187

वीणायाम् — III. iii. 65
वीणा विषय होने पर (नी पूर्वक तथा अनुपसर्ग भी क्वण् धातु से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में विकल्प से अप् प्रत्यय होता है, पक्ष में घञ्)।

...वीप्सयोः — VIII. i. 4
देखें — नित्यवीप्सयोः VIII. i. 4

...वीप्सासु — I. iv. 89
देखें — लक्षणेत्थम्भूताख्यानभागवीप्सासु I. iv. 89

वीयतेः — VI. i. 53
(प्रजन अर्थ में वर्तमान) वी धातु के (एच् के स्थान में विकल्प से आकारादेश हो जाता है, णिच् परे रहते)।

वीर... — VI. ii. 120
देखें — वीरवीर्यौ VI. ii. 120

वीरवीर्यौ — VI. ii. 120
(बहुव्रीहि समास में सु से उत्तर) वीर तथा वीर्य शब्दों को (भी वेदविषय में आद्युदात्त होता है)।

...वीराः — II. i. 57
देखें — पूर्वापरप्रथमचरम० II. i. 57

...वीराः — III. iii. 96
देखें — वृषेष० III. iii. 96

...वीर्यौ — VI. ii. 120
देखें — वीरवीर्यौ VI. ii. 120

...वीवध — VI. iii. 59
देखें — मन्थौदन० VI. iii. 59

वुक् — IV. i. 125
(भ्रू प्रातिपदिक से अपत्य अर्थ में ढक् प्रत्यय होता है तथा भ्रू को) वुक् का आगम भी होता है।

वुक् — IV. ii. 120
(वर्णु नाम वाले देशविषयक कन्था प्रातिपदिक से) वुक् प्रत्यय होता है।

वुक् — VI. iv. 88
(भू अङ्ग को) वुक् आगम होता है, (लुङ् तथा लिट् अजादि प्रत्यय के परे रहते)।

...वुचौ — V. iii. 80
देखें — अडज्वुचौ V. iii. 80

वुञ् — III. ii. 146
(निन्द, हिंस, क्लिश, खाद, वि + नाश, परि + क्षिप्, परि + रट्, परि + वादि, वि + आ + भाष तथा असूय — इन धातुओं से तच्छीलादि कर्ता हों तो वर्तमानकाल में) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — IV. ii. 38
(षष्ठीसमर्थ गोत्रवाची शब्दों से तथा उक्षन्, उष्ट्र, उरभ्र, राजन्, राजन्य, राजपुत्र, वत्स, मनुष्य तथा अज शब्दों से समूह अर्थ में) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — IV. ii. 52
(षष्ठीसमर्थ राजन्यादि प्रातिपदिकों से 'विषयो देशे' अर्थ में) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ्... — IV. ii. 79
देखें — वुञ्छण्कठजिल० IV. ii. 79

वुञ् — IV. ii. 120
(देश में वर्तमान धन्ववाची तथा यकार उपधावाले वृद्धसंज्ञक प्रातिपदिकों से शैषिक) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — IV. ii. 133
(मनुष्य या मनुष्य में स्थित कोई कर्मादि अभिधेय हो तो कच्छादि प्रातिपदिकों से) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — IV. iii. 27

(सप्तमीसमर्थ शरद् प्रातिपदिक से जात अर्थ में संज्ञा-विषय होने पर) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — IV. iii. 45

(सप्तमीसमर्थ आश्वयुजी प्रातिपदिक से बोया हुआ अर्थ में) वुञ् प्रत्यय होता है।

आश्वयुजी = आश्विन मास की पूर्णिमा।

वुञ् — IV. iii. 49

(सप्तमीसमर्थ कालवाची ग्रीष्म और अवरसम प्रातिपदिकों से 'देयमृणे' अर्थ में) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — IV. iii. 77

(विद्यासम्बन्धवाची एवं योनिसम्बन्धवाची पञ्चमीसमर्थ प्रातिपदिकों से आगत अर्थ में) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — IV. iii. 99

(प्रथमासमर्थ भक्तिसमानाधिकरणवाची गोत्र आख्या वाले तथा क्षत्रिय आख्या वाले प्रातिपदिकों से बहुल करके) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — IV. iii. 117

(तृतीयासमर्थ कुलालादि प्रातिपदिकों से संज्ञा गम्यमान होने पर कृत अर्थ में) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ्—IV. iii. 125

(षष्ठीसमर्थ गोत्रवाची तथा चरणवाची प्रातिपदिकों से 'इदम्' अर्थ में) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — IV. iii. 154

(षष्ठीसमर्थ उष्ट्र प्रातिपदिक से विकार और अवयव अर्थों में) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ् — V. i. 131

(षष्ठीसमर्थ यकार उपधावाले गुरु है उपोत्तम जिसका, ऐसे प्रातिपदिक से भाव और कर्म अर्थों में) वुञ् प्रत्यय होता है।

वुञ्छण्कठजिलसेनिरढञ्ण्ययफक्फिञिञ्ञ्यकक्ठकः — IV. ii. 79

(अरीहण, कृशाश्व, ऋषि, कुमुद, काश, तृण, प्रेक्ष, अश्म, सखि, संकाश, बल, पक्ष, कर्ण, सुतङ्गम, प्रगदिन्, वराह, कुमुद आदि सत्रह गणों के प्रातिपदिकों से यथासङ्ख्य करके) वुञ्, छण्, क, ठच्, इल, स, इनि, र, ढञ्, ण्य, य, फक्, फिञ्, इञ्, ञ्य, कक्, ठक् चातुरर्थिक प्रत्यय होते हैं।

वुन् — III. i. 149

(प्र, सृ, लू धातुओं से समभिहार गम्यमान होने पर) वुन् प्रत्यय होता है।

वुन् — IV. ii. 60

(द्वितीयासमर्थ क्रमादि प्रातिपदिकों से अध्ययन तथा जानने का कर्ता अभिधेय होने पर) वुन् प्रत्यय होता है।

वुन् — IV. iii. 28

(सप्तमीसमर्थ पूर्वाह्ण, अपराह्ण, आर्द्रा, मूल, प्रदोष, अवस्कर प्रातिपदिकों से 'जात' अर्थ में) वुन् प्रत्यय होता है।

आर्द्रा = छठा नक्षत्र।

अवस्कर = विष्ठा, गुह्यदेश, गर्द।

वुन् — IV. iii. 48

(सप्तमीसमर्थ कालवाची कलापि, अश्वत्थ, यव, बुस शब्दों से) वुन् प्रत्यय होता है, ('देयमृणे' विषय में)।

कलापि = मोर, कोयल, अंजीरवृक्ष।

अश्वत्थ = पीपल का पेड़।

वुन् — IV. iii. 98

(प्रथमासमर्थ भक्तिसमानाधिकरणवाची वासुदेव तथा अर्जुन शब्दों से षष्ठ्यर्थ में) वुन् प्रत्यय होता है।

वुन् — IV. iii. 124

(षष्ठीसमर्थ द्वन्द्वसंज्ञक प्रातिपदिक से 'इदम्' अर्थ में वैर, मैथुनिक अभिधेय हों तो) वुन् प्रत्यय होता है।

मैथुनिक =

वुन् — V. ii. 62

(गोषदादि प्रातिपदिकों से मत्वर्थ में 'अध्याय' और 'अनुवाक' अभिधेय हों तो) वुन् प्रत्यय होता है।

वुन् — V. iv. 1

(सङ्ख्या आदि में है जिसके, ऐसे पाद और शत शब्द अन्तवाले प्रातिपदिकों से वीप्सा गम्यमान हो तो) वुन् प्रत्यय होता है (तथा प्रत्यय के साथ-साथ पाद और शत के अन्त का लोप भी हो जाता है)।

...वृ... — II. iv. 80
देखें — घसह्वरणश० II. iv. 80

...वृ... — III. i. 109
देखें — एतिस्तु० III. i. 109

वृ... — III. ii. 46
देखें — भृतवृ० III. ii. 46

वृ — III. iii. 48
(नि पूर्वक) वृ धातु से (धान्यविशेष को कहना हो तो कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

...वृ... — III. iii. 58
देखें — ग्रहवृद० III. iii. 58

...वृ... — VII. ii. 13
देखें — कृसृभृ० VII. ii. 13

वृ... — VII. ii. 38
देखें — वृतः VII.ii. 38

वृक... — V. iv. 41
देखें — वृकज्येष्ठाभ्याम् V. iv. 41

वृकज्येष्ठाभ्याम् — V. iv. 41
('प्रशंसाविशिष्ट' अर्थ में वर्तमान) वृक तथा ज्येष्ठ प्रातिपदिकों से (यथासंख्य करके तिल् तथा तातिल् प्रत्यय भी होते हैं, वेदविषय में)।

वृकात् — V. iii. 115
(अस्त्रों से जीविका कमाने वाले पुरुषों के समूहवाची, वृक प्रातिपदिक से (स्वार्थ में टेण्यण् प्रत्यय होता है)।

वृक्ष... — II. iv. 12
देखें — वृक्षमृगतृणधान्य० II. iv. 12

वृक्ष...— VIII. iii. 93
देखें — वृक्षासनयोः VIII. iii. 93

वृक्षमृगतृणधान्यव्यञ्जनपशुशकुन्यश्ववडवपूर्वापराधरोत्तराणाम् — II. iv. 12
वृक्ष, मृग, तृण, धान्य, व्यञ्जन, पशु, शकुनि और वडव, पूर्वापर, अधरोत्तरवाची शब्दों का (द्वन्द्व विकल्प से एकवद्भाव को प्राप्त होता है)।

वृक्षासनयोः — VIII. iii. 93
वृक्ष तथा आसन वाच्य हो तो (विष्टर शब्द में षत्व निपातन है)।

...वृक्षेभ्यः — IV. iii. 132
देखें — प्राण्योषधिवृक्षेभ्यः IV. iii. 132

...वृङः — III. ii. 155
देखें — जल्पभिक्ष० III. ii. 155

...वृच्— II. iv. 80
देखें — घसह्वरणश० II. iv. 80

...वृज्योः — IV. ii. 130
देखें — मद्रवृज्योः IV. ii. 130

वृणोतेः — III. iii. 54
(आच्छादन अर्थ में प्र पूर्वक) वृञ् धातु से (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में विकल्प से घञ् प्रत्यय होता है, पक्ष में अप् होता है)।

...वृति... — VI. iii. 115
देखें — नहिवृति० VI. iii. 115

...वृतु... — III. ii. 136
देखें — अलंकृञ्० III. ii. 136

वृत्तम् — IV. iv. 63
(अध्ययन में) वर्तमान (कर्म समानाधिकरणवाची प्रथमासमर्थ प्रातिपदिक से षष्ठ्यर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

वृत्तम् — VII. ii. 26
(अध्ययन को कहने में निष्ठा के विषय में) ण्यन्त वृति धातु का वृत्त शब्द निपातन किया जाता है।

वृत्ति... — I. iii. 38
देखें — वृत्तिसर्गतायनेषु I. iii. 38

वृत्ति... — IV. i. 42
देखें — वृत्यमत्रावपना० IV. i. 42

वृत्तिसर्गतायनेषु — I. iii. 38
वृत्ति = अनुरोध = विना रुकावट के चलना, सर्ग= उत्साह, तायन = विस्तार – इन अर्थों में (वर्तमान क्रम् धातु से आत्मनेपद होता है)।

वृत्यमत्रावपनाकृत्रिमाश्राणास्थौल्यवर्णानाच्छादनायोविकारमैथुनेच्छाकेशवेशेषु — IV. i. 42
(जानपद इत्यादि 11 प्रातिपदिकों से यथासंख्य करके) वृत्ति, अमत्रादि ग्यारह अर्थों में (स्त्रीलिङ्ग में ङीष् प्रत्यय होता है)।

...वृत्रेषु — III. ii. 87
देखें — ब्रह्मभ्रूण० III. ii. 87

वृद्ध... — IV. i. 169
देखें — वृद्धेत्कोसला० IV. i. 169

वृद्ध... — IV. iii. 141
देखें — वृद्धशरादिभ्यः IV. iii. 141

...वृद्ध... — VI. iv. 157
देखें — प्रियस्थिर० VI. iv. 157

वृद्धः — I. ii. 65
वृद्ध = गोत्रप्रत्ययान्त शब्द (युवा प्रत्ययान्त शब्द के साथ शेष रह जाता है, यदि वृद्ध-युवप्रत्ययनिमित्तक ही भेद हो तो)।

वृद्धम् — I. i. 72
(जिस समुदाय के अचों) में आदि अच् वृद्धिसंज्ञक हो, उस समुदाय की) वृद्ध संज्ञा होती है।

वृद्धशरादिभ्यः — IV. iii. 141
(भक्ष्य और आच्छादनवर्जित विकार और अवयव अर्थों में षष्ठीसमर्थ) वृद्धसंज्ञक तथा शरादि प्रातिपदिकों से (लौकिक प्रयोगविषय में नित्य ही मयट् प्रत्यय होता है)।

वृद्धस्य — V. iii. 62
वृद्ध शब्द के स्थान में (भी अजादि अर्थात् इष्ठन्, ईयसुन् प्रत्यय परे रहते ज्य आदेश होता है)।

वृद्धात् — IV. i. 148
(सौवीर गोत्र में वर्तमान) वृद्धसंज्ञक प्रातिपदिकों से (अपत्य अर्थ में बहुल करके ठक् प्रत्यय होता है, कुत्सन गम्यमान होने पर)।

वृद्धात् — IV. i. 157
(गोत्र से भिन्न जो) वृद्धसंज्ञक प्रातिपदिक, उससे (उदीच्य आचार्यों के मत में फिञ् प्रत्यय होता है)।

वृद्धात् — IV. ii. 113
वृद्धसंज्ञक प्रातिपदिक से (शैषिक छ प्रत्यय होता है)।

वृद्धात् — IV. ii. 119
(उवर्णान्त) वृद्धसंज्ञक (प्राग्देशवाची) प्रातिपदिकों से (शैषिक ठञ् प्रत्यय होता है)।

वृद्धात् — IV. ii. 140
(अक, इक अन्त वाले तथा खकार उपधावाले जो देशवाची) वृद्धसंज्ञक प्रातिपदिक, उनसे (शैषिक छ प्रत्यय होता है)।

वृद्धि... — V. i. 46
देखें — वृद्ध्यायलाभ० V. i. 46

वृद्धिः — I. i. 1
(आ, ऐ, औ की) वृद्धि संज्ञा होती है।

वृद्धिः — I. i. 72
(जिस समुदाय के अचों में आदि अच्) वृद्धिसंज्ञक = आ, ऐ, औ में से कोई हो, (उस समुदाय की वृद्ध संज्ञा होती है)।

वृद्धिः — VI. i. 85
(अवर्ण से उत्तर जो एच् तथा एच् परे रहते जो अवर्ण, इन दोनों पूर्व-पर के स्थान में) वृद्धि (एकादेश) होता है।

वृद्धिः — VII. ii. 1
(परस्मैपदपरक सिच् के परे रहते इगन्त अङ्ग को) वृद्धि होती है।

वृद्धिः — VII. iii. 89
(उकारान्त अङ्ग को लुक् हो जाने पर हलादि पित् सार्वधातुक परे रहते) वृद्धि होती है।

वृद्धिः — VII. iii. 114
(मृज् अङ्ग के इक् के स्थान में) वृद्धि होती है।

वृद्धिनिमित्तस्य — VI. iii. 38
वृद्धि का कारण है जिस तद्धित में, ऐसा तद्धित यदि रक्त तथा विकार अर्थ में विहित न हो तो तदन्त स्त्री शब्द को भी पुंवद्भाव नहीं होता।

...वृद्धी — I. i. 3
देखें — गुणवृद्धी I. i. 3

वृद्धेत्कोसलाजादात् — IV. i. 169
(क्षत्रियाभिधायी, जनपदवाची), वृद्धसंज्ञक, इकारान्त तथा कोसल और अजाद प्रातिपदिकों से (अपत्य अर्थ में ञ्यङ् प्रत्यय होता है)।

...वृद्धोक्ष... — V. iv. 77
देखें — अचतुर० V. iv. 77

वृद्धौ... — VI. iii. 27
(देवताद्वन्द्व में) वृद्धि किया गया शब्द उत्तरपद में हो, तो (अग्नि शब्द को ईकारादेश होता है)।

वृद्ध्यायलाभशुल्कोपदाः — V. i. 46
(प्रथमासमर्थ प्रातिपदिकों से सप्तम्यर्थ में यथाविहित प्रत्यय होते हैं) यदि 'वृद्धि' = ब्याज के रूप में दिया

जाने वाला द्रव्य, 'आय' = जमींदारों का भाग, 'लाभ' = मूलद्रव्य के अतिरिक्त प्राप्य द्रव्य, 'शुल्क' = राजा का भाग तथा 'उपदा' = घूस – ये ('दिया जाता है' क्रिया के कर्म हों तो)।

वृद्‌भ्यः — I. iii. 92

वृतादि धातुओं से (विकल्प से परस्मैपद होता है, स्य और सन् प्रत्ययों के परे होने पर)।

वृद्‌भ्यः — VII. ii. 59

वृतु इत्यादि (चार) धातुओं से उत्तर (सकारादि आर्धधातुक को परस्मैपद परे रहते इट् का आगम नहीं होता)।

...वृधु ... — III. ii. 136
देखें — **अलंकृञ्० III. ii. 136**

...वृन्दाः — VI. iv. 157
देखें — **प्रस्थस्फ० VI. iv. 157**

वृन्दारक... — II. i. 61
देखें — **वृन्दारकनागकुञ्जरैः II. i. 61**

वृन्दारकनागकुञ्जरैः — II. i. 61

(पूज्यमानवाची सुबन्त) वृन्दारक, नाग, कुञ्जर —इन (समानाधिकरण सुबन्त) शब्दों के साथ (विकल्प से समास को प्राप्त होता है और वह तत्पुरुष समास होता है)।

...वृन्दारकाणाम् — VI. iv. 157
देखें — **प्रियस्थिर० VI. iv. 157**

...वृभ्यः — VI. iv. 102
देखें — **श्रुशृणु० VI. iv. 102**

...वृश्चति... — VI. i. 16
देखें — **ग्रहिज्या० VI. i. 16**

वृष... — III. iii. 96
देखें — **वृषेषपच० III. iii. 96**

...वृष... — III. ii. 154
देखें — **लषपत० III. ii. 154**

...वृष... — V. iv. 145
देखें — **अग्रान्त० V. iv. 145**

...वृष... — VII. i. 51
देखें — **अश्वक्षीर० VII. i. 51**

वृषण्यति — VII. iv. 37

(दुरस्युः, द्रविणस्युः) वृषण्यति, (रिषण्यति – ये) शब्द क्यच्प्रत्ययान्त (वेदविषय में) निपातित (किये जाते हैं)।

वृषाकपि... — IV. i. 37
देखें — **वृषाकप्यग्नि० IV. i. 37**

वृषाकप्यग्निकुसितकुसीदानाम् — IV. i. 37

वृषाकपि, अग्नि, कुसित, कुसीद —इन अनुपसर्जन प्रातिपदिकों को (स्त्रीलिङ्ग में उदात्त ऐकारादेश हो जाता है तथा ङीप् प्रत्यय होता है)।

वृषादीनाम् — VI. i. 197

वृषादि शब्दों के (भी आदि को उदात्त होता है)।

...वृषि... — VI. iii. 115
देखें — **नहिवृति० VI. iii. 115**

वृषेषपचमनविदभूवीराः — III. iii. 96

(मन्त्रविषय में) वृष, इष, पच, मन, विद, भू, वी तथा रा धातुओं से (स्त्रीलिङ्ग भाव में क्तिन् प्रत्यय होता है और वह उदात्त होता है)।

...वृषोः — III. i. 120
देखें — **कृवृषोः III. i. 120**

...वृष्णि... — IV.i. 114
देखें — **ऋष्यन्धकवृष्णि० IV. i. 114**

...वृष्णिषु — VI. ii. 34
देखें — **अन्धकवृष्णिषु VI. ii. 34**

वृष्णो — VI. i. 114

'वृष्णो' पद (यजुर्वेद में पठित होने पर अकार परे रहते प्रकृतिभाव से रहता है)।

वृतः — VII. ii. 38

वृ तथा ऋकारान्त धातुओं से उत्तर (इट् को विकल्प से लिट्‌भिन्न वलादि आर्धधातुक परे रहते दीर्घ होता है)।

वेः — I. iii. 34

(शब्द कर्म वाले) वि उपसर्ग से उत्तर (कृञ् धातु से आत्मनेपद होता है)।

वेः — I. iii. 41

वि उपसर्ग से उत्तर (पादविहरण अर्थ में वर्तमान क्रम् धातु से आत्मनेपद होता है)।

वेः — V. ii. 28

वि उपसर्ग प्रातिपदिक से (स्वार्थ में शालच् तथा शङ्कटच् प्रत्यय होते हैं)।

वेः — VI. i. 65

(अपृक्तसञ्ज्ञक) वि का (लोप होता है)।

वे: — VIII. iii. 69

वि उपसर्ग से उत्तर (तथा चकार से अव उपसर्ग से उत्तर भोजन अर्थ में स्वन् धातु के सकार को मूर्धन्य आदेश होता है, अड्व्यवाय एवं अभ्यासव्यवाय में भी)।

वे: — VIII. iii. 73

वि उपसर्ग से उत्तर (स्कन्दिर् धातु के सकार को निष्ठा परे न हो तो विकल्प से मूर्धन्य आदेश होता है)।

वे: — VIII. iii. 77

वि उपसर्ग से उत्तर (स्कन्भु धातु के सकार को नित्य ही मूर्धन्य आदेश होता है)।

वेञः — II. iv. 41

वेञ् के स्थान में (विकल्प से वयि आदेश होता है; लिट् आर्धधातुक परे रहते)।

वेञः — VI.i. 39

वेञ् धातु को (लिट् परे रहते सम्प्रसारण नहीं होता है)।

वेणु... — VI. i. 149
देखें — **वेणुपरिव्राजकयोः VI. i. 149**

वेणु... — VI. i. 209
देखें — **वेण्विन्धानयोः VI. i. 209**

वेणुपरिव्राजकयोः — VI. i. 149

(मस्कर तथा मस्करिन् शब्द यथासङ्ख्य करके) बांस तथा सन्यासी अभिधेय हों तो (निपातन किये जाते हैं)।

वेण्विन्धानयोः — VI. i. 209

वेणु तथा इन्धान शब्दों के (आदि को विकल्प से उदात्त होता है)।

वेतनादिभ्यः — IV. iv. 12

(तृतीयासमर्थ) वेतनादि प्रातिपदिकों से ('जीता है'— इस अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

...वेतसेभ्यः — IV. ii. 86
देखें — **कुमुदनडवेतसेभ्यः IV. ii. 86**

वेत्तेः — VII. i. 7

विद् अङ्ग से उत्तर (झ के स्थान में हुआ जो अत् आदेश, उसको विकल्प से रुट् का आगम होता है)।

वेद — IV. ii. 58

(द्वितीयासमर्थ प्रातिपदिक से 'अध्ययन करता है' अर्थ में यथाविहित अण् प्रत्यय होता है, इसी प्रकार द्वितीया-समर्थ प्रातिपदिक से) 'जानता है' अर्थ में (यथाविहित अण् प्रत्यय होता है)।

...वेदि ... — III. i. 138
देखें — **लिम्पविन्द० III. i. 138**

वेदिः — V. iv. 84

(द्विस्तावा तथा त्रिस्तावा शब्द का निपातन किया जाता है) यज्ञ की वेदि अभिधेय हो तो।

...वेपाम् — VII. iii. 37
देखें — **शाच्छासा० VII. iii. 37**

...वेपाम् — VIII. iv. 33
देखें — **भाभूपू० VIII. iv. 33**

...वेलासु — III. iii. 167
देखें — **कालसमयवेलासु III. iii. 167**

...वेवी... — I. i. 6
देखें — **दीधीवेवीटाम् I. i. 6**

...वेव्योः — VII. iv. 53
देखें — **दीधीवेव्योः VII. iv. 53**

वेशन्त... — IV. iv. 112
देखें — **वेशन्तहिमवद्भ्याम् IV. iv. 112**

वेशन्तहिमवद्भ्याम् — IV. iv. 112

(सप्तमीसमर्थ) वेशन्त और हिमवत् प्रातिपदिकों से (वेदविषय में 'भव' अर्थ में अण् प्रत्यय होता है)।

वेशस्... — IV. iv. 131
देखें — **वेशोयशआदेः VI. iv. 131**

वेशोयशआदेः — IV. iv. 131

वेशस् और यशस् आदि वाले (भग शब्दान्त) प्रातिपदिक से (मत्वर्थ में यल् प्रत्यय होता है; वेदविषय में)।

...वेषात् — V. i. 99
देखें — **कर्मवेषात् V. i. 99**

वेष्टि... — VII. iv. 96
देखें — **वेष्टिचेष्ट्योः VII. iv. 96**

वेष्टिचेष्ट्योः — VII. iv. 96

वेष्ट तथा चेष्ट अङ्ग के (अभ्यास को णि परे रहते आकारादेश होता है)।

...वेहद्... — II. i. 64
देखें — **पोटायुवतिस्तोक० II. i. 64**

वै... — VIII. i. 64
देखें — **वैवाव VIII. i. 64**

...वैकृत... — VI. i. 134
देखें — **प्रतियत्नवैकृत० VI. i. 134**

वैयाकरणाख्यायाम् — VI. iii. 7
जिस सञ्ज्ञा से वैयाकरण ही व्यवहार करते हैं, उसको कहने में (पर शब्द तथा चकार से आत्मन् शब्द से उत्तर चतुर्थी विभक्ति का अलुक् होता है)।

...वैयाघ्रात् — IV. ii. 12
देखें — **द्वैपवैयाघ्रात् IV. ii. 12**

वैयात्ये — VII. ii. 19
('ञिधृषा प्रागल्भ्ये' तथा 'शसुओं हिंसायाम्' धातु से निष्ठापरे रहते) अविनीतता गम्यमान होने पर (इट् आगम नहीं होता)।

...वैर... — III. i. 17
देखें — **शब्दवैरकलहा० III. i. 17**

...वैर... — III. ii. 23
देखें — **शब्दश्लोक० III. ii. 23**

वैर... — IV. iii. 124
देखें — **वैरमैथुनिकयोः IV. iii. 124**

वैरमैथुनिकयोः — IV. iii. 124
(षष्ठीसमर्थ द्वन्द्वसंज्ञक प्रातिपदिक से 'इदम्' अर्थ में) वैर, मैथुनिक अभिधेय हो (तो वुन् प्रत्यय होता है)।

वैवाव — VIII. i. 64
वै तथा वाव से युक्त (प्रथम तिङन्त को भी विकल्प से वेदविषय में अनुदात्त नहीं होता)।

...वैशम्पायनान्तेवासिभ्यः — IV. iii. 104
देखें — **कलापिवैशम्पा० IV. iii. 104**

...वैश्ययोः — III. i. 103
देखें — **स्वामिवैश्ययोः III. i. 103**

वैश्वदेवे — VI. ii. 39
वैश्वदेव शब्द उत्तरपद रहते (पूर्वपदस्थित क्षुल्लक तथा महान् शब्द को प्रकृतिस्वर होता है)।
क्षुल्लक = नीच

...वोः —VI. iv. 19
देखें — **च्छ्वोः VI. iv. 19**

...वोः — VI. iv. 77
देखें — **य्वोः VI. iv. 77**

...वोः — VI. iv. 107
देखें — **म्वोः VI. iv. 107**

...वोः — VII. i. 1
देखें — **युवोः VII. i. 1**

...वोः — VIII. ii. 65
देखें — **म्वोः VIII. ii. 65**

...वोः — VIII. ii. 76
देखें — **र्वोः VIII. ii. 76**

वौ — III. ii. 143
वि पूर्वक (कष, लस, कत्थ, स्रम्भ् —इन धातुओं से तच्छीलादि कर्ता हो तो वर्तमान काल में घिनुण् प्रत्यय होता है)।

वौ — III. iii. 25
विपूर्वक (क्षु तथा श्रु धातुओं से कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

वौ — III. iii. 33
वि पूर्वक (स्तृञ् धातु से अशब्दविषयक विस्तार कहना हो तो कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

...वौ — VIII. ii. 108
देखें — **य्वौ VIII. ii. 108**

...वौषट्... — VIII. ii. 91
देखें — **ब्रूहिप्रेष्य० VIII. ii. 91**

व्यः — VI. i. 42
व्येञ् धातु को (भी ल्यप् परे रहते सम्प्रसारण नहीं होता है)।

व्यः — VI. i. 45
(उपदेश में एजन्त) व्येञ् धातु को (लिट् लकार के परे रहते आकारादेश नहीं होता है)।

व्यक्तवाचाम् — I. iii. 48
स्पष्टवाणी वालों के (सहोच्चारण अर्थ में वर्तमान वद् धातु से आत्मनेपद हो जाता है)।

व्यक्ति... — I. ii. 51
देखें — **व्यक्तिवचने I. ii. 51**

व्यक्तिवचने — I. ii. 51
(प्रत्यय के लुप् हो जाने पर उस प्रत्यय के अर्थ में) व्यक्ति = लिङ्ग तथा वचन = संख्या (प्रकृत्यर्थ में समान हों)।

...व्यज... — III. iii. 119
देखें — गोचरसञ्चर० III. iii. 119

...व्यञ्जन... — II. iv. 12
देखें — वृक्षमृगतृणधान्य० II. iv. 12

व्यञ्जनम् — II. i. 33

(तृतीयान्त) व्यञ्जनवाची सुबन्त (अन्नवाची समर्थ सुबन्त के साथ विकल्प से तत्पुरुष समास को प्राप्त होता है)।

व्यञ्जनैः — IV. iv. 26

(तृतीयासमर्थ) व्यञ्जनवाची प्रातिपदिकों से ('ऊपर से डाला हुआ' अर्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

व्यत् — IV. i. 144

(भ्रातृ शब्द से अपत्य अर्थ में) व्यत् (तथा छ) प्रत्यय होता है।

व्यत्ययः — III. i. 85

(वेदविषय में सभी विधियाँ) व्यतिगमन या व्यतिहार = परस्पर एक दूसरे के स्थान में (बहुल करके हो जाती हैं)।

व्यथः — VII. iv. 68

व्यथ् अङ्ग के (अभ्यास को लिट् परे रहते सम्प्रसारण होता है)।

व्यध... — III. iii. 61
देखें — व्यधजपोः III. iii. 61

व्यधजपोः — III. iii. 61

(उपसर्गरहित) व्यध् तथा जप् धातुओं से (कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में अप् प्रत्यय होता है)।

...व्यधा... — III. i. 141
देखें — श्याद्व्य० III. i. 141

...व्याधि... — VI. i. 16
देखें — ग्रहिज्या० VI. i. 16

...व्यधि... — VI. iii. 115
देखें — नहिवृति० VI. iii. 115

व्यन् — IV. i. 145

(भ्रातृ शब्द से सपत्न अर्थात् शत्रु वाच्य हो तो) व्यन् प्रत्यय होता है।

...व्याभाष... — III. ii. 146
देखें — निन्दहिंस० III. ii. 146

...व्ययतीनाम् — VII. ii. 66
देखें — अत्यर्तिव्ययतीनाम् VII. ii. 66

...व्ययेषु — I. iii. 36
देखें — सम्माननोत्सर्ग० I. iii. 36

...व्यवसर्गयोः — V. iv. 2
देखें — दण्डव्यवसर्गयोः V. iv. 2

व्यवस्थायाम् — I. i. 33

(पूर्व, पर, अवर, दक्षिण, उत्तर, अपर, अधर शब्दों की जस्-सम्बन्धी कार्य में विकल्प से सर्वनाम संज्ञा होती है, यदि संज्ञा से भिन्न) व्यवस्था हो तो।

व्यवहरति — IV. iv. 72

(सप्तमीसमर्थ कठिन शब्द अन्त वाले, प्रस्तार तथा संस्थान प्रातिपदिकों से) 'व्यवहार करता है' अर्थ में (ठक् प्रत्यय होता है)।

व्यवहिताः — I. iv. 89

(वे गति और उपसर्ग-संज्ञक शब्द वेद में) व्यवधान से (भी) होते हैं।

व्यवहृ... — II. iii. 57
देखें — व्यवहृपणोः II. iii. 57

व्यवहृपणोः — II. iii. 57

(समान अर्थ वाली) वि और अव उपसर्ग पूर्वक 'हृ' धातु तथा 'पण्' धातु के (कर्मकारक में षष्ठी विभक्ति होती है)।

व्यवायिनः — VI. ii. 166

व्यवधायकवाची शब्द से उत्तर (उत्तरपद अन्तर शब्द को बहुव्रीहि समास में अन्तोदात्त होता है)।

...व्या... — VII. iii. 37
देखें — शाच्छासा० VII. iii. 37

व्याख्यातव्यनाम्नः — IV. iii. 66

(षष्ठीसमर्थ) व्याख्यान किये जाने योग्य जो प्रातिपदिक, उनसे (व्याख्यान अभिधेय होने पर यथाविहित प्रत्यय होता है तथा सप्तमीसमर्थ व्याख्यातव्यनामवाची शब्दों से 'भव' अर्थ में भी यथाविहित प्रत्यय होता है)।

...व्याख्यान... — VI.ii. 151
देखें — मन्क्तिन्० VI. ii. 151

व्याख्याने — IV. iii. 66

(षष्ठीसमर्थ व्याख्यान किये जाने योग्य जो प्रातिपदिक हैं, उनसे) व्याख्यान अभिधेय होने पर (यथाविहित प्रत्यय होता है तथा सप्तमीसमर्थ व्याख्यातव्यनामवाची शब्दों से भवार्थ में यथाविहित प्रत्यय होता है)।

व्याघ्रादिभिः — II. i. 55

(साधारणधर्मवाची शब्द के प्रयोग न होने पर उपमेय-वाची सुबन्त का समानाधिकरण) व्याघ्र आदि (सुबन्त) शब्दों के साथ (विकल्प से समास होता है और वह तत्पुरुष समास होता है)।

व्याङ्परिभ्यः — I. iii. 83

वि, आङ् एवं परि उपसर्ग से उत्तर (रम् धातु से परस्मैपद होता है)।

व्याप्नोति — V. ii. 7

(सर्व शब्द आदि में है जिनके, ऐसे द्वितीयासमर्थ पथिन्, अङ्ग, कर्म, पत्र तथा पात्र प्रातिपदिकों से) 'व्याप्त होता है' अर्थ में (ख प्रत्यय होता है)।

व्याप्यमान... — III. iv. 56

देखें — व्याप्यमानासेव्यमा० III. iv. 56

व्याश्रये — V. iv. 48

'भिन्न भिन्न पक्षों का आश्रयण' गम्यमान हो तो (षष्ठी-विभक्त्यन्त प्रातिपदिक से विकल्प से तसि प्रत्यय होता है)।

व्याहरति — IV. iii. 51

(सप्तमीसमर्थ कालवाची प्रातिपदिकों से 'मृग) शब्द करता है' अर्थ में (यथाविहित प्रत्यय होता है)।

व्याहृतार्थायाम् — V. iv. 35

'प्रकाशित वाणी' अर्थ में (वर्तमान वाच् प्रातिपदिक से स्वार्थ में ठक् प्रत्यय होता है)।

...व्युत्क्रमण... — VIII. i. 15

देखें — रहस्यमर्यादा० VIII. i. 15

व्युपधात् — I. ii. 26

(रलन्त एवं हलादि) धातुओं से परे (सेट् सन् और सेट् क्त्वा प्रत्यय विकल्प से कित् नहीं होते हैं)।

व्युपयोः — III. iii. 39

वि तथा उप पूर्वक (शीङ् धातु से पर्याय गम्यमान होने पर कर्तृभिन्न कारक संज्ञाविषय तथा भाव में घञ् प्रत्यय होता है)।

व्युष्टादिभ्यः — V. i. 96

(सप्तमीसमर्थ) व्युष्टादि प्रातिपदिकों से ('दिया जाता है' और 'कार्य' अर्थों में अण् प्रत्यय होता है)।

...व्यृद्धि... — II. i. 7

देखें — विभक्तिसमीपसमृद्धि० II. i. 7

...व्येञाम् — VI. i. 19

देखें — स्वपिस्यमि० VI. i. 19

व्योः — VI. i. 64

वकार और यकार का (वल् परे रहते लोप हो जाता है)।

व्योः — VIII. iii. 18

(भो, भगो, तथा अवर्ण पूर्ववाले पदान्त के) वकार तथा यकार को (लघु प्रयत्नतर आदेश होता है; अश् परे रहते, शाकटायन आचार्य के मत में)।

व्रज... — III. iii. 94

देखें — व्रजयजोः III. iii. 94

...व्रज... — III. iii. 119

देखें — गोचरसञ्चर० III. iii. 119

...व्रज... — VII. ii. 3

देखें — वदव्रज० VII. ii. 3

व्रजयजोः — III. iii. 98

व्रज तथा यज् धातुओं से (स्त्रीलिङ्ग भाव में क्यप् प्रत्यय होता है और वह उदात्त होता है)।

...व्रज्योः — VII. iii. 60

देखें — अजिव्रज्योः VII. iii. 60

...व्रत — III. i. 21

देखें — मुण्डमिश्र० III. i. 21

व्रते — III. ii. 40

व्रत गम्यमान होने पर (वाक् कर्म उपपद रहते यम् धातु से खच् प्रत्यय होता है)।

व्रते — III. ii. 80

व्रत = शास्त्र से नियम गम्यमान हो तो (सुबन्त उपपद रहते धातु से णिनि प्रत्यय होता है)।

व्रते — IV. ii. 14

(सप्तमीसमर्थ स्थण्डिल प्रातिपदिक से सोनेवाला अभिधेय हो तो) व्रत गम्यमान होने पर (यथाविहित प्रत्यय होता है)।

व्रश्च... — VIII. ii. 36
देखें — **व्रश्चभ्रस्ज० VIII. ii. 36**

व्रश्चभ्रस्जसृजमृजयजराजभ्राजच्छशाम् — VIII. ii. 36

ओव्रश्चू, भ्रस्ज, सृज, मृजूष्, यज, राजृ, टुभ्राजृ —इन धातुओं को तथा छकारान्त एवं शकारान्त धातुओं को (भी झल् परे रहते एवं पदान्त में षकारादेश होता है)।

...व्रश्च्योः — VII. ii. 55
देखें — **जॄव्रश्च्योः VII. ii. 55**

व्रात... — V. iii. 113
देखें — **व्रातच्फञोः V. iii. 113**

व्रातच्फञोः — V. iii. 113

व्रात = शस्त्रोपजीवी लोगों का संघ, तद्वाची प्रातिपदिकों तथा च्फञ्-प्रत्ययान्तो से (स्वार्थ में ञ्य प्रत्यय होता है, स्त्रीलिङ्ग को छोड़कर)।

व्रातेन — V. ii. 21

तृतीयासमर्थ व्रात प्रातिपदिक से ('जीता है' अर्थ में खञ् प्रत्यय होता है)।

व्रीहि... — III. i. 148
देखें — **व्रीहिकालयोः III. i. 148**

व्रीहि... — V. ii. 2
देखें — **व्रीहिशाल्योः V. ii. 2**

व्रीहि... — VI. ii. 38
देखें — **व्रीह्यपराह्ण० VI. ii. 38**

व्रीहिशाल्योः — V. ii. 2

(षष्ठीसमर्थ धान्यविशेषवाची) व्रीहि तथा शालि प्रातिपदिकों से ('उत्पत्तिस्थान' अभिधेय हो तो ठक् प्रत्यय होता है, यदि वह उत्पत्तिस्थान क्षेत्र हो तो)।

व्रीहेः — IV. iii. 145

(षष्ठीसमर्थ) व्रीहि प्रातिपदिक से (पुरोडाशरूप विकार अभिधेय होने पर मयट् प्रत्यय होता है)।

व्रीह्यपराह्णगृष्टीष्वासजाबालभारभारतहैलिहिलरौरवप्रवृद्धेषु — VI. ii. 38

व्रीहि, अपराह्ण, गृष्टि, इष्वास, जाबाल, भार, भारत, हैलिहिल, रौरव, प्रवृद्ध शब्दों के उत्तरपद रहते (पूर्वपद महान् शब्द को प्रकृतिस्वर होता है)।

व्रीह्यादिभ्यः — V. ii. 116

ब्रीह्यादि प्रातिपदिकों से (भी 'मत्वर्थ' में इनि तथा ठन् प्रत्यय होतें है, विकल्प से)।

...व्ली... — VII. iii. 36
देखें — **अर्त्तिह्रीव्ली० VII. iii. 36**

श

श् — प्रत्याहारसूत्र X

भगवान् पाणिनि द्वारा अपने दशम प्रत्याहारसूत्र में इत्सञ्ज्ञार्थ पठित वर्ण।

श् — VI. iv. 19
देखें — **शूठ् VI. iv. 19**

श्... — VIII. iv. 39
देखें — **श्चुना VIII. iv. 39**

श्... — VIII. iv. 39
देखें — **श्चुः VIII. iv. 39**

श — प्रत्याहारसूत्र XIII

आचार्य पाणिनि द्वारा अपने तेरहवें प्रत्याहारसूत्र में पठित प्रथम वर्ण।

पाणिनि द्वारा अष्टाध्यायी के आदि में पठित वर्णमाला का चालीसवां वर्ण।

...श... — I. iii. 8
देखें — **लशकु I. iii. 8**

श — III. iii. 100

(कृञ् धातु से स्त्रीलिङ्ग में कर्तृभिन्न कारक संज्ञा तथा भाव में) श प्रत्यय होता है (तथा चकार से क्यप् भी होता है)।

...श... — IV. ii. 79
देखें — **वुञ्छण्कठ० IV. ii. 79**

श... — V. ii. 100
देखें — **शनेलचः V. ii. 100**

श... — VIII. iv. 28
देखें — **शयग्लिङ्क्षु VIII. iv. 28**

शः — III. i. 77

(तुदादि धातुओं से कर्तृवाची सार्वधातुक परे रहने पर) श प्रत्यय होता है।

शः — III. i. 137

(पा, घ्रा, ध्मा, धेट् और दृश् धातुओं से) श प्रत्यय होता है।

शः — VIII. iv. 62

(झय् प्रत्याहार से उत्तर) शकार के स्थान में (अट् परे रहते विकल्प से छकार आदेश होता है)।

...शक... — VII. iv. 54
देखें — मीमाघु० VII. iv. 54

शकटात् — IV. iv. 80

(द्वितीयासमर्थ) शकट प्रातिपदिक से ('ढोता है' अर्थ में अण् प्रत्यय होता है)।

शकन् — VI. i. 61

(वेदविषय में शकृत् शब्द के स्थान में) शकन् आदेश हो जाता है, (शस् प्रकार वाले प्रत्ययों के परे रहते)।

शकलम् — VIII. ii. 59

(भित्तम् शब्द में भिदिर् धातु से उत्तर क्त के नत्व का अभाव निपातन है, यदि भित्तम् से) टुकड़ा कहा जा रहा हो तो।

शकलात् — IV. iii. 127

(षष्ठींसमर्थ गोत्रप्रत्ययान्त यञन्त) शकल शब्द से (विकल्प से अण् प्रत्यय होता है, पक्ष में वुञ् होता है)।

शकि... — III. i 99
देखें — शकिसहोः III. i 99

शकि — III. iii. 172

शक्यार्थ गम्यमान हो (तो धातु से लिङ् प्रत्यय होता है तथा चकार से कृत्यसंज्ञक प्रत्यय भी होते हैं)।

शकि — III. iv. 12

शक्नोति धातु उपपद हो (तो वेदविषय में धातु से णमुल् तथा कमुल् प्रत्यय होते हैं)।

शकिसहोः — III. i. 99

शक्लृ तथा षह मर्षणार्थक धातु से (भी यत् प्रत्यय होता है)।

...शकुनि... — II. iv. 12
देखें — वृक्षमृगतृणधान्य० II. iv. 12

...शकुनिषु — VI. i. 137
देखें — चतुष्पाच्छकुनिषु VI. i. 137

शकुनौ — VI. i. 145

(विष्किर —इस में ककार से पूर्व सुट् विकल्प से निपातन किया जाता है) पक्षी को कहा जा रहा हो तो।

...शकृतोः — III. ii. 24
देखें — स्तम्बशकृतोः III. ii. 24

शक्ति... — IV. iv. 59
देखें — शक्तियष्ट्योः IV. iv. 59

शक्तियष्ट्योः — IV. iv. 59

(प्रथमासमर्थ प्रहरणसमानाधिकरणवाची) शक्ति तथा यष्टि प्रातिपदिकों से (षष्ठ्यर्थ में ईकक् प्रत्यय होता है)।

...शक्तिषु — III. ii. 129
देखें — ताच्छील्यवयोवचन० III. ii. 129

शक्तौ — III. ii. 54

शक्ति गम्यमान होने पर (हस्ति और कपाट कर्म उपपद रहते 'हन्' धातु से टक् प्रत्यय होता है)।

शक्यार्थे — VI. i. 78

(क्षय्य और जय्य शब्द निपातन किये जाते हैं), शक्य = सकने योग्य अर्थ में।

शक्यार्थे — VII. iii. 68

(प्रयोज्य तथा नियोज्य ण्यत् प्रत्ययान्त शब्द) शक्य = सकने योग्य अर्थ में (निपातन किये जाते हैं)।

...शङ्कटचौ — V. ii. 28
देखें — शालच्छङ्कटचौ V. ii. 28

...शङ्कु... — VIII. iii. 97
देखें — अम्बाम्ब० VIII. iii. 97

शण्डिकादिभ्यः — IV. iii. 92

(प्रथमासमर्थ) शण्डिकादि प्रातिपदिकों से ('इसका अभिजन' अर्थ में ञ्य प्रत्यय होता है)।

शत... — V. ii. 119

देखें — शतसहस्रान्तात् V. ii. 119

...शतभिषजः — IV. iii. 37
देखें — वत्सशालाभिजि० IV. iii. 37

...शतम् — V. i. 58
देखें — पंक्तिविंशति० V. i. 58

शतमान... — V. i. 27
देखें — शतमानविंशतिक० V. i. 27

शतमानविंशतिकसहस्रवसनात् — V. i. 27

शतमान, विंशतिक, सहस्र तथा वसन प्रातिपदिक से ('तदर्हति'-पर्यन्त कथित अर्थों में अण् प्रत्यय होता है)।

शतसहस्रान्तात् — V. ii. 119

शतशब्द अन्तवाले तथा सहस्र शब्द अन्त वाले (निष्क प्रातिपदिक से भी 'मत्वर्थ' में ठक् प्रत्यय होता है)।

...शतस्य — V. iv. 1

देखें — **पादशतस्य V. iv. 1**

शतात् — V. i. 21

शत प्रातिपदिक से ('तदर्हति'-पर्यन्त कथित अर्थों में ठन् और यत् प्रत्यय होते हैं, यदि सौ अभिधेय न हो तो)।

...शतात् — V. i. 34

देखें — **पणपादमाष० V. i. 34**

शतादि ... — V. ii. 57

देखें — **शतादिमास० V. ii. 57**

शतादिमासार्द्धमाससंवत्सरात् — V. ii. 57

(षष्ठीसमर्थ) शतादि प्रातिपदिकों से तथा मास, अर्द्ध-मास और संवत्सर प्रातिपदिकों से ('पूरण' अर्थ में विहित डट् प्रत्यय को तमट् का आगम नित्य ही हो जाता है)।

शतुः — VI. i. 167

(नुम्रहित अन्तोदात्त) शतृप्रत्ययान्त शब्द से परे (नदी-सञ्ज्ञक प्रत्यय तथा अजादि सर्वनामस्थानभिन्न विभक्ति को उदात्त होता है)।

शतुः — VII. i. 37

('विद् ज्ञाने' धातु से उत्तर) शतृ के स्थान में (वसु आदेश होता है)।

शतुः — VII. i. 78

(अभ्यस्त अङ्ग से उत्तर) शतृ को (नुम् आगम नहीं होता है)।

शतृ... — III. ii. 124

देखें — **शतृशानचौ III. ii. 124**

शतृ — III. ii. 130

(इङ् तथा ण्यन्त धृङ् धातु से वर्तमान काल में) शतृ प्रत्यय होता है, (यदि जिसके लिये क्रिया कष्टसाध्य न हो, ऐसा कर्ता वाच्य हो तो)।

शतृशानचौ — III. ii. 124

(धातु से लट् के स्थान में) शतृ तथा शानच् आदेश होते हैं, (यदि अप्रथमान्त के साथ उस लट् का सामाना-धिकरण्य हो)।

...शद... — III. ii. 159

देखें — **दाधेट्० III. ii. 159**

...शद... — VII. iii. 78

देखें — **पाघ्राध्मा० VII. iii. 78**

शदन्त... — V. ii. 46

देखें — **शदन्तविंशतेः V. ii. 46**

शदन्तविंशतेः — V. ii. 46

(अधिक समानाधिकरणवाची) शत शब्द अन्त में है जिसके, ऐसे तथा विंशति प्रातिपदिक से (भी सप्तम्यर्थ में ड प्रत्यय होता है)।

...शदन्तायाः — V. i. 22

देखें — **अतिशदन्तायाः V. i. 22**

शदेः — I. iii. 60

(शित् सम्बन्धी) 'शदलृ शातने' धातु से (आत्मनेपद होता है)।

शदेः — VII. iii. 42

(अगति अर्थ में वर्तमान) 'शदलृ शातने' अङ्ग को (तका-रादेश होता है, णि परे रहते)।

...शध्यै... — III. iv. 9

देखें — **सेसेनसे० III. iv. 9**

...शध्यैन्... — III. iv. 9

देखें — **सेसेनसे० III. iv. 9**

शनेलचः — V. ii. 100

(लोमादि, पामादि तथा पिच्छादि —इन तीन गणपठित प्रातिपदिकों से यथासंख्य करके विकल्प से) श, न तथा इलच् प्रत्यय होते हैं, 'मत्वर्थ' में।

शप् — III. i. 68

(धातु से) शप् प्रत्यय होता है, (कर्तृवाची सार्वधातुक परे रहते)।

शप्... — VII. i. 81

देखें — **शप्श्यनोः VII. i. 81**

शपः — II. iv. 72

शप् का (लुक् होता है, अदादियों से परे)।

...शपाम् — I. iv. 34

देखें — **श्लाघह्नुङ्स्थाशपाम् I. iv. 34**

शपि — VI. iv. 25

(दंश, सञ्ज, ष्वञ्ज —इन अङ्गों की उपधा नकार का लोप होता है) शप् प्रत्यय परे रहते।

शप्श्यनोः — VII. i. 81

शप् और श्यन् का (जो शतृ प्रत्यय, उसको नित्य ही नुम् आगम होता है)।

...शफ... — IV. i. 70

देखें — **संहितशफलक्षण० IV. i. 70**

शब्द ... — III.i. 17

देखें — **शब्दवैरकलहा० III. i. 17**

शब्द... — III. ii. 23

देखें — **शब्दश्लोक० III. ii. 23**

शब्द... — IV. iv. 34

देखें — **शब्ददर्दुरम् IV. iv. 34**

...शब्दकर्म... — I. iv. 52

देखें — **गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थ० I. iv. 52**

शब्दकर्मणः — I. iii. 34

शब्दकर्मवाले (वि उपसर्ग) से उत्तर (कृञ् धातु से आत्मनेपद होता है)।

शब्ददर्दुरम् — IV. iv. 34

(द्वितीयासमर्थ) शब्द और दर्दुर प्रातिपदिकों से ('करता है'— अर्थ में ठक् प्रत्यय होता हैं)।

दर्दुर = मेंढक, बादल, वाद्य, पहाड़।

...शब्दप्रादुर्भाव... — II. i. 7

देखें — **विभक्तिसमीपसमृद्धि० II. i. 7**

शब्दवैरकलहाभ्रकण्वमेघेभ्यः — III. i. 17

शब्द, वैर, कलह, अभ्र, कण्व, मेघ — इन (कर्म) शब्दों से (करण अर्थ में क्यङ् प्रत्यय होता है)।

अभ्र = बादल, आकाश, अबरक, शून्य।

कण्व = एक ऋषि।

शब्दश्लोककलहगाथावैरचाटुसूत्रमन्त्रपदेषु — III. ii. 23

शब्द, श्लोक, कलह, गाथा, वैर, चाटु, सूत्र, मन्त्र, पद— इन (कर्मों) के उपपद रहते (कृञ् धातु से ट प्रत्यय नहीं होता)।

शब्दसञ्ज्ञायाम् — VIII. iii. 86

(अभि तथा निस् से स्तन धातु के सकार को) शब्द की सञ्ज्ञा गम्यमान हो तो (विकल्प से मूर्धन्य आदेश हो जाता है)।

शब्दस्य — I. i. 67

(व्याकरण शास्त्र में) शब्द के (अपने रूप का ग्रहण होता है, उसके अर्थ अथवा पर्यायवाची शब्दों का नहीं, शब्द-संज्ञा को छोड़कर)।

शब्दानुशासनम् —

(यहां से) लौकिक तथा वैदिक शब्दों का अनुशासन = उपदेश आरम्भ करते हैं।

शब्दार्थप्रकृतौ — VI. ii. 80

शब्दार्थवाली प्रकृति है जिन (णिन्नन्त) शब्दों की, उनके उत्तरपद रहते (ही उपमानवाची पूर्वपद को आद्युदात्त होता है)।

...शब्दार्थात् — III. ii. 148

देखें — **चलनशब्दार्थात् III. ii. 148**

...शब्देषु — VI. iii. 55

देखें — **घोषमिश्र० VI. iii. 55**

...शम्... — IV. iv. 143

देखें — **शिवशमरिष्टस्य IV. iv. 143**

शमाम् — VII. iii. 74

शम् इत्यादि (आठ) अङ्गों को (श्यन् परे रहते दीर्घ होता है)।

शमि — III. ii. 14

शम् उपपद रहते (धातुमात्र से संज्ञा-विषय में अच् प्रत्यय होता है)।

...शमि... — VII. iii. 95

देखें — **तुरुस्तु० VII. iii. 95**

...शमि... — VIII. iii. 96

देखें — **विकुशमि० VIII. iii. 96**

शमिता — VI. iv. 54

(यज्ञकर्म में) इडादि तृच् परे रहते 'शमिता' पद निपातन किया जाता है।

शमिति — III. ii. 141

शमादि (आठ) धातुओं से (तच्छीलादि कर्ता हों तो वर्तमानकाल में घिनुण् प्रत्यय होता है)।

...शमी... — V. iii. 88

देखें — **कुटीशमी० V. iii. 88**

...शमीवत्... — V. iii. 118

देखें — **अभिजिद्० V. iii. 118**

...शम्ब... — V. iv. 58

देखें — **द्वितीयतृतीय० V. iv. 58**

शम्याः — IV. iii. 39

(षष्ठीसमर्थ) शमी प्रातिपदिक से (विकार और अवयव अर्थों में ट्लञ् प्रत्यय होता है)।

शमी = एक वृक्ष, फली, सेम।

शय... — IV. iii. 17

देखें — **शयवासवासिषु VI. iii. 17**

शयग्लिङ्क्षु — VII. iv. 28

(ऋकारान्त अङ्ग को) श, यक् तथा (यकारादि सार्वधातुकभिन्न) लिङ् परे रहते (रिङ् आदेश होता है)।

...शयन... — VI. ii. 151

देखें — **मन्क्तिन्० VI. ii. 151**

शयवासवासिषु — VI. iii. 17

शय, वास तथा वासिन् शब्दों के उत्तरपद रहते (कालवाचियों से भिन्न शब्दों से उत्तर सप्तमी का विकल्प से अलुक् होता है)।

शयितः — IV. iv. 108

(सप्तमीसमर्थ समानोदर प्रातिपदिक से) 'शयन किया हुआ' अर्थ में (यत् प्रत्यय होता है तथा समानोदर शब्द के ओकार को उदात्त होता है)।

शयितरि — IV. ii. 14

(सप्तमीसमर्थ स्थण्डिल प्रातिपदिक से) सोने वाला अभिधेय हो (तो व्रत गम्यमान होने पर यथाविहित प्रत्यय होता है)।

स्थण्डिल = भूखण्ड, बंजर भूमि, सीमा।

...शर... — VI. iii. 15

देखें — **वर्षक्षरशरवरात् VI. iii. 15**

...शर... — VIII. iv. 5

देखें — **प्रनिरन्तः० VIII. iv. 5**

शरः — VIII. iv. 48

(अच् परे रहते) शर् प्रत्याहार को (द्वित्व नहीं होता)।

...शरत्... — VI. iii. 14

देखें — **प्रावृट्शरत्० VI. iii. 14**

शरत्प्रभृतिभ्यः — V. iv. 107

(अव्ययीभाव समास में वर्तमान) शरदादि प्रातिपदिकों से (समासान्त टच् प्रत्यय होता है)।

शरदः — IV. iii. 12

(कालवाची) शरत् शब्द से (श्राद्ध अभिधेय हो, तो शैषिक ठञ् प्रत्यय होता है)।

शरदः — IV. iii. 27

(सप्तमीसमर्थ) शरद् प्रातिपदिक से (जात अर्थ में संज्ञाविषय होने पर वुञ् प्रत्यय होता है)।

शरद्वच्छुनकदर्भात् — IV. i. 102

शरद्वत्, शुनक और दर्भ— इन प्रातिपदिकों से (यथासङ्ख्य करके भृगु, वत्स, आग्रायणगोत्रस्थ वाच्य हो तो फक् प्रत्यय होता है)।

शुनक = भृगुवंशीय ऋषि, कुत्ता।

शरद्वत्... — IV. i. 102

देखें — **शरद्वच्छुनक० IV. i. 102**

...शरादिभ्यः — IV. iii. 141

देखें — **वृद्धशरादिभ्यः IV. iii. 141**

शरादीनाम् — VI. iii. 119

शरादि शब्दों को (भी सञ्ज्ञाविषय में मतुप् परे रहते दीर्घ होता है)।

...शरावेषु — VI. ii. 29

देखें — **इगन्तकाल० VI. ii. 29**

शरि — VIII. iii. 28

(पदान्त ङकार तथा णकार को यथासङ्ख्य करके विकल्प से कुक् तथा टुक् आगम होते हैं;) शर् प्रत्याहार परे रहते)।

शरि — VIII. iii. 36

(विसर्जनीय को विकल्प से विसर्जनीय आदेश होता है) शर् परे रहते।

...शरीर... — III. iii. 41

देखें — **निवासचिति० III. iii. 41**

शरीरसुखम् — III. iii. 116

(जिस कर्म के संस्पर्श से कर्ता को) शरीर का सुख उत्पन्न हो, (ऐसे कर्म के उपपद रहते भी धातु से ल्युट् प्रत्यय होता है)।

शरीरावयवात् — IV. iii. 55

(सप्तमीसमर्थ) शरीर के अवयववाची प्रातिपदिकों से (भी 'भव' अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

शरीरावयवात् — V. i. 6

(चतुर्थीसमर्थ) शरीर के अवयववाची प्रातिपदिकों से (हित अर्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

शर्करादिभ्यः — V. iii. 107

शर्करादि प्रातिपदिकों से (अण् प्रत्यय होता है, इवार्थ में)।

...शर्कराभ्याम् — V. ii. 104

देखें — **सिकताशर्कराभ्याम् V. ii. 104**

शर्करायाः — IV. ii. 82

शर्करा शब्द से (उत्पन्न चातुरर्थिक प्रत्यय का विकल्प से लुप् होता है)।

शर्परे — VIII. iii. 35

शर्परक (खर् के परे रहते विसर्जनीय को विसर्जनीय आदेश होता है)।

शर्पूर्वाः — VII. iv. 61

शर् प्रत्याहार का कोई वर्ण पूर्व में है जिस (खय् प्रत्याहार) के, ऐसे (अभ्यास का खय् शेष रहता है)।

...शर्व... — IV. i. 48

देखें — **इन्द्रवरुणभव० IV. i. 48**

...शर्व्यवाये — VIII. iii. 58

देखें — **नुम्विसर्जनीय० VIII. iii. 58**

शलः — III. i. 45

शलन्त (जो इगुपध और अनिट् धातु उस) से (च्लि के स्थान पर क्स आदेश होता है, लुङ् परे रहते)।

...शलाका... — II. i. 10

देखें — **अक्षशलाकासंख्याः II. i. 10**

...शलातुर... — IV. iii. 94

देखें — **तूदीशलातुर० IV. iii. 94**

शलालुनः — IV. iv. 54

(प्रथमासमर्थ) शलालु प्रातिपदिक से ('इसका बेचना' विषय में विकल्प से ष्ठन् प्रत्यय होता है)।

....शश्वतः — III. ii. 116

देखें — **हशश्वतः III. ii. 116**

शषसर् — प्रत्याहार सूत्र XIII

श, ष, स वर्णों को पढ़कर भगवान् पाणिनि ने रेफ इत् किया है प्रत्याहार बनाने के लिये। इससे ५ प्रत्याहार बनते हैं – खर्, चर्, झर्, यर् और शर्।

...शस् — IV. i. 2

देखें — **स्वौजसमौट्० IV. i. 2**

शस् — V. iv. 42

(बहुत तथा थोड़ा अर्थ वाले कारकाभिधायी प्रातिपदिकों से विकल्प से) शस् प्रत्यय होता है।

...शस... — III. ii. 182

देखें — **दाम्नी० III. ii. 182**

शस... — VI. iv. 126

देखें — **शसदद० VI. iv. 126**

शसः — VI. i. 99

('प्रथमयोः पूर्वसवर्णः' सूत्र से किये हुये पूर्वसवर्णदीर्घ से उत्तर) शस् के अवयव सकार को (नकार आदेश होता है, पुँल्लिङ्ग में)।

शसः — VII. i. 21

(युष्मद्, अस्मद् अङ्ग से उत्तर) शस् के स्थान में (नकारादेश होता है)।

शसददवादिगुणानाम् — VI. iv. 126

शस, दद, वकार आदिवाले एवं गुण-ऐसा उच्चारण करके गुणादेश स्वरूप जो (अकार), उसके स्थान में (एत्त्व तथा अभ्यासलोप नहीं होता; कित्, ङित् लिट् एवं थल् परे रहते)।

शसि — VI. i. 161

(चतुर् शब्द को अन्तोदात्त होता है) शस् के परे रहते।

...शसी — VII. ii. 19

देखें — धृषिशसी VII. ii. 19

...शसोः — VI. i. 90

देखें — अम्शसोः VI. i. 90

...शसोः — VI. iv. 82

देखें — अम्शसोः VI. iv. 82

...शसोः — VII. i. 20

देखें — जश्शसोः VII. i. 20

शस्प्रभृतिषु — VI. i. 61

(वेदविषय में पाद, दन्त, नासिका, मास, हृदय, निशा, असृज्, यूष, दोष, यकृत्, शकृत्, उदक, आस्य —इन शब्दों के स्थान में यथासंख्य करके पद्, दत्, नस्, मास्, हृत्, निश्, असन्, यूषन्, दोषन्, यकन्, शकन्, उदन्, आसन् —ये आदेश हो जाते हैं) शस् प्रकार वाले प्रत्ययों के परे रहते)।

...शंभ्याम् — V. ii. 138

देखें — कंशंभ्याम् V. ii. 138

...शंस... — VI. i. 208

देखें — ईडवन्द० VI. i. 208

शंस्तृ — VII. ii. 34

शंस्तृ शब्द (वेदविषय में) इडभावयुक्त निपातित है।

...शा... — II. iv. 78

देखें — घ्राधेट्शाच्छासः II. iv. 78

शा — VI. iv. 35

(शास् अङ्ग के स्थान में हि परे रहते) शा आदेश होता है।

शा... — VII. iii. 37

देखें — शाच्छासा० VII. iii. 37

शा... — VII. iv. 41

देखें — शाच्छोः VII. iv. 41

शाकटायनस्य — III. iv. 111

(आकारान्त धातुओं से उत्तर लङ् के स्थान में जो झि आदेश, उसको जुस् आदेश होता है) शाकटायन के मत में (ही)।

शाकटायनस्य — VIII. iii. 18

(भो, भगो, अघो तथा अवर्ण पूर्ववाले पदान्त के वकार, यकार को लघु प्रयत्नतर आदेश होता है;) शाकटायन आचार्य के मत में।

शाकटायनस्य — VIII. iv. 49

(तीन मिले हुये संयुक्त वर्णों को) शाकटायन आचार्य के मत में (द्वित्व नहीं होता)।

...शाकम् — VI. ii. 128

देखें — पललसूप० VI. ii. 128

शाकल्यस्य — I. i. 16

शाकल्याचार्य के अनुसार (अवैदिक 'इति' शब्द के परे 'सम्बुद्धि' संज्ञा के निमित्तभूत ओकार की प्रगृह्य संज्ञा होती है)।

शाकल्यस्य — VI. i. 123

(असवर्ण अच् परे रहते इक् को) शाकल्य आचार्य के मत में (प्रकृतिभाव हो जाता है तथा उस इक् के स्थान में ह्रस्व हो जाता है)।

शाकल्यस्य — VIII. iii. 19

(अवर्ण पूर्ववाले पदान्त यकार, वकार का) शाकल्य आचार्य के मत में (लोप होता है)।

शाकल्यस्य — VIII. iv. 50

शाकल्य आचार्य के मत में (सर्वत्र अर्थात् त्रिप्रभृति अथवा अत्रिप्रभृति सर्वत्र द्वित्व नहीं होता)।

शाखादिभ्यः — V. iii. 103

शाखादि प्रातिपदिकों से (इवार्थ में यत् प्रत्यय होता है)।

शाच्छासाह्वाव्यावेपाम् — VII. iii. 37

शो, छो, षो, ह्वेञ्, व्येञ्, वेञ्, पा —इन अङ्गों को (णि परे रहते युक् आगम होता है)।

शाच्छोः — VII. iv. 41

शो तथा छो अङ्ग को (विकल्प करके इकारादेश होता है, तकारादि कित् प्रत्यय परे रहते)।

...शाणयोः — VII. iii. 17

देखें — असंज्ञाशाणयोः VII. iii. 17

शाणाद् — V. i. 35

(अध्यर्द्ध पूर्व वाले तथा द्विगुसञ्ज्ञक) शाण शब्दान्त प्रातिपदिक से ('तदर्हति'-पर्यन्त कथित अर्थों में विकल्प से यत् प्रत्यय होता है)।

शात् — VIII. iv. 43

शकार से उत्तर (तवर्ग को श्चुत्व नहीं होता)।

...शादात् — IV. ii. 87
देखें — **नडशादात् IV. ii. 87**

शानच् — III. i. 83

(हलन्त से उत्तर श्ना के स्थान में 'हि' परे रहते) शानच् आदेश होता है।

...शानचौ — III. ii. 124
देखें — **शतृशानचौ III. ii. 124**

शानन् — III. ii. 128

(पूङ् तथा यज् धातुओं से वर्तमानकाल में) शानन् प्रत्यय होता है।

...शान्त... — VII. ii. 27
देखें — **दान्तशान्त० VII. ii. 27**

...शान्भ्यः — III. i. 6
देखें — **मान्बधदान्शान्भ्यः III. i. 6**

...शाम् — VIII. ii. 36
देखें — **व्रश्चभ्रस्ज० VIII. ii. 36**

...शाम्यति — VIII. iv. 17
देखें — **गदनद० VIII. iv. 17**

शायच् — III.i. 84

(श्ना के स्थान में, वेदविषय में) शायच् आदेश होता है (तथा शानच् भी होता है)।

शारदे — VI. ii. 9

(अनार्तववाची) शारद शब्द उत्तरपद परे रहते (तत्पुरुष समास में पूर्वपद को प्रकृतिस्वर हो जाता है)।

अनार्तव = असामयिक।

...शारिका... — VIII. iv. 4
देखें — **पुरगामिश्रका० VIII. iv. 4**

...शारिकुक्ष... — V. iv. 120
देखें — **सुप्रातसुश्व० V. iv. 120**

शार्ङ्गरवादि... — IV. i. 73
देखें — **शार्ङ्गरवाद्यञः IV. i. 73**

शार्ङ्गरवाद्यञः — IV. i. 73

(अनुपसर्जन जातिवाची) शार्ङ्गरवादि तथा अञन्त प्रातिपदिकों से (स्त्रीलिङ्ग में ङीन् प्रत्यय होता है)।

शालच्... — V. ii. 28
देखें — **शालच्छङ्कटचौ V. ii. 28**

शालच्छङ्कटचौ — V. ii. 28

(वि उपसर्ग प्रातिपदिक से) शालच् तथा शङ्कटच् प्रत्यय होते हैं।

...शालम् — VI. ii. 102
देखें — **कुसूलकूप० VI. ii. 102**

...शाला... — II. iv. 25
देखें — **सेनासुरा० II. iv. 25**

...शाला... — VI. ii. 120
देखें — **कूलतीर० VI. ii. 120**

शालायाम् — VI. ii. 86

शाला शब्द उत्तरपद रहते (छात्रि आदि शब्दों को आद्युदात्त होता है)।

शालायाम् — VI. ii. 123

(नपुंसकलिङ्ग वाले) शालाशब्दान्त (तत्पुरुष समास) में (उत्तरपद को आद्युदात्त होता है)।

...शालावत्... — V. iii. 118
देखें — **अभिजिद्० V. iii. 118**

शालीन... — V. ii. 20
देखें — **शालीनकौपीने V. ii. 20**

शालीनकौपीने — V. ii. 20

शालीन तथा कौपीन शब्द (यथासङ्ख्य करके 'अधृष्ट' तथा 'अकार्य' वाच्य हों तो) निपातन किये जाते हैं।

...शालीनीकरणयोः — I. iii. 70
देखें — **सम्माननशालीनीकरणयोः I. iii. 70**

...शाल्योः — V. ii. 2
देखें — **व्रीहिशाल्योः V. ii. 2**

शाश्वतिकः — II. iv. 8

स्वाभाविक (विरोध है जिनका, तद्वाची सुबन्तों का द्वन्द्व एकवद् होता है)।

शासः — VI. iv. 34

शास् अङ्ग की (उपधा को इकारादेश हो जाता है; अङ् तथा हलादि कित्, ङित् प्रत्यय परे रहते)।

शासि... — VIII. iii. 60

देखें — **शासिवसिघसीनाम् VIII. iii. 60**

शासिवसिघसीनाम् — VIII. iii. 60

(इण् तथा कवर्ग से उत्तर) शासु, वस् तथा घस् के (सकार को भी मूर्धन्य आदेश होता है)।

...शासु... — III. i. 109

देखें — **एतिस्तु॰ III. i. 109**

...शासु... — VII. iv. 2

देखें — **अग्लोपिशास्वृदिताम् VII. iv. 2**

...शास्ति... — III.i. 36

देखें — **सर्तिशास्त्य॰ III. i. 36**

शास्तृ — VII. ii. 34

शास्तृ शब्द (वेदविषय में) इडभावयुक्त निपातित है।

शि — I. i. 41

जस् और शस् के स्थान में 'जश्शसोः शिः' से विहित शि आदेश (की सर्वनाम स्थान संज्ञा होती है)।

शि — VIII. iii. 31

(पदान्त नकार को) शकार परे रहते (विकल्प से तुक् आगम होता है)।

शिः — VII. i. 20

(नपुंसकलिङ्ग वाले अङ्ग से उत्तर जश् और शस् के स्थान में) शि आदेश होता है।

...शिखात् — V. ii. 113

देखें — **दन्तशिखात् V. ii. 113**

शिखायाः — IV. ii. 88

शिखा शब्द से (चातुरर्थिक वलच् प्रत्यय होता है)।

...शिखावत् — V. iii. 118

देखें — **अभिजिद्॰ V. iii. 118**

...शित् — I. i. 54

देखें — **अनेकाल्शित् I. i. 54**

...शित् — III.iv. 113

देखें — **तिङ्शित् III. iv. 113**

शितः — I. iii. 60

शित् सम्बन्धी ('शद्लृ शातने' धातु) से (आत्मनेपद होता है)।

शिति — VII. iii. 753

(ष्ठिवु, क्लमु तथा चमु अङ्गों को) शित् प्रत्यय परे रहते (दीर्घ होता है)।

शितेः — VI.ii. 138

शिति शब्द से उत्तर (नित्य ही जो अबह्वच् उत्तरपद, उसको बहुव्रीहि समास में प्रकृतिस्वर होता है, भसत् शब्द को छोड़कर)।

...शिरसी — VIII. iii. 47

देखें — **अधःशिरसी VIII. iii. 47**

शिलायाः — V. iii. 102

शिला शब्द से (इवार्थ में ढ प्रत्यय होता है)।

...शिलालिभ्याम् — IV. iii. 110

देखें — **पाराशर्यशिलालिभ्याम् IV. iii. 110**

शिल्पम् — IV. iv. 55

(प्रथमासमर्थ प्रातिपदिक से 'इसका) शिल्प' अर्थ में (ढक् प्रत्यय होता है)।

शिल्पिनि — III. i. 145

शिल्पी कर्ता अभिधेय होने पर (धातु से 'ष्वुन्' प्रत्यय होता है)।

शिल्पिनि — III. ii. 55

शिल्पी कर्ता अभिधेय होने पर (पाणिघ और ताडघ शब्द का निपातन किया जाता है)।

शिल्पिनि — VI. ii. 62

शिल्पिवाची शब्द उत्तरपद रहते (ग्राम पूर्वपद को विकल्प से प्रकृतिस्वर होता है)।

शिल्पिनि — VI. ii. 68

शिल्पिवाची शब्द उत्तरपद रहते (पाप शब्द को भी विकल्प से आद्युदात्त होता है)।

शिल्पिनि — VI. ii. 76

शिल्पिवाची समास में (भी अणन्त उत्तरपद रहते पूर्वपद को आद्युदात्त होता है, यदि वह अण् कृञ् से परे न हो तो)।

शिव... — IV. iv. 143
देखें — शिवशमरिष्टस्य IV. iv. 143

शिवशमरिष्टस्य — IV. iv. 143

(षष्ठीसमर्थ) शिव, शम् और अरिष्ट प्रातिपदिकों से ('करनेवाला' अर्थ में स्वार्थ में तातिल् प्रत्यय होता है)।

शिवादिभ्यः — IV. i. 112

शिवादि प्रातिपदिकों से ('तस्यापत्यम्' अर्थ में अण् प्रत्यय होता है)।

...शिशिरौ — II. iv. 28
देखें — हेमन्तशिशिरौ II. iv. 28

शिशुक्रन्द ... — IV. iii. 88
देखें — शिशुक्रन्दयमसभ० IV. iii. 88

शिशुक्रन्दयमसभद्वन्द्वेन्द्रजननादिभ्यः — IV. iii. 88

शिशुक्रन्द, यमसभ, द्वन्द्ववाची तथा इन्द्रजननादिगणपठित शब्दों से ('अधिकृत्य कृते ग्रन्थे' अर्थ में छ प्रत्यय होता है)।

...शिंशपा... — VII. iii. 1
देखें — देविकाशिंशपा० VII. iii. 1

शी — VII. i. 13

(अकारान्त सर्वनाम अङ्ग से उत्तर जस् के स्थान में) शी आदेश होता है।

शी... — VII. i. 79
देखें — शीनद्योः VII. i. 79

शीङ्... — I. ii. 19
देखें — शीङ्स्विदिमिदिक्ष्विदिधृषः I. ii. 19

...शीङ्... — I. iv. 46
देखें — अधिशीङ्स्थासाम् I. iv. 46

...शीङ्... — III. iii. 99
देखें — समजनिषद० III. iii. 99

...शीङ्... — III. iv. 72
देखें — गत्यर्थाकर्मक० III. iv. 72

शीङः ... — VII. i. 6

शीङ् अङ्ग से उत्तर (झकार के स्थान में हुआ जो अत् आदेश, उसको रुट् का आगम होता है)।

शीङः ... — VII. iv. 21

शीङ् अङ्ग को (सार्वधातुक परे रहते गुण होता है)।

शीङ्स्विदिमिदिक्ष्विदिधृषः — I. ii. 19

शीङ्, ञिष्विदा, ञिमिदा, ञिक्ष्विदा, ञिधृषा — इन धातुओं से परे (सेट् निष्ठा प्रत्यय कित् नहीं होता है)।

शीत... — V. ii. 72
देखें — शीतोष्णाभ्याम् V. ii. 72

शीतोष्णाभ्याम् — V. ii. 72

(द्वितीयासमर्थ) शीत तथा उष्ण प्रातिपदिकों से ('करने वाला' अभिधेय हो तो कन् प्रत्यय होता है)।

शीनद्योः — VII. i. 80

(अवर्णान्त अङ्ग से उत्तर) शी तथा नदी परे रहते (शतृ प्रत्यय को विकल्प से नुम् आगम होता है)।

...शीय... — VII. iii. 78
देखें — पिबजिघ्र० VII. iii. 78

शीर्ष... — V. i. 64
देखें — शीर्षच्छेदात् V. i. 64

शीर्षच्छेदात् — V. i. 64

(द्वितीयासमर्थ) शीर्षच्छेद प्रातिपदिक से 'नित्य ही समर्थ है' अर्थ में यत् प्रत्यय भी होता है, यथाविहित ठक् भी)।

शीर्षन् — VI. i. 59

(वेदविषय में) शीर्षन् शब्द का निपातन किया जाता है।

...शीर्षयोः — III. ii. 48
देखें — कुमारशीर्षयोः III. ii. 48

...शील... — V. ii. 132
देखें — धर्मशील० V. ii. 132

